SUNDAY
रायपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025
वर्ष - 67 | अंक - 95 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 06072/59

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

**देश विदेश**
- डब्ल्यूएचओ के नियमों पर अमेरिका ने जताई आपत्ति
- ओबामा ने रची थी ट्रंप को सत्ता से हटाने की साजिश : तुलसी गबार्ड
- ब्रिक्स नेताओं ने धमकी के बावजूद सम्मेलन में दिखाई एकता

पृष्ठ 7

- मड़ई
  हरियर हरेली : पहिली तिहार

पृष्ठ 6

- क्या करुण नायर को चौथे टेस्ट के लिए एकादश में बरकरार रखे
- राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया : शास्त्री

पृष्ठ 8

### मानसून सत्र को लेकर इंडिया गठबंधन ने की बैठक

# संसद में सरकार से पूछेंगे तीखे सवाल

## सरकार के खिलाफ एकजुट होकर मुद्दे उठाने की रणनीति

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने ऑनलाइन मीटिंग की। इसमें संसद में सरकार के खिलाफ एकजुट होकर मुद्दे उठाने की रणनीति बनी। बैठक में 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य भी मौजूद थे। नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे। बैठक में बिहार में वोटर लिस्ट की जांच, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से जली हुई नकदी मिलने के मामलों पर चर्चा हुई। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने के



दावे को लेकर भी बातचीत की गई। कांग्रेस ने संसद में जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाने, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, देश की सुरक्षा और अहमदाबाद एयरक्रैश जैसे मुद्दे उठाने का फैसला किया है।

**आप के भी साथ का भरोसा**

तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' मना रही है, इसलिए उसके नेता कोलकाता में व्यस्त थे। वहीं, आप ने कांग्रेस से कई राज्यों में सीधी लड़ाई का रास्ता चुना है और पार्टी का कहना है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित था। हालांकि, विपक्षी नेताओं का कहना है कि संसद में विपक्ष एकजुट रहेगा, भले ही कुछ दल बैठक में न आएं।

**इन मुद्दों को संसद में उठाएंगे**

- वोटर लिस्ट की जांच,
- पहलगाम आतंकी हमला
- ऑपरेशन सिंदूर
- डोनाल्ड ट्रंप के दावे
- जस्टिस यशवंत वर्मा मामला

### चुनाव आयोग को घेरने की तैयारी

राहुल गांधी चुनाव आयोग को बीजेपी की कठपुतली बता चुके हैं। राहुल ने महाराष्ट्र चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और चुनाव चोरी की बात कहते हुए बिहार में भी ऐसी ही कोशिश करने का आरोप लगाया है। वहीं, ममता बनर्जी ने भी चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन, भाजपा की दलाली करता है। ऐसे में इस मुद्दे पर संसद में काफी हंगामा देखने को मिल सकती है।

# कार में जिंदा जलकर 4 दोस्तों की मौत, 2 गंभीर

## पुल से टकराने के बाद तेज रफ्तार कार में लगी आग





**कांकेर/बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में दिल दहला देने वाला भीषण सड़क हादसा हो गया। केशकाल से कांकेर आ रही तेज रफ्तार कार आतुर गांव के पास पुल से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में आग लग गई। हादसे में 4 दोस्त जिंदा जल गए। वहीं दो लोग कार के बाहर छिटककर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

इधर बलौदाबाजार जिले के सलौनी (भाठागांव) में बीती रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के मुताबिक, डिजायर कार में केशकाल के ढोण्डरा पाल गांव के पांच दोस्त कांकेर के एक दोस्त को छोड़ने आ रहे थे। इसी दौरान आतुर गांव के पास करीब रात 1.30 बजे ये भीषण हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार मे आग लग गई और कार मे सवार 6 लोगो मे से चार जिंदा जल गए। वहीं दो लोग बाहर फेंका जाने की वजह से घायल हुए है। जिनका इलाज जिला आस्पताल मे चल रहा है। सूचना पर कांकेर पुलिस यातायात फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कार में जली बॉडी को आज सुबह फरेंसिक टीम की मदद से बाहर निकाला जाएगा।

### बाइक से लौट रहे युवकों की ट्रैक्टर से भिड़ंत, 2 की मौत

बलौदाबाजार जिले के सलौनी (भाठागांव) में बीती रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि में तीन युवक बाइक से गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर की हेडलाइट नहीं जलने से अंधेरे में हादसा हुआ। इस हादसे में उमाशंकर ध्रुव (27) और दीपेंद्र ध्रुव (14) की मौके पर मौत हो गई, जबकि यशवंत ध्रुव (19) घायल है। जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

## सार संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं के बीच शानदार तालमेल रहा: चौहान

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। जनरल चौहान ने शनिवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने 81वें स्टाफ कोर्स के छात्र अधिकारियों, कॉलेज के स्थायी कर्मचारियों और वेलिंगटन के स्टेशन अधिकारियों को संबोधित किया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक व्याख्यान दिया और भारतीय सशस्त्र बलों के सफल अभियानों के दौरान तीनों सेनाओं के शानदार तालमेल के महत्वपूर्ण पहलुओं का उल्लेख किया।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी: गूगल व मेटा को ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के आरोप में टेक दिग्गज गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है। इन कंपनियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स ने सट्टेबाजी ऐप्स को विज्ञापन के प्रमुख स्थान दिए और उनकी वेबसाइट्स को अपनी सेवाओं का जरिया बनाया, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला। यह जांच मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ी है।

### आप विधायक अनमोल गगन मान का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की खरड़ सीट से विधायक अनमोल गगन मान ने शनिवार को निजी कारणों के चलते राजनीति छोड़ने की घोषणा की और विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया। गायिका से राजनेता बनीं सुश्री मान ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से अध्यक्ष को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाये। मेरी शुभकामनायें पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### यात्री से जब्त की चार किलो कोकीन

**बेंगलुरु।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से चार किलोग्राम से अधिक कोकीन ज़ब्त की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपए है।

# शराब घोटाले की आय के वास्तविक स्रोत को चैतन्य बघेल ने छिपाया

## ईडी ने बहस के दौरान किए अनेक खुलासे



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। शराब घोटाला केस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी, और फिर रिमांड पर विशेष अदालत में बहस के दौरान ईडी ने कई खुलासे किए हैं। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि चैतन्य बघेल ने शराब घोटाले की आय के वास्तविक स्त्रोत को अपनी परियोजना में शामिल करके छुपाया था ताकि उसे बेदाग दिखाया जा सके।

विशेष अदालत में बहस के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक डॉ.सौरभ कुमार पांडेय ने कहा कि चैतन्य बघेल जानबूझकर असहयोग की ऐसी कार्यवाही से, उन तथ्यों या सूचनाओं का खुलासा न करके जांच में बाधा डाल रहे थे जो कि उनके विशेष संज्ञान में है। ऐसे में जांच को तार्किक निष्कर्ष पर ले जाने के लिए पीएमएलए-2002 की धारा 19 के प्रावधान को लागू करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है।

यह भी बताया गया कि जांच में चैतन्य बघेल की कंपनी मेसर्स बघेल डेव्लपर्स की विट्ठल ग्रीन परियोजना के निर्माण में नगदी (शराब घोटाले) के उपयोग का पता चला है। यह भी बताया कि चैतन्य बघेल से संबंधित फर्मों के अकाऊंटेंट के परिसरों की तलाशी ली, और इन फर्मों से संबंधित रिकॉर्ड जब्त किए गए। इसमें परियोजना सलाहकार मेसर्स अवम कंस्लटेंट के राजेन्द्र जैन से भी पूछताछ की गई। उन्होंने भी खुलासा किया कि परियोजना की कुल लागत को पुस्तकों में कम करके दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि वास्तविक लागत 13 से 15 करोड़ होगी।

जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि जब्त डिजिटल उपकरणों के विश्लेषण से यह भी स्थापित होता है कि निर्माण कंपनी को मेसर्स बघेल डेव्लपर्स के विकास स्थल पर उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए कम से कम चार करोड़ बीस लाख रूपए का नगद भुगतान किया गया। यह आंकड़ा बढने की संभावना है क्योंकि कुल भुगतान दो करोड़ बैसठ लाख रूपए है जबकि कुल परियोजना की लागत 13 से 15 करोड़ रूपए है।

जांच एजेंसी ने बताया कि कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लो ने अपने कर्मचारियों के नाम पर फ्लैट की खरीदी की, और मेसर्स बघेल डेव्लपर्स को पांच करोड़ का भुगतान किया। इस तरह मेसर्स बघेल डेव्लपर्स की परियोजना से 19 फ्लैट ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### बघेल के समर्थन में उतरी प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, पिछले 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल जी के साथ मजबूती से खड़ा है। श्रीमती वाड्रा ने आज यहां कहा कि ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### एयर इंडिया विमान में आई तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। फुकेत जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट शनिवार को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लौट आई। इस उड़ान को पहले फुकेत में सुबह 11.45 बजे उतरना था। बोइंग 737 मैक्स 8 द्वारा संचालित उड़ान आईएक्स110 ने अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी, लेकिन केवल 16 मिनट की उड़ान के बाद हैदराबाद वापस लौट आई।

# एनटीपीसी लारा पर 4.05 लाख का जुर्माना

**फ्लाईऐश के अवैध निपटान का मामला**

- एनटीपीसी ने अपनी तीन परिवहन एजेंसियां को किया निलंबित
- छह वाहन प्रतिबंधित, प्रत्येक पर 50-50 हजार का जुर्माना



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में फ्लाईऐश के अवैध परिवहन और निपटान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर संबंधित विभागों और थर्मल पॉवर प्लांटों को नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

एनटीपीसी लिमिटेड, लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के फ्लाईऐश परिवहन से जुड़ी 6 गाड़ियों द्वारा ग्राम कलमी में फ्लाईऐश के अवैध निपटान की शिकायत पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम द्वारा जांच की गई। जांच में इन वाहनों द्वारा नियमानुसार फ्लाईऐश को रायपुर एवं बलौदाबाजार की ओर ले जाने के बजाय अनाधिकृत रूप से स्थानीय स्थल पर निपटान करना पाया गया। इस पर मंडल द्वारा एनटीपीसी पर 4 लाख 5 हजार रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई। इसके पश्चात् एनटीपीसी ने भी अपने स्तर पर कार्रवाई करते हुए अवैध निपटान में लिप्त तीन परिवहन एजेंसियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही, इन एजेंसियों पर 3 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं 6 परिवहन वाहनों को प्रतिबंधित कर, प्रत्येक पर 50 हजार रुपये की दर से कुल 3 लाख रुपये की पेनाल्टी भी लगाई गई है।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया है कि वे फ्लाईऐश के परिवहन एवं निपटान की निगरानी नियमित रूप से करें एवं 'इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम' का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं।

इस सिलसिले में 18 जुलाई को क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा जिले के सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स की बैठक ली गई। बैठक में सभी प्लांटों को निर्देशित किया गया कि फ्लाईऐश का परिवहन व निपटान केवल निर्धारित नियमों के अनुसार ही करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन पाए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### ओडिशा में नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया

**पुरी,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। ओडिशा के पुरी में शनिवार को 15 साल की नाबालिग लड़की को तीन दरिंदों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पुरी जिले के बायाबर गांव में उस वक्त हुई जब पीड़ित लड़की अपने दोस्त के घर जा रही थी। तीन हमलावरों ने उसे रास्ते में रोका और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना स्थल बालंगा थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर घटी। तीनों आरोपी फरार हैं। पुलिस उन्हें तलाश कर रही है। इससे पहले, 12 जुलाई को ओडिशा के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा के साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट का मामला सामने आया था। छात्रा ने इससे तंग आकर खुद पर केरोसिन छिड़क लिया था और प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर खुद को आग लगा ली थी। 14 जुलाई को इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी।

**राज्य में अपराधी बेखौफ : नवीन पटनायक**

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि इस घटना की मुझे बेहद पीड़ा है। दिनदहाड़े एक बच्ची को जलाने की कोशिश की गई, यह बेहद डरावनी बात है। एक हफ्ते पहले ही एफएम कॉलेज की छात्रा ने न्याय न मिलने पर खुद को आग लगा ली थी। एक महीना पहले गोपालपुर में भी एक भयानक घटना हुई थी। पटनायक ने सवाल किया, 'क्या अब सरकार जागेगी? क्या अपराधियों को जल्द पकड़ा जाएगा?

### ट्रंप फिर बोले, भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई



- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 4-5 जेट मार गिराए गए

**वाशिंगटन,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि मई महीने में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई जंग के दौरान 4-5 लड़ाकू विमान मार गिराए गए। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि व्यापार के नाम पर दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच युद्धविराम में मध्यस्थता की थी। हालांकि व्हाइट हाउस में कुछ रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी की, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये लड़ाकू विमान भारत के थे या पाकिस्तान के। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'वास्तव में विमानों को हवा में मार गिराया जा रहा था। पांच, पांच, चार या पांच, लेकिन मुझे लगता है कि वास्तव में पांच जेट विमानों को मार गिराया गया।' 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते के कुछ दिनों बाद एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा कि भारत ने कई उच्च तकनीक वाले पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को मार गिराया, हालांकि उन्होंने संख्या का ज़िक्र नहीं किया।

**पांच जहाजों का सच क्या है : राहुल**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पांच जहाज गिरने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर पीएम मोदी से जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदीजी, मोदी जी, 5 जहाजों का सच क्या है? देश को जानने का हक है!

### प्रदेश की बेटी लेखा नेताम ने राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित जिलों में शुमार कोण्डागांव से निकली एक होनहार बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। बंधापारा की रहने वाली लेखा नेताम ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित 54वीं केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया।

यह प्रतियोगिता 16 से 20 जुलाई तक नोएडा में आयोजित की जा रही है। जिसमें देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। लेखा नेताम की यह जीत केवल उनके परिवार या जिले के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है। लेखा नेताम कोण्डागांव स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 41वीं वाहिनी से प्रशिक्षित हैं। उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ-साथ उन्हें मिले सैन्य स्तर के अनुशासन और प्रशिक्षण ने इस मुकाम तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। प्रशिक्षक उदय सिंह यादव और नारायण सोरेन ने लेखा को तकनीकी और मानसिक रूप से इस स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया। इस उपलब्धि के पीछे आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय भुवनेश्वर के उप महानिरीक्षक संजीव रोलबा और 41वीं ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## उपलब्धि

### अमेरिका की प्राइवेट स्पेस कंपनी ने पहले मिशन के लिए किया चयन

# अब प्रदेश के राजशेखर पैरी भरेंगे अंतरिक्ष की उड़ान



**रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)।** प्रदेश के छोटे से कस्बे पेंड्रा से निकलकर अब एक युवा अंतरिक्ष की ओर कदम बढ़ा रहा है। मूल रूप से बिलासपुर जिले के रहने वाले राजशेखर पैरी को अमेरिका की निजी एयरोस्पेस कंपनी टाइटन स्पेस इंडस्ट्रीज ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए चुना है। यह न सिर्फ उनके लिए, बल्कि छत्तीसगढ़ और भारत के लिए भी गर्व की बात है।

*30 वर्षीय राजशेखर इस समय यूके में रहकर एयरोस्पेस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं और साथ ही एक स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी ऑर्बिटालॉकर में प्रोजेक्ट मैनेजर (इंजीनियरिंग) के रूप में कार्यरत हैं।*

**यह सिर्फ मेरी नहीं, हम सबकी उपलब्धि है :राजशेखर**

*अपने चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए राजशेखर ने कहा, यह सिर्फ मेरी व्यक्तिगत सफलता नहीं है। यह संदेश है कि भारत, यूके और दुनिया भर के युवाओं के लिए अंतरिक्ष की दुनिया अब पहले से ज्यादा करीब है। निजी स्पेस फ्लाइट कंपनियां अब वैश्विक प्रतिभाओं को भी मौके दे रही हैं।*

*इससे पहले उन्होंने कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स में इंटर्नशिप भी की है।*

***चुनाव से पहले हुआ कठिन प्रशिक्षण**–राजशेखर को इस मिशन का हिस्सा बनने से पहले कठोर ट्रेनिंग से गुजरना पड़ा। उन्होंने नकली चंद्र मिशन में हिस्सा लिया, एनालॉग स्पेस आवासों में रहकर अलग-अलग परिस्थितियों का सामना किया और अंतरिक्ष यात्रियों के लिए तय किए जाने वाले कई मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।*

***अब अंतरिक्ष में करेंगे महत्वपूर्ण प्रयोग**–राजशेखर को अब कंपनी के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। मिशन के दौरान वे केवल पृथ्वी की कक्षा तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उससे आगे के प्रयोगों* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच** "महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने कई सारे मतदाता अचानक से सूची में जोड़कर चुनाव जीतने का काम किया। वहीं, अब वह बिहार में लोगों को मतदाता सूची से बाहर निकाल कर चुनाव जीतने का प्रयास कर रही है।
–सैयद नसीर हुसैन, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# बिहार में एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाए चुनाव आयोग : भाकपा–माले

## दलित, वंचित, महिला व अल्पसंख्यक मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा पर दिया बल

**पटना,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी–लेनिनवादी (भाकपा माले) के राज्य सचिव कुणाल ने बिहार में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। कुणाल ने शनिवार को चुनाव आयोग से बिहार में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने दलित, वंचित, महिला और अल्पसंख्यक मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा पर बल देते हुए कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में व्याप्त भारी अराजकता और प्रशासनिक मनमानी से इन वर्गों के मतदाताओं के मताधिकार छीने जाने का खतर उत्पन्न हो गया है। उन्होंने सचिव ने कहा कि पूरे राज्य से प्राप्त हो रही रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का रवैया पारदर्शी नहीं है और यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरा बिहार बाढ़ की चपेट में है। राज्य में गरीब, दलित, महिला, अल्पसंख्यक आमजन अपनी जान बचाने में लगे हैं,



चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का रवैया पारदर्शी नहीं और यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है : कुणाल

ऐसे में उनसे दस्तावेज लाकर मतदाता सूची में नाम सत्यापित करवाने की अपेक्षा करना अमानवीय है। कुणाल ने कहा कि इस प्रक्रिया में 26 जुलाई की अंतिम तिथि अभी शेष है, लेकिन अभी से अधूरी और त्रुटिपूर्ण सूचनाएं जारी की जा रही हैं।

**आयोग ने लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का बनाया मन**

भाकपा माले के राज्य सचिव ने कहा कि जिस प्रकार से मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है, उससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि चुनाव आयोग ने लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई हिस्सों से ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि मतदाताओं के नामों से जुड़े फॉर्म उनकी जानकारी के बिना भर दिए गए हैं। बूथ स्तरीय अधिकारी बिना किसी पारदर्शिता के इस काम को अंजाम दे रहे हैं।उन्होंने भोजपुर जिला प्रशासन से जारी आंकड़ों का उदाहरण देते हुए बताया कि कुल 19,51,338 मतदाताओं के लगभग 88 प्रतिशत फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। इन आंकड़ों में से लगभग 61,000 मृत मतदाता, 71,000 पलायित, और 40,000 लापता श्रेणी में रखे गए हैं। साथ ही, 2.7 लाख मतदाताओं के फॉर्म अभी तक नहीं भरे जा सके हैं। माले नेता ने कहा कि अरवल जिले में भी प्रशासन 33,000 मतदाताओं की वैधता पर संदेह प्रकट कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह पूरी प्रक्रिया न केवल अलोकतांत्रिक है।

### *बिहार में चुनाव आयोग के जरिए किया जा रहा मिनी एनआरसी लागू : नेहालुद्दीन*



*__नई दिल्ली।__ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक मोहम्मद नेहालुद्दीन ने शनिवार को बिहार वोटर लिस्ट पुनरीक्षण प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में ज्यादातर लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटा जा रहा है, एक तरह से यहां मिनी एनआरसी लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही मोहम्मद नेहालुद्दीन ने दावा किया है कि अगर बिहार में निष्पक्ष चुनाव होते हैं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कोई हेराफेरी नहीं होती है तो इंडिया ब्लॉक (महागठबंधन) की सरकार बनेगी और तेजस्वी यादव बिहार के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। राजद विधायक ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में बेईमानी कर जदयू–भाजपा ने सरकार बनाई। इस बार अगर निष्पक्ष चुनाव हुए और ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं हुई तो हमारी सरकार बनना तय है।*

## मणिपुर में गोला–बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

**इंफाल,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। मणिपुर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए चलाए गए अभियानों के तहत पुलिस ने गोला बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि काकचिंग जिले के अरोंग नोंगमाइखोंग पुलिस थाना अंतर्गत पुमलेन पट के चिंगजाओ द्वीप क्षेत्र से शुक्रवार को गोला–बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है।



उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सामान में नौ मिमी गोला–बारूद के 1,406 राउंड, .303 कैलिबर की 125 राउंड गोलियां और सात खाली कारतूस शामिल थे। उन्होंने बताया कि एक अलग अभियान में पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल पुलिस थाना अंतर्गत लीमाराम लमखाई, टिडिम रोड से एक प्रतिबंधित समूह के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। व्यक्ति का नाम बिष्णुपुर के लीमाराम ममंग लेइकाई निवासी अजीतकुमार सिंह उर्फ इनओतोम्बा है। इस बीच पुलिस ने थौबल जिले के लिलोंग पुलिस थाना अंतर्गत कालखोंग तेल पंप के पास दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक मोटर साइकिल बरामद की गई। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह ने कल चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों का दौरा किया। डीजीपी ने जिला पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), मणिपुर पुलिस सेवा (एमपीएस) के परिवीक्षाधीनों, प्रभारी अधिकारियों (ओसी), कमांडो इकाइयों (सीडीओ) और महिला पुलिसकर्मियों के साथ समीक्षा बैठकें कीं।

## हर बार चुनाव से पहले होती है इस प्रकार की कार्रवाई : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर लैंड डील मामले में आरोपपत्र दाखिल किए जाने पर कहा कि हर बार चुनाव से पहले ऐसी कार्रवाई होती है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से केंद्र सरकार रॉबर्ट वाड्रा के पीछे पड़ी है, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लेकिन, अभी तक ऐसा कोई सबूत सामने नहीं आया है, जिससे उनके ऊपर लगे आरोपों की पुष्टि हो सके। रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई सुनियोजित तरीके से की जाती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव नजदीक आने से पहले केंद्र सरकार रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई करती है, क्योंकि वो अपने समर्थकों को इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश करती है कि हम गांधी परिवार के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे, जबकि ऐसा कोई मामला है ही नहीं। ऐसी स्थिति में फिर मनोहर लाल को यह कहना होगा कि रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता।



- रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पर बोले पवन खेड़ा
- पिछले दस सालों से रॉबर्ट वाड्रा के पीछे पड़ी है केंद्र सरकार

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने गत शुक्रवार को हरियाणा के शिकोहपुर लैंड डील मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी पर आरोप है कि उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की थी। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि यह सरकार मेरे जीजा को परेशान कर रही है। इसके अलावा, प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपनी पार्टी की खूबियों के बारे में भी बताया और कहा कि हमारी पार्टी मध्यमार्गी है। हम दक्षिणपंथी या वामपंथी विचारधारा वाले लोग नहीं हैं, बल्कि हमारी पार्टी मध्यमार्गी है। लिहाजा हमारी पार्टी में दोनों ही विचारधाराओं

## सार संक्षेप

### मोदी ने मंगल पांडे की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को चुनौती देने वाले अग्रणी योद्धाओं में से एक बताया। मोदी ने पोस्ट साझा कर लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। वे ब्रिटिश शासन को चुनौती देने वाले अग्रणी योद्धाओं में से एक थे। मंगल पांडे का साहस और पराक्रम भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

### जम्मू में बस पलटने से आठ यात्री घायल

**जम्मू।** जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर के बाहरी इलाके झज्जर कोटली के पास शनिवार को एक बस के पलटने से कम से कम आठ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उधमपुर से जम्मू जा रही एक बस झज्जर कोटली के पास चालक के नियंत्रण खो देने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलने के द पुलिस टीम स्थानीय लोगों के साथ तुरंत हरकत में आई और बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### करुणानिधि के सबसे बड़े बेटे एमके मुथु का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि के सबसे बड़े बेटे एवं गुजरे जमाने के अभिनेता एमके मुथु का शनिवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। मुथु का यहां के उपनगरीय इलाके इंजम्बक्कम स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वह कुछ वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे उनका निधन हो गया।

### सड़क हादसे मे पिता व दो बच्चों की मौत

**संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में सिल्लोड–फुलंब्री महामार्ग पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे पिता और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, गोपाल चंदनसे पत्नी मीना, बेटी अन्वी और बेटे हृदय के साथ मोटर साइकिल से वालुज से अपने गांव साताला जा रहे थे। इसी दौरान सिल्लोड से फुलंब्री की ओर आ रहे एक ट्रक ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

## असम के गोलपाड़ा में अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा

**गुवाहाटी,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। असम के गोलपाड़ा जिले में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा में शामिल होने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया और इस मामले में अब तक कुल 21 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सुरक्षा बलों ने गत शुक्रवार देर रात कृष्णाई क्षेत्र में एक त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंसा में शामिल होने के संदेह में 11 और लोगों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारियों के साथ, इस घटना के सिलसिले में हिरासत में लिए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 21 हो गई है। यह अभियान पैकन रिजर्व फॉरेस्ट में चलाया गया। यहां कुछ लोगों ने जमीन पर अतिक्रमण कर लिया था। यह जमीन अक्सर भूमि विवाद का कारण बनती रही है। इससे पहले हुये बेदखली प्रयासों को अक्सर स्थानीय निवासियों के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है। यह अभियान 17 जुलाई को नियमित रूप से चलाया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों के एक समूह की मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों से कथित तौर पर झड़प के बाद अफरा–तफरी फैल गयी। राज्य के इस जिले में बेदखली अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित तौर पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई और तेज कर दी।



पुलिस ने 21 लोगों को किया गिरफ्तार

## नीतीश कुमार ने पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**पटना,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के कंगन घाट से दानापुर के नासरीगंज घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर एलसीटी घाट से गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेने के बाद एनआईटी घाट पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा नदी के बढ़े जलस्तर एवं तटीय इलाकों की वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी अधिकारियों से ली।

एनआईटी घाट से जेपी गंगा पथ होते हुए मुख्यमंत्री कंगन घाट के बाद दीघा घाट और दानापुर स्थित नासरीगंज घाट पहुंचकर गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा नदी



के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहें। उन्होंने गंगा नदी के तटीय इलाकों, खासकर निचले क्षेत्रों की स्थिति की लगातार समीक्षा करते रहने और जरूरत पड़ने पर तत्काल रूप से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि कोई नुकसान न हो। नासरीगंज घाट, गांधी घाट सहित कई स्थानों पर गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की।

### जेपी गंगा पथ पर पार्क हो विकसित

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। एलसीटी घाट और कुर्जी घाट के बीच स्थित यह पार्क पटना स्मार्ट सिटी परियोजना का हिस्सा है और इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जेपी गंगा पथ को आकर्षक बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क गंगा नदी के किनारे स्थित है, इसलिए लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे विकसित कराएं। जेपी गंगा पथ पर पार्क विकसित होने से हरियाली बढ़ेगी, साथ ही यहां आनेवाले लोग अपने परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे।

## अमरनाथ तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6365 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को बम बम भोले का जयकारों के बीच यहां भगवती नगर स्थित यात्री निवास से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, शनिवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से 6,365 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि 211 वाहनों के बेड़े में 2,851 तीर्थयात्री पहलगाम और 3,514 बालटाल के लिए रवाना हुए हैं।



गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू हुई 38 दिवसीय यह वार्षिक यात्रा 9 अगस्त तक चलेगी। अब तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

## आंध्र प्रदेश में टीटीडी ने चार गैर हिंदू कर्मचारियों को किया निलंबित

### कर्मचारियों पर अन्य धर्मों का पालन करने का आरोप

**तिरुमाला,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) (वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक संरक्षक) ने 4 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। यह सभी गैर–हिंदू थे और आरोप है कि अन्य धर्मों का पालन करते हैं, जो संस्था के नियमों का उल्लंघन है। टीटीडी ने यह कार्रवाई अपनी सतर्कता विभाग (विजिलेंस डिपार्टमेंट) की रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर की है। निलंबित कर्मचारियों में डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (क्वालिटी कंट्रोल) बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की स्टाफ नर्स एस. रोसी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड–1 फार्मासिस्ट एम. प्रेमावती और एसवी आयुर्वेद फार्मेसी की डॉ. जी. असुंथा शामिल हैं।



टीटीडी के मुताबिक, इन कर्मचारियों ने हिंदू धार्मिक संगठन में काम करते हुए संस्था के आचार संहिता का पालन नहीं किया और अपने कर्तव्यों का निर्वहन गैर–जिम्मेदाराना ढंग से किया।

टीटीडी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इन कर्मचारियों पर अन्य धर्मों का पालन करने का आरोप है, जो एक हिंदू धार्मिक संस्था के कर्मचारियों के लिए निर्धारित नियमों के खिलाफ है। सतर्कता विभाग की जांच और अन्य साक्ष्यों की समीक्षा के बाद इन चारों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### टीटीडी के नियमों के अनुसार की गई कार्रवाई

यह कार्रवाई टीटीडी के नियमों के अनुसार की गई है। टीटीडी ने स्पष्ट किया कि वेंकटेश्वर मंदिर के प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे संस्था के धार्मिक मूल्यों और आचार संहिता का पूरी तरह पालन करें। इन कर्मचारियों पर लगे आरोपों ने मंदिर प्रशासन के सामने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। निलंबन के बाद इन कर्मचारियों के खिलाफ आगे की जांच और विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## नालंदा में परिवार ने पांच लोगों ने खाया जहर, चार की मौत

**राजगीर,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र के जल मंदिर के समीप किराए के मकान में रह रहे एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सभी को गंभीर हालत में भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान धर्मेन्द्र कुमार की पत्नी सोनी कुमारी (38), दीपा (14) अरिका (16) और शिवम कुमार (15) की मौत हो गई जबकि धर्मेन्द्र कुमार का इलाज चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार, जल मंदिर के समीप साड़ी की दुकान चलाता है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## बदहाली के शिकार हो रहे मध्य प्रदेश में स्कूल : पटवारी

### स्कूल परिसर में दुष्कर्म को लेकर बोला हमला

**भोपाल,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में एक स्कूली छात्रा के साथ स्कूल परिसर में हुए दुष्कर्म को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने बड़ा हमला बोला है और कहा है कि राज्य के सरकारी स्कूल बदहाली का शिकार है।



दरअसल खंडवा के एक विद्यालय में शौचालय न होने पर छात्रा बाहर शौच के लिए गई और उसी दौरान वह एक वहशी की हरकत का शिकार बन गई। इसी को लेकर कांग्रेस ने बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा है कि मध्य प्रदेश में लाड़ली–उत्पीड़न की दर्दनाक कहानी को जरूर सुनें। हो सकता है गुमशुदा शर्म लौट आए, मृत संवेदनशीलता जीवित हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि खंडवा ही नहीं, समूचे प्रदेश के सरकारी स्कूल बदहाली के गंभीर और अराजक दौर में दाखिल हो चुके हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने राज्य के सरकारी स्कूलों की बात कही है कि प्रदेश में कुल सरकारी स्कूल 92,695 है, जहां शिक्षकों के 44,620 पद खाली है। इतना ही नहीं एक शिक्षक वाले स्कूल की संख्या 15,432 है। राज्य में 2,621 स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षक भी नहीं है। इतना ही नहीं 43,362 स्कूल में 50 से कम छात्र है। 8.19 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं जहां शौचालय भी नहीं है। उन्होंने कहा कि 3.24 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं जहां छात्रों के लिए शौचालय नहीं है। राज्य के 7,189 स्कूलों की इमारत को मरम्मत की जरूरत है, 1916 स्कूलों में पुस्तकालय भी नहीं है। खेल मैदान की बात करें तो 5185 विद्यालय खेल मैदान विहीन है।

**पहल** | प्रस्तावित कोचिंग सेंटर कंट्रोल एंड रेगुलेशन बिल 2025 का झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

# प्रस्तावित कानून का आना होगा एक ऐतिहासिक निर्णय : अजय

**रांची, 19 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड सरकार द्वारा राज्य में संचालित कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से झारखंड कोचिंग सेंटर कंट्रोल एंड रेगुलेशन बिल 2025 के मसौदे को तैयार किए जाने की पहल का झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने हार्दिक स्वागत किया है। यह विषय झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के लिए वर्षों से अत्यंत प्राथमिकता का रहा है और संस्था लगातार सरकार से पत्राचार, ज्ञापन और संवाद के माध्यम से कोचिंग संस्थानों में सख्त कानून बनाने की मांग करती रही है।**

संघ के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को कहा कि झारखंड में चल रहे सैकड़ों कोचिंग संस्थानों में पारदर्शिता का अभाव, मनमानी फीस, शैक्षणिक गुणवत्ता की कमी और छात्रों पर अनावश्यक मानसिक दबाव जैसी गंभीर समस्याएं लंबे समय से सामने आ रही थीं।

इन सब बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्तावित कानून का आना एक ऐतिहासिक निर्णय होगा। यह न केवल छात्रों और अभिभावकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन और मानकों की स्थापना भी करेगा। राय ने आगे कहा कि



- राज्य में संचालित कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करना प्रमुख उद्देश्य

प्रस्तावित विधेयक में कई स्वागत योग्य प्रावधान हैं, जैसे–कोचिंग संस्थान खोलने के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। गारंटी राशि के रूप में पांच लाख रुपए तक जमा करना होगा। संस्थान को संचालन से पहले जिला स्तरीय रेगुलेटरी कमेटी से अनुमति लेनी होगी। छात्रों के नामांकन से पहले अभिभावकों की लिखित सहमति अनिवार्य की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस प्रस्तावित विधेयक में फीस नियंत्रण का स्पष्ट प्रावधान भी जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है।

वर्तमान समय में कोचिंग संस्थानों द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार अत्यधिक फीस वसूली की जा रही है, जिसके कारण आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर भारी बोझ पड़ता है। उन्होंने मांग की कि कोचिंग संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर फीस तय करने की प्रणाली विकसित की जाए, ताकि शिक्षा को व्यवसायिक शोषण से मुक्त किया जा सके।

राय ने कहा कि झारखंड में कई कोचिंग संस्थाएं अन्य राज्यों के टॉपर्स को अपने प्रचार में दिखाकर स्थानीय छात्रों को भ्रमित कर रही हैं। इसके माध्यम से वे यह दर्शाते हैं कि उनके यहां से उच्च परिणाम आ रहे हैं, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल उलट होती है। ऐसी भ्रामक गतिविधियों पर भी सख्त प्रतिबंध की आवश्यकता है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से यह भी मांग की कि कोचिंग संस्थानों के लिए न्यूनतम अधोसंरचना, प्रशिक्षित शिक्षकों की अनिवार्यता, छात्र–शिक्षक अनुपात और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सुविधाओं को अनिवार्य किया जाए।

जिले स्तर पर जन प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, और अभिभावकों को शामिल करते हुए एक स्वतंत्र निगरानी समिति का गठन हो प्रत्येक कोचिंग संस्थान के लिए छात्र संतुष्टि और परीक्षा परिणामों पर आधारित परफॉर्मेंस रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

# ‘तीज का झूला और माई का आशीर्वाद’

कहानी



■ डॉ. सत्यवान ‘सौरभ’

सावन की रिमझिम बारिश, खेतों की हरियाली, पीपल के पेड़ पर पड़े झूले, और औरतों के गीतों की गूंज-ये सब मिलकर तीज को सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव बना देते हैं। हर औरत के जीवन में तीज की एक अपनी कहानी होती है- कुछ के लिए यह श्रृंगार का पर्व है, कुछ के लिए यादों का झूला, और कुछ के लिए एक मौका अपनी अस्मिता को फिर से पहचानने का।

यह कहानी एक ऐसी ही स्त्री की है-राधा, जो परंपराओं के बीच अपनी आवाज़ को तलाशती है। यह कहानी सिर्फ तीज मनाने की नहीं, बल्कि मां-बेटी के रिश्ते, ससुराल की रूढ़ियों और एक स्त्री की आत्मसम्मान की भी है।

गांव के पूरब छोर पर एक पीपल का पेड़ था- बहुत पुराना, बहुत विशाल। सावन की पहली बूंद गिरते ही उस पर झूले बंध जाते थे। गांव की औरतें लाल-हरे रंग की साड़ियों में सजकर झूला झूलतीं, गीत गातीं-

‘झूला पड़ा पीपल के नीचे, साजन आयो सपना रीचेज’

राधा की मां, शारदा देवी, हर साल इसी पेड़ के नीचे झूला डालती थीं। कभी राधा अपनी सहेलियों संग घंटों झूला झूलती थी। सावन के गीले दिन, गुझियों की मिठास, और माँ के हाथों की मेंहदी-राधा की बचपन की तीजें इनकी गोद में पली थीं।

पर अब वो सब बीते कल की बात थी।

राधा का ब्याह तीन साल पहले शहर के एक खाते-पीते परिवार में हुआ था। पति सुलझा हुआ था, पर सास-ससुर पुराने विचारों के थे। बहू को मायके भेजना उन्हें ठीक नहीं लगता। उन्हें लगता कि लड़की मायके जाकर बिगड़ जाती है।

तीन सालों में राधा को तीज पर मायके आने की इजाजत नहीं मिली थी।

शारदा देवी हर साल तीज के करीब आते ही अपने आंगन में झूला डाल देतीं। एक बार फिर इस साल भी सावन आया। गांव की औरतें पीले-हरे रंग की साड़ियाँ पहनकर श्रृंगार कर रही थीं। झूले पर गीतों की गूंज थी। लेकिन शारदा देवी के आंगन में सिर्फ सन्नाटा था।

शाम को उन्होंने तांबे की थाली में गुझिया सजाई, घेवर पर मलाई डाली, और एक छोटी कटोरी में सिंदूर रखा।

‘इस बार राधा ज़रूर आएगी,’ उन्होंने खुद से कहा।

पर कोई डाक नहीं आई। कोई संदेश, कोई फोन नहीं।

हर साल की तरह इस साल भी आंखें दरवाजे की ओर सूनी रहीं।

राधा का मन बेचैन था। सास ने सुबह ही कहा था -

‘तीज का व्रत करना है तो करो, लेकिन मायके जाने का नाम मत लेना। हम कोई गंवार नहीं हैं कि हर साल बेटी को भेज दें। ससुराल में ही साज-श्रृंगार करो।’

राधा ने चुपचाप अपनी साड़ी तह की, मेंहदी की डिब्बी उठाई और छत पर चली गई। लेकिन छत से दिखते आसमान में मां की झुकी आंखें और पीपल का झूला ही नजर आता रहा।

आखिर राधा ने निर्णय लिया।

सास-ससुर से बिना कहे, पति को एक चिट्ठी छोड़कर, राधा अपने गांव के लिए निकल पड़ी। एक पुरानी साड़ी में, कंधे पर छोटा सा बैग लिए। कोई जेवर नहीं, कोई दिखावा नहीं- सिर्फ दिल में एक तमन्ना- माँ की गोद में तीज मनाने की।



बस बदलते हुए, खेतों से गुज़रते हुए, राधा ने कई और औरतों को देखा- कुछ पति के साथ, कुछ सहेलियों के संग। सबके चेहरे पर सावन की मुस्कान थी, पर राधा की मुस्कान थोड़ी डरी हुई थी - जैसे डर को ही मात देने चली हो।

गांव पहुंचते ही राधा के कदम सीधे पीपल की ओर चले। पर वहां न कोई झूला था, न कोई हंसी।

‘माई!’ - जैसे ही आवाज आई, शारदा देवी चौके से बाहर दौड़ीं।

कुछ पलों तक मां-बेटी बस एक-दूसरे को देखती रहीं। और फिर शारदा देवी ने राधा को सीने से लगा लिया।

‘बिटिया... तू आ गई?’

राधा की आंखों से आंसू बहने लगे - वो आंसू जो तीन तीजों से थमे हुए थे।

राधा ने आंगन को फिर से सजाया। मां ने पीपल के पेड़ के नीचे झूला बांधा। राधा ने झूला झूला, गीत गाए, गुझिया खाई, और सिन्दूर से मांग भरी।

माँ ने कलाई पर राखी की तरह हरी चूड़ियाँ पहनाई और कहा —

‘तेरे आने से मेरी तीज पूरी हुई। बेटियाँ त्योहार लेकर आती हैं, और तू तो अपने साथ मेरी सांसें भी ले आई।’

राधा ने पहली बार महसूस किया कि तीज का असली श्रृंगार माँ के आंचल से होता है।

तीज की रात राधा ने माँ से कहा,

‘माँ, क्या मैं वापस जाऊं? क्या ये गलत था?’

शारदा देवी ने राधा का माथा चूमते हुए कहा-

‘बिटिया, तीज सिर्फ पति की लंबी उम्र का व्रत नहीं है। ये एक स्त्री के भाव, उसके रिश्ते, और उसकी पहचान का उत्सव है। अगर एक औरत अपनी खुशी के लिए कदम बढ़ाए, तो वो गलत नहीं-वो साहस होता है।’

‘तू लौट जा, लेकिन सिर झुकाकर नहीं, सिर उठाकर। तुझे जो समझना है, वो तुझे समझाएगा। और अगर न समझे, तो तू खुद को मत खोना।’

तीज की अगली सुबह राधा ने माँ को गले लगाकर विदा ली। इस बार हाथ में सिर्फ झोला नहीं था, मन में आत्मविश्वास भी था।

गांव की पगडंडी पर चलते हुए राधा ने पीपल के पेड़ को देखा। झूला हवा में हिल रहा था- जैसे उसे आशीर्वाद दे रहा हो।

तीज अब राधा के लिए सिर्फ व्रत का दिन नहीं था। यह एक संकल्प बन चुका था — खुद को समझने, माँ से मिलने, और अपनी बात कहने का।

यह कहानी हर उस औरत की है जो तीज पर सिर्फ श्रृंगार नहीं, स्वाभिमान भी पहनती है।

? सीख और संदेश

तीज एक स्त्री के भीतर के प्रेम, त्याग और साहस का पर्व है।

हर लड़की को अपना मन और अपनी इच्छाएं अभिव्यक्त करने का अधिकार है।

मां की गोद, बेटी की हिम्मत, और समाज की समझ — ये तीनों मिलें तो हर तीज सचमुच पावन हो।

## ग़ज़ल

■ फ़ना निज़ामी कानपुरी

दुनिया-ए-तसव्वुर हम आबाद नहीं करते
याद आते हो तुम ख़ुद ही हम याद नहीं करते

वो जौर-ए-मुसलसल से बाज़ आ तो गए लेकिन
बे-दाद ये क्या कम है बे-दाद नहीं करते

साहिल के तमाशाई हर डूबने वाले पर
अफ़सोस तो करते हैं इमदाद नहीं करते

कुछ दर्द की शिद्दत है कुछ पास-ए-मोहब्बत है
हम आह तो करते हैं फ़रियाद नहीं करते

सहरा से बहारों को ले आए चमन वाले
और अपने गुलिस्ताँ को आबाद नहीं करते

■ अशरफ़ शाद

दे आया अपनी जान भी दरबार-ए-इश्क़ में
फिर भी न बन सका ख़बर अख़बार-ए-इश्क़ में

जब मिल न पाया उस से मुझे इज़्न-ए-गुफ़्तुगू
मैं इक किताब बन गया इज़्हार-ए-इश्क़ में

क़ीमत लगा सका न ख़रीदार फिर भी मैं
जिंस-ए-वफ़ा बना रहा बाज़ार-ए-इश्क़ में

शायद यही थी उस की मोहब्बत की इंतिहा
मुझ को भी उस ने चुन दिया दीवार-ए-इश्क़ में

तह तक मैं खोज आया हुआ ग़र्क़ बार बार
आया न फिर भी तैरना मँझदार-ए-इश्क़ में

## बचे रहेंगे सबसे अच्छे

■ जयप्रकाश मानस

अच्छे मनुष्य बचे रहेंगे
उनके हिस्से की दुनिया से
चले जाने के बाद भी
लोककथाओं की असमाप्त दुनिया के
राजकुमार की तरह

बहुत अच्छे मनुष्य बचे रहेंगे
उनके हिस्से की दुनिया से
चले जाने के बाद भी
हवा-आग-पानी की तरह
अपनी दुनिया के आसपास की दुनिया में

सबसे अच्छे मनुष्य बचे रहेंगे
उनके हिस्से की दुनिया से
चले जाने के बाद भी
खुशबू की तरह
समूची दुनिया को छतनार
करते हुए गुलाब की तरह
खुशबू जी आग-हवा-पानी है

## ख़बरों का पिंजरा

■ जयप्रकाश मानस

ख़बरों का कागज़
सुबह की चाय के साथ खुलता है
लेकिन उसमें सच
कहीं एक कोने में
छोटे-से अक्षर में
ख़ुद को छिपाए बैठा है।

पत्रकारिता,
जैसे कोई पुराना घर
जिसके दरवाज़े अब सत्ता की हवा से हिलते हैं।
स्याही थी कभी लोक की आवाज़
अब वह धन की उँगली पर नाचती है।

कोई ख़बर
पैसे की थैली में लिपटी
अख़बार के पन्नों पर चढ़ती है।
‘एडवरटोरियल’ लिखा होता है,
लेकिन आँखें उसे पढ़ने से पहले थक जाती हैं।
सच - जैसे कोई बच्चा,
जो खेलते-खेलते बाज़ार में खो गया।

टीआरपी की दौड़
जैसे साइकिल का पहिया
घूमता है, लेकिन कहीं नहीं जाता।
सनसनी - जैसे रास्ते की धूल,
हवा में उड़ती है, आँखों में चुभती है।

संपादक,
कभी जो कलम से
लोकतंत्र का चेहरा बनाता था
अब मालिकों की मेज़ पर
कागज़ का एक टुकड़ा है।
रिश्वत
जैसे कोई चींटी
धीरे-धीरे ख़बरों की रोटी खा जाती है।

प्रेस काउंसिल
जैसे कोई पुराना पेड़,
जो अब सिर्फ़ छाया देता है,
फल नहीं।
वरिष्ठ पत्रकार चुप हैं
जैसे कोई पुरानी किताब
जिसके पन्ने हवा में फड़फड़ाते हैं
पर कोई नहीं पढ़ता।

लोकतंत्र - जैसे कोई नदी
जो अब
सत्ता की पाइप में बहती है।
ख़बरें - जैसे कबूतर,
जो उड़ते तो हैं;
पर पिंजरे की ओर लौट आते हैं।

फिर भी
कहीं कोई कलम - जैसे खेत में उगा एक पौधा
हवा के ख़िलाफ़
अपना सिर उठाए रखता है।
सच
शायद अभी
उसी पौधे की पत्ती पर
टपकती हुई ओस है।

# संवैधानिक ढंग से उठाई गई आवाज....!!

■ भूपेन्द्र भारतीय

मेरी कोशिश रहती है कि जब भी किसी तरह की कोई आवाज़ उठाऊं तो वह संवैधानिक ढंग से हो। लेकिन क्या पता किसी न किसी की मानहानि हो ही जाती हैं। जो कि मेरा मन कभी किसी की मानहानि नहीं करना चाहता है। आखिर मैं अपने मन की बात से किसी के मान को हानि पहुंचाने वाला होता कौन हूँ ? मैं ठहरा एक आम आदमी। प्रतिदिन किसी न किसी लाईन में खड़े रहने वाला। भीड़ का सक्रिय सदस्य। मैं तो सिर्फ़ अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाता हूँ।

विगत दिनों मैंने एक मंच से बस इतना कह दिया कि भ्रष्टाचार दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। बस फिर क्या था ! कितनों का ही लोकतंत्र नाराज हो गया। उन्होंने इसे अपनी मानहानि मान ली। संविधान पर बात आ गई। बाबा साहब को बीच में ले आये। बताओ इसमें किसकी मानहानि हुई ? भला संविधान ने सबको अपनी अपनी बात कहना का अधिकार दिया है, फिर किसी को किसी की बात से नाराज नहीं होना चाहिए।

हम देखते हैं आजकल सब संवैधानिक ढंग से अपनी अपनी आवाज को उठा रहे हैं। उठाना भी चाहिए। लोग तो दूसरी की बैठी हुई भैंस को उठा देते हैं तो फिर अपनी आवाज उठाने में कौनसी परेशानी है। आवाज ही तो है कोई आंदोलन तो नहीं कि जिसे कुचलने की जरूरत पड़े। सब अपने अपने हिसाब से अपनी आवाज उठाते रहते हैं।

हम देखते हैं आजकल सब संवैधानिक ढंग से अपनी अपनी आवाज को उठा रहे हैं। उठाना भी चाहिए। लोग तो दूसरी की बैठी हुई भैंस को उठा देते हैं तो फिर अपनी आवाज उठाने में कौनसी परेशानी है। आवाज ही तो है कोई आंदोलन तो नहीं कि जिसे कुचलने की जरूरत पड़े। सब अपने अपने हिसाब से अपनी आवाज उठाते रहते हैं। कोई सड़क पर तो कोई पंथ, रीलिजन, मजहब के सहारे आवाज उठा रहा है। आखिर हमें हमारा संविधान आवाज उठाने का अधिकार देता है।

लोग संविधान की आड़ में खूब आवाज उठाते हैं। सबके अपने ढंग है। कोई अपनी गाय को सड़क पर खुल्ला छोड़कर उठाता है, तो कोई सड़क पर गलत दिशा से अपनी कार चलाकर आवाज उठाता है। आखिर सबको संविधान ने एक संवैधानिक आवाज उठाने का ढंग दिया है। मैं उसे सड़क पर कचरा फेंककर उठाऊं या फिर ऊंची आवाज में डीजे बजाकर उठाऊं-यह मेरा अपना अपना ढंग !

आखिर संविधान ने मुझे यह ढंग दिया है। मैं इसका उपभोग क्यों नहीं करूँ। बड़े अधिकारी तो इस ढंग की आड़ में कितनी ही ग्रांट डकार जाते हैं और बड़े ढंग की ऊंची आवाज उठाते हैं। नेता संसद की आड़ में आवाज उठाते हैं और अपने क्षेत्र में कोलाहल मचा देते हैं। फिर मैं संवैधानिक ढंग से थोड़ी बहुत आवाज क्यों नहीं उठा सकता हूँ। मेरे पास यह संवैधानिक ढंग का ही अधिकार बचा है, नहीं तो मैं अपने घर में भी चूं तक नहीं कर सकता हूँ। घर के बाहर की तो बात ही अलग है।

अच्छा हुआ बाबा साहब संविधान बना गए। नहीं तो मुझे जीवनभर बगैर आवाज उठाये ही जीना पड़ता। मैं एक ढंग की संवैधानिक आवाज नहीं उठा सकता था। संवैधानिक आवाज उठाने के नाम पर आंदोलनों में नहीं जा सकता था। आंदोलनजीवी नहीं बन सकता था। आंदोलनों की दावतों का आनंद नहीं उठा सकता था। विदेश यात्रा नहीं कर सकता था। विश्वविद्यालय का कुलपति नहीं बन पाता। राज्यपाल नहीं हो सकता था! संसदीय समितियों से वंचित हो सकता था। टीवी स्टूडियो में बैठकर संविधान व लोकतंत्र पर तीखी बहस नहीं कर सकता था।



बताओ कितना खतरनाक मंजर होता यदि बाबा साहब का संविधान हमें यह सब नहीं देता तो ? हमें निरंतर संवैधानिक ढंग से अपनी आवाजें उठाते रहना चाहिए। जो भी सार्वजनिक व सरकारी संपत्ति मिले, उसे ज्यादा से ज्यादा उपभोग व जल्दी से जल्दी कब्जा कर लेना चाहिए। आखिर यह भी एक संवैधानिक ढंग है, राष्ट्र की संपत्ति में हमारे अधिकार का। हम इसे ढंग से क्यों ना उठाये।

इन दिनों तो सोशल मीडिया ने हमारे इस अधिकार का ओर विस्तार कर दिया है। हम बिस्तर में पड़े पड़े इस ढंग का उपयोग कर समाज में क्रांति ला सकते है और कितने ही युवा रील बनाकर सोशल मीडिया पर क्रांति ला रहे हैं। गजब की संवैधानिक आवाज उठ रही है। युवा सातवें आसमान में पर हैं। धरती पर पाँव रखना अब उनकी शान के खिलाफ है। कभी पाँव रखने की जरूरत होती भी है तो वोटजीवी प्रजाति उनके लिए फट से बढ़ीया कालीन बिछा देती हैं। आखिर युवाओं की आवाज का लाभ कौन नहीं लेना चाहता है। ओर फिर यह तो संवैधानिक ढंग से उठाई जाने वाली आवाजें होती है जो लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ मानी जाती हैं। वो बात अलग है कि कभी कभी कुछ न्यायिक जांच एजेंसियां भी संवैधानिक ढंग से आवाज उठाने का प्रयास करती हैं लेकिन सरकार के वफादार उन आवाजों को उठने नहीं देते।

इसलिए मैं कहता हूँ कि जिसे भी-जहां भी संवैधानिक ढंग की आवाज उठाने का अवसर मिले उसे उठाना चाहिए, फिर भले वह सरकारी धन हो, ठेकेदारी हो, भ्रष्टाचार हो, सरकारी लापरवाही हो, कालाबाजारी, न्यायपालिका की लेटलतीफी हो, शिक्षा माफिया, भू माफिया हो..! संवैधानिक अधिकारों की आड़ में इन क्षेत्रों में निरंतर संवैधानिक ढंग से आवाज उठाकर शुभ-लाभ करते रहना चाहिए !!

# जब हवा चलती है..

■ गोपाल मिश्रा

बहुत समय पहले की बात है , आइस्लैंड के उत्तरी छोर पर एक किसान रहता था . उसे अपने खेत में काम करने वालों की बड़ी ज़रुरत रहती थी लेकिन ऐसी खतरनाक जगह , जहाँ आये दिन आंधी -तूफ़ान आते रहते हों , कोई काम करने को तैयार नहीं होता था .किसान ने एक दिन शहर के अखबार में इश्तहार दिया कि उसे खेत में काम करने वाले एक मजदूर की ज़रुरत है। किसान से मिलने कई लोग आये लेकिन जो भी उस जगह के बारे में सुनता, वो काम करने से मना कर देता . अंततः एक सामान्य कद का पतला -दुबला अधेड़ व्यक्ति किसान के पास पहुंचा किसान ने उससे पूछा , ‘क्या तुम इन परिस्थितयों में काम कर सकते हो ?’

‘ह्म्म्म , बस जब हवा चलती है तब मैं सोता हूँ .’ व्यक्ति ने उत्तर दिया।

किसान को उसका उत्तर थोडा अजीब लगा लेकिन चूँकि उसे कोई और काम करने वाला नहीं मिल रहा था इसलिए उसने व्यक्ति को काम पर रख लिया।



मजदूर मेहनती निकला , वह सुबह से शाम तक खेतों में मेहनत करता, किसान भी उससे काफी संतुष्ट था। कुछ ही दिन बीते थे कि एक रात अचानक ही जोर-जोर से हवा बहने लगी , किसान अपने अनुभव से समझ गया कि अब तूफ़ान आने वाला है . वह तेजी से उठा , हाथ में लालटेन ली और मजदूर के झोपड़े की तरफ दौड़ा।

‘जल्दी उठो , देखते नहीं तूफ़ान आने वाला है , इससे पहले की सबकुछ तबाह हो जाए कटी फसलों को बाँध कर ढक दो और बाड़े के गेट को भी रस्सियों से कास दो’ किसान चीखा ।

मजदूर बड़े आराम से पलटा और बोला , ‘नहीं जनाब , मैंने आपसे पहले ही कहा था कि जब हवा चलती है तो मैं सोता हूँ !!!.’

यह सुन किसान का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया , जी में आया कि उस मजदूर को गोली मार दे , पर अभी वो आने वाले तूफ़ान से चीजों को बचाने के लिए भागा ।

किसान खेत में पहुंचा और उसकी आँखें आश्चर्य से खुली रह गयी , फसल की गांठें अच्छे से बंधी हुई थीं और तिरपाल से ढकी भी थी , उसके गाय -बैल सुरक्षित बंधे हुए थे और मुर्गियां भी अपने दडबों में थीं बाड़े का दरवाज़ा भी मजबूती से बंधा हुआ था . सारी चीजें बिलकुल व्यवस्थित थी ज्नुकसान होने की कोई संभावना नहीं बची थी.किसान अब मजदूर की ये बात कि ‘जब हवा चलती है तब मैं सोता हू’ समझ चुका था , और अब वो भी चैन से सो सकता था।

मित्रों , हमारी ज़िन्दगी में भी कुछ ऐसे तूफ़ान आने तय हैं , ज़रुरत इस बात की है कि हम उस मजदूर की तरह पहले से तैयारी कर के रखें ताकि मुसीबत आने पर हम भी चैन से सो सकें. जैसे कि यदि कोई विद्यार्थी शुरू से पढ़ाई करे तो परीक्षा के समय वह आराम से रह सकता है, हर महीने बचत करने वाला व्यक्ति पैसे की ज़रुरत पड़ने पर निश्चिंत रह सकता है, इत्यादि। तो चलिए हम भी कुछ ऐसा करें कि कह सकें - ‘जब हवा चलती है तो मैं सोता हूँ।’

## हाना

चार जाए खेले ल,
एक जाए मरे ल।

एक झन मनखे ल कोनो मेहनत के काम करे म अकेला होए के सेती करे म मुश्किल हो जाथे।एक ले दू अउ दू ले चार झन रेहे ले मेहनत कम लगथे अउ खेल खेले असन काम ह हो जाथे तब ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

## मोबाइल जी के जंजाल

आज उन्नत टेक्नालॉजी के चलत मोबाइल ले पूरा विश्व जुड़े हावय। आज हर काम मोबाइल ले होवत हावय इंहा तक पइसा के लेन देन घलो मोबाइल ले होवत हावय। आज टीवी के जगह म मोबाइल ले सब धारावाहिक, सिनेमा देखत हावंय। यू ट्यूब आ गे हावय। चौबीस घंटा देखत रहिथें।

समय बदल जथे। अब एक मजदूर ले ले के करोड़ों के मालिक तीर मोबाइल रहिथे। रेल हवाई जहाज के संग–संग बीच जंगल ले भी लोगन बात कर सकथें। लिफ्ट म फंसे मनखे घलो सहायता मांग सकथे बस नम्बर होना चाही। खेत खार ले या फेर यात्रा के बेरा म या फेर घर म बइठे–बइठे तरह–तरह के जिनिस देखत रहिथें। आज के बहू–बेटी मन मोबाइल धर के पैदा होय हावंय। तब ऊंखर लइका कइसे मोबाइल नइ पकड़ही, पकड़बे करही। काबर के महतारी ह तो दिनभर मोबाइल ल पकड़े बात करत रहिथे। आज के मां तीर समय नइये के अपन लइका संग बात कर सकय।

लइका स्कूल ले अइस त खेलत रइही या फेर महतारी ह मोबाइल पकड़ा के बइठार दिही। आज के महतारी मन ल लइका ल भुलवार के खवाय बर नइ आवय। खाये के बेरा म टीवी म कार्टून लगा दिही या फेर मोबाइल पकड़ा के बइठार दिही। लइका देखत हावय अउ महतारी अपन मोबाइल म लगे हावय। संगवारी संग बात, मां,भाई,बहिनी संग बात करत घंटा भर पहागे। लइका के खाए के बेरा होगे। फेर मोबाइल अब लइका देखते हावय अपन ह खा के सुते के तैयारी म लगगे। ले–दे के लइका ह सुते बर.जाही त उठ के फेर मोबाइल। शाम के घूम लिस त बने नइते रात के फेर मोबाइल। मोबाइल पकड़ा के महतारी ह खुश हो जथे।.ओखर जिम्मेदारी खत्म हो गे। कालोनी मन में लइकामन संग म बहुत कम खेलथें। लइका करय का? ओखर संग कोई तो होना खेले बर अउ गोठियाय बर। अब के महतारी तो अपन खुशी म मगन हावय।

एक घटना राजधानी रायपुर के शंकरनगर के आये। ये विडियो घूमत हावय। एक बारह साल के.लड़की ह स्कूल ले आये के बाद म रोड के किनारे म बइठ के मोबाइल कहिके रोवत हावय। शायद ओला मोबाइल नइ दिस होही। डेढ़ घंटा तक ओला मनावत रहिन हें। भीड़ घलो लगगे। एक सौ बारह नंबर ल फोन करे गीस, गाड़ी आ के ओला लेगगे।

मोबाइल के कारण स्थिति इंहा तक पहुंच गे हावय। आज के लइकामन ल सम्हालना अउ ओला दिशा देना बहुत कठिन होवत जात हे। जब तक महतारी त्याग नइ करही तब तक कुछु नइ हो सकय। त्याग मतलब अपन मोबाइल के त्याग करना अउ लइका ल समय देना। रात जागरण करथें त लइका घलो जागत हावय। काबर के महतारी बाप ह तो देखे म मगन हावंय तब लइका अकेल्ला कइसे सुतय। मोबाइल ले तेरह चौदह बछर के लइकामन अश्लील फोटो देखत रहिथें। कई घटना येखरो ले हो चुके हावय।

नवा नवा दाई–ददा बने लोगन ल ये डाहर ध्यान देना चाही। आज मोबाइल ले जतका सुविधा मिलत हावय ओखर ले ज्यादा नवा पीढ़ी बर्बाद होय के कगार म खड़े हावय। आज ये मोबाइल ह जी के जंजाल बनगे हावय। ये जंजाल ले बाहिर आना हे, त दाई ददा ल ही सोचना चाही।

**सुधा वर्मा**

# हरियर हरेली : पहिली तिहार

**सावन म भुइंया चारो डाहर हरियर सिंगार करे रहिथे। छत्तीसगढ़ अंचल म सावन महीना के अमावस्या के दिन हरेली के तिहार मनाये जाथे। ए दिन किसान मन अपन रोपा,बियासी के जम्मों बुता ला पूरा कर के, अपन किसानी के अउजार नांगर,कुदारी आदि मन ल बने धो के पूजा ठउर म रखथें अउ फेर आभार स्वरुप इंकर पूजा करके चीला रोटी के भोग चढ़ाथे।**

छत्तीसगढ़ म रिकिम –रिकिम के तिहार अउ हरेली ले ही तिहार मनाए के सुरुआत छत्तीसगढ़ म होथे। ननपन ले ही तिहार के उछाह तो तिहार के आए के आघू ले होवत रहिथे अउ उछाह काबर नइ रही भई? अतेक किसम के तिहार तो हमरेच इंहा हे अउ हमर पूरा बछर ह नहाक जाथे तिहार मनावत।

अक्ती के दिन ले हमन छत्तीसगढ़ी नवा बछर मानथन। सिरतोन म ए ह किसानी के नवा बछर आए किसनहा मन इही दिन ले खेत खार के जम्मो बूता ल सुरु करथें। इही नवा बछर के हमर पहली तिहार हरय 'हरेली'। हरेली के तिहार सिरिफ मनखे नइ मनाये एला मनाथे धरती, अगास,नदिया–नरवा,डोंगरी–पहाड़ी पूरा प्रकृति ह हरियर भुइंया संग उछाह मनाथे।

सावन म भुइंया चारो डाहर हरियर सिंगार करे रहिथे। छत्तीसगढ़ अंचल म सावन महीना के अमावस्या के दिन हरेली के तिहार मनाये जाथे। ए दिन किसान मन अपन रोपा,बियासी के जम्मों बुता ला पूरा कर के, अपन किसानी के अउजार नांगर,कुदारी आदि मन ल बने धो के पूजा ठउर म रखथें अउ फेर आभार स्वरुप इंकर पूजा करके चीला रोटी के भोग चढ़ाथे। सियान मन कहिथें कि ए हरेली के दिन बुरा शक्ति मन के बड़ प्रभाव रहिथें अउ इही प्रभाव ले गांव ल बचाए बर ए दिन गांव ल बइगा मन चारो मुड़ा ले तंत्र–मंत्र ले बांधथे।

आवव ए दिन बिसेस रूप ले करे जाने वाला आने कारज मन ल घलो जान लेथन।

गाय–बइला ल लोंदी खवाना–पानी बरसात के दिन म किसम–किसम के रोग राइ होए के डर लागे रहिथे। मनखे ह तो अपन बर बारा उदिम कर डरथे फेर अमुक जीव ह कइसे करही।गाँव देहात मन म डॉक्टर बड़ मुश्किल ले मिलथे त हमर सियान मन ह जरी–बूटी खवा के गाय गरू मन ल रोग ले दूर राखय। परसा या खमार पत्ता म उसने दसमूल कांदा,सतावर, नुन संग पिसान के लोंदी बना के गाय बइला मन ल खवाये।

गेड़ी चघना:हरेली के तिहार अउ गेड़ी नइ चघेस त काए हरेली मनाएस? शहर म रहीके गेड़ी चलाए बर तो अड़बड़ दिन बाद सिखे हंव फेर मोला लागथे के गेड़ी चघे के बिसेस कारण घलो होही काबर के आघु के जमाना म पक्की सड़क नइ रिहिस। सबो डाहर माटी के सड़क होए के कारण पानी बरसात चिखला हो जावय इही सब ले बाचे बर गेड़ी चघ के आना–जाना करत रिहिन होही।

त का माइलोगिन मन घलो गेड़ी चघय? हां, गांव के सियनहिन मन ल मैं गेड़ी चघत देखें हंव पाछु सरकार म पारंपरिक खेल ल बचाए बर जेन छत्तीसगढ़ ओलम्पिक करे रिहिन ओमा ता दाई–महतारी मन घलो गेड़ी चघे रिहिन। बोरई गांव के मंटोरा दाई अउ सुंदरकेरा के सेवती दाई ह कछोरा ल बिंध के सरपट गेड़ी दउडे रिहिन।

लीम डारा अउ खीला ठोकना–लीम झाड़ के सबो जिनिस चाहे फर हो, पत्ता हो जरी हो सबो ह बड़ औषधीय गुण ले भरपूर रहिथे। हरेली के दिन म राउत भाई मन ह घरोघर लीम के डारा ल कपाट म खोंचथे अउ लोहरा मन ह घर के दूआरी म खीला ल ठोंकथे। हरेली के दिन बुरा शक्तिमन के प्रभाव ज्यादा रहिथे अइसे हमर सियान मन कहिथे अउ इही बुरा शक्ति घर भितरी झन आवय कहिके राउत भाई मन दुआरी लीम डारा ल खोंचथे फेर लीम के डारा ल खोंचे के मुख्य कारण कोनो रोग राइ घर म झन आए एकर बर एला करे जाथे।

ये महिना ह पानी बादर के बेरा रहिथे अउ बादर गरजे के संग गाज गिरे के डर घलो रहिथे। लोहा ह एक तड़ित चालक के रूप म बुता करथे ए वजह ले लोहा के खीला ल दुआरी म ठोंकत होही।

हरेली के दिन गांव–गांव म किसम–किसम के खेलकूद जेमा हमर पारंपरिक खेल गेड़ी दउड़, फुगड़ी,नरियर फेकउल के आयोजन करथें।पाछु सरकार ह हमर पारंपरिक खेल ल बचाए बर अउ अपन परंपरा ले जोड़े बर सुग्घर उदिम करें रिहिन।

बस्तर के अमुस तिहार अउ हरेली–प्रदेश म जम्मो डाहर हरेली तिहार मनाथे फेर बस्तर डाहर अमुस तिहार मनाए जाथे। दूनो के मान्यता अउ उद्देश्य म थोर बहुत ही अंतर हावय। सावन अमावस म मनाए जाए के कारन अमुस के अर्थ अमावस ले लगाए जाथे। बस्तर ल छोड़ के बाकी जगह हरेली म खेती–किसानी म उपयोग करे जाने वाला औजार के पूजा–पाठ संग गांव ल बंधाए के परंपरा देखथन। बस्तर के अमुस तिहार म अच्छा फसल बर अउ फसल ल कोनो नजर–ढीट, रोग–राई झन लगय एकर बर अमुस तिहार मनाथे अउ अमुस खूंटा बना के खेत म गड़ाथे।

अमुस खूंटा– तेंदू के लकड़ी म भेलवा के पत्ता ल अउ सतावर के पौधा ल लपेट के बनाए जाथे। मान्यता हे कि एकर ले फसल म कोनो रोग नइ होए। भेलवा ल भिलावा घलो कहे जाथे जेकर उपयोग समान्य रूप म आदिवासी मन ह हाथ गोड़ के पीरा के ईलाज बर करथें अउ अइसने ही सतावर के घलो औसधिय गुन हावय अउ एकर सुगंध ले किरा–मकोरा मन नइ आए।

अमुस खूंटा ल बढ़िया सजा के खेत के बिच म गाड़ियाए के परंपरा हे।

सावन अमावस या अमुस तिहार के दिन ले ही बस्तर म बिस्व प्रसिद्ध बस्तर दसहरा के सुरुआत होथे। पाट जात्रा के नेंग करके जंगल ले लकड़ी लानथे अउ 75 दिन चलने वाला ए दसहरा बर फूल रथ के निर्माण सुरू करथें।

नांगर बईला,रापा कुदारी
बईगा धर पूरा गांव बंधाएंव।
चीला रोटी के भोग लगा,
देख अइसन हरेली मनाएंव।।

**– नागेश कुमार वर्मा, टिकरापारा रायपुर**

## कविता

# आगे महिना सावन के

रिमझिम रिमझिम पानी बरसही
आगे महिना सावन के
कांवरिया के टोली निकलही
सावन सोमवारी पावन के।

झुमही नाचही जयकारा लगाही
बोल–बम बोल–बम गावन के
शिव भोले ल परसन करही
मंदिर लगी मनभावन के ।

बेलपतिया फुल जल दूध उगाही
सावन सोमवारी पावन के
रिमझिम रिमझिम पानी बरसही
आगे महिना सावन के!!

**–सोनु नेताम 'माया' रुद्री नवागांव धमतरी**

# हरेली के हितवा

**कहिनी**

डोंगरी के खाल्हे मा एकठन गांव कन्हारडीह हा बसे रहिस हे। डोंगरी ले एकठन पातर के नरवा गाँव कोती बोहावत रहै। चौमासा मा इहां चारो मुंड़ा हरियाली बगर जवै। नवा–नवा पतई–पान अउ रिंगी–चिंगी फूल फूले ला लग जावैं। महर–महर ममहाई अउ प्रकृति के सुघराई मन ला मोह डारै। जतेक दुरिहा नजर जातिस भइगे हरियर–हरियर हरियाली आँखी मा समा जावै। झिमिर–झिमर पानी बरसे ले आनी–बानी के बिजामन ले पिका फूटे नेवरिया बिरवा मा दू–चार पाना धरे मुचमुचावत रहैं। खेत–खार, बारी–बखरी अउ अँगना–द्वार मा हरियाली के राज चलै। सावन के आवत ले धरती दाई हरियर लुगरा ओढ़ के हाँसे ला धर लै। गाँवभर मा बँभरी, बर, पीपर, लीम पेड़ के भरमार रहै। डोंगरी मा तेंदू, चार, बीही, आमा, जामुन, मँउहा, डूमर, गस्ती, साजा अउ सरई जइसन रुखराईमन फूलत–फरत दिखैं। फल–फूल, जड़ी–बूटी, लकड़ी के भंड़ार ए गाँव ला प्रकृति के वरदान कस मिलै। आरुग बादर, फुरहुर पुरवाही अउ साफ पानी हाहामाही इहाँ मिलत रहै। बड़ दुरिहा–दुरिहा ले लोगन ये गांव के सुंदरता ला निहारे अउ समझे खातिर आवैं।

इहां सावन के अंधियारी पाख मा अमावस के दिन च्हरेली तिहार मनाये के अजब परंपरा रहै। बछर भर ले ये दिन के अगोरा लइका–छउवा, जवान–सियान सब्बोझन ला राहय। नवा बछर के पहिलावँत तिहार होये के सेती ये दिन जम्मोंझन मा नँगते उछाह दिखे ला मिलै। एक बेर महूँ हा अपन बारा बछर के नोनी नंदनी संग हरेली के दिन कन्हारडीह हबरेंव। इहां गौठान मा पहटियामन हा डोंगरी ले सकेले जड़ी–बूटी अउ कांदा–कुशा ला डारके खिचड़ी बनाये रहैं तेला मालमत्ता वाले किसानमन हा थारी भर–भर के अपन मवेशी खातिर लानत रहैं। लइकामन बाँस मा खापे रचरिच–रचरिच गेंड़ी मचत दिखिन। घरोघर सिंह दरवाजा मा लीम के डारा खोंचाय पायेंव। थोरिक बेरा मा गाँव के गुड़ी मा गाँवभर के मनखे सकलाय लगिन। दगदग ले नवा–नवा अंगरक्खा पहिरे अउ सबके हाथ मा सादा कुँवारी सूत रहै।

गांव के सबले सुजानिक सियान बैगा बबा के अघुवानी मा जम्मोंझन डोंकरी डहर रेंगिन। डोंगरी बीच बने मंदिर मा पूजा–पाठ करे गिस। सबले पहिली बैगा बबा हा एकठन बड़का रुख के चारो मूंड़ा कुंवारी सूत लपेट के हरेली तिहार के शुरुआत करिन। देखते–देखत गाँव के जम्मों मनखे डोंगरी भर मा बगर गिन। एकक ठन रुखुवा तीर जाके माथ नवाइन अउ वोला कुँवारी सूँत बाँधके जिनगी भर येखर रक्षा के किरिया खाइन। येखर पाछू सब्बो झन कुलकत–कुलकत अपन–अपन घर लहुट आइन।

नोनी नंदनी हा घर आके मोर ले पूछिस के – बाबू कन्हारडीह मा लोगन पेड़ के पाँव छुअत ओखर रक्षा के किरिया काबर खाइन? रुखराई के हमर जिनगी मा का महत्व हे ?

नोनी के नान्हें सवाल के मैं हाँसत–हाँसत जवाब देंव – बेटी! रुखराई हमर जिनगी हरै। हमर साँसा येखरे ले चलथे। हमन येखर बिन चिटिक घड़ी नइ जी सकन, पेड़ हमर बिन जी सकत हे। जंगल, झाड़ी, रुखराई, नदी, डोंगरी, पहाड़, धरती, बादर अउ सागरमन हा ही प्रकृति हरै। येमन हा त्यागी अउ दानी होथें। हम ला इँखर ले हवा, पानी, फल–फूल, दवा फोकटिहा मा भरपूरहा मिलथे। हम सब ला येखर रक्षा हर हाल मा करना चाही तभे सिरतोन मा हरेली के हितवा बन पाबो। मोर जवाब सुनके नोनी हा घलाव तुरते घर भीतर गिस। हाथ मा कुँवारी सूँत धरके घर मुँहाटी मा ठाड़े लीम रुख मा बाँधत–बाँधत हरेली के बढ़वार खातिर किरिया खाइस।

**– कन्हैया साहू 'अमित', शिक्षक, भाटापारा**

# चेंदरू–10

गांव के बीच आमा रुख के चारों डहर चौंरा बने रहय। लइका मन के दिन भर के खेल अऊ सांझकुन गांव के सियान मन के चौपाल , चौसर अऊ पासा अऊ संगे संग बइसका ठऊर रिहिस चौंरा हा । थोरिक धूर म पारा भर बर एक ठन कुंवा । संझा बिहाने कुवां म पानी भरे बर जावत पनिहारिन मन के मुलाखात के जगा रिहिस।

गांव म हरेक मनखे हा एक दूसर ला भइया अऊ कका ले सम्बोधित करय अऊ माई लोगिन मनला दीदी भऊजी काकी कहयं। माईलोगिन मन घला नता गोता ला भरपूर सन्मान देवय। चेंदरू के घर हा आमा रुख के तिर म रिहिस हे तेकर सेती डहर चलती सबो संग मुलाखात हो जाय।



चेंदरू हा कृष्ण कस न केवल करिया रिहिस बल्कि ओकरे असन सुंदर अऊ बलवान अऊ गुनवान घला रिहिस। कभू कोन्हो महतारी ले पानी भराय बांगा नी उचतिस त उन चेंदरू ला हांक पारतिन। चेंदरू तुरत हाजिर हो जाय अऊ महतारी के पानी भराय बरतन ला ओकर घर तक अमरा देवय।

गांव भर के लइका मन छू छुवउल, रेस टीप, नदी पहाड़ उही तिर खेलयं। गांव म चेंदरू के सबले प्रिय संगवारी खोरवा अऊ सूरदास रिहिस। चेंदरू हा दुनों बर बड़ मया करय। फल फलहरी लानतिस तेला सबले पहिली उही मनला देतिस। खेल म ओमन ला जिताय बर अपन हार जतिस। खोरवा के नजर बहुत तेज रिहिस अऊ सूरदास हा बहुतेच बलवान रिहिस। यहू मन चेंदरू बर हरेक बिपत्ति म खड़े मिलय।

आमा रुख तरी कभू–कभू लाल मुंह के बेंदरा मन अमर जाय। एक दिन के बात आय। लइका मन नदी पहाड़ खेलत रहय तइसने म बेंदरा मन पहुंचगे। खेलत–खेलत एक ठन बेंदरा हा चेंदरू ला धर दिस। सबो लइका मन भागगे। खोरवा हा भाग नी सकय, सूरदास हा आकब करके उही कोती भागिस जेती चेंदरू ला बेंदरा धरे रिहिस। सूरदास हा सीधा ओकरे मन उपर झपागे। बेंदरा ओकर हाथ म धरागे। ओहा बेंदरा ला धर के पटक दिस। चेंदरू बांचगे। बेंदरा भागगे। सूरदास, खोरवा अऊ चेंदरू के बीच मितानी अऊ पोक्खागे।

डोंगरी खाल्हे के फल फलहरी के रुख ला गांव के मनखे मन एक कनिक लालच म काटे लगिन तेकर सेती ओती के बेंदरा मन गांव डहर पइते लगिन। गांव भितरी म हरेक घर के बखरी म साग भाजी लगे रहय। बेंदरा मन कभू कभू यहू म मुंहु मारे लगिन। रात भर आमा के रुख म रहय अऊ बिहिनिया हूप हूप करत काकरो काकरो बखरी म खुसर के उजार कर दय।

चेंदरू ह बेंदरा मन के आतंक ला छेंके बर डोंगरी के लाल मुंह के बेंदरा मनला अपन संगवारी बनाय बर सोंचिस। अब ओमन कोन्हो बेंदरा ला पथरा नी मारय। अपन बीने आमा अमली ला हाथ म धर के बेंदरा ला तिर म बलावय उंकर हाथ म धरावय। धीरे–धीरे बेंदरा मन लइका मनके जबर संगवारी बन गिन। आमा के रुख म रोज आवय फेर काकरो बखरी ला नी उजारय। अब बेंदरा मन चेंदरू अऊ ओकर संगी मन संग आमा रुख तरी खेले लगिन। फेर खेल–खेल म कभू कभू छानी परवा म कूद देवयं। खपरा चरचर ले फूट जावय।

गांव के मन भड़क जाय। अब लइका मन ला का पता के काय नकसान होवत हे। गांव के मन बेंदरा ला भगाय बर उपाय करे के सोंचिन। आमा रुख ला काटे के मन बना डरे रिहिन फेर लइका मन के खेले के जगा अऊ उंकर चौपाल के जगा आय सोंच काटे नी सकत रिहिन। लइका मन घेरी बेरी सियान मन के मन म होवत फिकर ले वाकिफ हो गिन। अब उही मन अपन खेले के जगा बलद लिन। अब ओमन बर गांव के बाहिर रुख म खेलय। बेंदरा मन संग गांव भितरि खेलइया कोन्हो नी रहिगे। अब उन गांव भितरि म नी खुसरय । लइका मन संग पहाड़ी बेंदरा मनके जबर मितानी हो चुके रिहिस।
हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा

**हरिशंकर प्रसाद देवांगन, छुरा**

# कांवरिहा के मन हो बढ़िया

**पहिली जमाना म कांवरिया मन के खांद म लटके कांवर हर धीर धरे, मन ल बांधे भोले भक्ति म बूड़े के चिन्हारी रहीस हे।ओहर मेल-मिलाप, भाईचारा ल बगराय अउ सुग्घर लोक संस्कृति ल बनाए बंचाए के माध्यम रहीस हे।फेर आजकल तो कांवर यातरा हर फैसन कस होवत जात हे। तभे तो कतको गरीबा रहयं, फेर कांवरिहा दिखे बर डिजाइनदार छींट छापा वाले गेरु रंग के कपड़ा पहिरे बिना नी निकलयं।**

छत्तीसगढ़ के जन– जिनगी म कांवर हर जबड़ काम के जीनिस आए।पानी,खातु,कचरा कुटा ढोहारे के बूता तो कांवर म रोजे होथे फेर कभु कभु बीमार मनखे ,कलपत छेवारी ल अस्पताल लाए ले जाए बर तको होथे।नानपन म तो गावं ले सहर आना–जाना रहय त कमिया कका हर कांवर म बंधाय चरिहा –झउहां म चद्दर ल डार देवय अउ उही म हमन ल बइठार के कोस कोस भर के रद्दा ल रेंग देवत रहिस।लचपचावत कांवर के बांस हर ओ बेरा झुलना कस मजा देवय।

फेर आजकल काहीं जीनिस ल लाए ले जाए बर नवा नवा गाड़ी– घोड़ा आगे हावय त बिचारा बांस कांवर हर नंदावत हावय। फेर हां नवा जमाना म एक ठिन पुराना धारमिक चलन 'कांवर यातरा' हर नवा रंग रूप धरे आगे हावय। नवा जमाना के कांवर यातरा के जोर चारों मुड़ा बाढ़त जात हे।

सावन के महीना म भोलेनाथ के भगत–भगतिन मन ह कांवर म नंदिया जल ल ले के बम बम भोले कहत निकलथें। ओमन ल देखबे त भोलेनाथ के भगत कम च्भगदड़िहा भंगेड़ीज्ज जादा दिखथें। काबर कि ओमन के कांवर यातरा म दबंगई, हल्ला गुल्ला के संगे संग डीजे म बाजत गाना, गाजा– बाजा के धूम–धड़ाका चलत रहिथे।

सड़क ल घेरे ओमन ह आयं बायं सायं नाचत रहथें। गाड़ी, घोड़ा, मनखे के आवा–जाही ल रोक देथें। तब ओमन ल कोनो हटाए समझाए के कहूं उदिम करथे तेखर बारा बजा देथें। तभे तो आए दिन सावन महीना म देखे, सुने, पढ़े ल मिलथे कि कांवरिहा मन ह कहूं दूकान म लूट पाट,तोड़ फोड़ कर दीन हें त कहूं देवालय म कांवरिहा मन के हुड़दंग– भगदड़ म कतको झन के हाथ गोड़ टूट गिस हे।

चिंता के बात हे कि कांवरिहा मन के बाढ़त बिगड़त रूप हर अब जनमन अउ सरकार बर मुड़पीरवा बनत जात हे।काबर कि अब धरम– करम ल छोड़ के कांवर यातरा हर राजनीति के रंग म रंगत जात हावय।पाछु बछर के बात आए महू हर कांवरिहा मन के दल म सड़क जाम म फंसगे रहेवं। तभे एक ठिन एम्बूलेंस हर तको पों पों पों पों करत जाम म फंसगे रहिस।

एला देख के मोर मन हर आकुल बाकुल होगे। संसो म बूड़े में हर कांवरिहा मन ल कहेवं– सड़क म नाचना–गाना छोंड़ के एम्बुलेंस ल रद्दा दे दव जी।सही समय म अस्पताल नी पहुंचही त बिचारा बीमरहा मनखे के परान छूट जाही। मोर बात ल सुने गुने के छोंड़ उलटा मोही ल एक झिन टुरेलहा कांवरिहा हर चमकावत बोलिस– बीमार की प्राण रक्षा भोलेनाथ करेंगे।तूझे फिकर करने की जरूरत नहीं हैं। ओखर ए बात ल सुन के मेहर सुकुड़दुम हो गेवं।

पहिली जमाना म कांवरिया मन के खांद म लटके कांवर हर धीर धरे, मन ल बांधे भोले भक्ति म बूड़े के चिन्हारी रहीस हे।ओहर मेल–मिलाप, भाईचारा ल बगराय अउ सुग्घर लोक संस्कृति ल बनाए बंचाए के माध्यम रहीस हे।फेर आजकल तो कांवर यातरा हर फैसन कस होवत जात हे। तभे तो कतको गरीबा रहयं, फेर कांवरिहा दिखे बर डिजाइनदार छींट छापा वाले गेरू रंग के कपड़ा पहिरे बिना नी निकलयं।जानो मानो भोलेनाथ ह स्कूल डरेस असन कांवरिहा मन बर गेरुवा डरेस ल तय करे हावय।

अपन अपन कांवर ल तको ओमन ह नवा दुल्हिन कस सजाय रहिथें।मौका देख के चौंका मरोइया बजरिहा मन ह तको एला धंधा बना के किसिम किसिम के कांवर बना डारिन हावंय, अउ कांवर ल सजाए संवारे के चिकमिक चिकमिक करत सिंगार के समान बना डारिन हावंय।एक दूसर के कांवर ल देख देख के हिंजगा मरत हें। मोबाइल म रील बनाए के ,फोटू खींचे के दौर चलत हे।

देखावटीपन म बूड़े अइसन भगदड़िहा कांवरिहा मन ह भूला जाथें कि भोलेनाथ हर तामझाम नहीं सादगी पसंद देवंता आए। ओहर कांवर के सुन्दरता ल नही कांवरिहा के मन के सुन्दरता ल देखथे। कतका बड़े हंड़िया, लोटा– गघरी म जल लाने हे तेला नी देखय। भोलेनाथ हर देखथे कि कांवरिहा के मन हर कतेक बढ़िया हे। ओखर दिल हर कतेक दयालु हे। ओहर न तो सोना– चांदी, हीरा– मोती के गहना पहिरथे अउ न ही मेवा मिसठान के भोग लगाथे। सधारण फल– फूल– पाना म गदगद हो जाथे। इही पाए के भोलेनाथ ल च्गरीब मनके देवंताज्ज कहे जाथे।

भोलेनाथ के इही भाव आचरण ल समझत जेन कांवरिहा ह अपन धरम के मरम ल समझ जाहीं तेन हर भोलेनाथ के आसीस ल खच्चित पा जाही। कांवरिहा के मन वचन करम बढ़िया रहही तभे ओखर बर एक लोटा जल हर जम्मो दुख पीरा के हल हो ही।अउ कहूं मन म बिकार हे त कतको जल चढाए म सुफल नी मिलय।तभे तो कहिथे– करम तोर भला होही, त किस्मत तोर दासी होही। नियत तोर साफ होही त घर म तोर मथुरा कासी होही। जय भोलेनाथ।

**–विजय मिश्रा 'अमित' अग्रोहा कॉलोनी पो ऑ–सुंदर नगर रायपुर**

## बरसात

सुग्घर पुरवाई चलय, मारय पवन झकोर।
आवय जब बरसात हा, होवय अब्बड़ शोर।।

करिया बादर हा बने, पानी ला बरसाय।
बरसत पानी देख के, सबके मन हरियाय।।

जावय खेत किसान मन, नागर बइला साज।
भूख प्यास सहिके करयं, अपन किसानी काज।।

धनहा– डोली खार मा, बोवंय सुग्घर धान।
करयं आस बरसात के, दुलरू हमर किसान।।

हरियर कांदी बन उगय, धरसा टिकरा पार।
नदिया–नरवा मा चलय, खल–खल पानी धार।।

सोंध– सोंध माटी बने, गजबे के ममहाय।
फुरफुन्दी फिफरा घलो, अब्बड़ के इतराय।।

नवा बहुरिया कस दिखय, सुग्घर खेती खार।
बरखा रानी हा फिरय, बनके खेवनहार।।

**–मुकेश उइके 'मयारू' चेपा, पाली, कोरबा**

# देश विदेश


## शशि थरूर ने टीआरएफ को वैश्विक आतंकी समूह घोषित करने के अमेरिकी फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व राजनयिक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई का स्वागत किया है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने उम्मीद जताई कि इस फैसले से पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा कि वह अपनी जमीन से संचालित हो रहे आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करे। अमेरिका ने पिछले दिनों 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाया गया है, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी।

# डब्ल्यूएचओ के नियमों पर अमेरिका ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका ने कहा कि उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा पिछले साल बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों (आईएचआर) में किए गए संशोधनों को खारिज कर दिया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अमेरिका के स्वास्थ्य विभाग के मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका डब्ल्यूएचओ द्वारा 2024 में किए गए नए स्वास्थ्य नियमों को औपचारिक रूप से खारिज करता है। इस संयुक्त बयान में डब्ल्यूएचओ के नए नियमों की जमकर आलोचना की गई है। जारी बयान में कहा गया कि ये संशोधन अस्पष्ट और बहुत व्यापक हैं, जिससे अमेरिकी नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर असर पड़ सकता है। बयान में कहा गया कि डब्ल्यूएचओ ने जो नए नियम बनाए हैं, उनकी भाषा साफ नहीं है और उनमें स्पष्टता की कमी है। इससे भ्रम पैदा हो सकता है। साथ ही दावा किया कि हमारी एजेंसियां हमेशा अमेरिकी नागरिकों को पहली प्राथमिकता देती हैं, उनके हित में काम करती हैं। ऐसे में हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, निजता या व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन




**डब्ल्यूएचओ ने जो नए नियम बनाए हैं, उनकी भाषा साफ नहीं है और उनमें स्पष्टता की कमी है : अमेरिका**

करती हो। गौरतलब है कि जिनेवा में जून 2024 में डब्ल्यूएचओ ने जो स्वास्थ्य समझौता अपनाया था, उसका उद्देश्य था कि अगली महामारी की स्थिति में दुनिया भर में दवाएं, टीके और इलाज की तकनीकें सभी देशों को बराबर मिलें। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी से सीख लेते हुए यह जरूरी है कि भविष्य में किसी भी महामारी से लड़ने के लिए सभी देशों के बीच सहयोग और संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण हो। हालांकि अमेरिका का कहना है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहयोग के पक्ष में है, लेकिन वह किसी ऐसे समझौते को नहीं मानेगा जो देश की संप्रभुता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों से समझौता करता हो। इस

## ओबामा ने रची थी ट्रंप को सत्ता से हटाने की साजिश : तुलसी गबार्ड



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों पर मुकदमा चलाने की मांग की है। डीएनआई ने ओबामा पर साल 2016 के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत को नुकसान पहुंचाने और बाद में उनके राष्ट्रपति पद के कार्यकाल को कमजोर करने के लिए मिलकर साजिश रचने का आरोप लगाया है।

तुलसी गबार्ड ने एक्स पर लिखा कि ओबामा का मकसद राष्ट्रपति ट्रंप को सत्ता से हटाना और अमेरिकी जनता की इच्छा को कुचलना था। चाहे वह कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, इस साजिश में शामिल हर शख्स की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की विश्वसनीयता इसी पर निर्भर करती है। हम आपराधिक जांच के लिए सभी दस्तावेज न्याय विभाग (डीओजे) को सौंप रहे हैं। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि शुक्रवार को, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने सबूत पेश किए, जिसमें बताया गया कि कैसे राष्ट्रपति ट्रंप के हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद, ओबामा और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के सदस्यों ने जानबूझकर खुफिया सूचनाओं को गढ़ा और राजनीतिक रूप दिया, ताकि राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ तख्तापलट जैसी साजिश की नींव रखी जा सके।

नवंबर 2016 के चुनाव से पहले, इंटेलिजेंस कम्युनिटी (आईसी) ने यह आकलन किया कि रूस संभवत: साइबर साधनों का उपयोग करके चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर रहा है। 2016 के चुनाव के बाद, 7 दिसंबर 2016 को, तत्कालीन राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) जेम्स क्लैपर के लिए तैयार किए गए टॉकिंग पॉइंट्स में स्पष्ट रूप से कहा गया था, विदेशी दुश्मनों ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को बदलने के लिए चुनावी बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले नहीं किए।

## ब्रिक्स नेताओं ने धमकी के बावजूद सम्मेलन में दिखाई एकता

**न्यूयॉर्क,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगाने की उनकी धमकी से ये देश डर गए और अगले दिन बैठक में लगभग कोई नहीं आया। हालांकि, हकीकत यह है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अपने तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहा और 11 सदस्य देशों के सभी नेता दूसरे दिन भी बैठक में शामिल हुए। 6 जुलाई की रात ट्रंप ने यह धमकी सोशल मीडिया पर दी थी, लेकिन अगले ही दिन रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स नेताओं ने पूरी उपस्थिति के साथ दूसरे दिन की बैठक की। शुक्रवार को व्हाइट हाउस में 'जीईएनआईयूएस एक्ट' पर हस्ताक्षर के दौरान ट्रंप ने ब्रिक्स को छह देशों का छोटा समूह बताया और कहा कि वे डॉलर के प्रभुत्व को खत्म करना चाहते थे और मैंने कहा कि जो भी ब्रिक्स समूह में होगा, उस पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने दावा किया कि अगले दिन उनकी एक बैठक थी और वहां लगभग कोई नहीं पहुंचा। वे डर गए थे, बोले- हमें छोड़ दो, हम टैरिफ नहीं झेलना चाहते। हालांकि, ब्रिक्स के भीतर साझा मुद्रा (करेंसी) लाने के विचार को भारत पहले ही खारिज कर चुका है।

■ **खोखला निकला ट्रंप का दावा**

## सुडोकू 6979

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | | | | |
| 7 | | | | | | 2 | | |
| 6 | | 8 | 2 | | | 9 | 3 | |
| | | 7 | | 4 | 9 | 3 | | |
| | | | 7 | | 3 | | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | 7 | | |
| | 8 | 2 | | | 7 | 5 | | 1 |
| | | 1 | | | | | | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : रविवार 20 जुलाई , 2025 श्रावण कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा।

वृषभ - आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन - पारिवारिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर आवश्यक चर्चाओं में व्यस्त रहने वाले हैं। काम का भार बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ ढीलापन आएगा।

कर्क - आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह - परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या - आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला - आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। दोपहर के बाद आप वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक - किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। धन-सम्बंधित आयोजन के लिए समय शुभ है।

धनु - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

मकर - आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावना को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

कुंभ - आवश्यक काम का निर्णय आज ना लें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत के लिए समय अभी इंतजार करने का है। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर चिंता बढ़ेगी।

मीन - आज धन का खर्च अधिक हो जाने से आप चिंता में रह सकती है। किसी से मनमुटाव और तनाव हो सकता है। आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। आर्थिक विषय में संभलकर चलें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दक्षिण कोरिया में भारी बारिश से भूस्खलन, पांच की मौत

**सोल,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में चार दिनों से मूसलाधार बारिश जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस बारिश के चलते करीब पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग लापता हैं। 7,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग ने देश में और अधिक बारिश की चेतावनी दी है।



इससे पहले, दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत के सानचियोंग काउंटी में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। काउंटी के एक गांव में दो घर ढह गए। अधिकारी भूस्खलन में लापता हुए दो अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं।

नेशनल फायर एजेंसी ने भूस्खलन के बाद देशभर में रेस्क्यू अभियान चलाने का आदेश जारी किया है। बुधवार से जारी बारिश के बाद से अब तक, केंद्रीय और स्थानीय सरकारी अधिकारियों ने पांच लोगों की मौत और चार लोगों के लापता होने की सूचना दी है। दिन के बाद सेंट्रल डिजास्टर एंड सेफ्टी काउंटरमेजर हेडक्वार्टर हताहतों की संख्या और क्षति के आकलन पर ताजा जानकारी जारी करेगा। मौसम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दिन में 250 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है, जिससे और अधिक नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

## अवामी लीग ने की निहत्थे नागरिकों पर की गई क्रूर कार्रवाई की कड़ी निंदा

**ढाका,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग ने गोपालगंज जिले में निहत्थे नागरिकों पर किए गए क्रूर और घातक कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने यूनुस सरकार को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि राज्य बलों को उन नागरिकों का सफाया करने का आदेश दिया गया जो यूनुस समर्थित नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) के कार्यकर्ताओं का समर्थन करने से इनकार कर रहे थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार को प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच झड़पों के बाद कर्फ्यू की घोषणा की गई। प्रदर्शनकारियों पर किए गए हिंसक दमन अभियान में कथित तौर पर चार लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हुए। बताया गया कि हजारों की संख्या में लोग बुधवार को गोपालगंज की सड़कों पर उतरे, जहां उन्होंने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के शुरू किए गए राज्य प्रायोजित दमन के खिलाफ प्रदर्शन किया।


गोपालगंज के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) मोहम्मद कमरुज्जमां ने शुक्रवार को घोषणा



■ **अवामी लीग ने राज्य प्रायोजित दमन के खिलाफ किया प्रदर्शन**

करते हुए बताया कि कर्फ्यू शनिवार सुबह तक लागू रहेगा। अवामी लीग ने कहा कि हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं कि कई दिनों से कर्फ्यू थोपने और पूरी तरह से छूट दिए जाने के बाद, बांग्लादेश की सशस्त्र सेनाओं और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सदस्य गोपालगंज में निहत्थे नागरिकों पर आधी रात को घातक कार्रवाई कर रहे हैं। यह राज्य तंत्र का दुरुपयोग है, जिसका उद्देश्य जनता के उस आक्रोश को कुचलना है, जो यूनुस की विभाजनकारी राजनीति, भीड़तंत्र और देश के धर्मनिरपेक्षता व बहुलतावाद जैसे मूल सिद्धांतों को मिटाने की कोशिश के खिलाफ फूटा है।

## वर्ग पहेली 6979



**दायें से बायें:-**

१. पहिए आदि के बीच का केंद्र, धुरी, नाभि
३. जिसे उसके पद से हटा दिया गया हो
५. पेट, जठर
६. मनोरंजक दृश्य, खेल आदि
७. संदेश वाहक (उर्दू)
८. ठुकराना, ठोकर लगाना (मुहावरा)
१३. बदचलन, पतित
१५. माफ किया गया
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. प्रार्थना, निवेदन
१८. किंचित, थोड़ा
२०. कृषक, किसान
२२. फायदेमंद
२३. थकान, शिथिलता

**ऊपर से नीचे:-**

१. एक तरह की बड़ा नींबू
२. मदिरालय
३. भले -बुरे को समझना, पहचान
४. इस्तेमाल करना
५. बराबरी, तुलना
९. लेख आदि का विषय (उर्दू)
१०. गर्व, नाज
१२. पेड़, तरू
१३. भीतरी, अंदरूनी
१४. अपरिमित (उर्दू)
१७. जहरीला
१९. बेजान, निष्प्राण
२०. अफसोस, दुख
२१. एक प्रकार का वाहन

### वर्ग पहेली-6978



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**शराब घोटाले की ...**

खरीदे गए। यह लेन-देन ढिल्लो के कर्मचारियों के नाम पर किया गया जिनके बयान लिए गए हैं। जांच निष्कर्षों के आधार पर यह बताया गया कि चैतन्य बघेल को 16 करोड़ 70 लाख रूपए अपराध की आय प्राप्त हुई, और एक हजार करोड़ से अधिक की लेन-देन में अहम भूमिका निभाई है। कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड मंजूर की है। चैतन्य बघेल को 22 जुलाई को फिर पेश किया जाएगा।

**बघेल के समर्थन में ...**

ी बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है और वे इसका विरोध करते रहेंगे।

**जंगलों को तबाह किया जा रहा**-उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

**एनटीपीसी लारा पर ...**

जाने पर संबंधित उद्योग और परिवहन एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर रायगढ़ श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा है कि पर्यावरणीय सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रदेश की बेटी ...**

वाहिनी के सेनानी नरेंद्र सिंह का कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन भी सराहनीय रहा। इन अधिकारियों के समर्थन और प्रेरणा ने लेखा जैसी प्रतिभाओं को एक नई दिशा दी है।

**नक्सल क्षेत्र में खेल की नई रोशनी**-कोण्डागांव जैसे नक्सल प्रभावित इलाके में संचालित ये खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के लिए एक आशा की किरण बनकर उभरे हैं। ये न केवल उन्हें खेलों में करियर बनाने का अवसर दे रहे हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक जीवन की ओर भी प्रेरित कर रहे हैं।

**अब प्रदेश के राजशेखर पैरी ...**

और अनुसंधानों में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राजशेखर का जन्म बिलासपुर जिले में हुआ। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव में ली और फिर कक्षा 5 से 10वीं तक की पढ़ाई पेंड्रा रोड स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद वह 11वीं-12वीं की पढ़ाई के लिए हैदराबाद गए, जहां से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। कुछ समय उन्होंने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (रक्षा मंत्रालय) में भी काम किया। बाद में वे उच्च शिक्षा के लिए यूके चले गए और एयरोस्पेस प्रणोदन में विशेषज्ञता हासिल की।

**NECC**

| 20.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 490 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |

डिलीवरी 505 सैकड़ा

दर्जन अंडा 78 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

**CSPFA**

## आज का इतिहास

1885-फुटबॉल खेलना ब्रिटेन में वैध किया गया।
1903-फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बाजार में उतारी।
1920-रामकृष्ण परमहंस की जीवन संगिनी शारदा देवी का निधन।
1921-प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीतकार तथा तबला वादक सामता प्रसाद का जन्म।
1924-खेल अख़बार सोवेत्स्की स्पोर्ट की स्थापना की गई।
1950-भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध तथा प्रतिभाशाली अभिनेता नसीरुद्दीन शाह का जन्म।
1956-फ्रांस ने ट्यूनीशिया को स्वतंत्र देश घोषित किया।
1966-भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का निधन।
1969-अमेरिकी खगोलशास्त्री नील आर्मस्ट्रांग चांद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बने।
1989-माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय विकलांग अरूणिमा सिन्हा का जन्म।
1997-तिस्ता नदी के जल बंटवारे पर भारत-बांग्लादेश में समझौता।
1999-यू.आर.राव (भारत) 'यूनिस्पेस-3' (अंतरिक्ष सम्मेलन) के अध्यक्ष निर्वाचित, स्पेन में प्रथम बौद्ध स्तूप का उद्घाटन।
2002-उत्तर एवं दक्षिण कोरिया ने आपस में वायुयान सेवा की शुरुआत की।
2005-कनाडा में समलैंगिक विवाह को कानूनी स्वीकृति दी गयी और वह ऐसा करने वाला चौथा देश बना।
2007-पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने मुशर्रफ़ सरकार द्वारा बर्खास्त किये गए मुख्य न्यायाधीश इफ़्तिख़ार चौधरी को पद पर पुन: बहाली का निर्णय दिया।

**समस्या** इन दिनों गंभीर जल संकट का सामना कर रहा काबुल

# लोगों ने अंतरिम सरकार से आपूर्ति बढ़ाने की लगाई गुहार

**काबुल,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल इन दिनों गंभीर जल संकट का सामना कर रही है, जिससे शहर के लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शहर के मध्य और पश्चिमी हिस्सों में जल स्तर में तेज गिरावट दर्ज की गई है। एक स्थानीय निवासी मोहम्मद आघा ने कहा कि हर चीज पानी पर निर्भर है। इसके बिना जीवन बेहद कठिन हो जाता है। अगर पानी मिलना बंद हो जाए, तो लोग भूख और प्यास से मर जाएंगे। एक अन्य निवासी ने बताया कि बच्चे और महिलाएं दिन-रात बाल्टी लेकर भटकते हैं, लेकिन कहीं पानी नहीं मिलता।

■ **आय का लगभग 30 प्रतिशत पानी पर कर रहे खर्च काबुलवासी**

लोगों ने तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से अपील की है कि वह जल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे का विस्तार करे और गहरे कुएं खुदवाने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

संयुक्त राष्ट्र मानव बस्तियों कार्यक्रम (यूएन-हैबिटेट) ने गुरुवार को इस जल संकट को अभूतपूर्व करार दिया था। एजेंसी ने कहा कि जल स्तर में तेज गिरावट से करीब 60 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जो जल संकट के जोखिम में हैं। यूएन एजेंसी ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस संकट से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश, मजबूत सहयोग और जल प्रबंधन पर सार्वजनिक जागरूकता



जरूरी है। पानी ही जीवन है, हमें अभी कार्रवाई करनी होगी।

हाल ही में एनजीओ मर्सी कॉर्प्स की एक रिपोर्ट में बताया गया कि काबुल के कई परिवार अपनी आय का लगभग 30 प्रतिशत पानी पर खर्च कर रहे हैं और दो-तिहाई से अधिक परिवार जल संबंधी कर्ज में डूबे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि भूजल का दोहन इसकी प्राकृतिक पुनर्भरण क्षमता से कहीं अधिक है और शहर के लगभग आधे बोरवेल पहले ही सूख चुके हैं। यदि जल्द और समन्वित निवेश नहीं हुआ, तो काबुल आधुनिक युग का पहला ऐसा राजधानी शहर बन सकता है, जो पूरी तरह सूख जाए।

रिपोर्ट के मुताबिक, 80 प्रतिशत तक भूजल असुरक्षित है, जिसमें सीवेज, आर्सेनिक और लवणता की अधिक मात्रा है, जो जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इससे पहले मार्च में भी यूएन-हैबिटेट ने चेतावनी दी थी कि देश में करीब 2.1 करोड़ लोगों को जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है।

यूएन-हैबिटेट की अफगानिस्तान प्रमुख स्टेफनी लूज ने कहा कि कंधार, काबुल और हेरात जैसे प्रमुख शहर जल संकट का सामना कर रहे हैं, क्योंकि इनका भूजल लगातार घट रहा है। यह स्पष्ट है कि अफगानिस्तान को जल अवसंरचना में बड़े पैमाने पर निवेश की जरूरत है।

## दुनिया को जानें

### चीन का पहला आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन प्रयोग का पहला चरण पूरा

**बीजिंग,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। चीनी विज्ञान अकादमी के उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान के मुताबिक, हाल ही में, इस संस्थान द्वारा संचालित और चीन के शीत्सांग स्वायत्त प्रदेश के न्गेरी प्रीफेक्चर यानी अली प्रीफेक्चर में 5,250 मीटर की ऊंचाई पर एक रिज पर निर्मित अली आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन प्रयोग का पहला चरण पूरा हुआ और प्रकाश से पहला अवलोकन प्राप्त हुआ। यह पहली बार है, जब चीन ने आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन का प्रयोग किया है।

इस प्रयोग ने चंद्रमा और वृहस्पति से विकिरण के 150 गीगाहर्ट्ज आवृत्ति बैंड की स्पष्ट तस्वीरें सफलतापूर्वक प्राप्त कीं, जो आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग संसूचन प्रयोगों के क्षेत्र में चीन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। बताया जाता है कि इस प्रयोग का मुख्य उपकरण अली आदिम गुरुत्वाकर्षण तरंग नंबर 1 दूरबीन (अली प्रिमोर्डियल ग्रेविटेशनल वेव टेलीस्कोप नंबर 1) चीनी विज्ञान अकादमी के उच्च ऊर्जा भौतिकी संस्थान, चीनी विज्ञान अकादमी के राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला और अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय आदि 16 चीनी व विदेशी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों द्वारा 8 वर्षों में विकसित और निर्मित किया गया।

# खेल जगत

## घरेलू क्रिकेट में वापसी को तैयार मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए बंगाल के 50 संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल किया गया है। चोट की चिंताओं के चलते शमी को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम से बाहर रखा गया था। 34 वर्षीय मोहम्मद शमी ने इंडियन प्रीमियर लीग-2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इस सीजन में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। शमी भारत की ओर से मार्च 2025 में आखिरी बार खेले थे। यह चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला था। इस टूर्नामेंट में शमी ने पांच मुकाबले खेलते हुए नौ विकेट अपने नाम किए थे। वनडे वर्ल्ड कप-2023 में मोहम्मद शमी ने 24 विकेट अपने नाम किए थे। इसके बाद उन्होंने टखने की सर्जरी करवाई।



# भारत के सामने बड़ा सवाल क्या करुण नायर को चौथे टेस्ट के लिए एकादश में बरकरार रखे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। आठ साल के लंबे अंतराल के बाद टीम में वापसी करने वाले करुण नायर इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में अच्छे आगाज को बड़ी पारी में तब्दील न करने के कारण भारतीय टीम प्रबंधन के लिए सबसे बड़ी पहेली बन गए हैं। बुमराह के कार्यभार प्रबंधन के चलते मौजूदा सीरीज में मात्र तीन टेस्ट के लिए उपलब्ध होने के चलते यूं भी मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत के गेंदबाजी विकल्प भी सीमित हो गए हैं। करुण नायर के बल्ले से बेहद औसत प्रदर्शन के चलते भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं के सामने बड़ा सवाल यह रहेगा कि वह उन्हें चौथे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में बरकरार रखे ? या फिर करुण नायर की जगह उनके साथ सीरीज के पहले टेस्ट मे खेलने वाले बाएं हाथ के साई सुदर्शन को अब ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 जुलाई से शुरू होने वाले सीरीज के चौथे टेस्ट में एकादश में शामिल करे? माना यही जा रहा है कि करुण नायर के अनुभव के चलते ही उन्हें सुदर्शन की बजाय तरजीह दे एकादश में दूसरे व तीसरे टेस्ट भी शामिल किया गया था अगर करुण नायर को चौथे टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मौका नहीं मिलता है तो उनका टेस्ट करियर लार्ड्स में सीरीज के तीसरे टेस्ट में भारत की हार के साथ खत्म हुआ ही समझिए। भारत लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट हारने के साथ सीरीज में 1-2 से पिछड़ रहा है और वह मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में भी हारा तो फिर इंग्लैंड से 1-3से पिछड़ कर सीरीज गंवा देगा।

## एकादश में एक से ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं : इंजीनियर

भारत के अब इंग्लैंड में बस चुके पूर्व टेस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर तक का भी अब उन्हें मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाकी आखिरी दो मैचों में एकादश में मौका देने के पक्ष में नहीं हैं। इंजीनियर की तरह भारत के एक अन्य पूर्व टेस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज दीपदास गुप्ता भी करुण नायर को अब चौथे टेस्ट के लिए भारत की एकादश में मौका देने के हक में नहीं है। इंजीनियर और दीप दास गुप्ता ने दोनों ही भारत से सीरीज के चौथे टेस्ट की अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश को उतारने की बात कही है। दीप दास गुप्ता कहते हैं, 'भारत की ओल्ड ट्रैफर्ड , मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट की एकादश की में मुझे एक से ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं लगती । मुझे यही लगाता ह कि भारत चौथे टेस्ट के लिए करुण नायर की जगह बस साई सुदर्शन को ही एकादश में शामिल करेगा। करुण नायर की दिक्कत यह है वह अच्छे आगाज को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। आप यदि भविष्य की ओर निहार हे हैं तो आपको साई सुदर्शन पर ही दांव लगाना चाहिए।' सुदर्शन ने लीड्स में सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में शून्य और दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे और उन्हें बेहतर गेंदबाजी संयोजन भारत ने अगले दो टेस्ट के लिए एकादश से बाहर रखा।

## तीसरे नंबर के बल्लेबाज ज्यादा रन की उम्मीद : दोइत्शे

भारत के सहायक काच रेयन टेन दोइत्श ने कहा, 'हमारा मानना है कि करुण नायर अच्छी लय में है लेकिन हम उनकी तरह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले बल्लेबाज से और ज्यादा रन की उम्मीद करते हैं। हमारा ध्यान इस पर है कि हमने अब तक सीरीज में क्या अच्छा किया है और हम मौजूदा टेस्ट सीरीज के लीडस में पहले और लॉर्डस में तीसरे टेस्ट के रूप में जो दो टेस्ट हारे उनमें जो छोटी गलतियां की उन्हें मैनचेस्टर में सुधारने की जरूरत है। हमने लीडस में पहले टेस्ट की दोनों पारियों और लार्ड्स में सीरीज के तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन सुबह सस्ते में विकेट गंवाने के कारण हारे। बहुत कम समय में ज्यादा विकेट गंवाना गवारा नहीं कर सकते हैं। आप यदि भारतीय बल्लेबाजों के निजी तौर पर स्कोर को देखेंगे तो पाएंगे हमारे करीब करीब सभी बल्लेबाज बढ़िया बल्लेबाज कर हैं।

# राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया : शास्त्री



**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री के अनुसार, बल्लेबाज केएल राहुल अपने टेस्ट करियर के स्वर्णिम दौर में हैं और उन्हें उम्मीद है कि भारत का यह सलामी बल्लेबाज आने वाले वर्षों में कई शतक लगाएगा। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, केएल राहुल अपने लय में हैं और उन्हें अगले तीन-चार वर्षों का पूरा फायदा उठाना होगा। मुझे लगता है कि वह ढेर सारे शतक लगाएंगे। क्योंकि वह भारत में भी काफी क्रिकेट खेल रहे हैं। इसलिए औसत जो भी हो, उनका स्कोर 50 के करीब होना चाहिए। राहुल मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में भारत के सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उन्होंने तीन मैचों में 62.5 की औसत से 375 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह वर्तमान में सीरीज में चौथा सबसे बड़ा कुल स्कोर रखते हैं और अब इंग्लैंड में भारत के लिए संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक (चार) लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, जो केवल राहुल द्रविड़ (छह) से पीछे हैं। शास्त्री के अनुसार, राहुल की सफलता तकनीकी और मानसिक, दोनों तरह के सुधार का नतीजा है। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि दुनिया में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं था जिसने उनकी क्षमता को नकारा हो और कहा हो कि वह (राहुल) प्रतिभाशाली नहीं है।

## अगर बुमराह नहीं खेलते, तो अर्शदीप को मैनचेस्टर में मौका देना चाहिए : रहाणे

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि अगर जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट के लिए आराम देना पड़ा, तो अर्शदीप सिंह को इस फॉर्मेट में डेब्यू का मौका देना चाहिए। इंग्लैंड पांच मुकाबलों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को कम करने के लिए, उन्हें इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ तीन टेस्ट मैच में ही उतारने का फैसला लिया गया है। बुमराह लीड्स और लंदन में खेल चुके हैं, इसलिए ओल्ड ट्रैफर्ड में उनके खेलने पर संदेह है। रहाणे ने अपने 'यूट्यूब' चैनल पर कहा कि अगर बुमराह चौथे टेस्ट में नहीं खेल रहे, तो अर्शदीप ही सही विकल्प हैं, क्योंकि इंग्लैंड में आपको एक ऐसे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जरूरत होती है, जो गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सके। इसके साथ ही एक अलग एंगल से स्पिनर्स के लिए रफ पिच बना सके। इसलिए अगर बुमराह नहीं खेलते, तो अर्शदीप को अगला मैच खेलना चाहिए। अर्शदीप ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 66 विकेट अपने नाम कर लिए हैं।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने शनिवार को साई सेंटर, बेंगलूरु में 21 जुलाई से 29 अगस्त, 2025 तक के आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी शिविर के 40 कोर ग्रुप संभावितों की घोषणा कर दी। यह शिविर 5 सितंबर से हांगझू (चीन) में होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारियों में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए बेहद अहम है। भारत की निगाहें महिला हॉकी एशिया कप जीत सीधे 2026 में होने एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने पर लगी हैं।

पिछले शिविर की सभी खिलाड़ियों को कोर ग्रुप की संभावितों में बरकरार रखना चीफ कोच हरेन्द्र सिंह की अगुआई वाली मौजूदा कोचिंग टीम का जोर स्थायित्व और दीर्घकालिक विकास पर है। इस शिविर में स्ट्राइकर दीपिमोनिका टोपो, ऋतिका सिंह,काजल सदाशिव अतपढ़कर मिडफील्डर अलबेला रानी टोपो, फुलबैक अंजना डुंगडुंग और असम की गोलरक्षक समीक्षा सक्सेना के रूप में आधा दर्जन नई खिलाड़ी सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में अपनी जगह पक्की करने की पुरजोर कोशिश करती दिखेंगी। भारतीय महिला हॉकी हाल ही एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अपनी लय पाने के लिए जूझती दिखी और एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। भारतीय महिला हॉकी टीम का एशिया कप में इतिहास खासा अच्छा रहा और इस दोहरा कर इसमें खिताब जीतने की पुरजोर कोशिश करेगी।



**सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी शिविर के घोषित 40 कोर ग्रुप संभावित हैं**

| | |
|---|---|
| **गोलरक्षक :** | सविता, बिच्छू देवी खरीबम, बांसुरी सोलंकी, माधुरी किंडो, समीक्षा सक्सेना। |
| **रक्षापंक्ति :** | महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छेत्री, ज्योति, अक्षता अबासो ढेकले, अंजना डुंगडुंग, सुमन देवी थोडम। |
| **मध्यपंक्ति :** | सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के,ललरेमसियामी, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनीलिता टोपो, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोपो, पूजा यादव। |
| **अग्रिम पंक्ति :** | दीपिमोनिका टोपो, ऋतिका सिंह, दीपिका सोरेंग , नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, ऋतुजा डडासो पिसाल,ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अनु, चांदना जगदीश, काजल सदाशिव अतपढ़कर। |

## विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने के लिए अहम है एशिया कप : हरेन्द्र

*भारत महिला हॉकी टीम के चीफ कोच हरेन्द्र सिंह ने कहा,'हमारे लिए यह हॉकी शिविर बहुत ही नाजुक मोड़ पर आया है। एशिया कप अहम महाद्वीपीय टूर्नामेंट होने के साथ सीधे 2026 के एफआईएच विश्व कप के लिए सीधे क्वॉलिफाई करने के लिए भी बेहद अहम है। हम बेंगलूरू में लगने वाले इस शिविर को पूरी शिद्दत से लेंगे और हमारा फोकस इस बात पर रहेगा कि हम हांगजू में महिला हॉकी एशिया कप में मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार होकर पहुंचे। हमने निरंतरता बरकरार रखने के लिए पिछले शिविर की ही कोर ग्रुप की संभावितों को बरकरार रखा है। साथ ही हम नौजवान खिलाड़ियों को सीनियर स्क्वॉड के साथ तालमेल बैठाने के लिए और समय देना चाहते हैं। एफआईएच प्रो लीग के मुश्किल यूरोपीय चरण में हम वांछित नतीजे नहीं हासिल कर पाए। अब बेंगलुरू में लगने वाला यह शिविर हमें फिर से तालमेल बैठाने, ध्यान लगा कर वापसी करने का मौका देगा। साथ ही प्रो लीग के दौरान चिंता का सबब रहे मुश्किल कोण से पेनल्टी कॉर्नर को रोकने पर खासी मेहनत की है। हमारे कोर ग्रुप में सकारात्मक उर्जा है। हमारी खिलाड़ी जानती हैं कि क्या दांव पर है। हर सत्र में जोर अपना स्ट्रक्चर धारदार बनाने,दबाव में बेहतर फैसले लेने और एक इकाई के रूप में बेहतर तालमेल बनाने पर रहेगा।*

## सार संक्षेप

### मनोलो मार्केज 2025-26 सीजन के लिए एफसी गोवा के साथ बने रहेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच मनोलो मार्केज 2025-26 सीजन के लिए एफसी गोवा के कोच बने रहेंगे। टीम ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। मनोलो मार्केज भारतीय फुटबॉल टीम के हेड कोच के साथ ही एफसी गोवा के कोच की दोहरी भूमिका निभा रहे थे। मार्केज ने 2024 में हेड कोच के रूप में 2 साल के लिए एफसी गोवा के साथ करार किया था। मनोलो मार्केज ने कहा कि मैं पिछले दो सीजन में बहुत खुश था, जहां टीम ने हर साल लगातार सुधार दिखाया। क्लब जिस स्तर के संगठन के साथ काम करता है, वह भारतीय क्लब फुटबॉल में आम तौर पर देखने को नहीं मिलता, जिससे एफसी गोवा एक बहुत ही खास क्लब बन गया। मेरे लिए यह स्पष्ट था कि अगर मुझे भारत में बने रहना है, तो एफसी गोवा के साथ ही रहना होगा।

### रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है : टिम डेविड

**जमैका।** कैरेबियाई मैदान पर अधिक टी-20 मैच खेलने का अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड का मानना है कि होबार्ट हरिकेंस के साथी मिच ओवेन की शैली वेस्टइंडीज में खेलने के लिए उपयुक्त है। आप अच्छी पिच पर निर्भर नहीं रह सकते है, कई बार रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है। रविवार से शुरू हो रही टी-20 श्रृंखला से पहले डेविड ने कहा कि वह अपने करियर की शुरुआत में हैं।

### सुडोकू 6979 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 |

## बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप : यूएई पर शानदार जीत, क्वार्टर फाइनल में भारत की मिक्स्ड टीम



■ **अब भारत और हांगकांग की टीमें आज आमने-सामने होंगी**

**सोलो (इंडोनेशिया),** 19 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया में हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के ग्रुप-डी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यूएई को हराने से पहले भारत ने ओपनिंग-डे में श्रीलंका के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर, हांगकांग चाइना ने भी अपने दोनों मुकाबले जीतकर नॉकआउट चरण में जगह पक्की कर ली है। अब भारत और हांगकांग की टीमें रविवार को आमने-सामने होंगी, जिसमें ग्रुप-डी की विजेता टीम का फैसला होगा। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग फॉर्मेट में खेला जा रहा है, जहां टीमों के बीच 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने की होड़ होती है। भारत की शुरुआत शानदार रही है, महिला सिंगल खिलाड़ी रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद लालरामसांगा और तारिणी सूरी की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने बढ़त को 22-11 कर दिया। भारत ने पूरे मुकाबले के दौरान बढ़त बनाए रखी। हालांकि, यूएई की ओर से कुछ मैचों में जोरदार मुकाबला देखने को मिला। हाफटाइम तक स्कोरबोर्ड पर भारत 55-41 से आगे था इसके बाद, यूएस ओपन की फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, बढ़त को 66-46 तक पहुंचा दिया। फिर लालरामसांगा ने दोबारा कोर्ट पर वापसी की, इस बार रेशिका यू के साथ दूसरे मिक्स्ड डबल्स मुकाबले में उतरे।

## ऋतुराज ने यॉर्कशायर के साथ चैंपियनशिप करार से नाम वापस लिया

**लीड्स,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते इस सीजन यॉर्कशायर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप नहीं खेलेंगे। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ पांच मुकाबलों के लिए डील की थी। काउंटी चैंपियनशिप की शुरुआत 22 जुलाई से होने जा रही है। यॉर्कशायर की टीम अपना पहला मैच सरे के खिलाफ खेलेगी। यॉर्कशायर के हेड कोच एंथनी मैक्ग्राथ ने बताया कि काउंटी टीम ऋतुराज गायकवाड़ के विकल्प पर विचार कर रही है। एंथनी मैकग्राथ ने कहा कि दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों के चलते अभी टीम से नहीं जुड़ रहे हैं। वह स्कारबोरो या बाकी सीजन में टीम के लिए नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। हेड कोच ने कहा कि यह पता लगा रहे हैं कि हम क्या कर सकते हैं, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत में दो-तीन दिन शेष हैं।

## बेहतर मौके की तलाश में अनुज रावत



**10 साल की उम्र में अनुज रावत दिल्ली आ गए थे**

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के रामनगर कस्बे से निकलकर अनुज रावत ने भारतीय क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाई है। किसान के घर में जन्मे अनुज रावत को क्रिकेट का शौक था, लेकिन यहां उनके पास क्रिकेट खेलने के लिए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया नहीं थीं। अनुज ने अपने माता-पिता को बताया कि वह क्रिकेट को गंभीरता के साथ लेना चाहते हैं। पिता को पता था कि यहां उनके बेटे को बेहतर एकेडमी नहीं मिल सकती, ऐसे में उन्होंने अपने बेटे को दिल्ली भेजना ही बेहतर समझा। 10 साल की उम्र में अनुज रावत दिल्ली आ गए थे। उन्हें 2016-17 में दिल्ली की अंडर-19 टीम में मौका मिला। जिसके अगले सत्र में उन्होंने रणजी में भी डेब्यू किया। अनुज शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे में जल्द ही उन्हें अंडर-19 एशिया कप खेलने के लिए भी चुन लिया गया। अनुज रावत ने असम के खिलाफ फर्स्ट क्लास डेब्यू मैच खेलते हुए 157 गेंदों में 71 रन की पारी खेलकर सभी को प्रभावित किया। अनुज इस पारी में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें अगली ही पारी में उन्मुक्त चंद के साथ बतौर सलामी बल्लेबाज उतारा गया। फैंस अनुज रावत में ऋषभ पंत की छवि तलाश रहे थे। यह दोनों ही विकेटकीपर-बल्लेबाज उत्तराखंड से आते हैं। आईपीएल 2020 की नालामी में राजस्थान रॉयल्स ने इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को 80 लाख रुपये में खरीदा। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें आईपीएल 2022 की नीलामी में 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा। अनुज रावत ने आरसीबी के साथ तीन साल बिताए और 22 मैच खेले।

# क्रिकेट इतिहास की सबसे महंगी जर्सी पहनने वाले वेस्टइंडीज चैम्पियनों में गेल और पोलार्ड भी शामिल



■ **वेस्टइंडीज चैम्पियन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई यह प्रतिष्ठित जर्सी असली 18 कैरेट सोने से सजी**

**बर्मिंघम,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। क्रिस गेल, डीजे ब्रावो और कीरोन पोलार्ड जैसे दिग्गजों से सजी वेस्टइंडीज चैंपियन टीम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 2025 में धूम मचाने के लिए तैयार है और इस खेल के इतिहास की सबसे महंगी क्रिकेट जर्सी पहनेगी, जिसे दुबई स्थित लक्जरी ब्रांड लोरेंज ने चैनल2 ग्रुप कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी में डिजाइन किया है। बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में 18 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाले डब्ल्यूसीएल 2025 में इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा स्वीकृत एक भव्य ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में बीते जमाने के हीरो एक साथ नजर आएंगे। वेस्टइंडीज चैंपियन के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई यह प्रतिष्ठित जर्सी असली 18 कैरेट सोने से सजी है और 30 ग्राम, 20 ग्राम और 10 ग्राम के संस्करणों में उपलब्ध है। यह ऐतिहासिक रिलीज वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटरों-सर क्लाइव लॉयड से लेकर क्रिस गेल और आधुनिक पीढ़ी के दिग्गजों - की समृद्ध विरासत और महान भावना को एक श्रद्धांजलि है। लोरेंज के संस्थापक राज करण दुग्गल ने टिप्पणी की, यह ऐतिहासिक रिलीज वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटरों - सर क्लाइव लॉयड से लेकर क्रिस गेल और आधुनिक पीढ़ी के दिग्गजों - की समृद्ध विरासत और महान भावना को एक श्रद्धांजलि है। यह सिर्फ स्पोर्ट्सवियर नहीं है - यह पहनने योग्य इतिहास है। शाही शिल्प कौशल, सांस्कृतिक गौरव और खेल उत्कृष्टता का एक सहज मिश्रण, लोरेंज जर्सी एक संग्रहणीय वस्तु और खेल में विलासिता का वैश्विक प्रतीक है। चैनल2 ग्रुप कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और वेस्टइंडीज चैंपियंस के मालिक अजय सेठी ने कहा कि वेस्टइंडीज चैंपियंस टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी हैं, और यह जर्सी वेस्टइंडीज क्रिकेट के सभी दिग्गजों के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक है, और हमारा लक्ष्य इस साल ट्रॉफी जीतना है। डब्ल्यूसीएल 2025 में क्रिस गेल, डीजे ब्रावो, कीरोन पोलार्ड, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, ब्रेट ली, क्रिस लिन, शॉन मार्श, इयोन मोर्गन, मोइन अली, सर एलेस्टेयर कुक, एबी डिविलियर्स, हाशिम अमला, क्रिस मॉरिस, वेन पार्नेल और कई अन्य स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

# ग्लोबल सुपर लीग 2025 : गुयाना अमेजन वारियर्स ने पहली बार जीता खिताब



**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। गुयाना अमेजन वारियर्स ने शनिवार को पहली बार ग्लोबल सुपर लीग का खिताब अपने नाम किया। इस टीम ने फाइनल में रंगपुर राइडर्स को 32 रन से शिकस्त दी। रंगपुर राइडर्स की टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची थी। यह टीम पिछले सीजन खिताब अपने नाम कर चुकी थी, लेकिन इस बार उसे बतौर उपविजेता ही संतोष करना पड़ा। गुयाना में खेले गए खिताबी मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुयाना अमेजन वारियर्स की टीम ने चार विकेट खोकर 196 रन बनाए। टीम 21 के स्कोर तक इविन लुईस (5) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से जॉनसन चार्ल्स ने रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ दूसरे विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। गुरबाज 38 गेंदों में 66 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसमें चार छक्के और छह चौके शामिल थे। उनके आउट होने के बाद शिमरोन हेटमायर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन दूसरी ही गेंद पर स्टंप आउट हो गए। हेटमायर अपना खाता तक नहीं खोल सके। सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स 67 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। उन्होंने 48 गेंदों की अपनी पारी में एक छक्का और 11 चौके लगाए। वहीं, रोमारियो शेफर्ड 9 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी टीम की ओर से खालिद अहमद, तबरेज शम्सी और इफ्तिखार अहमद को एक-एक विकेट हाथ लगा। इसके जवाब में रंगपुर राइडर्स की टीम 19.5 ओवरों में 164 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। टीम 29 रन तक अपने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन यहां से सैफ हसन ने इफ्तिखार अहमद के साथ चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला।

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.94 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.66 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.52 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.32 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.24 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.24 प्रतिशत |
| बीईएल | 2.34 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.49 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.47 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.44 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,243 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,12,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7789-7818 |
| मसूर काली | 8006-8032 |
| उड़द दाल | 10556-10561 |
| मूंग दाल | 10133-10146 |
| अरहर दाल | 11130-11132 |

# बाजरे के लिए भारत के मानकों को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता

■ **कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग की कार्यकारी समिति का चुना हुआ सदस्य है भारत**



**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। रोम में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) मुख्यालय पर इस सप्ताह हुई एक महत्वपूर्ण तकनीकी बैठक में खाद्यान्न श्रेणी में साबुत बाजरा के लिए समूह-मानक विकसित करने में भारत के नेतृत्व की सराहना की गई। भारत जल्दी ही ताजी हल्दी और ताजी ब्रोकली के मानकों के निर्धारण के लिए भी देशों के समूह के साथ काम करेगा।

कृषि मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक खाद्य पोषण पर समूह-मानक तय करने वाली बहुपक्षी संस्था- कोडेक्स एलिमेंटेरियस (पोषण-तत्व) आयोग की कार्यकारी समिति (सीसीईएक्सईसी) की 14 से 18 जुलाई तक इटली के रोम में हुई 88वीं बैठक के दौरान बाजरे के मानक पर भारत के नेतृत्व में हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इस समिति की अध्यक्षता भारत कर रहा है। माली, नाइजीरिया और सेनेगल इसमें सह-अध्यक्ष हैं।

इससे पहले अप्रैल 2025 में आयोजित अनाज, दलहन और फलियों पर कोडेक्स समिति के 11वें सत्र (सीसीसीपीएल) में इस विषय पर विचार की कसौटियां तय की गई थीं।

भारत, कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग की कार्यकारी समिति का चुना हुआ सदस्य है। समिति की बैठक का उद्घाटन एफएओ के उप महानिदेशक और संगठन के कैबिनेट निदेशक गॉडफ्रे मैग्वेन्ज़ी और विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वास्थ्य संवर्धन एवं रोग निवारण एवं नियंत्रण के सहायक महानिदेशक डॉ. जेरेमी फरार ने किया।

कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के अध्यक्ष डॉ. एलन अज़ेगेले, आयोग की सचिव सारा काहिल और सदस्य देशों के अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि बैठक में शामिल थे।

## भारत के खाद्य उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 7 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 5.96 अरब डॉलर हो गया। निर्यात में यह वृद्धि मुख्य रूप से चावल, मांस और फलों-सब्जियों के मजबूत शिपमेंट की वजह से दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बासमती और गैर-बासमती किस्मों सहित चावल का निर्यात वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में पिछले वर्ष की तुलना में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 2.9 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2025 में चावल का निर्यात रिकॉर्ड 12.47 अरब डॉलर दर्ज किया गया था, जो वित्त वर्ष 2024 की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। जानकारों का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में भारतीय चावल की मांग मजबूत बनी हुई है। म्यांमार और पाकिस्तान जैसे प्रतिस्पर्धी देशों में कम स्टॉक के स्तर ने वैश्विक खरीदारों का रुझान भारत की ओर मोड़ दिया है। इसी के साथ आगामी तिमाही में निर्यात बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों और ब्रिटेन सहित विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से अनुकूल नीतियों, राजकोषीय प्रोत्साहनों, कम टैरिफ बाधाओं और नए बाजार तक पहुंच के साथ कृषि क्षेत्र में शानदार प्रगति हुई है।




# इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित भारत की भव्य इमारत का मजबूत स्तंभ : हरदीप पुरी



■ **एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा भारत**

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जोर देकर कहा है कि भारत अपने एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन पर काम आगे बढ़ रहा है।

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 2014 तक देश में केवल 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें थीं, जो अब बढ़कर लगभग 25,000 किलोमीटर हो गई हैं और कई किलोमीटर निर्माणाधीन हैं।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत धाराओं के बीच खड़े होकर उनकी दिशा बदलना आसान नहीं है। लेकिन जब दूरदर्शी नेता, देशवासियों के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर, संरक्षक बनते हैं, तो यह संभव हो जाता है। जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान छू रही थीं, तब प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि बढ़ती कीमतों की आंच भारत तक न पहुंचे। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पिछले तीन वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के बजाय घटी हैं।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिससे देशवासियों की कमाई पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 13 रुपए और 16 रुपए प्रति लीटर बची। भाजपा शासित राज्यों ने भी वैट कम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में एलपीजी क्रांति आई है, जिसने हर क्षेत्र में बदलाव की एक नई लहर ला दी है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.33 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन दिए गए हैं। आज भी, उन्हें केवल 553 रुपए में एक सिलेंडर मिलता है।

# केंद्रीय उद्योगों में नई उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाए जाने पर बल




**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। लोक उद्यम विभाग ने ऊर्जा, बिजली, दूरसंचार और निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार कर रहे केन्द्र सरकार के उपक्रमों को कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेंट ऑफ द थिंग्स (आईओटी) और थ्री डी प्रिंटिंग जैसी चौथी पीढ़ी की उभरती औद्योगिकी प्रौद्योगिकियों के प्रयोग पर ध्यान देने को कहा है।

विभाग आने वाले समय में इन उपक्रमों के साथ लक्ष्य और कार्यनिष्पादन संबंधी वार्षिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू)की मूल्यांकन व्यवस्था में उद्योग 4.0 (इंटरनेट और डिजिटल प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण) को करने पर भी विचार किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि इसके वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की इनकी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

विभाग के सचिव के. मोसेस चलई ने देश में चौथी औद्योगिक क्रांति (चौथी पीढ़ी की विनिर्माण प्राद्योगिकी वाली औद्योगिक क्रांति) को राष्ट्रीय मिशन के रूप में अपनाने के महत्व पर बल दिया। वह उद्योग 4.0 पर एक कार्यशाला का उद्घाटन कर रहे थे। विभाग ने इसका आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में किया। श्री चलई ने इस अवसर पर सामान्य प्रयोजन प्रौद्योगिकियों (जीपीटी) पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

# भारतीय क्रेडिट ग्रोथ में एमएसएमई ने समग्र हेडलाइन ट्रेंड को छोड़ा पीछे : रिपोर्ट



■ **एमएसएमई ऋण वृद्धि को और भी बढ़ाया जा सकता है**

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। एसबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रेडिट मार्केट में कुछ संरचनात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिसमें हेडलाइन बैंक क्रेडिट ग्रोथ और माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) क्रेडिट ने क्रेडिट ग्रोथ में समग्र हेडलाइन ट्रेंड को पीछे छोड़ दिया है।

मौजूदा उधारकर्ताओं को ऋण की आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है, जिसमें एमएसएमई सेक्टर की बैलेंस शीट में गंभीर चूक में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है, जिसे 90 से 120 दिनों के बकाया (डीपीडी) के रूप में मापा गया और सब-स्टैंडर्ड के रूप में रिपोर्ट किया गया, जो घटकर पांच वर्ष के निचले स्तर 1.8 प्रतिशत पर आ गया है।

भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष के अनुसार, यह सुधार, विशेष रूप से 50 लाख रुपए से 50 करोड़ रुपए तक के ऋण लेने वाले उधारकर्ताओं के बीच, पिछले वर्ष की तुलना में 35 आधार अंकों की गिरावट दर्शाता है।

घोष ने रिपोर्ट में बताया है कि एमएसएमई सेक्टर की परिभाषा में बदलाव किया गया है। उदाहरण के लिए, मध्यम उद्यमों के लिए टर्नओवर सीमा बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए कर दी गई है। इस प्रकार, एमएसएमई ऋण वृद्धि को और भी बढ़ाया जा सकता है।

यूआरएन सीडिंग की मदद से एमएसएमई का औपचारिकीकरण एमएसएमई ऋण वृद्धि को आवश्यक प्रोत्साहन दे रहा है। उद्यम रजिस्ट्रेशन नंबर (यूआरएन) उन व्यवसायों के लिए एक स्थायी पहचान संख्या है, जो एमएसएमई परिभाषा के तहत खुद को पंजीकृत कराना चाहते हैं और गारंटी कवर प्राप्त करना चाहते हैं।

27 जून तक, उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से कुल 2.72 करोड़ पंजीकरण किए जा चुके हैं।

## सार संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल ने पुनर्बीमा क्षेत्र में रखा कदम

**मुंबई।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) ने पुनर्बीमा के क्षेत्र में उतरने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने एलियांज ग्रुप (एलियांज) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एलियांज यूरोप बी.वी. के साथ भारतीय बीमा बाजार के लिए बराबर की हिस्सेदारी वाला संयुक्त उद्यम बनाने के लिए बाध्यकारी समझौता किया है। जेएफएसएल के पास भारतीय बाजार की गहरी समझ और शानदार डिजिटल उपस्थिति है जबकि एलियांज़ संयुक्त उपक्रम में मज़बूत अंडरराइटिंग और वैश्विक पुनर्बीमा क्षमता जोड़ेगी। इस संयुक्त उद्यम को भारत में एलियांज़ के मौजूदा एलियांज़-री और एलियांज़ कमर्शियल पोर्टफोलियो का भी लाभ मिलेगा। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा कि देश में बीमा की मांग में उछाल देखा जा रहा है, जो बढ़ती समृद्धि, वित्तीय जागरूकता और तेज़ी से डिजिटल माहौल से प्रेरित है।

### जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ 23 को खुलेगा

**अहमदाबाद।** जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 जुलाई को खुलेगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा है कि जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बुधवार को इक्विटी शेयरों के अपने आईपीओ के संबंध में प्रस्ताव खोलेगी। एंकर निवेशक प्रस्ताव खोलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो 22 जुलाई है। प्रस्ताव की अंतिम तिथि शुक्रवार है। कुल ऑफर साइज में दो रुपये अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है, जिसका कुल मूल्य 400 करोड़ रुपए तक है तथा दो रुपए अंकित मूल्य वाले 2,550,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। इस निर्गम का मूल्य बैंड 225 रुपए से 237 रुपए प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। न्यूनतम 63 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 63 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

# नेपाल ने वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर टेलीग्राम ऐप किया बैन

नई दिल्ली। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ने देश के सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के एक्सेस को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। यह निर्णय नेपाल पुलिस के साइबर ब्यूरो द्वारा महीनों से लगातार दी जा रही चेतावनियों और अनुरोधों के बाद आया है, जिसने इस ऐप को फाइनेंशियल फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एक टूल के रूप में फ्लैग किया है। एनटीए ने एक बयान में इस निर्देश की पुष्टि करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उठाई गई गंभीर चिंताओं के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। एनटीए ने कहा कि नेपाल में टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी लगातार बढ़ रही है और यह ऐप कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों में शामिल है,

# डीपीई ने इंडस्ट्री 4.0 पर आयोजित की वर्कशॉप




■ **स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की दिशा में बढ़ाया कदम**

**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के सचिव के. मोसेस चालई ने चौथी औद्योगिक क्रांति (4आईआर) को राष्ट्रीय मिशन के रूप में अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संपूर्ण-सरकार फ्रेमवर्क की तर्ज पर संपूर्ण-के-सीपीएसई (डब्ल्यूओसी) दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

इनोवेशन और स्मार्ट मैन्युफेक्चरिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक रणनीतिक कदम के रूप में डीपीई ने नई दिल्ली में इंडस्ट्री 4.0 पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को ऊर्जा, बिजली, निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, दूरसंचार और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी को अपनाने और स्केल करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया गया।

के. मोसेस चालई ने सभी सीपीएसई से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), डिजिटल ट्विन्स, 3डी प्रिंटिंग और 5जी-सक्षम स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे 4आईआर समर्थकों को अपने संचालन में इंटीग्रेट करने में सहयोग करने का आग्रह किया।

वर्कशॉप में चालई ने कहा कि इंडस्ट्री 4.0 को सीपीएसई एमओयू असेस्मेंट फ्रेमवर्क में भविष्य में शामिल करने पर भी विचार किया जा रहा है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए इसे जल्दी अपनाना महत्वपूर्ण होगा। डीपीई ने परिचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए इंडस्ट्री 4.0 का लाभ उठाने में सीपीएसई का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# जिंस बाजार में गेहूं महंगा, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल मजबूत



**नई दिल्ली,** 19 जुलाई (एजेंसियां)। घरेलू जिंस बाजारों में शनिवार को गेहूं के भाव में तेजी रही। अधिकतर खाद्य तेल भी महंगे हुए। इसके विपरीत दालें सस्ती हुईं। गुड़-चीनी में भी मंदी देखी गई। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकों के आने से अनाजों में चावल की औसत कीमत 3,818 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं करीब 22 रुपए के उछाल के साथ 2,834 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ और औसतन 3,286 रुपए पर रहा।

अधिकतर खाद्य तेलों में तेजी रही। हालांकि मूंगफली तेल 225 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सरसों तेल 95 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी 90 रुपए से ज्यादा चढ़ा। वनस्पति के दाम भी 33 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा चढ़े। सूरजमुखी तेल में 17 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल भी लगभग 54 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मंदी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल करीब 108 रुपए सस्ती हुई। उड़द दाल 72 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई जबकि मसूर दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग भी सात रुपए से अधिक की तेजी दर्ज की गई।

**गुड़-चीनी :** बाजार में गुड़ के औसत भाव 19 रुपए से ज्यादा टूट गए। चीनी एक रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7821.61, मसूर काली 8082.69, मूंग दाल 10149.11, उड़द दाल 10497.08, अरहर दाल 10955.81 रुपए प्रति क्विंटल।

**न्यायालय अजय सिंह मीणा, त्रयोदश व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)**
प्रोसेस क्रमांक 153/2025
पेशी तारीख 21.07.2025
माधवराम यादव ............. वादी
विरूद्ध
श्रवण कुमार एवं अन्य ........ प्रतिवादी

वादी माधवराम यादव आत्मज लच्छन राम यादव, निवासी ग्राम कुन्डेल, पो मगरलोड, तहसील धमतरी, जिला धमतरी छ.ग. प्रतिवादी श्रवण कुमार वल्द व्यास सिंग राजपूत निवासी ठाकुर पारा नावापारा राजिन छ.ग. के विरुद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायलय में तारीख. 21.07.2025 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समंत किया जाता है। आप स्वमं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दें सकें। आपको यह निर्देश किया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उत्त दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकों प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप कियी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में ताक्ष्य के रूप में निर्भरता करतें है तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपत्तंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 09.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
नोट- यदि कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

**अजय सिंह मीणा**
**त्रयोदश व्यवहार न्यायाधीश**
मुहर **कनिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SONI GUPTA S/O RAJU JAGDAMBA PRASAD GUPTA resident of HOUSE NO. 450, NEAR AIRTEL TOWER, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name SONI GUPTA S/O RAJU JAGDAMBA PRASAD GUPTA so in future I should be recognized by my new name that is SONI PRASAD S/O RAJU JAGDAMBA PRASAD GUPTA in all Government and other documents.

**SONI PRASAD**
HOUSE NO. 450, NEAR AIRTEL TOWER, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RANITA CHOUDHARY W/O ABHISHEK CHOWDHARY resident of A-08, WALLFORT CITY, BHATHAGAON RAIPUR (C.G.) have changed my old name RANITA CHOUDHARY W/O ABHISHEK CHOWDHARY so in future I should be recognized by my new name that is RANITA CHOWDHARY W/O ABHISHEK CHOWDHARY in all Government and other documents.

**RANITA CHOWDHARY**
A-08, WALLFORT CITY, BHATHAGAON RAIPUR (C.G.)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता बिकाश सुना, उम्र 31 वर्ष, पिता श्री बारून सुना निवासी राजीव आवास परिसर डी के एस के पीछे रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं :-1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यहां कि, मेरा पुत्र देवांश नायक (Devansh) के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र दिनांक 10.10.2022 पंजीयन संख्या बी-2020:22-90434-004988 है जिसमे पिता का नाम हुकुमदेव नायक (Hukumdev Nayak) इंग्लिश में टंकण त्रुटिवश दर्ज हो गया है जो कि गलत एंव त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि, मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम देवांश सुना (Devansh suna) एवं पिता का नाम बिकाश सुना (Bikash suna) है जो कि सत्य एंव सही है
4. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज त्रुटिपुर्ण नाम देवांश नायक (Devansh nayak) एवं पिता का नाम हुकुमदेव नायक (Hukumdev Nayak) को सुधारकर सही नाम देवांश सुना (Devansh suna) एवं पिता का नाम बिकाश सुना (Bikash suna) दर्ज किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।
**शपथकर्ता**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHANKAR RAM GUPTA Age- 63 Years, resident 329, WARD-7, CHOURASHIYA COLONY, KUNKURI, DIST JASHPUR (C.G.) PIN-496225 have changed my old name SHANKER RAM so in future I should be recognized by my new name SHANKAR RAM GUPTA in all Government and other documents.

**OATH TAKEN**
**SHANKAR RAM GUPTA**
329, WARD-7, CHOURASHIYA COLONY KUNKURI, DIST-JASHPUR (C.C.) PIN- 496225

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
जारी दिनांक 17.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल कुमार नंदे निवासी कमासीपारा सत्तीबाजार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 264/20, 264/25, 264/27 रकबा क्रमशः 0.757, 0.862, 0.029 हे. कुल खसरा क्रमांक 03 रकबा 1.648 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.03.2025 के परिपालन में दिनांक 25.07.2025 को समय अपरान्ह 2 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती कचरी बाई पति नेमीचंद सतनामी, निवासी ग्राम कुर्रा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की कृषि भूमि खसरा नंबर 241 (दो सो इकतालीस) रकबा 0.180 (एक सौ अस्सी) हेक्टेयर है। जो कि ग्राम कुर्रा, प.ह.नं. 16, राजस्व निरीक्षक मण्डल पिपरौद, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 3 दिवस के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात् की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।
**आर. के. पटेल (अधिवक्ता)**
**ऑफिस- महंत कॉलेज के बाजू, गांधी मैदान, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 90390 32320**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. / बी-121/2024-2025
रायपुर, दिनांक 07.07.2025
ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 57,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमति संगीता साहू पति श्री राधेश्याम साहू निवासी कर्वी तहसील व जिला चित्रकुट उत्तरप्रदेश द्वारा इस न्यायालय में ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 57 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 278/16 रकबा 0.0140 हे. भूमि धारित किया जाता है। धारित भूमि की आवेदिका को पूर्व में ऋण पुस्तिका प्रदाय नहीं किया गया है। अतः आवेदक द्वारा धारित उक्त वर्णित भूमि की ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदिका द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 22.07.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 22.07.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD IILIYAS MEMAN S/O ABDUL SATTAR MEMAN resident of 126 MAHANT GHASI DAS MAHANT ROKADIYA CHOWK WARD 12 DHAMTARI (C.G.) 493773 have changed my old name MOHAMMAD IILIYAS MEMAN S/O ABDUL SATTAR MEMAN so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD ILIYAAS MEMAN S/O ABDUL SATTAR MEMAN in all Government and other documents.

**MOHAMMAD ILIYAAS MEMAN**
126 MAHANT GHASI DAS MAHANT ROKADIYA CHOWK WARD 12 DHAMTARI (C.G.) 493773

# सड़कों, गलियों पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लोगों के लिए बन रहे परेशानी का सबब

## उच्चाधिकारीयों के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन, निराश्रित पशुओं की समस्या

**नवापारा राजिम,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। सड़कों, गलियों पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा, लोगों के लिए बन रहे परेशानी का सबब, उच्चाधिकारीयों के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन। निराश्रित पशुओं की समस्या नवापारा और राजिम नगर में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही, गली-मोहल्ला, मुख्य सड़क, नवापारा और राजिम नगर में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गली-मोहल्ला, मुख्य सड़क, चौक-चौराहे पर इन निराश्रित पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान है। नगरवासी और राहगीर इस समस्या से लगातार जूझ रहे हैं। इसके निराकरण की दिशा में नगर पालिका प्रशासन आँखे मूँद कर बैठा है। नगर पालिका के पास इसके लिये कोई कार्ययोजना तक नहीं है। जबकि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उच्चाधिकारी घुमंतु मवेशियों के कारण सड़कों पर होने वाली दुघटनाओं को रोकने के लिए आवारा पशुओं को रोकने का नियमित अभियान चलाने के निर्देश बार बार देते रहते है। लेकिन इन निर्देशों का पालन किसी भी तरीके से नहीं किया जा रहा है।

दोनों नगर के मुख्य मार्ग एन एच 130 सी सहित इन निराश्रित पशुओं का जमावड़ा मुख्य बाजार, सब्जी मार्केट के पास देखा जा सकता है। बीच सड़क पर कूड़ा में चारा ढूंढ़ते पशु जहां-तहां दिखते हैं। शहर के व्यस्तम मार्गों एवं चौक-चौराहों पर निराश्रित पशु आराम फरमाते रहते हैं। राहगीर जैसे-तैसे उनके आसपास से निकलते हैं। एक-दूसरे से उलझते पशुओं के पास से निकलना खतरे से खाली नहीं होता। खासकर पैदल, दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।




**दूध नही देने वाली पशुओं को सड़कों पर खुला छोड़ रहे पशु पालक:** इस समस्या के सबसे प्रमुख कारण पशुपालक ही हैं। दूध नहीं देने वाली गाय तथा बछड़ों को लोग अपने घर से निकाल बाहर करते हैं। विवश होकर ये मवेशी सड़कों पर आश्रय तलाशते फिरते हैं। मुख्य व लिंक सड़क पर विचरण करते ये पशु किसी न किसी पशुपालक के ही होते हैं। लोग उनसे आर्थिक लाभ लेने के बाद उन्हें खुला छोड़ देते हैं। ऐसा उन पर आने वाले खर्च से बचने के लिए किया जाता है। समय के साथ-साथ इस तरह के पशुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

**निराश्रित पशुओं के कारण ही बनते हैं जाम और दुर्घटना का कारण:** निराश्रित पशुओं के कारण सड़कों पर जाम और दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या है, जिससे लोगों को परेशानी होती है और जान-माल का खतरा भी बना रहता है। निराश्रित पशु, खासकर गायें, सांड अक्सर सड़कों पर झुंड में घूमती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाएं होती हैं। ये पशु अचानक सड़कों पर आ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को बचने का समय नहीं मिलता और टक्कर हो जाती है। दुर्घटनाओं में न केवल वाहन चालकों को चोटें आती हैं, बल्कि निराश्रित पशु भी घायल हो जाते हैं या मर जाते हैं।

उच्चाधिकारी के निर्देशों की भी अवहेलना

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उच्चाधिकारी घुमंतु मवेशियों के कारण सड़कों पर होने वाली दुघटनाओं को रोकने के लिए आवारा पशुओं को रोकने का नियमित अभियान चलाने के निर्देश बार बार देते रहते है। साथ ही मवेशियों के गले पर रेडियम बेल्ट लगाने एवं सींग पर कलर कोडिंग अनिवार्यत: करने के निर्देश भी जारी किए जाते है। लेकिन इन निर्देशों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया जाता है।

निराश्रित पशु इंसानी जान को जोखिम में डालकर अक्सर सड़क दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे हैं। निराश्रित पशुओं की वजह से सड़क पर घूमते निराश्रित पशु इंसानी जान को जोखिम में डालकर अक्सर सड़क दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे हैं। निराश्रित पशुओं की वजह से किसी इंसान की मौत हो जाए कोई परिवार बिखर जाए तो उसका दुख क्या होता है, ये हम भी नहीं बता सकते। सरकारी तंत्र, सिस्टम, व्यवस्था, नियम, कायदे, कानून सब बताते हैं कि सब कुछ है लेकि सडक पर मवेशी क्यों है कोई नहीं बताता।

# जिले के बिरेझर ग्राम में 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' कार्यक्रम का आयोजन



**रेशम आधारित गतिविधियों से ग्रामीणों को जोड़ने की पहल**

**धमतरी,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के बिरेझर ग्राम में 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' कार्यक्रम के अंतर्गत रेशम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रेशम की गतिविधियों, उससे मिलने वाले रोजगार और शासन की योजनाओं से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी रोमा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रेशम उद्योग विशेष रूप से तसर उत्पादन इस क्षेत्र के लिए एक सशक्त आजीविका माध्यम बन सकता है। उन्होंने जिले में रेशम की उपलब्धता, आय, शासन कि योजना और रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के समन्वयक एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. के.पी. किरण कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार के केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' एक महत्वाकांक्षी तकनीकी हस्तांतरण योजना है, जिसके अंतर्गत देश के 120 जिलों का चयन किया गया है। धमतरी जिला भी उन जिलों में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिले के वनों में तसर खाद्य पौधों की बहुलता एवं नैसर्गिक कोसा उत्पादन की विशेषता को देखते हुए यहां तकनीकी हस्तांतरण, डिमोन्सट्रेशन, प्रशिक्षण एवं कोसा संग्रहरण से लेकर धागाकरण तक के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

ग्रामोद्योग विभाग, रेशम प्रभाग के अपर संचालक डॉ. राजेश बघेल ने रेशम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें शहतूत आधारित कोसा पालन, नैसर्गिक प्रजाति के कोसा संग्रहण, धागाकरण एवं प्रशिक्षण जैसे घटकों के माध्यम से भूमिहीन, लघु एवं सीमांत कृषकों को लाभ पहुंचाने की बात कही गई। कार्यक्रम में ग्राम बिरेझर की सरपंच नेहा साहू, उप संचालक रेशम ठाकुर राम उइके, जनपद पंचायत कुरूद के सीईओ अमित सेन, जिला पंचायत धमतरी के अधिकारी धरम सिंह एवं अनुराग मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने 50 से अधिक जर्जर भवन मालिकों को थमाया नोटिस, सुरक्षा हेतु सख्ती




**धमतरी,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम धमतरी द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान संभावित जनहानि को रोकने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में स्थित जर्जर और खतरनाक भवनों की पहचान कर उनके मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देश पर नगर निगम की तकनीकी टीम द्वारा संपूर्ण नगर क्षेत्र में सर्वे कर जर्जर भवनों की सूची तैयार की गई है, जो आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

निगम के अनुसार, वर्षा के दौरान कमजोर ढांचों वाले भवनों के गिरने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे जनहानि की संभावना उत्पन्न होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने उक्त भवन मालिकों को तत्काल मरम्मत करवाने या भवन को स्वयं सुरक्षित तरीके से ढहाने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि नगर क्षेत्रवासियों की सुरक्षा निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अपील की कि सभी भवन स्वामी समय रहते निगम के निर्देशों का पालन करें। साथ ही, नागरिकों से भी अनुरोध किया कि वे अपने आस-पास स्थित किसी भी जर्जर भवन की सूचना निगम को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने स्पष्ट किया कि जर्जर भवनों में निवासरत ऐसे लोगो की पहचान कर उन्हें नोटिस दिया गया है ताकि सुरछा मानको का ध्यान रखा जा सके और ऐसे भवनों में रह रहे लोग एहतियात बरते ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

नगर निगम का यह प्रयास नगर की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# बोईरडीह में घटित हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पलारी/रोहांसी/बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत ग्राम बोईरडीह में घटित हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर हत्या के मामले का खुलासा किया गया। पुरानी रंजिश पर से आरोपी द्वारा लोहे के भालानुमा हथियार से सिर में वारकर मृतक की कर हत्या दी गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17-18 जुलाई को सूचना मिला कि समोदा नहर नाली पार ग्राम बोईरडीह में राजू यादव उम्र 40 वर्ष निवासी बोईरडीह की लाश पडी हुई है। कि सूचना पर थाना पलारी का पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचा जांच कार्यवाही प्रारंभ किया गया। मृतक के संबंध में पूछताछ पर पता चला कि वह 17 जुलाई 2025 को घर से भैंस, बकरी आदि चराने के लिए गया था, जो शाम रात्रि तक घर वापस नहीं आया, जिसकी घर वाले द्वारा पता तलाश करने पर नहर नाली के पास वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। शव का जांच करने पर सिर के पीछे हिस्से पर धारदार वस्तु से चोट का निशान दिखाई देना पाया गया। प्रारंभिक जांच में किसी अज्ञात आरोपी द्वारा मृतक के सिर में किसी वजनदार वस्तु से वार कर उसकी हत्या करना पाया गया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 258/2025 धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा मृतक की हत्या करने वाले आरोपी के संबंध में जांच विवेचना प्रारंभ किया गया तथा मृतक के परिजनों तथा ग्रामवासियों से भी विस्तृत पूछताछ किया गया। इसी बीच सूचना मिला की मृतक का ग्राम के ही आरोपी तोरण कुर्रे से वाद विवाद हुआ था, जिस पर आरोपी तोरण कुर्रे को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें घटना के संबंध में यह पता चला कि 5 साल पूर्व मृतक राजू यादव द्वारा आरोपी तोरण कुर्रे के खेत को जानवरों द्वारा चरा दिया गया था, जिस पर आरोपी द्वारा मना करने पर मृतक द्वारा आरोपी से मारपीट किया गया था, जिस बात से आरोपी मृतक से रंजिश रखता था। साथ ही घटना 17 जुलाई 2025 को भी आरोपी के साथ मृतक परिवार का वाद-विवाद हुआ था तथा इसी बात से नाराज होकर घटना दिनांक घटना 17 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे मृतक राजू यादव के समोदा नहर नाली के ऊपर भालानुमा लोहे की राड से प्राण घातक वार करते हुए मृतक की हत्या करना स्वीकार किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी को 18 जुलाई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# आबकारी विभाग बलौदाबाजार की नकली शराब पर बड़ी कार्यवाही

**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार भाटापारा आबकारी आयुक्त श्याम धावडे के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल जिला बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में 19 जुलाई 2025 को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम चौरेंगा निवासी चूरन वर्मा पिता बिसौहा वर्मा के कोठार (बाडी) में कमरा की तलाशी ली गई। तलाशी दौरान आरोपी कोठार (बाडी) के कमरा में 106 पेटियो (प्रत्येक में 48) कुल 5088 पावो में 508800 रुपए किमत की कुल 915.84 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड देशी मसाला मदिरा जप्त की गई।



आरोपी चूरन वर्मा पिता बिसौहा वर्मा द्वार अवैध रूप कोठार (बाडी) के कमरा में भारी मात्रा में शराब संधारण करने के लिए आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),59 (क) और 36 का उल्लंघन होना पाया गया। आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, सिमगा सर्किल प्रभारी मनराखन नेताम, भाटापारा सर्किल प्रभारी दिनेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, वाहन चालक ओमप्रकाश धीवर और रजत कुमार आबकारी टीम बलौदाबाजार-भाटापारा का विशेष योगदान रहा।


**किराये से देना है**

श्रीराम संगीत महाविद्यालय परिसर, श्याम टॉकीज रोड बुढ़ापारा रायपुर में उपलब्ध , फर्नीचर सहित 13 सर्व सुविधा युक्त क्लास रूम एवं कार्यालय किसी स्कूल /शैक्षणिक संस्था अथवा कोचिंग क्लासेस के प्रयोजन हेतु किराए पर उपलब्ध है ।

इच्छुक व्यक्ति तत्काल मोबाइल नंबर 9827195697 पर संपर्क करें।


**न्यायालय नायब तहसीलदार बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम बिरेतरा / बोरी तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है, कि कि आवेदिका धर्मिनबाई पिता कृष्णा निवासी हाल मुकाम चिचबोड़ व अन्य ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बिरेतरा तहसील व जिला बालोद में स्थित भूमि ख.न.2, 56, 77/2 रकबा क्रमशः- 1.70, 0.38, 0.01 है. भूमि तथा ग्राम बोरी तहसील बालोद में ख.न.465 रकबा 0.18 है. भूमि कृष्णा पिता अघनू के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार कृष्णा का दिनांक 06.10.2024 को मृत्यु हो चुका है। आवेदिकागण उक्त भूमि पर से मृतक का नाम विलोपित कर अपना तथा अनावेदकगण तिलक वगै. के नाम पर दर्ज किये जाने बाबत निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवश्रेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 25.07.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं शक्ति पिता थी थानसिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम घोठा पो. घोठा व तह.धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 491331 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैं शाती पटेल उर्फ शक्ति पिता थानसिंह उम्र 21 वर्ष ग्राम घोठा पो. धमधा व तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 491331 में स्वयं आवेदिका हूँ।
3. यह कि शाती पटेल उर्फ शक्ति पिता थानसिंह उम्र 21 वर्ष का नाम जन्म प्रमाण पत्र स्कूल रिकार्ड में शक्ति के नाम से दर्ज है। तथा आधार कार्ड में ईनका नाम शाती पटेल नाम दर्ज है, जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम शक्ति पिता थानसिंह वर्मा नाम विधिक दस्तावेजो (जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल रिकार्ड एवं अन्य शासकीय रिकार्ड) में दर्ज नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
4. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र नाम सुधार हेतु समक्ष अधिकारी के समक्ष पेश हैं।

शपथकर्ता

**शपथपत्र (नाम परिवर्तन)**

मैं श्रीमती भुनेश्वरी डाहरे पति श्री टोपशंकर डाहरे उम्र 43 वर्ष, जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. -13, सड़क नं.-16, पुरानी बस्ती कोहका, भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ की हूँ। जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक पेश करती हूँ कि यह कि मेरा विवाह दिनांक 22.06.2007 को श्री टोपशंकर डाहरे पिता श्री हिरदे डाहरे निवासी सड़क-03, क्वां नं-32/बी, सेक्टर-02, भिलाई नगर, तह. व जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ के साथ हुआ है। यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम कुमारी भुनेश्वरी बंजारे पिता श्री चैनुराम बंजारे दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमती भुनेश्वरी डाहरे पति श्री टोपशंकर डाहरे हो गया है। यह कि मेरे भविष्य के समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रमाण पत्रों में अपना भुनेश्वरी डाहरे पति श्री टोपशंकर डाहरे दर्ज करवाना चाहती है एवं उक्त नाम से ही भविष्य में जानी/ पहचानी/ पुकारी जाऊंगी। अतः यह शपथ पत्र में वर्णित जानकारी सही व सत्य होने के प्रमाण में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करती हूँ।

शपथकर्ता
भुनेश्वरी डाहरे

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ARUN AGRAWAL S/O RAM PRATAP AGRAWAL resident of P P ROAD, WARD NO. 12, BASNA, BASNA, MAHASAMUND, (C.G.) 493554 have changed my old name ARUN AGRAWAL S/O RAM PRATAP AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is ARUN KUMAR AGRAWAL S/O RAM PRATAP AGRAWAL in all Government and other documents.

**ARUN KUMAR AGRAWAL**
P P ROAD, WARD NO. 12, BASNA, BASNA, MAHASAMUND, (C.G.) 493554

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AAKSHAT CHOPRA S/O DEEPAK CHOPRA resident of HOUSE NO. 66, WARD NO. 09, NEAR CHARCH, MARARPARA, BALOD, PO. BALOD, DIST BALOD (C.G.) 491226 have changed my old name AAKSHAT CHOPRA S/O DEEPAK CHOPRA so in future I should be recognized by my new name that is AKSHAT S/O DEEPAK CHOPRA in all Government and other documents.

**AKSHAT**
HOUSE NO. 66, WARD NO. 09, NEAR CHARCH, MARARPARA, BALOD, PO. BALOD, DIST BALOD (C.G.) 491226

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, USMAN MOMIN S/O MOHAMMED JIKAR MEMON resident of HNO.17, WARD NO.15, TIKRI PARA, KHAIRAGARH-CHHUIKHADAN-GANDAI, 491888, (C.G.) have changed my old name USMAN MOMIN S/O MOHAMMED JIKAR MEMON so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD USMAN MEMON S/O MOHAMMED JIKAR MEMON in all Government and other documents.

**MOHAMMAD USMAN MEMON**
HNO.17,WARD NO.15, TIKRI PARA, KHAIRAGARH-CHHUIKHADAN- GANDAI, 491888, (C.G.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम दिनेश अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम रमेश कुमार अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल निवासी हाउस नं. 20 फेस-1 रोहणी विहार जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम रमेश कुमार अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल से जाना एवं पहचाना जाए।

**रमेश कुमार अग्रवाल**
हाउस नं. 20 फेस-1 रोहणी विहार जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

परिशिष्ट "अ"

**ई-निविदा सूचना**

**ई- निविदा संख्या: 96- एस एन टी- परियोजना-निविदा-2025, दिनांक: 11.07.2025**

**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चाम्पा झारसुगुडा खंड में 4x48 (एफ) ऑप्टिकल फाइबर केबल बैकबोन के प्रावधान हेतु ऑप्टिकल फाइबर केबल की आपूर्ति, परिवहन, खुदाई, बिछाने, बैकफ़िलिंग, क्षैतिज दिशात्मक ड्रिलिंग, एचडीपीई पाइप डालने, ब्लोविंग, जोड़ने और ऑप्टिकल फाइबर केबल का टर्मिनेशन, **निविदा मुल्य:** ₹35,72,84,155.00 (रुपये पैंतीस करोड़ बहत्तर लाख चौरासी हज़ार एक सौ पचपन मात्र), **अमानत राशि :** ₹ 19,36,400.00 (रुपये उन्नीस लाख छत्तीस हजार चार सौ मात्र), **निविदा ज़मा करने की तिथि तथा समय:** दिनांक: 06.08.2025 को 12.30 बजे तक। विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज़ का विक्रय, पात्रता का मापदंड 'तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं, उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना
CPR/10/PR/175 द.पू. म. रेलवे बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**न्यायालय उप तहसीलदार पटेवा जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**सूचना**

एतद् द्वारा आपको सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक करपण पिता जयदेव जाति गोंड निवासी रायपुर (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय उप तहसील पटेवा तह. व जिला महासमुंद में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम चौकबेड़ा प.ह.नं. 52 में स्थित भूमि ख.नं. 164, 247, 248 रकबा क्रमशः 1.53, 0.45, 0.82 है. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है का सीमांकन कराना चाहा। उक्त भूमि के ख.नं. 164 का तु. रकबा 0. 32 है. भूमि पर अनावेदक मदन पिता डांवर जाति सतनामी निवासी ग्राम चौकबेड़ा एवं ख.नं. 247 का तु. रकबा 0.08 तथा ख.नं. 248 का तु. रकबा 0.15 है. भूमि पर अनावेदक बलराम पिता खामन जाति गोंड निवासी ग्राम मानपुर द्वारा अनाधिकृत कब्जा किया गया है। अतः आवेदक के द्वारा आप दोनों से अप्राधिकृत कब्जा मुक्त कराने हेतु इस न्यायालय को सीमांकन प्रतिवेदन के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आपको कोई दावा/आपत्ति हो तो वह उक्त संबंध में पेशी दिनांक 23.07.2025 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत जवाब पर विचार नहीं जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर नायब तहसीलदार पटेवा जिला-महासमुंद

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम धोबघट्टी प.ह.नं. 07 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री तीरथराम निषाद पिता बटालू निषाद जाति केंवट साकिन धोबघट्टी प.ह.नं. 07 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने माता स्व. बृजबाई पति बटालू का मृत्यु दिनांक 14.12.2013 में ग्राम धोबघट्टी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 25.07.2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 11.06.2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट जिला बेमेतरा

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम धोबघट्टी प.ह.नं. 07 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री तीरथराम निषाद पिता बटालू निषाद जाति केंवट साकिन धोबघट्टी प.ह.नं. 07 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने पिता स्व. बटालू उर्फ पुरषोत्तम पिता रतीराम का मृत्यु दिनांक 25.11.2008 में ग्राम धोबघट्टी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 25.07.2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 11.06.2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट जिला बेमेतरा

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम कुंवरा प.ह.नं. 08 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री रमेश पिता रूपसिंह जाति रावत साकिन कुंवरा प.ह.नं. 08 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने माता स्व. शांति बाई पति रूपसिंह का मृत्यु दिनांक 17.05.2009 में ग्राम कुंवरा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 25.07.2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 11.07.2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट जिला बेमेतरा

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.अ/27 वर्ष 2024-25
ग्राम का नाम राजाढार

क्योंकि मौजा खैरी प.ह.नं. 16 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के भूमिस्वामी श्री रूपचंद पिता गैंदराम व अन्य जाति राउत साकिन खैरी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते की भूमि का खाता विभाजन के लिए आवेदन किया है, क्योंकि उक्त खाते का बटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई दिनांक 25.07.25 स्थान तहसील कार्यालय भाटापारा में 11.00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे नियत दिनांक को या तो स्वत: अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

खाते का विवरण
सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंडाक खसरा नम्बर क्षेत्रफल भू-राजस्व ग्राम खैरी 98/1 0.0730 है. 5.00 रूपये 121, 0.0200 138 0.0240 204/1 0.6070 468, 0.7210 योग 05 01.4450 है. 5.00 रूपये

आज दिनांक 25.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार भाटापारा

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHARDA DEVI AGRVAL W/O ASHOK KUMAR AGRVAL resident of H.NO. 318K SANTLAHARI NAGAR DAK BANGLA WARD NO.18 DHAMTARI, (C.G.) 493773 have changed my old name SHARDA DEVI AGRVAL W/O ASHOK KUMAR AGRVAL so in future I should be recognized by my new name that is SHARDA AGRAWAL W/O ASHOK KUMAR AGRVAL in all Government and other documents.

**SHARDA AGRAWAL**
H.NO. 318K SANTLAHARI NAGAR DAK BANGLA WARD NO.18 DHAMTARI, (C.G.) 493773

**शपथ पत्र**

मैं सहबीन बाई वर्मा पति पुनुराम वर्मा उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम बेरा तह व बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) पिन 491335 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तनुसार है।
2. यह कि मैं सेयाबी वर्मा उर्फ सहबीन बाई वर्मा पति पुनुराम वर्मा उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम बेरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) पिन 491335 में स्वयं आवेदिका हूँ।
3. यह कि सेयाबी वर्मा उर्फ सहबीन बाई वर्मा पति पुनुराम वर्मा का नाम मतदाता परिचय पत्र में सहबीन बाई वर्मा के नाम से दर्ज है। तथा आधार कार्ड में मेरा नाम सेयाबी वर्मा नाम दर्ज है, जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम सहबीन बाई वर्मा पति पुनुराम वर्मा नाम विधिक दस्तावेजों में दर्ज नाम अनुसार जाना पहचाना व पुकारा जाए, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
4. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र नाम सुधार हेतु समक्ष अधिकारी के समक्ष पेश है।

शपथकर्ता

**शपथ पत्र**

मैं पंचराम वर्मा पिता श्री दुकालू वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मुड़पार पो. बेमेतरा तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ, पिन 491335 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ।

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री मेरी पुत्री विणा वर्मा (14 वर्ष) पिता पंच राम वर्मा के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम मीना वर्मा पिता पंचराम वर्मा शासकीय गजट में दर्ज किए जाने हेतु शपथ पेश है।
3. यह कि मेरी पुत्री का घरेलू नाम विणा वर्मा के नाम से आधार कार्ड बनाया गया है किन्तु वर्तमान में अब मेरा नाम परिवर्तन करके मीना वर्मा पिता पंचराम वर्मा करना चाह रहे है।
4. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में नाम परिवर्तन कर मीना वर्मा नाम दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में विणा वर्मा के स्थान पर सही नाम मीना वर्मा पिता पंचराम वर्मा संशोधन / परिवर्तन उपनाम दर्ज कराने की सूचना शासकीय गजट पत्र में प्रकाशन करवाना चाहता हूँ। 4. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र नाम सुधार हेतु समक्ष अधिकारी के समक्ष पेश है।

शपथकर्ता
पंचराम वर्मा

# अहिल्याबाई का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण के लिए रहा समर्पित : साय

## होलकर की जीवनी पर आधारित नाट्य मंचन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण हेतु समर्पित रहा। वह इंदौर की न केवल महारानी थीं, बल्कि न्यायप्रिय, धार्मिक एवं निष्पक्ष प्रशासक भी थीं। उन्होंने देशभर में धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर आधारित नाट्य मंचन समारोह में कही।

श्री साय ने आगे कहा कि हम सभी लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मना रहे हैं। इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश एवं प्रदेश में उनकी स्मृति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन, सनातन और संस्कृति के लिए समर्पित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति लोगों तक उनके महान कृतित्व को पहुंचाने में सहायक होगी। राजमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे गौरवशाली इतिहास की महान प्रेरणापुंज हैं। उनके जीवन चरित्र से वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को साकार किया। तीन दशकों तक उन्होंने होलकर राजवंश का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था प्रदान की। दक्षिण में कांची, उत्तर में बद्रीनाथ, पूर्व में पुरी और पश्चिम में द्वारका तक, हर स्थान पर उनके पुण्य कार्यों की छाप मिलती है। वह सनातन की ध्वजवाहिका रहीं। जब महारानी अहिल्याबाई का नाम आता है तो हाथों में शिवलिंग लिए हुए उनकी तस्वीर सजीव हो उठती है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना के प्रतीक काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट किया, तब यह घटना हिंदू समाज के लिए अत्यंत आघातकारी थी। उस समय माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज से कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हमारा सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। पेशवा माधवराव ने भी अपनी वसीयत में लिखा था कि उनकी इच्छा है कि काशी विश्वनाथ मंदिर फिर से बने। यह यशस्वी कार्य राजमाता अहिल्याबाई होलकर के कर-कमलों से संपन्न हुआ।

# राज्यपाल ने कुलपतियों से दो माह में मांगा रोडमैप



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेन डेका ने शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कुलपतियों से दो माह के भीतर रोडमैप मांगा है। उन्होंने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श कर छात्रों के हित के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.एस. भारती दासन विशेष रूप से उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देशित किया है कि जिस कोर्स में छात्र और शिक्षक नहीं है, उन्हें बंद किया जाएं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि वे मैनेंजमेंट के साथ बैठक कर गुणवत्ता सुधार की कार्ययोजना बनाकर सितम्बर माह में उपलब्ध कराएं। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों एवं नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के लिए पोर्टल बनाया जाएगा जिसमें एडमिशन से लेकर हर गतिविधियों को विश्वविद्यालय अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा कि जो विश्वविद्यालय नेक ग्रेडिंग के लिए पात्र हो चुके है वे अनिवार्य रूप से ग्रेडिंग की प्रक्रिया में शामिल हों। डेका ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विद्यार्थी को भी जागरूक किया जाए।

# कांग्रेस ने सभी जिलों में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला फूंका



■ चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

रायपुर,19 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा सरकार के इशारे पर, प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही एवं गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। ईडी भारतीय जनता पार्टी और अडानी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया। रायपुर सहित कुछ शहरों में कल ही पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

आज बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।

# खेल प्रतिभाएं छूएंगी आकाश, आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर अभिनव बिंद्रा ने की मुलाकात
- छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के लिए होगा कार्य



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं अब आकाश को छूएंगी। राज्य के खिलाड़ी प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दक्ष बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं। बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने में ये प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

चर्चा के दौरान बिंद्रा ने बताया कि वे अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए विविध कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि फाउंडेशन द्वारा खेलहित में संचालित ये कार्यक्रम नि:शुल्क होते हैं, जिससे खिलाड़ियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी फाउंडेशन के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम प्रारंभ किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की। श्री बिंद्रा ने जानकारी दी कि ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में ओलंपिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। उन्हें उत्कृष्टता, सम्मान और मैत्री जैसे मूल्यों को अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा, जिससे प्रारंभिक अवस्था से ही खेल प्रतिभाओं का संवर्धन संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री साय को बिंद्रा ने अवगत कराया कि स्पोर्ट्स इंजरी खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ियों को नि:शुल्क सर्जरी, पुनर्वास एवं उपचार उपरांत देखभाल की संपूर्ण सुविधा प्रदान की जाएगी,






प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

संता- बचपन में जब बुखार आता था तो डॉक्टर की एक ही बात अच्छी लगती थी।
बंता- वो क्या?
संता- 2 दिन नहाना मत और 3 दिन स्कूल जाना मत।

# खुले गड्ढे में समा गया मासूम का बचपन, दुर्गेश राय ने परिजनों से की पोटकपल्ली पहुंचकर मुलाकात



**सुकमा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के पोटकपल्ली गांव में तीन सप्ताह पहले घटी एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। पानी टंकी के पास खुले छोड़े गए सोखता टैंक के गड्ढे में गिरने से एक तीन वर्षीय मासूम बच्चे दीरदो चंदू की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस के सचिव दुर्गेश राय पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। परिजनों से मुलाकात के दौरान दुर्गेश राय ने मासूम की मां रामे से घटना का पूरा विवरण सुना। आंखों में आंसू लिए रामे ने बताया कि हादसे के दिन वह खेत में काम कर रही थी और बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था। तभी पास ही बने पानी टैंक के बगल में बिना ढके छोड़े गए सोखता गड्ढे में वह गिर गया। घर लौटने पर जब उसने अपने लाल को आंगन में मृत पड़ा देखा, तो उसकी दुनिया उजड़ गई। रामे ने बताया कि इस गड्ढे को कई बार भरने और बंद करने की मांग गांव के पूर्व सरपंच और सचिव से की गई थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। प्रशासन की इस लापरवाही ने उसकी गोद सूनी कर दी।

**मृतक परिवार को मुआवजा देने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग:** दुर्गेश राय ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना को तीन सप्ताह बीत चुके हैं लेकिन अब तक न कोई जांच अधिकारी आया, न ही कोई कार्रवाई हुई। उन्होंने सरकार से मृतक परिवार को मुआवजा देने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

# लाखों खर्च कर आसना पार्क में बनाया गया बस्तर संस्कृति का प्रतिरूप क्षेत्र खंडहर में तब्दील, लगा प्रतिबंधित क्षेत्र का बोर्ड




**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। आसन पार्क में लाखों रुपए खर्च कर पर्यटकों के लिए बनाए गए बस्तर संस्कृति का प्रतिरूप अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। कुछ दिन पूर्व तक इस क्षेत्र में युवा जोड़ियां नजर आती थी। शायद इन खंडहरों में उन्हें आसरा मिलता था लेकिन कुछ दिनों पूर्व हुई एक घटना ने इस क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने पर मजबूर कर दिया है। वन विभाग ने इस क्षेत्र को तारों से अवरुद्ध कर प्रतिबंधित क्षेत्र का बोर्ड लगा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आसना पार्क के इस क्षेत्र में आने वाले जोड़ों में से एक लड़की ने थाने में यह रिपोर्ट दर्ज कराई की उसे विवाह का प्रलोभन देकर दोस्ती कर आसना पार्क में उसे लेकर एक युवक आता था जो बाद में विवाह से इनकार कर दिया। इस शिकायत की जांच के लिए भी पुलिस आसन पार्क के इस क्षेत्र में पहुंची थी। उसके बाद से ही इस क्षेत्र को प्रदिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। साथ ही आसना पार्क में काम कर रही महिला स्वतंत्रता समूह की सदस्यों ने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व इस प्रतिबंधित क्षेत्र में भालू प्रवेश कर गया था, जिसे देखकर तीन लड़कियां दौड़ती हुई उनके पास आई। महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य ने उनसे पूछा कि तुम लोग मुख्यद्वार से नहीं आए थे। पार्क में किधर से प्रवेश किए थे तो उन लड़कियों ने बताया की दीवाल-कूद कर वे सभी आसन पार्क गए थे। इसके पश्चात वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने इस क्षेत्र में भालू को तलाशने का कार्य किया और नहीं मिलने पर इस क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है।

# गांजा बिक्री करने वाला युवक गिरफ्तार



**आरोपी के कब्जे से 51 किलो 520 ग्राम अवैध गांजा बरामद**

**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। थाना लोहंडीगुड़ा को सूचना प्राप्त हुआ था कि एक व्यक्ति लाल कत्था रंग का फुल शर्ट और सफेद क्रीम रंग का फुल पैंट पहना है और एक नीला रंग का छोटा पुराना कार जिसका नंबर सीजी 05 एफ 0703 है जिसमें दो प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर मलकानगिरी उड़ीसा तरफ से लोहंडीगुड़ा होते हुए रायपुर के तरफ जाने वाला है, कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग एवं अनुविभागीय अधिकारी ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लोहंडीगुड़ा रवि कुमार बैगा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु टीम रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा ग्राम तारागांव नरो दुकान के सामने मेन रोड किनारे पहुंचकर मुखबिर के बताये हुलिया के एक व्यक्ति नीला रंग का छोटा पुराना कार जिसका नंबर सीजी 05 एफ 0703 लिखा है मिलने पर उक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश उर्फ राजेश्वर यादव, निवासी तीकिरपाल बेकोपारा थाना पुसपाल जिला सुकमा छत्तीसगढ़ का होना बताया, जिनके पास उक्त कार में रखे दो प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 06 नग पैकेटों में बरामद मादक पदार्थ गांजा को मौके पर तौल करवाया गया। अलग-अलग पैकेट में कुल जुमला 51.520 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जिस संबंध में पूछताछ करने पर गांजा रखने का वैधानिक प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। गांजा परिवहन करना स्वीकार करने से उक्त आरोपी को 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# सांसद ने नगरनार ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में 76.68 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन




**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने शुक्रवार को नगरनार ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 76.68 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीणों को सुदृढ़ आधारभूत संरचना, बेहतर आवागमन सुविधा और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के विकास की दिशा में बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत गारावंडखुर्द में सीसी सड़क और माता गुड़ी, खम्हारगाँव में सीसी सड़क एवं बूढ़ादेव गुड़ी, माड़पाल में माता गुड़ी और सीसी सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। वहीं मारकेल, शिवनागुड़ा और आंजरगुड़ा में चार सीसी सड़कों का भूमिपूजन कर ग्रामीण संपर्क मार्गों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगरनार में राम मंदिर के समीप सीसी सड़क का भूमिपूजन किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। सांसद महेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास ही उनका संकल्प है और वे प्रत्येक गांव और हर नागरिक तक बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक सुविधाओं के विकास से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगी और स्थानीय लोगों को सामाजिक तथा आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास की गति लगातार जारी रहेगी और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए वे सतत प्रयत्नशील हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि आनंद मोहन मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, जिला पंचायत सदस्य बिंदु साहू, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया, महामंत्री राजेश शर्मा, नगरनार मंडल उपाध्यक्ष सीमांचल दास, मण्डल उपाध्यक्ष मोहन सेठिया, लक्ष्त्री धरत, सवीता साहनी, संपत कश्यप, दयाराम बघेल, सरपंच गारावण्ड महादेव बघेल, सरपंच सोनामनी गोयल, उपसरपंच राजेश पटेल, संगीता कश्यप, सोनसाय बघेल, शंकर गोयल, लखमू नाग, ममता ध्रुव, धनसिंग यादव, लैखन गोयल, ईश्वर कश्यप, कलावती नाग, जलकुमारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बस्तर में 'बिहान' से लखपति दीदी



**एकीकृत खेती और संबद्ध गतिविधियों से बढ़ रही आय**

**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन चबिहानज् के तहत बस्तर जिले की महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं। जगदलपुर, तोकापाल, लोहंडीगुड़ा और दरभा – इन चार विकासखंडों में चिन्हांकित 16 इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर्स के माध्यम से लगभग 4600 परिवारों को एकीकृत खेती और संबद्ध गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समूह से जुड़ी महिलाओं को च्लखपति दीदीज् बनाना है, जिससे वे सालाना एक लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर सकें।

चबिहानज् परियोजना के तहत, पारंपरिक खेती से हटकर उन्नत किस्म के बीजों और नई तकनीकों का उपयोग करके अधिक मात्रा में उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, पौधों में होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भरता की राह:** परियोजना के पहले चरण में, स्वसहायता समूह से जुड़ी 1800 से अधिक दीदियों ने अपने घरों के बाड़ी में 5 से 10 डिसमिल भूमि पर लतर वाली सब्जियों जैसे करेला, बरबटी, लौकी, तरोई और गिलकी का उत्पादन शुरू किया है। इसके लिए उन्होंने मल्चिंग और मचान जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया है। ग्राम कलचा के जयंती बघेल बिहान स्व सहायता समूहज् की सदस्य हैं और लगभग 15 डिसमिल में सब्जी उत्पादन कर रही हैं। इसी तरह ग्राम नेगीगुड़ा की पद्मा बघेल च्रूपशिला स्व सहायता समूहज् से जुड़ी हैं और 10 डिसमिल में सब्जी उगा रही हैं। ग्राम बीजापुट की चंपा बघेल च्जीवन ज्योति स्व सहायता समूहज् की सदस्य हैं और 25 डिसमिल में, जबकि ग्राम करणपुर की हीरामणि च्दुलार देई स्व सहायता समूहज् की सदस्य हैं और 5 डिसमिल में सब्जी उत्पादन कर रही हैं। इस पहल से गांवों में सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, जिससे न केवल स्वयं के परिवार के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि बाजार से सब्जी खरीदने पर होने वाले खर्च में भी कमी आ रही है। इस बचत राशि का उपयोग महिलाएं अपनी दैनिक आवश्यकताओं, बच्चों की पढ़ाई, संपत्ति निर्माण या नए व्यवसाय में कर सकती हैं।

इसके अलावा, अतिरिक्त सब्जी को स्थानीय बाजारों और छोटी मंडियों में बेचकर महिलाएं अपनी आय बढ़ा रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। भविष्य में, बस्तर में उत्पादित सब्जियों की मांग के अनुरूप जिले के बाहर भी इनकी आपूर्ति की योजना है। एक सदस्य, कई आजीविका गतिविधियां चबिहानज् परियोजना का लक्ष्य एक सदस्य को तीन से चार आजीविका गतिविधियों से जोड़ना है। इसमें सब्जी उत्पादन के अलावा मक्का, पशुपालन (मुर्गी, बकरी), वनोपज (इमली प्रसंस्करण), मछली पालन और लघु धान्य उत्पादन जैसी संबद्ध गतिविधियां भी शामिल हैं, जो महिलाओं की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चबिहानज् की यह पहल बस्तर की ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे सही मायने में च्लखपति दीदीज् बन सकेंगी।

# विपक्ष के गला घोंटने का काम कर रही है सरकार : सज्जार



**पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र पर ईडी की कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा ने फूंका ईडी का पुतला**

**सुकमा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। शनिवार को बस स्टैंड के समक्ष केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा द्वेषपूर्ण कार्यवाही का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा के द्वारा प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान सुकमा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आयशा हुसैन, कन्या दुग्गे, सेवादल के जिला अध्यक्ष मुकेश कश्यप, कोसा कवासी, गुलाम मुर्तजा, तरुण जयसवाल, शेख नजीर, रिंकू दास, सुनील राठी, प्रताप समरथ, बच्चा कोरी, एवं महिला कांग्रेस सेवा दल युवक कांग्रेस उपस्थित रहे। कांग्रेसियों ने कहा कि कल सुबह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी ने एक बार फिर पहुंच उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश की। दोपहर के बाद भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई के विरोध में आज कांग्रेसियों ने ईडी का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कमेटी ने कहा कि ईडी की कार्यवाही पूरी तरह से राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता झुकने वाले नहीं हैं। जब तक यह राजनीतिक प्रतिशोध बंद नहीं होगा, हमारा विरोध जारी रहेगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जर ने डबल इंजन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने विपक्ष का गला घोटने का काम किया है। आज पूर्व मुख्यमंत्री के घर ईडी की टीम पहुंची है। ईओडब्ल्यू को अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, बावजूद इसके दबाव और दबंगई जारी है। शेख सजार ने इसे बदलापुर की राजनीति को दबाने की कोशिश बताया।

# डीएफए ट्राफी, आड़ावाल व फुटबॉल एकेडमी के बीच आज फायनल मुकाबला



**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित स्व सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी कम नॉक ऑउट फुटबाल स्पर्धा में फायनल मुकाबला रविवार दोपहर ढाई बजे से फुटबाल एकेडमी विरूध आड़ावाल फुटबाल क्लब के मध्य खेला जाएगा। इस दौरान आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, अध्यक्षता बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा, मोहनराज बासु, मनीष पारख के साथ जिला फुटबाल संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे।

शुक्रवार को खेले गए दोनों सेमी फायनल मुकाबले में जंगबाज व मैत्री सघं को हराकर आड़ावाल व फुटबाल एकेडमी फायनल में पहुंचने में कामयाब रही। दोनों के बीच रविवार को डीएफए ट्राफी के लिए फायनल मुकाबला होगा। पहला सेमी फायनल मुकाबला फुटबाल एकेडमी विरूध मैत्री संघ के मध्य खेला गया जो एकतरफा रहा। फुटबाल एकेडमी की ओर से आयुष सोनी, अमित नाग, रोहित भारती व के जॉन प्रतीक ने अपनी टीम के लिए पांच गोल किए। इसके मुकाबले मैत्री सघं की ओर से एकमात्र गोल ऋषिकेश मल्लिक ने किया। इस मैच में मुख्य निर्णायक यूएस दीपक के अलावा नितीश लाल, विक्की पोडाल व मोतीलाल पोयाम रहे। स्पर्धा का दूसरा सेफा मुकाबला जंगबाज विरूध आड़ावाल फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। जंगबाज की ओर से एकमात्र गोल शेख अलि ने किया जिसके मुकाबले आड़ावाल फुटबाल क्लब की ओर से जयराम व कुन्दन ने तीन गोल कर मैच अपनी टीम के नाम करने में कामयाब रहे। इस मैच में मुख्य निर्णायक विश्वजीत भट्टाचार्य के अलावा अगेन्द्र नाग, दीपक डहरिया व सुमीत नाग रहे।

**मैत्री संघ के दो खिलाड़ी को यलो कार्ड**

पहले सेमीफायनल मुकाबले के दौरान मुख्य निर्णायक उमाशंकर दीपक द्वारा मैत्री संघ के जर्सी नम्बर 15 शुभम शर्मा को मैच के 33 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 9 मिहिर को मैच के 49 वें मिनट में यलो कार्ड दिखाया गया।

# रोटरी क्लब एवं सीआरपीएफ 241 वीं बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में 450 पौधों का रोपण




**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ जगदलपुर एवं सीआरपीएफ 241 वीं बटालियन के संयुक्त प्रयास से शनिवार को एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ 241 बटालियन मे किया गया, जिसमें कुल 450 पौधे रोपे गए। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण व हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, सीआरपीएफ के जवानों, स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय संस्थाओं को सौंपी गई है। रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि च्हरित वातावरण के लिए यह एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण शुरुआत है। भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।ज् कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना एवं हरियाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीआरपीएफ के कमांडेंट हरविंदर सिंह, निरंजन तथा बस्तर बटालियन के जवानों की उपस्थिति रही।

रोटरी क्लब जगदलपुर की ओर से सचिव अमरदीप सोढ़ी, सुनील जैन, कमल सेठी, प्रकाश चावड़ा, कुलजीत सिंह, साहिल बारवटिया, अभिषेक मद्दी, श्रीधर मद्दी, राहुल मोदी, अंकित गोयल, निखिल जैन, रतनलाल जैन, मोहित गोंदी, निखिल दीवान, शेख आदिल, विवेक जैन, सूर्यान्श लुंकड़, डॉ. मनोज थॉमस, किशोर पारख, जितेंद्र आहुवालिया, डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ सरिता थॉमस एवं टीम रोटरेक्ट क्लब अध्यक्ष अप्रतिम झा, सचिव दिव्यांश सिंघल, संग्राम सिंह राणा एवं उनकी पूरी टीम ने सक्रिय सहभागिता की।

देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र

**एजेंसी देना है**

छत्तीसगढ़ प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक देशबन्धु को कांकेर, केशकाल में एजेंसी देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।

प्रबंधक
मो. 7000480650

# उत्तर लिखने की शैली बेहतर करने जुट जाएं प्राचार्य- कलेक्टर

- शिक्षा सत्र में 10वीं-12वीं के परिणाम उत्कृष्ट बनाने रणनीति
- प्राचार्यो की बैठक में शिक्षा गुणवत्ता पर लंबी चर्चा
- पड़ोसी स्कूलों की शैक्षणिक अच्छायी अपने यहां भी अपनाएं

**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र-2025 के तहत हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता कार्य योजना तथा शिक्षण की समयबद्ध तैयारी एवं सतत मूल्यांकन के संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के प्राचार्यो की बैठक ली।

बैठक के अंतर्गत परीक्षा परिणाम सत्र-2024-25, विकास खण्डवार शालाओं का प्रदर्शन, टेस्ट श्रृंखला वार्षिक कैलेंडर 2025-26 के लिए कक्षा-10 वीं एवं 12 वीं हेतु विशेष योजना, यूथ ईको क्लब, गणित एवं विज्ञान क्लब के गठन की प्रक्रिया, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम की विशेष रूप से समीक्षा हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं का प्रथम लक्ष्य सभी छात्रों को प्रथम श्रेणी अंतर्गत उत्तीर्ण करना सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही सभी शाला प्रमुख छात्रों से प्रश्नों के आवश्यकता अनुरूप सही उत्तर सही पैटर्न में लिखने का अभ्यास करवाएं, क्योंकि छात्रों की उत्तर लिखने की शैली भी परीक्षा परिणामों को प्रभावित करती है। इसके लिए विषयवार शिक्षकों की व्यक्तिगत बैठक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। मासिक टेस्ट सभी शालाओं में अनिवार्य रूप होने चाहिए ताकि एक माह में जो पढ़ाई की गई उसका वास्तविक मूल्यांकन हो सके। बीईओ इस संबंध में मासिक बैठक अवश्य लेगें। इस के तहत आगामी अगस्त में पुनरीक्षण बैठक होगी। इसके अलावा जिन-जिन शालाओं में पूर्व सत्र में बेहतर परिणाम आए है उनकी रणनीति एवं विशेष प्रयासों को अपने शालाओं भी लागू करने के निर्देष भी बैठक में दिए गए।



इसके साथ ही कलेक्टर ने विकासखण्डवार बोर्ड परीक्षा परिणाम का समीक्षा करते हुए कहा कि कई हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में परीक्षा परिणाम अपेक्षा अनुरूप नही है। इसके लिए शिक्षण सत्र के प्रारंभ से ही कार्य योजना बनाकर आगामी परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाना अपेक्षित रहेगा। इसमें समस्त स्टाफ की जवाबदेही तय की जायेगी। अगर दूसरे विद्यालय उसी पाठ्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है तो निश्चित ही स्वयं के विद्यालय में कमिया जाहिर होती है। हिन्दी जैसे विषयों में छात्रों का कम अंक आना वास्तव में चिंता का विषय है। इसके लिए सभी बीईओ, प्राचार्य को व्यक्तिगत रूचि लेकर अतिरिक्त शैक्षणिक प्रयास की जरूरत है। इसके लिए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही अतिरिक्त क्लास, उत्तर लेखन कौशल, पढ़ाएं गए अध्यायों के पुनरावृत्ति, कमजोर छात्रों विशेष ध्यान, पिछले वर्षो की उत्तर पुस्तिकाओं का विश्लेषण,प्रश्न बैंक एवं परीक्षा पूर्व मानसिक तैयारी यह लक्ष्य प्राप्त किए जाए। बैठक में कलेक्टर ने इसके साथ ही शालाओं को अधोसंरचना, शौचालय,प्रयोगशालाओं की स्थिति, उसमें उपकरणों की आवश्यकता, पेयजल की उपलब्धता विषय अनुरूप शिक्षकों की आवश्यकता के संबंध में बैठक जानकारी चाही। इसके लिए उन्होंने सभी प्राचार्यो से मांग अनुसार प्रपत्र तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा।

बैठक में एजेंडा अनुसार कक्षा 10 वीं और 12 वीं शत प्रतिशत उत्तीर्णता सुनिश्चित करने के लिए टेस्ट श्रृंखला की कार्ययोजना, उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के शिक्षार्थियों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करने, करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत 9 वीं और 12 वीं तक छात्रों को उनके करियर के संबंध में मार्गदर्शन देवें, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के संबंध में शाला विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय आयोजन, यूथ ईको क्लब एवं गणित एवं विज्ञान क्लब के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.अम्बस्ट, डीएमसी हरीश गौतम, विकासखण्ड अधिकारी, प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# परिया-काकुर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढ़ेर



**नारायाणपुर,** 19 जूलाई देशबन्धु। सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच परिया-काकुर के घने जंगलों में हुई भीषण मुठभेड़ के बाद कुल 06 माओवादी शव बरामद किए गए हैं, जिनमें पीएलजीए प्लाटून क्रमांक-01 की 04 महिला कैडर भी शामिल हैं। पीएलजीए प्लाटून क्रमांक-01 के कमांडर और डिवीजनल कमेटी स्तर के माओवादी राहुल पुनेम की मुठभेड़ में मारे जाने को अभूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। यह प्लाटून वरिष्ठ माओवादी नेताओं के सुरक्षित आवागमन हेतु प्रमुख रूप से उपयोग में लाया जाता था। माड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत ऑपरेशन मानसून के तहत परिया-काकुर ऑपरेशन नारायणपुर पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस अभियान में कुल 06 माओवादी, जिन पर ?48 लाख का कुल इनाम था, मारे गए। मानसून जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति के बावजूद DRG, STF और BSF की संयुक्त टीमों ने अभूझमाड़ के कोर क्षेत्र में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं, जिनमें एक AK-47 राइफल, एक SLR राइफल, एक 12 बोर राइफल और 11 BGL लॉन्चर शामिल हैं। परिया-काकुर ऑपरेशन में 06 माओवादियों की मौत के साथ ही 2025 में अब तक बस्तर क्षेत्र में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़कर 204 हो गई है। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री रॉबिनसन गुरिया ने बताया कि अभूझमाड़ के परिया-काकुर जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय सूचना के आधार पर 17 जुलाई 2025 को संयुक्त अभियान शुरू किया गया। इसमें नारायणपुर, कांकेर, बस्तर और कोंडागांव जिलों के DRG जवान, छत्तीसगढ़ STF और BSF की 129वीं, 133वीं व 135वीं बटालियन शामिल थीं। 18 जुलाई 2025 की दोपहर से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। 19 जुलाई 2025 को बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पट्टलिंगम, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री रॉबिनसन गुरिया तथा BSF, STF और DRG के वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर मारे गए माओवादियों की पहचान और बरामद हथियारों की जानकारी साझा की।

# ठेकेदार को पहुंचाया 3 करोड़ का फायदा, ईई और एसडीओ को 3-3 साल की सजा

- पीडब्ल्यूडी सुकमा के 14 साल पुराने मामले में न्यायालय का फैसला
- नक्सलगढ़ के सड़क निर्माण में की गई थी गड़बड़ी
- मुंबई की निर्माण कंपनी को काम से ज्यादा का हुआ था भुगतान

**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। लोक निर्माण विभाग के सुकमा डिविजन में अब से 14 साल पहले लगभग 2 करोड़ 84 लाख के भ्रष्टाचार के मामले में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता सीआर पिस्दा और एक अन्य आरोपी को 3 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनायी गई है। श्री पिस्दा ने मुंबई के एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को चिंतलनार इलाके में सड़क निर्माण के दौरान एमबी में ज्यादा कार्य दर्ज कर फायदा पहुंचाया था। इस मामले में एफआईआर हुई थी और कोर्ट में मामला चल रहा था।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ के न्यायालय ने यह सजा सुनायी। प्रकरण के मुताबिक आरोपी चोवाराम पिस्दा, ने लोक निर्माण विभाग सुकमा में कार्यपालक अभियंता के पद पर एवं आरोपी ज्ञानेश कुमार तारम, लोक निर्माण विभाग उप संभाग कोन्टा जिला सुकमा में उप अभियंता एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी के पद पर पदस्थ रहते हुये वर्ष 2010-11 में एल.डब्ल्यू. ई. योजना अन्तर्गत चिंतलनार से मरईगुड़ा के सड़क ठेकेदार नीरिज सीमेंट स्ट्रक्चर लिमिटेड बम्बई के अधिकृत ठेकेदार मदिना मोहम्मद से कराये जाने के दौरान माप पुस्तिका में कार्य से अधिक फर्जी मापदण्ड कर देयक तैयार कर 2 करोड़ 84 लाख 6 हजार 785 रूपये अधिक निकलवाने, आपराधिक अवचार करने, माप पुस्तिका में कार्य से अधिक फर्जी मापदण्ड कर देयक तैयार कर ठेकेदार को दिलाने, कुटरचना कर, छल करने के अपराध में सिद्धदोष पाते दोषी पाते हुये आरोपीगण को धारा-13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत 2 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-120 भा.द.सं. में 1 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-420 भा.द.सं. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-467 भा.द.सं. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा-468 भा.द. सं. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 471 भा.द.सं. में 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

इस संबंध में 5 सितंबर 2012 को एफआईआर दर्ज की गई थी। न्यायालय में 29 जुलाई 2019 को अंतिम प्रतिवेदन चार्जशीट प्रस्तुत किया गया था। अभियोजन द्वारा कुल 19 साक्षियों का कथन न्यायालय में कराया गया था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के न्यायालय ने आरोपी चोवाराम पिस्दा एवं आरोपी ज्ञानेश कुमार तारम के विरूद्ध यह फैसला 3 दिन पहले ही सुनाया है।

## मेडिकल कॉलेज के आसपास घुमते युवाओं ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**जगदलपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी अरूण कुमार सिन्हा फ्रेजरपुर थाना में 17 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 17.07.2025 को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में लगे ऑक्सीजन प्लांट से जुड़े लगभग 30 फिट कापर पाईप को निकाल कर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिस पर से थाना परपा में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मो0 तारिक हरीश के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले के अज्ञात आरोपी के पतासाजी पर रवाना किया गया। जो मामले में आरोपीगण कृश टाकरी निवासी महारानी वार्ड 36 चाटर के पिछे जगदलपुर , अश्वनी नाग निवासी महारानी वार्ड चांदनी चौक सिटी ग्राउड के सामने जगदलपुर और अनुराग कच्छ निवासी महारानी वार्ड 36 चाटर के पिछे जगदलपुर जिला बस्तर से पुछताछ उपरांत मेमोरण्डम कथन पर आरोपीगणों के कब्जे से 16 नग तांबे का पाईप जप्त किया गया है। आरोपीगणों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से 18 जुलाई को गरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# भाजपा के राज में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार- गणेश

- युकां अध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी ईई को सौंपा ज्ञापन
- घटिया सड़क के चलते हादसों में बढ़ोत्तरी
- लोगों की जान पर खेल रहा विभाग



**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिले की खस्ताहाल सड़कों की व्यवस्था सुधारने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने लोक निर्माण विभाग के ईई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि घटिया सड़क के चलते हादसे बढ़ रहे हैं, और लोगों की मौतें हो रही हैं।

जानकारी देते हुए गणेश दुर्गा ने बताया कि गीदम-बारसूर स्टेट हाईवे की हालत काफी खराब है। सड़कों पर बड़े-बड़े गढ्ढे हो गए हैं, जिससे लगातार दुर्घटना हो रही है। अभी हाल में ही हुए दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। बारसूर पर्यटन क्षेत्र होने के कारण हर दिन प्रदेश व अन्य राज्यों से सैलानी बारसूर पहुंचते हैं। बारिश की वजह से गढ्ढों में पानी भर चुका है, जिससे दुर्घटना हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि दंतेवाड़ा शहर में अभी कुछ दिनों पहले पुरानी सड़क के ऊपर थूक पालिश का काम किया गया, जो गुणवत्ताहीन है। नए सड़क के नाम पर पुरानी सड़क पर डामर की परत चढ़ाई गई है जो उखड़ने लगी है। गणेश दुर्गा ने कहा कि दंतेवाड़ा-बचेली नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता भी काफी खराब है। कई बार विरोध होने के बावजूद सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। वहीं कलेक्टोरेट से कॉलेज तक सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। इस सड़क पर जल्द से जल्द पेंच वर्क की जरूरत है। सभी सड़कों की समय रहते गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए और उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो, जिससे जनता को सच्चाई पता चल सके। युवा जिलाध्यक्ष गणेश ने आगे कहा कि भाजपा के राज में सड़कों के निर्माण व मरम्मत सिर्फ पैसे का गबन किया जा रहा है। अंदुरूनी इलाकों के साथ शहरी क्षेत्रों में बन रहे सड़कों में भी जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। ज्ञापन सौंपने के बाद लोक निर्माण विभाग के ईई ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी सकड़ों को दुरस्त किया जाएगा। जिलाध्यक्ष गणेश ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि दिए समय अनुसार अगर सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान जिला महामंत्री विमल सलाम, अजय मरकाम,आसिफ रजा, आकाश विश्वास, महादेव ठाकुर, गायेंद्र सिंह,भोलू यादव, उमेश राणा, आयुष यादव, वरुण तमो, उमेश लक्ष्मण कुंजाम समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बंद घर से आज्ञात चोर ने 5 लाख नगद और सोने चांदी के आभूषण किए पार

जगदलपुर,19 जुलाई (देशबन्धु) । जिले में एक बार फिर से अज्ञात चोर ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात चोर ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए वहां से लाखों रुपए नगद और सोने चांदी के कीमती जेवरातों को पार कर दिया है। चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस अज्ञात चोर की पतासाजी में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम बिलोरी के बैदागुड़ा पारा निवासी जगत राम नाग का शहर के संजय बाजार में आलू प्याज का दुकान है । प्रतिदिन की तरह जगत राम नाग बीते कल शुक्रवार की सुबह करीबन 6-30 बजे अपने घर से निकलकर अपनी दुकान के लिए चला गया। इसके बाद जगत राम के पिता और बहन अपने खेत में धान रोपाई करने के लिए चले गए। दोपहर करीबन 12 बजे घर में ताला लगाकर जगत राम की माता भी उसकी बहन और पिता के लिए खाना लेकर खेत की तरफ चली गई। इसके करीबन एक घण्टे के बाद लगभग 1 बजे जगत राम के पिता अपने खेत से वापस घर पहुंचे ,उन्होंने देखा कि उनके पुराने घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर घुसकर उन्होंने देखा कि घर में रखे अलमारी का दरवाजा भी टूटा और खुला हुआ था। अलमारी में रखा लगभग 5 लाख रुपए और सोने -चांदी आभूषण, जिसकी कीमत 75 हजार रुपए बताई गई है, गायब थे। इसके बाद पिता ने इस पूरे घटना की जानकारी जगत राम को दी। जिसके बाद जगत राम अपनी दुकान से वापस अपने घर पहुंच गया। इसके बाट जगत राम नाग ने इस मामले को लेकर परपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस अज्ञात चोर की पतातलाश में जुट गई है।

# रिकव्हरी एजेंट के हत्यारों को आजीवन कारावास

- गाड़ी की किश्त लेने बुलाया और जंगल में की थी हत्या
- 4 साल पुराने मामले में दंतेवाड़ा न्यायालय का फैसला

**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मिली जानकारी अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के न्यायालय द्वारा आरोपी जोगेन्द्र पोडियाम उर्फ जोगा एवं कमलेश मरकाम उर्फ कमलू को हत्या एवं लूट कांड के आरोप सिद्ध होने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

दोनों आरोपियों द्वारा चितालंका दंतेवाड़ा में रिकव्हरी एजेंट अंकित गुप्ता की टंगिया से हत्या की गई थी। साथ ही उसके पास रखे 4 हजार रुपये, मोबाईल लूट लिया गया था। हत्या करने के पश्चात दोनों आरोपियों ने उसके कॉलेज बैग, जैकेट एवं मोटर सायकल को छिपा दिया था। अत: न्यायालय द्वारा विचारण करते हुये आरोपी जोगेन्द्र पोडियाम उर्फ जोगा एवं कमलेश मरकाम उर्फ कमलू को धारा-394 सहपठित धारा-397 भा.द.सं., धारा-302,34 भा.द.सं. में सिद्धदोष पाते हुये सजा सुनाया सुनाई गई है। आरोपीगण को धारा-302,34 भा.द.सं. के अपराध में आजीवन कारावास की सजा तथा धारा-394 सहपठित धारा-397 भा.द.सं. के अपराध में 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा न्यायालय द्वारा दिया गया है। घटना अनुसार 3 दिसंबर 2021 को जय विजय हिरो मोटर शो रूम दंतेवाड़ा के फाईनेंसर अंकित गुप्ता आरोपी जोगेन्द्र पोडियाम उर्फ जोगा द्वारा खरीदे गये एम.एम. डीलक्स मोटर साईकिल की किश्त की राशि लेने के लिये दोपहर 2 बजे गया था। अभियुक्तगण किश्त की राशि देने के नाम पर अंकित गुप्ता को जंगल की ओर ले गये थे, जहा पर अभियुक्तगण के द्वारा टंगिया से घातक वार कर अंकित गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। आरोपियों के विरूद्ध 4 दिसंबर 2021 को एफआईआर दर्ज की गई थी। 2 मार्च 2022 को पुलिस द्वारा न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन चार्जशीट पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा 18 जुलाई 2025 को आरोपियों के विरूद्ध यह निर्णय दिया गया है।

# जिस स्कूल में की थी पढ़ाई, वहीं अफसर बनकर पहुंचे

- जेडी राकेश पांडेय के लिए गौरवान्वित करने वाला पल
- दंतेवाड़ा आत्मानंद विद्यालय में छात्रों से संवाद
- अध्यापन कर शिक्षक-शिक्षिकाओं को दी सीख



**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय, सहायक संयुक्त संचालक राजेश कर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ट द्वारा आज स्वामी आत्मानंद शा. उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

श्री पांडेय इसी विद्यालय में विद्यार्थी भी रहे। अपने खुद के विद्यालय में शिक्षा विभाग के बड़े अफसर के रूप में पहुंचना भी उनके लिए शानदार अनुभव रहा। इस खुशी को उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ साझा भी की। श्री पांडेय के लिए यह गौरव का क्षण रहा। इस दौरान संयुक्त संचालक श्री पांडेय के द्वारा विधार्थियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं से सौजन्य संवाद किया गया, एवं अलग-अलग विषयों से सम्बंधित प्रश्न पूछे गये। संयुक्त संचालक द्वारा रसायन, भौतिक एवं गणित विषय का अध्यापन भी करवाया गया। उनके द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं को निष्ठा एवं तन्मयता के साथ कार्य करते हुए विद्यार्थियों की रूचि एवं प्रतिभा के अनुरूप उनका भविष्य गढ़ने में सहयोग प्रदान करने की समझाईश दी गई। साथ ही शिक्षक/ शिक्षिकाओं को रिक्त समय में आपसी संवाद द्वारा एक-दूसरे के विषयों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का सुझाव दिया गया। छात्र/छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके द्वारा बताया गया कि वे भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहें हैं।

# सुरभि कालोनी से आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

**शंखनी-डंकनी के पावन जल से होगा महादेव का अभिषेक**

**श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में भव्य तैयारी**

**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। सावन महीने के पावन अवसर पर दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी स्थित श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। कांवड़ यात्रा का यह दूसरा वर्ष होगा।



कालोनी के शिव भक्तों ने बताया कि कल रविवार 20 जुलाई को सुबह 9 बजे कांवड़ यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा श्रीराम लिंगेश्वर महादेव मंदिर सुरभि कालोनी आंवराभाटा से प्रारंभ होकर मां दंतेश्वरी मंदिर संगम स्थल दंतेवाड़ा पहुंचेगी। वहां कलश में जल लेकर कांवड़ से उसे पुन: महादेव मंदिर सुरभि कालोनी पहुंचेंगे। कांवड़ यात्रा मंदिर पहुंचने के बाद जलाभिषेक एवं पूजा तथा आरती होगी। आरती के पश्चात भण्डारा भी आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि सावन महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व रहता है। हर सावन सोमवार पर यहां विशेष पूजा, रूद्राभिषेक तथा भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में कालोनीवासियों के साथ ही शहर के भक्त भी शामिल हो रहे हैं। कांवड़ यात्रा में भी सभी भक्तों से शामिल होने का आग्रह कालोनीवासियों ने किया है।

---------------

# जैविक खेती की दिशा में प्रशासन की क्रांतिकारी कदम

- श्री विधि और कतार रोपा से किसानों को जोड़ने की पहल
- पारम्परिक खेती के बदले वैज्ञानिक तकनीक अपना रहे किसान
- 6 हजार हेक्टेयर भूमि पर नई पद्धति से खेती का लक्ष्य
- जय विज्ञान-जय किसान का नारा होने लगा साकार



**दंतेवाड़ा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन, कृषि विभाग और भूमगादी की संयुक्त पहल से दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। पारंपरिक खेती के विकल्प के रूप में अब श्री विधि, कतार रोपा और जैविक तरीकों को अपनाकर किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले को जैविक जिला बनाना है, जहां पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दिया जा सके इस अभियान के तहत पहली बार जिले में 6 हजार हेक्टेयर भूमि पर रोपा, कतार रोपा एवं श्री विधि से खेती का लक्ष्य तय किया गया है। यह पद्धतियां न केवल अधिक उत्पादन दे रही हैं, बल्कि जल संरक्षण, कीट नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में भी मददगार साबित हो रही हैं। आज गीदम विकासखंड के ग्राम हीरानार में इस अभियान की जमीन पर प्रभावी शुरुआत हुई। उपसंचालक कृषि सूरज पंसारी, सहायक संचालक कृषि धीरज बघेल, भोले लाल पैकरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किशन नेताम समेत विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृषक लूदरु राम व अन्य किसानों के खेतों में कतार रोपा पद्धति का प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इन प्रयासों के जरिए किसानों को खेत में ही प्रशिक्षण देकर वैज्ञानिक तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जैविक खेती की सफलता की बुनियाद किसानों को सशक्त बनाना है। कृषि विभाग के अधिकारी गांव-गांव जाकर जैविक खाद निर्माण, बीज उपचार, जैविक कीटनाशक जैसे नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, जीवामृत, घनजीवामृत आदि के उपयोग की जानकारी व्यावहारिक तौर पर दे रहे हैं। देखो और सीखो की इस पद्धति से किसानों में व्यवहारिक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

श्री विधि से खेती में जल की बचत, पौधों का बेहतर विकास और उत्पादन में 30-40 प्रतिशत तक वृद्धि देखी जा रही है। वहीं कतार रोपा से पौधों में उचित दूरी रखने के कारण कीट और रोग नियंत्रण आसान हो जाता है। जैविक विधियों के माध्यम से खेती की लागत घट रही है और उपज की गुणवत्ता भी बेहतर हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से मौजूद संसाधनों जैसे गौवंश, वर्मी कंपोस्ट यूनिट और गौठानों कृ का प्रभावी उपयोग करते हुए प्राकृतिक कृषि मॉडल को अपनाया जा रहा है। इससे खेती में आत्मनिर्भरता बढ़ रही है और किसान रासायनिक इनपुट्स पर निर्भर नहीं रह रहे।

इस अभियान में जिले के प्रगतिशील किसान भी आगे आकर भूमिका निभा रहे हैं। वे स्वयं जैविक खेती अपना कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। किसान से किसान तक ज्ञान के इस आदान-प्रदान ने अभियान को जन-आंदोलन का रूप देना शुरू कर दिया है। यह पहल सिर्फ उत्पादन और आय में वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों की दिशा में भी सकारात्मक असर डाल रही है। आने वाले समय में इस मॉडल को जिले की प्रत्येक पंचायत में विस्तारित कर दंतेवाड़ा को एक राष्ट्रीय जैविक मॉडल जिले के रूप में स्थापित करने की योजना है। जिला प्रशासन, कृषि विभाग और भूमगादी की यह साझी कोशिश न केवल खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बना रही है, बल्कि जैविक क्रांति के पथ पर अग्रणी भी बना रही है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था सहित निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 18 जुलाई को जिले के दूरस्थ विकास खंड बड़े राजपुर अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों तथा विद्यालयों का निरीक्षण किया और विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो, स्वास्थ्य केंद्र निर्धारित समयावधि में खुले। कलेक्टर ने सबसे पहले प्राथमिक शाला गम्हरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल भवनों की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र में वितरित



गणवेश पहनकर आने को कहा। साथ ही विद्यार्थियों के लिए आवश्यक खेल सामग्री की उपलब्धता के साथ विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां निर्माणाधीन आर आई डी एफ गोदाम का निरीक्षण किया और संबंधित ठेकेदार को 20 दिन के भीतर शेष कार्यों को पूरा करने हेतु निर्देशित किया। ग्राम सलना में उन्होंने निर्माणाधीन महतारी सदन भवन का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार से अनुबंध निरस्त करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्राम कोसमी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण किया, जहां सीपेज की समस्या के कारण प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त भवन में कक्षा लगाने की जानकारी मिली। उन्होंने भवन की स्थिति का निरीक्षण किया और सीपेज की समस्या को दूर करने हेतु प्राथमिकता के साथ आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश आरईएस के अधिकारियों को दिए। कोसमी के नवीन हायर सेकंडरी स्कूल भवन के टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करने लिए भी पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने विश्रामपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रसूति वार्ड में महिलाओं से चर्चा की और स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को उनके शिशु के देखभाल के लिए ममता किट वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में ओटी प्रारंभ करने हेतु आवश्यक मानव संसाधन और उपकरण के प्रस्ताव देने को कहा। उन्होंने प्री बर्थ वेटिंग रूम के नए भवन का निरीक्षण करते हुए दीवार में दरार सहित विद्युत व्यवस्था में सुधार कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसडीएम अंकित चौहान सहित तहसीलदार, जनपद सीईओ और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय कोंडागांव में किया पौधारोपण

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोंडागांव नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में प्राचार्य योगेश वर्मा व प्रधानाचार्य शनऊराम मरकाम के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। संस्था के विद्यार्थीगण व कर्मचारीगण ने इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाई। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थीगण को अपने-अपने घरों के आंगन व खेत खलियानों में ''एक पेड़ मां के नाम'' तहत पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। आज के दिन दूषित पर्यावरण से बचने के लिए पेड़ के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थीगण को प्रकृति को बनाए रखने जैसे कई उदाहरण देकर समझाया गया। विद्यार्थीगण भी इन बातों को गंभीरता से लेते हुए घर आंगन में पेड़ लगाने के लिए उत्साहित



हुए। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में 250 विद्यार्थीगण अध्ययनरत हैं, परिसर में लगाए गए सभी पौधों को देखरेख करने के लिए टीम बना कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शनऊराम मरकाम, शिक्षिका पायल देवांगन, शोभना राव, भारती मारवाड़े, गायत्री दुबे, किनारा कौशिक, ललित देवांगन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## विजय शर्मा के जन्म दिवस पर भाजपाइयों ने मरीजों को किया फल वितरण



**चारामा**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा के जन्म दिवस पर 19 जुलाई को भाजपा मंडल चारामा अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू एवं अजय जगवानी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में पहुंचकर भाजपाइयों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया साथ ही उनका हाल चाल जाना एवं उनकी जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, मनोज जैन, भाजपा महामंत्री संतोष नाहर, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, पार्षद रजनी यादव, पार्षद संदीप मेश्राम, भोज राज सोनी, प्रियेश सेन, करण निर्मलकर आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं बीएमओ ओपी शंखवार सहित अस्पताल के स्टाफ मौजूद थे।

## कलेक्टर ने भारत माला ट्विन टनल का किया अवलोकन

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 18 जुलाई को भारत माला परियोजना के तहत निर्माणाधीन रायपुर विशाखापत्तनम एक्सप्रेस वे पर जिले के बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम कोसमी में बन रही ट्विन टनल का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ टनल के अंदर जाकर निर्माण कार्य को देखा और संबंधित निर्माण एजेंसी से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी लेकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के साथ निर्माण कार्य के दौरान सभी कर्मचारियों के सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही दुर्घटना और आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और फायर सेफ्टी हेतु भी निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री के नाम समाज ने सौंपा ज्ञापन

# धर्मगुरु खुशवंत साहेब पर हमला करने वाले असामाजिक तत्वों को जल्द गिरफ्तारी की मांग

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत साहेब पर हमला करने वाले असामाजिक तत्वों को अति शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन को सौंपा गया है।

जिला मुख्यालय कोंडागांव में सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव एवं सतनामी समाज के पदाधिकारियों के द्वारा सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन पर विगत 12 जुलाई 2025 की रात्रि को असामाजिक तत्वों द्वारा घात लगाकर हमला कर क्षतिग्रस्त किया और गुरु के सम्मान व सतनामी समाज की आस्था पर वार किए जाने के विरोध में महामहिम राज्यपाल एवं विष्णु



देव साय मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ षासन के नाम सम्बोधित ज्ञापन को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपर कलेक्टर को सौंपा गया है। उपरोक्त घटना के विरोध में जिला अध्यक्ष धंसराज टंडन ने कहा कि सतनामी समाज के धर्मगुरु, विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के अनुसूचित जाति प्राधिकरण उपाध्यक्ष सुरक्षित नहीं है, तो छत्तीसगढ़ में आम आदमी सुरक्षित नहीं हैं। छत्तीसगढ़ सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए ऐसी शर्मनाक घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक उपद्रवी अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को अति शीघ्र गिरफ्तार करके उचित कार्रवाई करे। वर्तमान की विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखकर सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत साहेब विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन को जेड प्लस सुरक्षा देने की भी मांग किया गया है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान एम.डी.बघेल संरक्षक सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, राधे कृष्णा बंजारे संरक्षक सतनामी समाज, पी.एल.ठावरे उपाध्यक्ष, सानू मारकंडे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, तरुण नाग जिला अध्यक्ष उत्कल समाज, मनमोहन नाग कोषाध्यक्ष, भागवत चतुर्वेदी, शिवरात्रु बंजारे, बुद्धूराम नाग आदि पदाधिकारी शामिल रहे। उपरोक्त जानकारी धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग ने दी।

# महामंत्री के खिलाफ टिप्पणी से नाराज कांग्रेसी पहुंचे थाना कोतवाली



- **दीपक वैष्णव के खिलाफ रिपोर्ट लिखाकर त्वरित कार्यवाही की मांग किया**

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी रितेश पटेल के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कांग्रेस पदाधिकारी कोंडागांव थाना कोतवाली पहुंच टिप्पणी करने वाले शख्स दीपक वैष्णव के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए त्वरित कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि रितेश पटेल कांग्रेस महामंत्री होने के साथ साथ दैनिक रुद्रपथ समाचार पत्र के सम्पादक हैं और मरार पटेल समाज के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हैं, सर्व पिछड़ा वर्ग समाज कोंडागांव जिला अध्यक्ष हैं, जिनके खिलाफ रात लगभग 12 बजे कोंडागांव प्रेस क्लब व्हाट्सअप ग्रुप में अनर्गल टिप्पणी की गयी है, जिसका स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया में वायरल भी हो रहा है। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है, साथ ही सामाजिकजनों में भी रोश व्याप्त है। शिकायत पत्र में त्वरित कार्यवाही का आग्रह किया गया है। साथ ही कार्यवाही में देरी होने पर माहौल खराब होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन का होगा, ऐसा उल्लेख है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष झुमुक दीवान, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव द्वय हीरा दीवान, उमर मेमन, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# अमृता ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य की प्रवीण सूची में दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**फरसगांव/विश्रामपुरी** 19 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड बडेराजपुर के हाईस्कूल कोसमी की छात्रा कुमारी अमृता यादव ने च्भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य की प्रवीण सूची में दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय, ब्लॉक और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि से उनके



माता-पिता और शिक्षक-शिक्षिकाएं गर्व महसूस कर रहे हैं। अमृता ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित एक समारोह में, सेवानिवृत्त प्राचार्य एस.एन. चान्देकर ने छात्रा को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अमृता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाती हैं। इस सम्मान समारोह में संस्था के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे, जिन्होंने अमृता की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन।

# जूडो की 54 वीं केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेखा ने प्राप्त किया, स्वर्ण पदक

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। 16 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक आयोजित जूडो की 54 वीं केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के नोएडा में किया गया, जिसमें कोड़ागांव जिले में पदस्थ 41 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा जूडो में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी लेखा नेताम (बंधापारा) कोण्ड़ागाव ने 52 किलो भार वर्ग में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



उप महानिरीक्षक क्षे.मु.(भुव.) संजीव रोलबा के मार्गदर्शन एवं सेनानी नरेन्द्र सिहं 41 वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के अथक प्रयास से जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी स्तर पर लगातार चलाये जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इन प्रयासों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना मिली है। पदक प्राप्त करने वाली खिलाड़ी लेखा नेताम तथा 41 वीं वाहिनी के प्रशिक्षक उदयसिंह यादव व नारायण सोरेन को संजीव रोलबा उप महानिरीक्षक क्षे.मु.(भुव.), नरेन्द्र सिंह सेनानी 41 वीं वाहिनी एवं जिला प्रशासन कोंडागांव द्वारा हार्दिक बधाई एवं भविश्य में और

# सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पशुओं को लगाए जा रहे रेडियम बेल्ट

**कोण्डागांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में सड़क मार्गों पर घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य निरंतर जारी है। यह अभियान सड़क सुरक्षा की दिशा में एक अहम पहल के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को उप संचालक, पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में डॉ.रुचिका सोनपिपरे के नेतृत्व में श्रीमती मालती नेताम (एव्हीएफओ), पशुधन विभाग की संयुक्त टीम एवं नगर पालिका के दल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर 21 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए गए तथा 12 पशुओं का टीकाकरण किया गया। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक लगभग 800 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया जा चुका है, जिनमें से वर्ष 2025 में अब तक 70 पशुओं को यह बेल्ट लगाए गए हैं। यह प्रयास सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ-साथ पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।



# उरंदाबेड़ा बालिका छात्रावास में पुलिस ने दी सुरक्षा यातायात और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी

**फरसगांव** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार, दिनांक 17 जुलाई को उरंदाबेड़ा बालिका छात्रावास में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे यातायात नियम, साइबर अपराध और व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में, उरंदाबेड़ा पुलिस टीम ने छात्राओं से संवाद किया। थाना प्रभारी रोशन कौशिक और प्रधान आरक्षक रामचंद मरकाम ने उन्हें समझाया कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर





ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहन चलाएं।साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए, छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही, उन्हें गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई ताकि वे किसी भी तरह के शारीरिक शोषण से खुद को बचा सकें। पुलिस ने छात्राओं को यह भी निर्देश दिया कि यदि छात्रावास में किसी भी असमाजिक तत्व द्वारा परेशान किया जाता है, तो तुरंत उरंदाबेड़ा पुलिस को सूचित करें।

पुलिस टीम ने पढ़ाई और भविष्य को लेकर भी महत्वपूर्ण सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से 8 घंटे पढ़ाई करने, समय पर खेलकूद और सामान्य ज्ञान पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें बताया गया कि वे UPSC, PSC और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करके अपने भविष्य को उज्जवल बना सकती हैं। इस दौरान, छात्रावास अधीक्षिका सुश्री निधि साहू ने भी छात्राओं को अपने माता-पिता, गुरुजनों और अधीक्षिका की बात मानने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित बच्चों को चॉकलेट और बिस्किट वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी दिखाई

# मूल शाला में नहीं लौटने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

## शिक्षक संघ के संभागीय प्रतिनिधि मंडल ने जेडी से की भेंट

- **संलग्नीकरण पर जतायी नाराजगी**
- **शिक्षकों को अधीक्षक बनाए जाने पर भी विरोध**

**दंतेवाड़ा**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर के नेतृत्व में बस्तर संभाग के नव पदस्थ संयुक्त संचालक राकेश कुमार पांडे से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें बस्तर आगमन पर बधाई दी और विभिन्न शिक्षकीय, प्रशासकीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

संयुक्त संचालक श्री पांडे ने इस दौरान बताया कि वे



आगामी 15 अगस्त तक संभाग में रिक्त माध्यमिक प्रधान पाठकों के पद पर पदोन्नति दे देंगे। उसके बाद उच्च श्रेणी शिक्षकों के पद भी पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी। संलग्नीकरण पर ध्यान आकृष्ट कराए जाने पर उन्होंने शासन के निर्देश के बाद भी मूल शाला में नहीं लौटने वाले शिक्षकों पर तो वे कार्यवाही करेंगे ही बल्कि उनको प्रश्रय देने वाले अधिकारियों पर भी कार्यवाही करने की बात प्रमुखता से कही। पूरे संभाग में विभिन्न कार्यालयों में संलग्न चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भी जानकारी ली जा रही है, उन्हें भी शाला में वापस किया जाएगा। युक्तियुक्तकरण पर उनकी तीखी नजर है वे इसे सुलझाना चाहेंगे। छात्रावास अधीक्षक के रूप अन्य विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति पर उन्होंने सख्त रुख दिखाया और एक डीईटो से तत्काल रिपोर्ट तलब की। शिक्षक संघ ने उन्हें सकारात्मक और सक्रिय सहयोग का वादा किया। साथ ही उम्मीद भी जाहिर की कि उनकी पदस्थापना से शिक्षकों का मान सम्मान और स्वाभिमान अक्षुण्ण रहेगा। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, संभाग अध्यक्ष कृष्णदत्त राय, संभाग सचिव डमरूधर पांडे, कांकेर जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर, सुकमा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र भदौरिया, बस्तर जिलाध्यक्ष हरीश पाठक, जिला सचिव देवदास कश्यप, कोंडागांव जिलाध्यक्ष निर्मल शार्दूल, नारायणपुर कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमर सिंह नाग सहित संभाग

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

रमेश ने शौक-शौक में व्रत रख लिया।
रमेश ( पत्नी से )- देखो सूरज डूब चुका है, अब खाना खाते है।
पत्नी ( रमेश से )- नहीं जी।
रमेश- देखो डूबा या नहीं
पत्नी- नहीं जी।
रमेश- लगता है ये मुझे साथ लेकर ही डूबेगा।

# 22 को प्रदेश की सभी प्रमुख सड़कों को बंद करने का फैसला, कांग्रेस ने किया आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान

**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने बड़ा ऐलान करते हुए 22 जुलाई को प्रदेश की सभी प्रमुख सड़कों को बंद करने का फैसला किया है। यह फैसला ईडी के छापे को लेकर भाजपा पर हमला बोलते हुए किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने शनिवार को संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता को झूठे वादे कर सत्ता में आई, लेकिन सत्ता में आने के बाद वादे पूरे नहीं हुए।

दीपक बैज ने कहा कि रिमोट कंट्रोल सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। मंत्रियों और सांसदों के काफिले रोके जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में कांग्रेस आर्थिक नाकेबंदी करेगी। खनिज संसाधनों को बचाने के लिए आर्थिक नाकेबंदी होगी। प्रमुख सड़कों को बंद करने का फैसला भी लिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले की प्रमुख मार्गों पर आर्थिक नाकेबंदी, चक्काजाम दोपहर 12 से 2 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान एम्बुलेंस व स्कूल बसों को मुख्त रखा जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस की शनिवार को बड़ी बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई। इसी बैठक में सरकार, उद्योगपति और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ कांग्रेस ने 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी करते हुए चक्काजाम करने का फैसला लिया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि पेड़ कटाई को लेकर नेता प्रतिपक्ष के द्वारा विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया गया था। इससे ध्यान भटकाने के लिए सुबह छह बजे रेड पड़ी।पिछली बार भी रेड मारी गई थी, लेकिन इस बार मैं विधानसभा पहुंचने में सफल रहा। बघेल ने बताया कि विधानसभा में मुझे सूचना आई की मेरे बेटे को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। दस मार्च के बाद कल सीधे गिरफ्तारी कर ली गई।इस बीच कोई नोटिस नहीं दिया गया।ईडी की इस अवैधानिक कार्रवाई का सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सोची-समझी रणनीति है। चाहे देवेंद्र यादव हों, सतनामी समाज के नेता हों, उन्हें एक केस में फंसाया। आदिवासी की आवाज खत्म हो इसलिए कवासी लखमा को जेल में डाला। मेरा बेटा जो राजनीति में भी नहीं उसे भी टारगेट किया है। उन्होंने कहा कि पेड़ कटाई का विरोध कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने किया। कांग्रेस के नेताओं पर चुन-चुन कर कार्रवाई कर रहे हैं।दूसरी तरफ अदानी को छत्तीसगढ़ सौंप देना चाहते हैं।




चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी का विरोध

**जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है भाजपा सरकार: बैज**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है।बस्तर से लेकर सरगुजा तक जल, जंगल, जमीन लूट रही है।छत्तीसगढ़ में लॉ एंड ऑर्डर खत्म हो चुका है। सभी मुद्दों पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी सरकार के खिलाफ मज़बूती से लड़ रही है।जनता के बीच सरकार की नाकामी स्थापित करने में हम सफल रहे हैं। बैज ने कहा कि एक जग, एक चप्पल और एक टीवी की कीमत क्या है, ये पूरी जनता ने देख लिया। पूर्व सीएम को महादेव सट्टा एप के नाम से बदनाम किया। क्या महादेव एप बंद हुआ? क्या अब तक सौरभ और रवि को सरकार ने गिरफ्तार किया? नया एप शुरू हो चुका है। दीपक बैज ने कहा कि हम नहीं डरेंगे।

## अभी तो न जाने और कितने लोगों का नंबर लगेगा : साय



ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस के 22 जुलाई को प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो जनता के लिए परेशानी खड़ा करती ही है।5 साल सरकार चलाए तो जनता को धोखा दिए पांच सालों में अनेक घोटाले हुए इसलिए जेल जा रहे हैं।अभी तो जांच जारी है, न जाने और कितने लोगों का नंबर लगेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ईडी केंद्रीय एजेंसी है, देश की प्रतिष्ठित संस्थान है। ईडी ने सोच समझकर ही कोई कार्रवाई की है।कांग्रेस के लोग जो करना है, उसके लिए स्वतंत्र हैं।

# शराब घोटाले में 28 अफ़्सरों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)।3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए 28 आबकारी अधिकारियों की अग्रिम जमानत आवेदन को विशेष न्यायाधीश ने खारिज कर दिया। सभी ने स्वयं को निर्दोष बताते हुए सेवाकाल के दौरान अपराध जैसा किसी भी तरह का काम नहीं करने बीमारी का हवाला देते हुए पूछताछ के लिए बुलवाए जाने पर सहयोग करना बताया। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया घोटाले में संलिप्तता के प्रमाण मिले हैं।



जमानत दिए जाने पर जांच प्रभावित होने की संभावना जताई गई। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया।

ये है वे अधिकारी . प्रमोद नेताम, नीतू नोतानी, एलएस ध्रुव इकबाल अहमद खान जनार्दन सिंह कौरव अरविंद कुमार पाटले दिनकर वासनिक नोहर ठाकुर नवीन प्रताप तोमर विकास गोस्वामी रामकृष्ण मिश्रा मंजूश्री कसेर विजय सेन अनिमेश नेताम मोहित जायसवाल गंभीर सिंह नुरूटी नीतिन खंडुजा अश्वनी कुमार अंनत अंनत कुमार सिंह सोनल नेताम गरीब पाल सिंह सौरभ बक्शी जेठूराम मंडावी देवलाल वैद्य प्रकाश पाल अलेख कुमार सिदार आशीष कोसम राजेश जायसवाल के नाम शामिल है।

**सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा**

# स्काई वॉक फिजूलखर्ची, बिजली के साथ अन्य सरकारी विभागों की खोली पोल

**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक याने कैग की रिपोर्ट पेश की है।जिसमें कई विभागों की पोल खुल गई है। राजधानी रायपुर में एक बार फिर से निर्माण शुरू किए जाने की वजह से चर्चा में आए स्काई वॉक को फिजूलखर्ची बताया है, बल्कि बिजली विभाग सहित अन्य विभागों की खामियों को उजागर किया है।

नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में बताया गया कि स्काई वॉक के निर्माण की परियोजना को छत्तीसगढ़ शासन ने जल्दबाजी में शुरू किया था। परियोजना के लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किए बिना निर्माण के लिए टेंडर बुलाया गया था।

यही नहीं कंसल्टेंट द्वारा टेंडर के पहले चरण का काम पूरे किए बिना ही कार्यादेश जारी कर दिया गया था।इससे काम पूरा होने में बाधा उत्पन्न हुई. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्काई वॉक के ड्राइंग डिजाइन में किए गए संशोधन में परियोजना की लागत बढ़ा दी। इससे इसके पूरा होने में और देरी हुई। जिसके कारण यह योजना अधूरी रह गई।

**विद्युत विभाग को मिला कम राजस्व**

इसके अलावा रिपोर्ट में विद्युत विभाग से जुड़े कामों में सरकार को हुए बड़े नुकसान का जिक्र किया गया है।रिपोर्ट में राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में उपभोक्ता बिलिंग और संग्रहण दक्षता पर अनुपालन लेखापरीक्षा की।इसमें कहा गया है कि वर्ष 2017-18 से 2021-22 के दौरान उपभोक्ताओं को ऊर्जा वितरण के दौरान 9283.38 करोड़ के एमयू (मिलियन यूनिट) नष्ट हो गए। इससे कंपनी को 2157.15 करोड़ का राजस्व कम मिला।



**खराब मीटर बदलने में देरी का खामियाजा**

वहीं अन्य कारणों के साथ खराब मीटरों को बदलने में हुई देरी से 1353.60 करोड़ के एमयू का नुकसान हुआ। 2.65 करोड़ की कम बिलिंग कर उपभोक्ताओं को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

सब्सिडी की प्रतिपूर्ति नहीं करने से कंपनी को 2163.43 करोड़ का भार उठाना पड़ा. इसके अलावा कंपनी को 15.74 करोड़ का भी नुकसान उठाना पड़ा है। 31 मार्च 2022 की स्थिति में 301.83 करोड़ की राशि का समाधान नहीं हो सका है।

**65 फीसदी युवाओं को ही दे सका प्रशिक्षण**

रिपोर्ट के मुताबिक, शासन ने वर्ष 2022 तक 1.25 करोड़ कार्यशील आबादी को प्रमाणित कुशल तकनीशियन के रूप में प्रशिक्षित करने के लक्ष्य रखा है।जबकि छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण ने पूरे राज्य में वर्ष 2014-23 के दौरान 7,27,039 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा था. इस लक्ष्य के विपरीत 4,70,302 प्रशिक्षुओं (65 प्रतिशत) को ही प्रमाणित कर सका।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत, 17,504 के लक्ष्य के विपरीत केवल 8.481 (48 प्रतिशत) युवा सफलतापूर्वक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और परीक्षा में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं में से 3,312 (39 प्रतिशत) को नियोजित नहीं किया जा सका।9 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इन प्रमाणपत्रों को मान्यता नहीं देने से प्रशिक्षु प्रभावित हुए तथा रोजगार और आजीविका प्राप्त करने का उद्देश्य पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सका।

वर्ष 2019-20 से 2021-22 के दौरान मरम्मत एवं रखरखाव, सामग्री आपूर्ति और औजार एवं उपकरण शीर्ष के अंतर्गत 1,358.53 लाख की निधियों का उपयोग जिला कलेक्टर द्वारा नहीं किया गया था, और प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में बजट नियंत्रण अधिकारी के माध्यम से शासन को समर्पण कर दिया गया था।

**अरपा भैंसाझार परियोजना को लेकर भी की टिप्पणी**

सीएजी ने अरपा भैंसाझार परियोजना को लेकर भी टिप्पणी की है। इसके मुताबिक परियोजना में वन पर्यावरण मंजूरी और अंतरराज्यीय मंजूरी तथा केंद्रीय जल आयोग से डीपीआर की मंजूरी के बगैर ही इसका काम शुरू कर दिया गया था।जिसके कारण काम के दायरे और परियोजना के लागत में बदलाव हुआ।

# नहीं सुधर रहे लोग, जान जोखिम में डालकर पार कर रहे पटरी

**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर में रेलवे स्टेशन रायपुर पर कार्रवाई के बाद भी यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर पटरी पार कर रहे हैं। रेलवे पटरी पार करना दंडनीय अपराध है। रायपुर में रेलवे स्टेशन रायपुर पर कार्रवाई के बाद भी यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर पटरी पार कर रहे हैं। यात्री एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए फुट ओवरब्रिज का उपयोग करने की बजाय पटरी को पार करना उचित समझ रहे हैं।

रेलवे पटरी पार करना दंडनीय अपराध है। इसके लिए आरपीएफद्वारा पकड़ कर न्यायालय में पेश किया जाता है। यहां 500 रुपए का जुर्माना या जेल भी भेजा जा सकता है। इसके बाद भी यात्री परिवार के साथ भी बिना डर के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

**500 रुपए जुर्माने या जेल का भी है प्रावधान**

रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 200 ट्रेंने अप.डाउन की निकलती हैं। इसके अलावा मालगाड़ियां का दबाव भी ज्यादा रहता है। रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर आने.जाने के लिए पैदल पुल बनाए गए हैं। इसके बाद भी कई यात्री इनका उपयोग करने के बजाए पटरी पार करना ही उचित समझ रहे हैं। कई तो परिवार के साथ भी पटरी पार करने से नहीं हिचक रहे हैं। वहीं ट्रेनों और स्टेशनों पर सामान बेचने वाले वेंडर्स भी पटरी पार करते हैं।



■ 6 माह में 800 लोगों पर हुई कार्रवाई

**बिना डर के नियमों का कर रहे हैं उल्लंघन**

विगत छह माह में आरपीएफने पटरी पार करने वाले 800 यात्रियों पर कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। इसके साथ ही आरपीएफद्वारा लगातार यात्रियों का समझाइश भी दी जा रही है। यात्रियों को जागरूक करने के लिए रेलवे द्वारा स्टेशन पर पोस्टर भी लगाए गए हैं। इसके बाद भी कई यात्री बिना हिचक पटरी पार कर लेते हैं। एक प्लेटफार्म से दूसरे में जाने के लिए सुविधा स्टेशन के प्लेटफॉर्म.1 से दूसरे प्लेटफार्म जाने के लिए 4 फुट ओवर ब्रिज भी बनाए गए हैं। इसके बावजूद हर दिन यात्री अपनी जान को जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पार करते हैं। प्लेटफार्म.1 के दुर्ग छोर की ओर से यात्री प्लेटफार्म.2 पर जाने के लिए पटरी पार करते हैं। इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग यात्री तक शामिल हैं।

# पैसों के लिए फिजिकल ज्यादा हो रहे डिजिटल क्राइम

**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर में अब क्राइम करने के तरीके बदल गए हैं। पैसों के लिए फिजिकल क्राइम से ज्यादा अब डिजिटल क्राइम हो रहे हैं। साल भर में जितनी चोरीए लूटए डकैती हत्याए दुष्कर्म आदि जैसी घटनाएं होती हैं अब लगभग उतने ही ऑनलाइन ठगीए बुलिंग हैकिंग जैसे डिजिटल क्राइम हो रहे हैं। रायपुर जिले में डिजिटल क्राइम अब फिजिकल क्राइम ;साइबर क्राइम के अलावा सभी मामले से आंकड़ों में महज एक कदम ही पीछे है। कुछ सालों में यह फिजिकल क्राइम से भी आगे निकल जाएगा। जिले में दर्ज होने वाले मामलों के आंकड़ों को देखेंए तो फिजिकल क्राइम और डिजिटल क्राइम के बीच संया में दो से ढाई हजार का अंतर ही बचा है।

जिले में वर्ष 2024 में चोरी, लूट, डकैती, हत्या, धोखाधड़ी आदि जैसे फिजिकल क्राइम के कुल 17 हजार 193 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि डिजिटल क्राइम के 14 हजार 832 केस दर्ज हुए हैं। डिजिटल क्राइम के कई मामलों में तो शिकायत दर्ज नहीं होती है। उन शिकायतों को मिला लिया जाएए तो डिजिटल क्राइम के आंकड़े और फिजिकल क्राइम के आंकड़ों में बहुत कम अंतर बच जाएगा है।

**डिजिटल क्राइम का बढ़ता खतरा**- फिजिकल क्राइम के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2024 में रायपुर जिले में चोरीए नकबजनीए लूट और डकैती में लोगों को कुल 7 करोड़ 33 लाख 79 हजार 205 रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। इसी तरह वर्ष 2024 में भी 6 करोड़ से अधिक की क्षति हुई। इसके मुकाबले जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक अर्थात महज डेढ़ साल में डिजिटल क्राइम से 47 करोड़ 57 लाख 48 हजार 695 रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इतना नुकसान ऑनलाइन ठगीए डिजिटल अरेस्टए ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे डिजिटल क्राइम से हुआ है।

**लगातार बढ़ रहा डिजिटल क्राइम**-रायपुर सहित प्रदेश भर में साल दर साल डिजिटल क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रायपुर में वर्ष 2024 में 14 हजार 832 केस दर्ज हुए हैं। इससे पहले 2023 में करीब 12 हजार मामले सामने आए थे। वर्ष 2022 में 4097 प्रकरण ही सामने आए थे। इस तरह हर साल डिजिटल क्राइम के मामले बढ़ रह रहे हैं। रायपुर एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा की साइबर क्राइम को लेकर जागरूक होने की जरूरत हैं। शेयर ट्रेडिंग डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले सही जानकारी के अभाव में हो रहे हैं। सोशल मीडिया में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई भ्रामक जानकारियां रहती हैं। इसके झांसे में नहीं आना चाहिए। जागरूकता ही साइबर क्राइम से बचा सकती है। पुलिस सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जागरूक भी कर रही है।

# प्रदेश के सिंचाई जलाशयों में 50 फीसदी जलभराव

## खारंग डेम और खपरी बांध लबालब, मनियारी, झुमका और छिरपानी में 90 फीसदी से अधिक पानी



**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य के प्रमुख सिंचाई जलाशयों में अब तक 49.78 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग डेम और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, मनियारी जलाशय 90 प्रतिशत से अधिक, जबकि छरपानी जलाशय में 91 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

जल संसाधन विभाग की ओर से 19 जुलाई को जारी टैंक गेज रिपोर्ट के अनुसार मिनीमाता बांगो डेम (कोरबा) में अब तक 52.78 प्रतिशत जलभराव हुआ है। रविशंकर जलाशय (धमतरी) में 53.26 प्रतिशत, तांदुला डेम (बालोद) में 29.29 प्रतिशत, दुधावा डेम में 21.87 प्रतिशत, सिकासार डेम में 45.21 प्रतिशत, सोंढूर में 23 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली डेम में 21.57 प्रतिशत, कोडार डेम में 38.11 प्रतिशत, केलो डेम में 30.96 प्रतिशत जलभराव हुआ है। राज्य के 12 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शामिल खारंग डेम (बिलासपुर) में 100 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है, जो सर्वाधिक भराव वाले जलाशयों में शामिल है। मनियारी डेम (मुंगेली) में जल स्तर 93.17 प्रतिशत तक पहुंच गया है। छोटे जलाशयों जैसे झुमका डेम (कोरिया) और छिरपानी (कबीरधाम) में क्रमश: 98.84 प्रतिशत और 91.14 प्रतिशत जलभराव हो चुका है।

इसी तरह अरपा भैंसाझार (बिलासपुर) और मायना (कांकेर) जैसे जलाशयों में 30 प्रतिशत से भी कम, गोंदली डेम (बालोद) में 30.24 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 42.57 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 22.15 प्रतिशत, परलकोट डेम में 36.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 69.38 प्रतिशत, पिपरिया नाला डेम में 77.64 प्रतिशत, बलार डेम में 23.04 प्रतिशत, सुतियापात जलाशय में 67.74 प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 62.62 प्रतिशत, मरोदा जलाशय में 38.62 प्रतिशत, सरोदा दादर में 41.03 प्रतिशत, घोंघा जलाशय में 82.84 प्रतिशत, मटियामोती जलाशय में 28.51 प्रतिशत, झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, खमारपकुट डेम में 86.11 प्रतिशत, कर्रानाला बैराज में 72.64 प्रतिशत, किंकारी नाला में 80.31 प्रतिशत, सुखा नाला बैराज 72.95 प्रतिशत, कुम्हारी डेम रायपुर में 40.44 प्रतिशत, धारा जलाशय राजनांदगांव में 46.44 प्रतिशत तथा रूसे डेम में 54.47 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

राज्य के कई जलाशयों से नहरों और स्लूइस के माध्यम से जल निकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है।

# तहसीलदार संघ ने राजस्व मंत्री को 17 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**रायपुर**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। तहसीलदार संघ ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर मांगों के संबंध में चर्चा की।राजस्व मंत्री ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। संघ की मांग में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी घोषित करने और शासकीय मोबाइल प्रदान करने जैसे कई प्रमुख मांगें शामिल हैं।

17 सूत्रीय मांगों में **सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना**-सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, नायब नाज़िर, माल जमादार, भृत्य, वाहन चालक, आदेशिका वाहक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। यदि संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए।

**तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति प्रक्रिया**-सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50:50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

**नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग**- इस आशय की पूर्व घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

**ग्रेड पे में शीघ्र सुधार**- तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए।

**शासकीय वाहन की उपलब्धता**-सभी तहसीलों में कार्यवाही, प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी हेतु शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था हो या वाहन भत्ता प्रदान किया जाए। तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल किया जाए। न्यायालयीन मामलों को जनशिकायत/जनशिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए। न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं की जाए।

**कोर्ट में उपस्थिति व्यवस्था**-न्यायालयीन कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रोटोकॉल ड्यूटी से पृथक व्यवस्था की जाए।

**लैबोरेटरी भुगतान एवं ऑफर**-आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया जाए।स्वामित्व योजना, भू-अभिलेख जैसे तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर नियुक्त करने,तहसीलदारों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए एस एला को पुन: भू-अभिलेखीय कार्यों हेतु बहाल किया जाए। व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता, टी आई की भांति पदेन शासकीय मोबाइल नंबर और डिवाइस प्रदान किया जाए। राजस्व न्यायालयों की सुरक्षा हेतु प्रत्येक तहसील में सुरक्षा कर्मी की तैनाती एवं फील्ड भ्रमण हेतु वाहन उपलब्ध कराया। सड़क दुर्घटना में तहसीलदारों के माध्यम से आर्थिक सहायता राशि 25000 तत्काल मौके पर देने के सम्बन्ध में गाइड लाइन्स स्पष्ट जारी हो। शासन के समक्ष मांगें प्रस्तुत करने व समाधान के लिए वार्ता एवं पत्राचार में संघ को की मान्यता दी जाए।

**विशेषज्ञ कमिटी का गठन**- प्रदेश में राजस्व न्यायालय के संदर्भ में सलाह व अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय सुदृढ़ीकरण तहत विशेषज्ञ कमिटी/परिषद का गठन किया जाए।

# 57 हजार शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर डीएड.बीएड डिग्रीधारी करेंगे प्रदर्शन

## छपवाया अनोखा वैवाहिक आमंत्रण पत्र

रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 57,000 शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर बेरोजगार युवा अनोखा प्रदर्शन करने जा रहे हैं,एक अनोखा और व्यंग्यात्मक नाटक रचा जा रहा है जिसका मंचन सभी डीएड.बीएड डिग्रीधारी मिलकर करेंगे यह न कोई साधारण प्रदर्शन रहेगा न ही कोई सड़क नाटक बल्कि यह 57,000 शिक्षक भर्ती के विवाह का भव्य आयोजन है जिसमें छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवा अपनी मांगों को वैवाहिक परंपराओं के रंग में रंगकर सरकार और समाज का ध्यान खींच रहे हैं

**निमंत्रण पत्र की कहानी**

रायपुर की गलियों और सोशल मीडिया में एक अनोखा निमंत्रण पत्र बंट रहा है जिसे पढ़कर लोग हंसते भी हैं और सोच में पड़ जाते हैं

**निमंत्रण पत्र में लिखा है**

विवाह का शुभ निमंत्रण सुपुत्र. श्री गरीब मध्यम परिवार सुपुत्री. श्रीमती डीएड एवं बीएड कॉलेज सुपौत्र. घर परिवार समाज और राज्य का भविष्य

पता. भारत का 26वां राज्य छत्तीसगढ़

सौं का 57ए000 शिक्षक भर्ती

सुपुत्र. श्री छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार

सुपुत्री.श्रीमती विधानसभा घोषणा पत्र

सुपौत्र.माननीय प्रधानमंत्री

पता.प्रदेश भाजपा कार्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़

**वैवाहिक रस्में और व्यंग्य**

इस अनोखे प्रदर्शन में शिक्षक भर्ती की मांग को वैवाहिक रस्मों के रूप में पेश किया गया है, जिसमें हर रस्म एक तीखा व्यंग्य है

माटीपूजा चुलमाटी

यह रस्म 57,000 शिक्षक भर्ती के वादे को दर्शाती है, जिसे 2025 तक पूरा होने का दावा किया गया था, लेकिन बेरोजगार युवा कहते हैं कि दो साल होने वाला है माटीपूजा तो हुई पर चूल्हा अभी तक ठंडा है

देव पूजा देवतला

33,000 शिक्षक भर्ती का वादा 2024 तक पूरा होने का था लेकिन युवा तंज कसते हैं




देवतला में पूजा तो हो रही ह पर भर्ती के भगवान कब दर्शन देंगे

**चिकट हरदाही**

यह रस्म सरकार की जुमलेबाजी को उजागर करती है चार इंजन वाली सरकार ने चरणबद्ध तरीके से 2028 तक भर्ती का सपना दिखाया लेकिन युवा कहते हैं कि हरदाही की मिठास तो बस जुबान पर है हकीकत में कड़वाहट ही बची है

**पाणिग्रहण और टिकावन**

भर्ती की प्रक्रिया को भाजपा सरकार की नियत और वित्त मंत्री की अनुमति पर टिका हुआ बताया गया है बेरोजगार युवा व्यंग्य करते है पाणिग्रहण की बात तो छोड़िए टिकावन का टिकट भी नहीं मिल रहा

**बारात प्रस्थान**

बारात समस्त डीएड.बीएड डिग्रीधारियों के घर से शुरू होकर प्रदेश भाजपा कार्यालय तक जाएगी, युवा कहते हैं हम बाराती बनकर जा रहे हैं पर दूल्हा भर्ती कब आएगा ये तो सरकार ही जाने

### प्रदर्शन का अनोखा अंदाज

वैवाहिक परंपराओं के प्रतीकात्मक प्रदर्शन के साथ प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने सरकार की उदासीनता पर तंज कसा है निमंत्रण पत्र बांटे गए है जिसमें दर्शनाभिलाषी के रूप में समस्त प्रादेशिक और राष्ट्रीय मीडिया को आमंत्रित किया गया है यह प्रदर्शन न केवल सरकार के वादों की याद दिलाता है बल्कि छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं की निराशा और आक्रोश को भी दर्शाता है

### व्यंग्य में छिपा दर्द

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित शिक्षक संघ के बैनर तले यह अनोखा प्रदर्शन एक तीखा व्यंग्य है जो सरकार के 57,000 और 33,000 शिक्षक भर्ती के वादों को उजागर करता है युवा कहते हैं हमने डीएड और बीएड की डिग्री ली शिक्षक पात्रता परीक्षा पास किया लेकिन नौकरी का सपना अब भी अधूरा है युवा हेमंत कुमार साहू ने कहा हमारी बारात तैयार है लेकिन दूल्हा भर्ती गायब है सरकार ने वादा किया था लेकिन अब लगता है कि यह एक और जुमला है एक के बाद एक घोषणा जरूर किया गया है उसमें अमल नहीं हुआ है

### राजनीतिक नजरिया

पूर्व शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेम साय सिंह टेकाम ने इसके लिए जिम्मेदार प्रदेश सरकार को बताते हुए कहा प्रदेश के बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी को गारंटी का गारंटी बताया गया भर्ती का वादा किया गया विधानसभा में घोषणा की गई लेकिन भर्ती का कोई पता नहीं है वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने कहा अभ्यर्थियों को साय सरकार पर भरोसा रखना चाहिए जिस तरीके से मोदी की गारंटियों को एक एक करके पूरी की जा रही ह शिक्षक भर्ती का वादा उसी तरीके से जल्द पूरा किया जाएगा अभ्यर्थियों को किसी भी आंदोलन का मजाक नहीं बनाना चाहिए इंतजार करेंए भरोसा रखें

### समापन.एक उम्मीद की किरण

यह अनोखा प्रदर्शन न केवल सरकार पर दबाव बनाने का एक रचनात्मक तरीका है बल्कि समाज को यह भी बताता है कि बेरोजगारी का दर्द कितना गहरा है छत्तीसगढ़ के युवा अब चुप नहीं बैठेंगे वे अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर हैं और यह विवाह तब तक अधूरा रहेगा जब तक 57,000 शिक्षक भर्ती का वादा पूरा नहीं होता ।

## पहले कार से भिड़ी फिर हाईवा से टकराकर पलटी बस



रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। महासमुंद जिले के सरायपाली से रायपुर की ओर आ रही शाही ट्रैवेल्स की यात्री बस हाईवा से टक्कर के बाद जोरा ब्रिज पर पलट गई। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। हादसे में 2.3 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैंए जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना दोपहर लगभग 2 बजकर 40 मिनट पर हुई जब रायपुर की ओर आ रही यात्री बस पहले कार को टक्कर मारी। इसके बाद बस की सामने से आ रहे एक हाईवा से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसआईटी ट्रैफिक अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि बस सरायपाली से दोपहर 12.30 बजे रवाना हुई थी और रायपुर लौट रही थीए तभी हादसा हुआ। घायलों को फौरन नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। वहीं दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ट्रैफिक को दोनों ओर से डायवर्ट कर यातायात को सुचारू रूप से शुरू किया। पुलिस ने हादसे की जांच

**सरायपाली से रायपुर आते वक्त जोरा ब्रिज पर हुआ हादसाए 3 यात्री गंभीर घायल**

# भगवान राम ने शबरी को दिया नौ प्रकार भक्ति का उपदेश: शंभू शरण

- दूसरों का भला करना धर्म का काम है: लाटा
- राक्षसों का संघार और ऋषियों को तारने हुआ था भगवान का जन्म..... संत श्री लाटा
- भगवान से कुछ मांगना हो तो भक्ति मांगो: संत लाटा

रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। भगवान राम जब जंगल में आगे प्रस्थान कर रहे थे तो जगह-जगह हड्डियों का ढेर देखते थे भगवान राम के मन में आया और उन्होंने ऋषि मुनियों से सवाल किया की हड्डियों का ढेर किनका है तब ऋषि मुनियों ने भगवान राम को बताया कि जब ऋषि मुनी गण भगवान की पूजन अर्चन और तपस्या करते थे तो राक्षस आकर ऋषि मुनियों को चबाकर खा जाते थे और उनके हड्डी को यही फेंक देते थे उन्ही ऋषि मुनि और महात्माओं की हड्डी पड़ी हुई है इसके बाद भगवान राम ने ऋषि मुनियों पर हुए अत्याचार करने वाले राक्षसों का संघार करते करने और धरती को रक्षा विहीन करने का संकल्प भी दिया। समता कालोनी स्थित मैक कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित श्री राम कथा में अंतर्राष्ट्रीय संत शंभू शरण लाटा जी ने भक्तों को कथा का रसपान कराया।



**भगवान से वस्तु नहीं भक्ति मांगना चाहिए...**

संत श्री ने आगे भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि भगवान से कुछ वास्तु ना मांगे बल्कि भगवान को मांगे जैसे हनुमान जी ने भगवान से भक्ति मांगा नारद जी ने भी भगवान से भक्ति मांगा मनु और शतरूपा जो मनुष्य के पूर्वज है उन्होंने भी भगवान से भक्ति मांगी इसलिए हमें भगवान से कोई चीज और कोई वस्तु नहीं बल्कि उनकी भक्ति मांगनी चाहिए। हमारी भक्ति देख कर भगवान प्रसन्न होकर जितने की हमें जरूरत है उससे ज्यादा ही देंगे।

**भक्ति में चमत्कार नहीं विश्वास होना चाहिए...**

महाराज श्री ने आगे बताया कि जब भगवान की सच्ची भक्ति भक्तों में होती है तो मन पुलकित और आनंदित हो जाता है और ऐसा केवल भगवान का सच्चा भक्त ही कर सकता हैं और भगवान को पा सकता हैं । भक्ति में दिखावा नहीं होनी चाहिए भक्ति में काम की भावना नहीं होनी चाहिए भक्ति स्वार्थ सिद्धि की पूर्ति के लिए नहीं बल्कि भक्ति निष्काम होनी चाहिए निश्चल होनी चाहिए। निश्चित ही ऐसे कई भक्तो ने भगवान की निष्काम भक्ति की है जिसमें स्वयं भक्त प्रहलाद, संत शिरोमणि सुकदेव जी महाराज जी शामिल है ऐसे और भी बहुत से भक्त हैं जिन्होंने बिना किसी इच्छा के भगवान की भक्ति की और भगवान की भक्ति से उन्हें स्वयं भगवान मिल गए।

**संतों की जहा सेवा चलती है वही चारों धाम आ जाते हैं.....**

श्री राम कथा में संत श्री ने भगवान राम और माता शबरी के प्रेम और भक्ति की कथा सुनाते हुए कहा कि शबरी को उनके गुरु मतंग ऋषि ने भगवान राम का मंत्र दिया था जिसका वह नित्य जाप करते भगवान की आने की प्रतीक्षा कर रही थी और निश्चित ही गुरु के मंत्र और आशीर्वाद से भगवान राम शबरी के आश्रम पहुंचे वहां उनका दर्शन दिए और उनके हाथों से कंदमूल और बेर को खुद भगवान ने खाया और उनके कंदमूल और बेर की भगवान ने बहुत तारीफ की। वहीं पर भगवान श्री राम ने शबरी को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। भगवान ने कहां शबरी मै जाति-पाति उच नीच भेदभाव को नहीं मानता हूं मैं केवल भक्तों की भक्ति को मानता हूं। इस तरह महाराज श्री ने नवधा भक्ति भगवान की नौ प्रकार की भक्ति के बारे में शबरी को उपदेश दिए। श्री राम कथा प्रचार समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी कर्तव्य अग्रवाल और अरुण अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम कथा का आज रविवार को अंतिम दिवस होगा अंतिम दिवस अंतर्राष्ट्रीय संत श्री शंभू चरण लाटा जी के श्री मुख से भक्तों को भगवान राम की कथा का रसपान करने का मौका मिलेगा इसके साथ ही 21 जुलाई को नानी बाई का मायरा महाराज श्री के श्री मुख से सुनने को मिलेगा नानी बाई का मायरा मुख्य रूप से भगवान श्री कृष्णा और उनके एक भक्त की भक्ति की ऊपर महाराज जी के द्वारा कथा की जानकारी भक्तों को कराई जाएगी। 22 जुलाई से 23 जुलाई तक बाबा रामदेव का जम्मा संत श्री शंभू शरण लाटा जी सुनायेंगे। कथा में आज प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने संत श्री शंभू शरण लाटा जी का सम्मान करते हुए कथा का रसपान किया इसके साथ ही कथा मे ईश्वर अग्रवाल अरुण अग्रवाल रमेश अग्रवाल नवल अग्रवाल सौरभ अग्रवाल संदीप अग्रवाल अशोक अग्रवाल सुनील अग्रवाल और पवन अग्रवाल श्री राम कथा का रसपान करने कथा स्थल पर मौजूद रहे।

## परमात्मा और गुरु की आज्ञा में चलना ही धर्म है : मनीष सागर

रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। टैगोर नगर पटवा भवन में शनिवार को धर्मसभा में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा आज्ञा का पालन करना ही सच्चा धर्म है और इस सिद्धांत के अनुसार हमें हमेशा परमात्मा और गुरु की आज्ञा का आदर करना चाहिए। यह न केवल हमारे आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। एक बार भी यदि आपके मन में कुछ गलत करने का भाव आ जाता है तो परमात्मा और गुरु के समक्ष अपनी बात रखने से यदि गलत भी करने जाओगे तो थम जाओगे। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि देव गुरु द्वारा प्रदर्शित मार्गदर्शन में गहराई और ज्ञान होता है, जो हमें नैतिकता, संयम और आत्म- नियंत्रण की ओर अग्रसर करता है। जब हम उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हैं, तो हम न केवल अपने जीवन को एक सकारात्मक दिशा में ले जाते हैं, बल्कि अपने भीतर की आत्मा की शुद्धता को भी बढ़ाते हैं। इस प्रकार आज्ञा में चलना न केवल एक धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि यह हमारे जीवन को उद्देश्य प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण साधन भी है।



उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हमें भोगों की असारता समझना है। हम भोगों के रहस्य को समझ नहीं पाते, एक भोग छोड़ते हैं और दूसरे भोग को पकड़ लेते हैं। भोग केवल क्षणिक संतोष प्रदान करते हैं और अंततः हमें असंतोष की ओर ले जाते हैं। हम अक्सर भोगों के गहरे रहस्यों को नहीं समझ पाते। इस चक्र में फंसकर हम सच्चे सुख और संतोष की खोज में भटकते रहते हैं। हम भोगों के असारता को समझकर वास्तविक विकास की ओर अग्रसर हो सकें ऐसा प्रयास करना चाहिए। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कोई भी अच्छा काम करने के लिए साहस और सहनशीलता चाहिए। साहस होगा तभी आगे बढ़ पाओगे एवं साहस के साथ सहनशीलता ही आपको आगे बढ़ाती है। सहनशील व्यक्ति ही आगे बढ़ता है। जो सहनशील नहीं है वह पीछे रह जाता है। कई बार व्यक्ति साहस करता है लेकिन सहनशीलता नहीं होती है तो वह आगे बढ़ नहीं पाता है।

## पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर लौटी नमी राय पारेख का कैट ने किया सम्मान

- मैं बहू होकर गोल्ड मेडल लाई हूं, तो बेटियां कर सकती हैं और भी बेहतर- नमी राय




रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। जापान से गोल्ड मेडल जीतकर लौटी छत्तीसगढ़ की बेटी और पावरलिफ्टिंग में तेजी से उभरती खिलाड़ी नमी राय पारेख का आज कैट कार्यालय में सम्मान किया गया । नमी राय पारेख ने जापान में आयोजित एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम सीनियर वर्ग (क्लासिक पावरलिफ्टिंग, डेडलिफ्ट) में गोल्ड मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

नमी राय पारेख ने गोल्ड जीतने के बाद कार्यक्रम में नमी ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह जीत उनकी मंजिल नहीं, बल्कि एक शुरुआत है। च्मेरा लक्ष्य है कि मैं आने वाले अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी गोल्ड जीतकर देश के लिए नए रिकॉर्ड बनाऊं। यह मेरे छह सालों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। छह महीने पहले मैंने नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीता था और उसी के बाद मुझे इंटरनेशनल लेवल पर खेलने का मौका मिला। प्रेरणादायक संदेश देते हुए नमी ने प्रदेश की बेटियों से कहा मेरे परिवार ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मैं सभी माता-पिता से अपील करती हूं कि वे अपने बच्चों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें और उनका हौसला बढ़ाएं।

कार्यक्रम में कैट महिला इकाई, कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से अमर पारवानी, परमानन्द जैन, अवनीत सिंह, मधु अरोरा, अनमोल पारवानी, रेनु पारेख, , प्रीतपाल सिंह बग्गा, कान्ति पटेल, शंकर बजाज, अमर धिगांनी, मोहन वर्ल्यानी, सरगम अरोरा, प्रिया जोषी एवं तमन्ना जोशी मौजूद रहे।

## गरीब नवाज़ मस्जिद, संजय नगर रायपुर के लिए सैयद मोहम्मद अली (भोला भाई) मुतवल्ली नियुक्त

रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड, रायपुर द्वारा गरीब नवाज़ मस्जिद, संजय नगर, जिला रायपुर के मुतवल्ली पद पर सैयद मोहम्मद अली (भोला भाई) की नियुक्ति की गई है। यह निर्णय वक्फ अधिनियम 1995 के अंतर्गत गठित बोर्ड की बैठक में दिनांक 20.06.2025 को पारित प्रस्ताव के आधार पर लिया गया। बोर्ड ने उनकी नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी किया है।



श्री सैयद मोहम्मद अली की मुतवल्ली के रूप में नियुक्ति स्थायी प्रकृति की है और वे मस्जिद से संबंधित धार्मिक, सामाजिक तथा व्यवस्थापकीय कार्यों के संचालन के लिए उत्तरदायी होंगे। उनके सहयोग के लिए एक सलाहकार समिति का भी गठन किया गया है, जो विभिन्न आवश्यकताओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस निर्णय के बाद मस्जिद से जुड़े जमाती जनों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे मस्जिद के बेहतर संचालन और विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। बोर्ड द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व में गठित समिति को वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 32 की उपधारा (1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

## रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ने विप्र पब्लिक स्कूल में किया वृक्षारोपण



रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ने विप्र पब्लिक स्कूल में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान में 200 से अधिक विद्यार्थियों और 50 क्लब सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि प्रत्येक पौधे को एक कक्षा से जोड़ा गया, जिससे बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और अपनापन की भावना जागृत हो। क्लब अध्यक्ष दीपिंदर कौर ने बच्चों को वृक्षों की रक्षा की शपथ दिलाई। सचिव प्रभजीत कौर ने पौधों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। बच्चों को स्टेशनरी और चॉकलेट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण की भावनात्मक अपील को दर्शाया गया। आयोजन का संचालन रोटेरियन रुपाली बांग और सीमा अग्रवाल ने किया। ज्ञानेश शर्मा (चेयरमैन, युवा विकास संगठन) का मार्गदर्शन इस आयोजन की प्रेरणा रहा। यह कार्यक्रम एक संकल्प था ङ्क हरियाली की ओर एक सच्चे और संवेदनशील कदम का। आज पौधे लगाएं, कल की साँसें बचाएं।

## भूपेश बघेल आत्ममुग्ध होकर बयान बाजी कर रहे सरदार पटेल किसी घोटालेबाज के समर्थक नहीं रहे :रमेश सिंह ठाकुर

रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक वार पलटवार का दौर जारी है इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपने बेटे की गिरफ्तारी के संबंध में की गई बयानबाजी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया और मीडिया माध्यमों से गिरफ्तारी के संबंध में गलत बयान बाजी कर भावनाओं को जाहिर कर सहानुभूति बटोरने का कार्य कर रहे हैं वे स्वयं की तुलना महान क्रांतिकारी भारत के माटी पुत्र लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल से करने का दुस्साहस किया है ।

परन्तु भूपेश बघेल को सहित पूरी कांग्रेस पार्टी ध्यान रखे कि सरदार वल्लभ भाई अपने जीवन में कर्त्तव्यपरायणता का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया है उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विभिन्न आंदोलन किए और आंदोलनों का नेतृत्व किया उन्होंने जीवन पर्यन्त अपने उसूलों और विचारों से कतई समझौता नहीं किया स्वयं की पत्नी के देहावसान की खबर सुनकर उन्होंने अपने कर्तव्य से मुख नहीं मोड़ा अपितु पूरी जिरह की और उसके पश्चात सुनवाई समाप्त होने के बाद न्यायाधीश के पूछने पर अपनी पत्नी के स्वर्गवास की सूचना बताई यह कर्त्तव्यपरायणता और अपने कार्य के प्रति समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण है । आगे रमेश ठाकुर ने कहा कि इसके विपरीत भूपेश बघेल जब स्वयं की तुलना सरदार पटेल से करते हैं तो वह भूल जाते हैं कि उनके पुत्र किसी भी प्रकार से राज्य अथवा देश के हित में संघर्ष करते हुए रिमांड में नहीं लिए गए हैं , अपितु प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके पुत्र के खिलाफ शराब घोटाले के पुख्ता सबूत न्यायालय में प्रस्तुत किए गए जिसके आधार पर न्यायालय ने चैतन्य बघेल को पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश जारी किया उस पर पूरी कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी विधायक , पूर्व विधायक की बेशर्मी समझ से परे है एक गबन के अपराधी के समर्थन में पूरी पार्टी सड़क उतर आती है जबकि चैतन्य बघेल पार्टी के किसी पद में भी नहीं यह पूरी कांग्रेस पार्टी के वैचारिक पतन प्रमाणपत्र है ।



भूपेश बघेल आत्ममुग्ध होकर स्वयं की तुलना सरदार वल्लभ भाई से कर रहे हैं पर वो भूले रहे हैं कि वे किसी घोटालेबाज के समर्थक नहीं थे और ना ही उनके परिवार का कोई सदस्य इस तरह हजारों करोड़ की घपलेबाजी की , भूपेश बघेल ने ना सिर्फ सरदार वल्लभ भाई पटेल का अपमान किया है अपितु एक घोटाले बाजी की घटना को लौहपुरुष के जीवन में घटित घटना से स्वयं को जोड़कर अपराध किया है एवं इस अपराध के लिए भूपेश बघेल को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए ।

## मोबाइल गेम खेल रहे युवक पर गिरी बिजली, मौत



रायपुर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आसमानी बिजली का कहर देखने को मिला है छत में मोबाइल पर गेम खेल रहे युवक की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई मृतक की पहचान सन्नी कुमार बरसेनी के रूप में हुई है जो मजदूरी का काम करता था मामला खम्हाडीह थाना इलाके का है जानकारी के मुताबिक राजधानी में दोपहर को अचानक मौसम ने करवट ली इसी दौरान जमकर बारिश हुई और कुछ जगह पर बिजली गिरी सन्नी छत पर मोबाइल पर गेम खेल रहा था इस बीच आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल में तेज धमाका हुआ और युवक की मौके पर ही मौत हो गई मृतक सन्नी कुमार बरसेनी यूपी के गोरखपुर का निवासी बताया जा रहा है वह भावना नगर में निर्माणधीन मकान में मजदूरी का काम करता था

# पेट्रोल पंप के कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या

## फ्लिपकार्ट और इलास्ट्रीक रन कोरियर के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार की रात थाना मंदिर हसौद क्षेत्र के अंतर्गत दो बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारी को चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने ऑनलाईन शॉपिंग साईट फ्लिपकार्ट और इलास्ट्रीक रन कोरियर के आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। बीते दिनों एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बैठक कर मैनेजरो डिस्ट्रीब्यूटरों को घातक हथियारों की बिक्री और डिलिवरी नहीं करने के सख्त निर्देश दिये गये थे लेकिन इन्होने बात नहीं मानी और चाकू की डिलवरी कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात थाना मंदिर हसौद क्षेत्र के अंतर्गत दोबदमाशों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारी को चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने अभनपुर बस स्टेण्ड से कुनाल तिवारी ऊर्फलालू और समीर टंडन को दीनदयाल कालोनी गातापार से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी कुनाल तिवारी ने बताया कि उसने फ्लिप कार्ड ऑनलाईन शॉपिंग साईट के माध्यम से ऑनलाईन चाकू मंगवाया गया। इसी चाकू से उन्होंने लूट हत्या एवं हत्या का प्रयास जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम दिया गया। आरोपी कुनाल तिवारी के मोबाईल की जांच पर आरोपी द्वारा अपने मोबाईल नंबर से फ्लिप कार्ड ऑनलाईन शॉपिंग साईट से ऑनलाईन चाकू मंगवाना पाये जाने के साथ ही अन्य दो चाकू को भी फ्लिप कार्ड के माध्यम से मंगवाना पाया गया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों रायपुर पुलिस द्वारा मीटिंग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम द्वारा पत्राचार के माध्यम से समस्त ऑनलाईन प्लेटफार्म के मैनेजरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों को समझाइश दी गई थी कि ऐसा कोई भी घातक चाकू व हथियार डिलीवरी न किया जाये जिससे मानव जीवन पर संकट उत्पन्न हो। लेकिन इसके बावजूद भी फ्लिप कार्ड और इलास्ट्रीक रन कोरियर के लोगों ने बात नहीं मानी। कम्पनी के ऑनलाईन पार्सल में बारकोड के माध्यम से चाकू होने की जानकारी होते हुये भी इन्हीने ग्राहकों को चाकू डिलिवरी किया। जिससे ग्राहक आरोपियों द्वारा ऑनलाईन मंगाये गये चाकू से लूट हत्या एवं हत्या का प्रयास जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम दिया। घातक हथियार की सूचना देने के बावजूद भी लापरवाही पूर्वक मानव जीवन में संकटा उत्पन्न करते हुये घातक हथियार चाकू की बिक्री जारी रखना एक गंभीर अपराध होने के साथ ही निर्देशों का उल्लंघन करना पाये जाने पर उक्त कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध धारा 125;बी 3;5 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में हुई बड़ी चोरी जीआरपी पुलिस ने किया खुलासा



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई रेलवे पुलिस जीआरपी ने शिवनाथ एक्सप्रेस में एक महिला के बैग और आईफोन चोरी होने के मामले में जीआरपी एसपी श्वेता सिन्हा ने आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा किया है उन्होंने बताया कि भिलाई निवासी सोनू बैरागी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है जीआरपी एसपी ने को बताया कि प्रार्थिया जहाबिया हुसैन ;28 वर्ष के लिखित आवेदन के आधार पर भा.न.स की धारा 305 सी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई थी पूरा मामला मामला जीआरपी थाना बिलासपुर से शून्य डायरी क्रमांक 001642025 के साथ भिलाई स्थानांतरित हुआ था जिसमें नागपुर महाराष्ट्र के ईतवारी क्षेत्र की रहने वाली जहाबिया हुसैन पिता इकबाल हुसैन पता फ्लैट नं 102 गीतामनी कॉम्प्लेक्स बंगाली पंजा रोड मस्कासाथ ईतवारी नागपुर ने बताया कि 16 जुलाई को वह अपने परिवार के साथ शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेन नं 18240 में ईतवारी से बिलासपुर की यात्रा कर रही थीं उनका रिजर्वेशन कोच एच1 केबिन । बर्थ न 1 2 3 में था वे रात 11.30 बजे ट्रेन में सवार हुई और अपना सामान टी.टेबल पर रखकर सो गई जब ट्रेन सुबह 4.40 बजे भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर रुकी तब जहाबिया की नींद खुली उन्होंने देखा कि उनका ब्राउन रंग का लेदर बैग और एपल का आई 14 गायब है बैग में ढाई तोले की दो सोने की चूड़ियां कीमत करीब 2 लाख रुपये 7,000 रुपये नकद कोटक महिंद्रा और बैंक ऑफ्बड़ौदा के दो एटीएम कार्ड कोटक महिंद्रा का क्रेडिट कार्ड आधार कार्ड और पैन कार्ड और कार्ड थे 60 000 रुपये बताई गई है

**चोर का पीछा लेकिन कामयाबी नहीं:** जीआरपी सूत्रों के मुताबिक जहाबिया ने जीआरपी को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र 30.35 वर्ष रंग सांवला कद लगभग साढ़े पांच फीट और जिसने ऑरेंज रंग की टी.शर्ट पहनी थी बैग और फोन लेकर भाग रहा था उनके भाई अली अकबर हुसैन ने चोर का पीछा किया लेकिन चोर ने केबिन का दरवाजा बंद कर तेजी से भाग निकला जहाबिया के आवेदन पर जीआरपी थाना बिलासपुर में शून्य डायरी दर्ज की गई थी जिसे अब भिलाई जीआरपी थाना में असल अपराध के रूप में पंजीबद्ध किया गया था

# दोपहिया की चोरी आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। दोपहिया चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी दानेश्वर निर्मलकर ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह विवेकानंद नगर दुर्ग का निवासी में रहता है। वह 2 दिसम्बर 2024 को अपने दोस्त मिथलेश जंघेल से मिलने खमतराई श्रीनगर गया था दोस्त से मिलने के बाद रात्रि करीब 09.00 बजे अपने घर दुर्ग जाने के लिये अपनी मोटर सायकल टीवीएस रायडर क्रं सीजी 07 ध्सी क्यू 5832 से रिंग रोड नंबर 02 गोदवारा होते हुए पेट्रोल पंप के पास रात्रि करीब 09.30 बजे पहुंचा था कि अपनी दोपहिया वाहन को पेट्रोल पंप के पास खड़ी कर बात कर रहा था कुछ देर बाद अपने अपने दोपहिया वाहन को खड़े किये हुए स्थान पर देखा तब वह वहां नही थी। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की दोपहिया वाहन चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना खमतराई में का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुये प्रकरण में आरोपी दीपक निर्मलकर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीक्य 2578 कीमती लगभग 60,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया।

# मवेशियों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस का गौरक्षा एवं वाहन चालक सुरक्षा अभियान



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बरसात के मौसम में सड़कों पर मवेशी अक्सर रोड में झुंड बनाकर बैठे रहते है जिसके कारण सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिसे ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा रोड में बैठे मवेशियों को हटाने एवं रेडियम कॉलर पहनाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके तहत रायपुर शहर के सभी यातायात थाना प्रभारियों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.53 53 में संचालित हाइवे पेट्रोलिंग वाहन में तैनात कर्मचारियों को 2000 नग रेडियम कॉलर ;बेल्ट वितरण कर अपने.अपने थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रोड में बैठे मवेशियों के गले में रेडियम कॉलर पहनाकर रोड से हटाने निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा गौरक्षा एवं वाहन चालक सुरक्षा अभियान को जिले के हर गांव तक पहुंचाने के लिए पुलिस मितान की मदद् लेकर वृहत रूप से चलाए जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। बता दे कि बरसात के मौसम में ज्यादातर मवेशी मच्छर एवं मक्खियों से बचने के लिए रोड में ही झुंड बनाकर बैठे रहते है जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका निरंतर बनी रहती है। सड़क दुर्घटना में अधिकांश वाहन चालक मवेशियों के कारण दुर्घटना के शिकार होते है साथ ही मवेशी भी दुर्घटना में मारे जाते है। जिला रायपुर में विगत वर्ष 2024 में मवेशियों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं के कुल 19 प्रकरणों में 06 लोगों की मृत्यु एवं 02 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। इसी प्रकार वर्ष 2025 में विगत छः माह में कुल 12 सड़क दुर्घटनाओं में 06 लोगों की मृत्यु एवं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। उक्त कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा मवेशी मालिकों से भी अपील की गई कि वे अपने मवेशियों की उचित देखभाल करें मवेशियों को घर पर ही बांध कर रखे रोड पर न छोड़े सड़क दुर्घटना की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें।

# महिला डिप्टी डायरेक्टर से 90 लाख की ठगी



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर में आर्थिक और सांख्यिकी विभाग की डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी से करीब 90 लाख रुपए की ठगी हो गई है। फेसबुक में विज्ञापन देखकर रजिस्ट्रेशन किया था। ठगी में कुछ महिलाएं भी शामिल थीं जिन्होंने कहा था कि अगर आप हमारी कंपनी में पैसा लगाएंगी तो 6 महीने में दोगुना मुनाफ मिलेगा। डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी ठगों के झांसे में आ गई। 20 से ज्यादा ट्रांजेक्शन में ठगों को पैसे भेज दिए। जब पैसे वापस नहीं मिले तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। महिला ने नवा रायपुर के राखी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस थाना राखी इस मामले में नवा रायपुर के राखी थाना में शिकायत दर्ज हुई है।

**फेसबुक पर विज्ञापन देखकर रजिस्ट्रेशन किया:** राखी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता माया तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि 3 मार्च को फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा जिसमें कहा गया था कि सरकार के सपोर्ट से अगर आप हमारी कंपनी में पैसा लगाते हैं तो 6 महीने में दोगुना मुनाफा मिलेगा। माया तिवारी ने बताया कि विज्ञापन में एक वीडियो भी था जिसे देखकर उन्हें भरोसा हो गया। इसके बाद माया तिवारी ने लिंक पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन किया। वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद एक महिला का फोन आया। उसने अपना नाम जारा अली खान बताया। महिला ठग बोली.आपने अच्छा डिसीजन लिया इसके बाद कहा कि आपकी रकम को मैनेज करने के लिए हमारी बुल मार्केट कंपनी एक अकाउंट ऑफिसर नियुक्त करेगी। थोड़ी देर बाद दूसरी महिला संगीता शर्मा का कॉल आया जिसने खुद को अकाउंट ऑफिसर बताया और फोन पे के जरिए 18.19 हजार के 4.5 ट्रांजेक्शन कराए। इसके बाद माया को अलग.अलग नंबरों से कॉल आते रहे और उन्हें अलग.अलग अकाउंट नंबरों में पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया।

- फेसबुक में विज्ञापन देखकर किया रजिस्ट्रेशन फ्रॉड
- बोली–6 महीने में कंपनी डबल कर देगी रकम

**20 से ज्यादा बार में भेजे रुपए:** माया ने उनपर भरोसा करके करीब 20 से ज्यादा बार पैसे भेजे। इसमें 2.36 लाख, 4 लाख, 50 हजार, 4,52 लाख, 11.3 लाख, 4.81 लाख 9.5 लाख और कई अन्य ट्रांजैक्शन थे। इसके अलावा माया ने फोनपे से भी पैसे भेजे। पैसे मंगवाने के लिए हर बार अलग.अलग अकाउंट नंबर दिए गए।

**जुलाई में दोगुने पैसे का दिया झांसा:** ठगों ने माया से कहा कि जुलाई तक उनकी रकम दोगुनी हो जाएगी। पीड़िता उनके झांसे में आ गई और ठगों के अकाउंट में करीब 89 लाख 67 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब तय समय तक पैसे वापस नहीं मिले तो माया को शक हुआ। इसके बाद उन्होंने थाने में जाकर ठगी की शिकायत दर्ज करवाई। फिलहाल इस मामले में राखी पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

# एएसआई की विभागीय जांच पर स्टे




**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के लक्ष्मी नगर निवासी सहायक उपनिरीक्षक एसबी सिंह को बड़ी राहत मिली है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चल रही विभागीय जांच पर रोक स्टे लगा दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि जब किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक केस पहले से अदालत में चल रहा हो तो उसी मामले में विभागीय जांच एक साथ नहीं की जा सकती। एएसआई एसबी सिंह के खिलाफ 18 मार्च 2025 को कोतवाली थाना रायपुर में बीएनएस एक्ट की धारा.74 के तहत मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद चालान न्यायालय में पेश कर दिया। इसी केस से जुड़े आरोपों के आधार पर 29 मई 2025 को रायपुर के पुलिस अधीक्षक ने उनके खिलाफ विभागीय जांच के लिए आरोप.पत्र जारी कर दिया। इस दोहरी कार्रवाई से परेशान होकर एसबी सिंह ने हाईकोर्ट बिलासपुर का दरवाजा खटखटाया। उनके वकील अभिषेक पाण्डेय और स्वाति कुमारी ने कोर्ट में दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि जब दोनों मामलों में गवाह साक्षी एक जैसे हों तो पहले आपराधिक मामले की सुनवाई पूरी होनी चाहिए। वरना विभागीय जांच से न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। हाईकोर्ट ने वकीलों की दलीलों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि दोनों मामलों में गवाह लगभग एक जैसे हैं। ऐसे में विभागीय जांच से आपराधिक मुकदमे की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है इसलिए कोर्ट ने फिलहाल विभागीय जांच पर रोक लगा दी है।

# अवैध शराब बिक्री करते 2 शराब कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल गोबरा नवापारा के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु एवं अवैध शराब बिक्री संचालित करने वालो पर लगाम लगाने के नियत से ग्राम ग्राम कुर्रा चौक के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री किया जा रहा है कि मुखबीर सूचना पर हमराह स्टाप व गवाहान के रेड कार्यवाही के दौरान अवैध शराब बिक्री संचालित करते दो व्यक्तियों को पकड़ा गया पूछताछ में अपना नाम शिवराम तारक एवं रूपेश साहू निवासी ग्राम कुर्रा का होना बताया गया। जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में 42 पौवा शोले देशी मदिरा मसाला शराब सील बंद व बिक्री रकम .250 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गोबरा नवापारा में धारा. 34 ;2 आबकारी एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत ओव्हरब्रीज के पास अंडर ब्रीज के सामने रोड किनारे एक व्यक्ति दोपहिया वाहन के साथ खड़ा है जो अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जे भास्कर राव निवासी डीडीनगर रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन की डिक्की की तलाशी लेने पर डिक्की में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस रखा होना पाया गया। युवक से उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें कुल 112 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पास्मो प्राक्सीवान प्लस बिक्री रकम 4200 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त होण्डा एवीएटर क्रमांक सी जी 04 एम डी 3755 एवं 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 60,,000 रूपये जप्त कर आरोपी के धारा 22;ख नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

# लापता बुजुर्ग को परिजनों से मिलाया पुलिस ने



**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। थाना माना कैम्प के डायल 112 टीम को इवेंट मिला कि एक बुजुर्ग आदमी उम्र करीबन 75 वर्ष जो कि रास्ता भटक कर ग्राम नकटी पहुच गया है जो अपना नाम सारंगा कुर्मी ग्राम पेण्ड्री जांजगीर का होना बता रहा है तब डायल 112 की टीम द्वारा बुजुर्ग को थाना लाया गया थाना प्रभारी यामन कुमार देवांगन जी द्वारा गुम इंसान सर्च करने को कहा गया किन्तु बुजुर्ग का गुम इंसान में सरनेम से मिलान नहीं हो सकने के कारण सीसीटीएनएस के डेटा बैंक के ग्राम अपराध में पेण्ड्री ग्राम सर्च करने पर नवागढ थाना एवं पामगढ थाना दिखने पर थाना पामगढ के आर. 57 यशवंत पाटले से उस ग्राम तथा बुजुर्ग के बारें में जानकारी लेने पर उक्त बुजुर्ग की पहचान सारंगा कुर्मी पिता श्याम लाल कुर्मी के रूप में किया गया तथा बुजुर्ग के पुत्र बुरधुराम से संपर्क करने पर अपने पिता को ढुढने रायपुर में होना जानकारी होने से थाना तलब किया गया बुजुर्ग के पुत्र द्वारा बताया कि इनका गुम इंसान थाना पंडरी में हुआ है जानकारी प्राप्त होने पर सुपुर्दनामें की कार्यवाही कर थाना पंडरी रवाना किया गया। इस प्रकार सीसीटीएनएस के डेटा बैंक में स्थित ग्राम अपराध सूचना के कारण एक बुजुर्ग को उसके परिवार से मिलाने में सफलता प्राप्त हुई है।

# 2.5 किलोग्राम गांजा के साथ आरोपी युवक पकड़ाया




**रायपुर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित पी डब्ल्यू डीओव्हर ब्रीज के नीचे एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हजरत मोहम्मद निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती लगभग 50,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया।

**उल्टा पुल्टा**

रमेश ने शौक-शौक में व्रत रख लिया।
रमेश ( पत्नी से )- देखो सूरज डूब चुका है, अब खाना खाते है।
पत्नी ( रमेश से )- नहीं जी।
रमेश- देखो डूबा या नहीं
पत्नी- नहीं जी।
रमेश- लगता है ये मुझे साथ लेकर ही डूबेगा।

# चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल पर ईडी द्वारा की गई कार्रवाई और गिरफ्तारी के विरोध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने अग्रसेन चौक में ईडी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं अन्य वक्ताओं ने चैतन्य बघेल के विरूद्ध की गई कार्रवाई को शासन द्वारा ईडी व अन्य केन्द्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर बदले की राजनीति की साजिश निरूपित करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस दौरान पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, धीरज बाकलीवाल, रत्ना नारमदेव, राजेन्द्र साहू, संजय कोहले, परमजीत भुई, संदीप सुमित वोरा, सभी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, नासिर खोखर, पोषण साहू सहित अनेक नये व पुराने कांग्रेसजन पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण उपस्थित थे।

## बौखालहट भरी कार्रवाई : खान

इधर एक अलग वक्तव्य में प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान ने कहा है कि बीजेपी सरकार की जनविरोधी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा अपनाई गई आक्रामरण सड़क में संसद तक किये जा रहे विरोध में प्रदेश की साय सरकार में लेकर केन्द्र की मोदी सरकार बौखला गई है। अपनी इसी बौखलाहट के चलते अब वह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी कर ईडी व केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग करने में लगी है।

श्री खान ने कहा कि कांग्रेस इस तरह की कार्रवाइयों से घबराने वाली नहीं है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा सरकार से निपटने के लिये तैयार खड़ा है।

# पैसे के लेनदेन को लेकर युवक ने की दोस्त की हत्या, जेल भेजा गया



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। धमधा पुलिस ने ग्राम जाताघर्रा व कन्हारपुरी के बीच निर्माणाधीन पुल के बीचोंबीच पानी भरे गड्डे में पाई गई मानसिंग वल्के की लाश की न सिर्फ गुत्थी सुलझा ली बल्कि घटना के 14 घंटों के भीतर ही हत्या के आरोपी कैलाश बिसेन को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी से अब तक हुई पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार इनके बीच पैसों के लेनदेन को लेकर उठे विवाद के चलते आरोपी ने मृतक मानसिंग के सिर पर घटनास्थल के पास पत्थर पटक देने से उसकी मृत्यु हो गई।

धमधा पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक मानसिंग (40) पिता गोरेलाल वल्के एवं आरोपी कैलाश बिसेन (40) पिता ओसीलाल बिसेन दोनों ही एक ही थाना बिरसा व जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के रहने वाले है। दोनों ही ग्राम जाताघर्रा व कन्हारपुरी के बीच निर्माणाधीन पुल निर्माण में काम करते थे और वहीं एक झोपड़ी में रह रहे थे। गत 17 जुलाई की रात इन दोनों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर उठा विवाद निरंतर जोर पकड़ता और इसी बीच आरोपी ने उसके सिर पर वहीं मौके पर बड़े एक भारी से बोल्डर को मृतक मानसिंग के पीछे सिर पर पटक दिया। इस हमले से मानसिंग को गंभीर चोट पहुंची और उसकी मृत्यु हो गई।

दूसरे दिन यहीं के एक अन्य व्यक्ति सोनेश्वर राणा द्वारा धमधा थाने में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर लाश बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृत्यु का कारण सिर पर लगी गहरी चोट बताया गया है। पुलिस ने धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

# अवैध गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। जेवरा सिरसा चौकी थाना पुलगांव की पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आज आईटीआई रोड जेवरा के पास खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसके पास से 1.148 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। जब्तशुदा अवैध गांजा की कीमत 10 हजार रूपये आंकी गई। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जेवरा सिरसा पुलिस के अनुसार आरोपी भरत ठाकुर पिता टकेश ठाकुर (23) आलू गोदाम, गुणोत्तर पब्लिक स्कूल के पीछे ग्राम सिरसाखुर्द का रहने वाला है। आज मुखबिर की सूचना के आधार पर जेवरा पुलिस ने जब आज उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास एक कालेरंग के बेग से एक इलेक्ट्रानिक तराजू एवं पालिथीन में रखा 1.148 कि.ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

# शहीद विष्णु निषाद के नाम पर स्कूल का नामकरण करने की मांग



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले निषाद समाज के प्रतिनिधि

**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला निषाद समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अंजोरा महमरा क्षेत्र के किसी एक स्कूल का नामकरण शहीद विष्णु निषाद के नाम पर करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करने कर रहे निषाद समाज के राष्ट्रीय महामंत्री कोमल देव निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि लगभग दो दशक पूर्व जिले में भीषण बाढ़ आई थी। इस बाढ़ में ग्राम महमरा के पास बाढ़ के दौरान नदी में डूब रहे लोगों में से 18 लोगों को शहीद विष्णु निषाद ने अपनी जान पर खेलकर बाहर निकल लिया था। 17 वें की जान बचाने की कोशिश में उनका पैर कहीं फंस गया और वे शहीद हो गये।

मुख्यमंत्री से मिलकर लौटे समाज के महामंत्री कोमल देव निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनके द्वारा प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा कर पूरी घटना की जानकारी ली एवं अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने जिस गांव में विष्णु निषाद के नाम से जिस पंचायत की शाला का नामकरण करना है वहीं की ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित कराने के निर्देश भी दिये।

प्रतिनिधि मंडल में समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष आनंद निषाद, मनोहर लाल निषाद प्रदेश महासचिव, दुर्ग जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र निषाद युवा प्रकोष्ठ, मनीष निषाद, रामचरण, छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रदेश सचिव झुमुक लाल निषाद शामिल थे।

# किसी की बुराईयों को अपने जीवन में उतार लेना ही जीवन में दुख का बड़ा कारण : राजू भाई



- ब्रम्हाकुमारीज बघेरा में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन

**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में एक दिवसीय अनुभव युक्त सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से यहां पहुंचे ग्राम विकास विभाग के उपाध्यक्ष राजू भाई ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी के भी अवगुण या बुराई देख उसे स्वयं में धारण कर लेता ही जीवन में दुख अशांति का कारण है। उन्होंने दूसरों के अवगुण देखने की बजाय स्वयं को गुणों को बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रम्हाकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने राजूभाई का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कु. युक्ति चंद्राणी, मौसमी लीना ने स्वागत नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन रूपाली बहन ने किया। उन्होंने राजू भाई व अन्य अतिथियों का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर के छठवें चक्र में प्रभमान, देवांश, आलोक एवं ऋषित की जीत



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। आल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं अग्रसेन जन कल्याण समिति तथा अग्रसेन महिला समिति भिलाई के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा 17 जुलाई से 20 जुलाई तक सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सब.जूनियर अंडर.15 शतरंज प्रतियोगिता 2025 के छठवें चक्र में अनेक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेए जहाँ राज्य के युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया।

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम बोर्ड पर कोरबा के प्रभमान सिंह मल्होत्रा ने लंदन सिस्टम ओपनिंग खेलते हुए रायपुर के अद्वित पांडेय की होरविट्ज़ डिफेंस को मात दी और निर्णायक अंदाज में जीत दर्ज की।

मुगेली के अंशुल शर्मा और रायपुर के देवांश जैन के बीच खेले गए मैच में गेम ऑफफेर नाइट्स ओपनिंग के तहत मुकाबला हुआ, जिसमें देवांश ने सधे हुए खेल से बाजी मारी।

तनीषा ड्रोलिया बनाम आलोक कनोजे के मैच में डच ओपनिंग बनाम एंटी निमजो इंडियन डिफेंस के मध्य संघर्ष देखने को मिला, जहाँ आलोक ने ठोस रणनीति से विजय हासिल की।

एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में रायगढ़ के ऋषित अग्रवाल ने प्रतिष्ठा अहिरवार (रायपुर) को इंग्लिश वेरिएशन पानोव के तहत हराया।

छह चक्रों की समाप्ति के बाद प्रतियोगिता की अंकतालिका में कोरबा के प्रभमान सिंह मल्होत्रा 6 में से 6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। रायपुर के देवांश जैन 6 अंकों के साथ ही टाई ब्रेकर के तहत दूसरे स्थान पर और रायपुर के ही आलोक कनोजे 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अलंकार भिवगड़े के निर्देशन में, डिप्टी चीफ आर्बिटर थे। रॉकी देवांगन और शुभम बसोने की देखरेख में कुशलतापूर्वक किया जा रहा है।

# गजानन मंदिर में भक्त निवास के लिए सांसद दंपत्ति ने किया भूमिपूजन



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। श्री गजानन महाराज मंदिर दुर्ग में भक्त निवास के निर्माण हेतु आज मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं उनकी पत्नी रजनी बघेल ने भूमिपूजन किया। सांसद बघेल दंपति के अतिरिक्त इस कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार एवं वास्तुविद योगेश चांडक भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने भक्त निवास निर्माण के लिये मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी तथा अपनी ओर से इस निर्माण कार्य में सहयोग का पूरा वादा किया।

महापौर अलका बाघमार ने भी मंदिर परिसर में भक्त निवास निर्माण की सराहना की। प्रारंभ में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश रड़के ने मंदिर समिति की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सुधीर पाटणकर ने तथा आभार प्रदर्शन समिति के सचिव प्रशांत डोंनगांवकर ने किया। कार्यक्रम में पार्षद संजय कोहले, अजीत वैद्य सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के प्रचार प्रमुख प्रमोद बेडे ने दी।

# विवेकहीन मनुष्य पशु समान : साध्वी लब्धियशा



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। अभिमानी व्यक्ति अभिमान को पुष्ट करने के लिए माया का प्रयोग करता है। प्रायश्चित आत्म शुद्धि का विधान है। विवेकहीन मनुष्य पशु समान है। जीवन का उद्देश्य मानव से महामानव बनने का होना चाहिए। पदार्थ की लालसा संसारभ्रमण का कारण बनता है। पदार्थों के प्रति अनासक्ति संसार से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। संसार सागर में गिरते जीव को बचायें वह धर्म है। उक्त उद्गार श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा चातुर्मास प्रवचन माला में श्री आचारांग सूत्र की विवेचना करते साध्वी लब्धियशा जी म.सा, ने व्यक्त किए।

संसार भ्रमणा के मुख्य कारण कषाय की व्याख्या करते हुए उन्होंने ने कहा कि कषाय शब्द जैन दर्शन में बहुत व्यापक रूप से प्रयोग किया गया शब्द है तथा जैन दर्शन के मूल कर्म-सिद्धांत से सम्बंध रखता है। साधारण भाषा में कहें तो कषाय शब्द से तात्पर्य है मन में उठने वाले विकार जो चित्त को विकृत करते रहते हैं। जैन दर्शन के अनुसार मन के असंख्य विकार होने पर भी सभी विकारों का अंतर्भाव चार विकारों में हो जाता है। वे हैं. क्रोध, मान, माया, लोभ। ये विकार प्राय: सभी प्राणियों में पाए जाते हैं तथा कर्म बंधन और उसके फ्लस्वरूप संसार में परिभ्रमण का मूल कारण हैं।

कषाय शब्द दो शब्दों से बना है . कष तथा आय। कष का अर्थ है संसार तथा आय अर्थात कमाई या आमदनी। कषाय मन के वे विकार हैं जिनके द्वारा प्राणी को संसार की आमदनी होती है अर्थात जो प्राणी के संसार को बढ़ाते हैं। क्रोध, मान, माया, लोभ रूपी चार कषाय के कारण कर्म.बंधन होता है और कर्म बंधन के कारण संसार का आवागमन चलता रहता है।

विकारों की तीव्रता के अनुसार अनंत कर्मों का बंध करवाते हैं तथा अनंत काल तक संसार में भटकाते हैं। कषाय में मरने वाला प्राणी नरक गति में जाता है। यदि व्यक्ति कषायों को जीत लेता है तो वह नए कर्म नहीं बाँधता।

# साजा विकासखंड में एग्रीस्टैक के तहत कृषक पंजीयन शिविर, एसडीएम ने किया निरीक्षण



**थानखम्हरिया**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन (फार्मर आईडी) को अनिवार्य कर दिया गया है। इसी कड़ी में साजा विकासखंड के ग्राम स्तर पर 15 जुलाई से 25 जुलाई तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि भूमि स्वामियों का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत एकीकृत पंजीयन किया जा रहा है। इन शिविरों में क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं सेवा सहकारी समितियों के कर्मचारी सक्रिय रूप से किसानों को फार्मर आईडी पंजीयन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज 18 जुलाई को सेवा सहकारी समिति कांपा में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती पिंकी मनहर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कृषकों ने उन्हें फार्मर आईडी निर्माण में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शिविर में खाद वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं समिति प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए गए 7 कांपा समिति अंतर्गत कुल 853 कृषकों का फार्मर आईडी बनाया जाना है, जिनमें से अब तक 673 किसानों का पंजीयन पूर्ण हो चुका है। आज के शिविर में 30 नए किसानों का पंजीयन किया गया। शेष किसानों को मुनियादी के माध्यम से सूचना देकर शिविर में उपस्थित होने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार थानखम्हरिया श्री मोरध्वज साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री दिनेश धुर्वे, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी, हल्का पटवारी, समिति प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन द्वारा कृषकों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित तिथि तक शिविर में पहुंचकर फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवा लें, जिससे उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा प्राप्त हो सके।

# साइंस कालेज में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 114 विद्यार्थी चयनित



**दुर्ग**, 19 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 114 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। महाविद्यालय के इतिहास में कैम्पस इंटरव्यू के द्वारा इतनी बड़ी संख्या में प्रथम बार चयन हुआ है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक एवं गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मावती ने बताया कि इस मेगा जॉब फेयर में विभिन्न महाविद्यालयों से 230 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए थे तथा 12 विभिन्न प्रतिष्ठानों में विभिन्न पदों पर चयन हेतु यह मेगा जॉब फेयर आयोजित किया गया था। डॉ. पद्मावती ने बताया कि इन सभी विद्यार्थियों को इसी माह जॉब ज्वाइन करना है। जिन महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस मेगा जॉब फेयर में हिस्सा लिया था, उनमें साईंस कालेज, दुर्ग के अलावा शासकीय नवीन महाविद्यालय, रिसाली, शासकीय वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग, भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 शामिल थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शिक्षण सत्र में भी इस प्रकार के जॉब फेयर आयोजित किए जायेंगे। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की सदस्य डॉ. एच.पी. सिंह सलूजा, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. अंशुमाला चन्दनगर, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. मोतीराम साहू, डॉ. विनोद अहिरवार, डॉ. लतिका ताम्रकार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के टैगोर हॉल में आयोजित इस जॉब फेयर में शामिल होने हेतु आवश्यक योग्यता 12वीं, आईटीआई, स्नातक एवं स्नातकोत्तर रखी गयी थी तथा विद्यार्थियों के चयनित होने के पश्चात् उन्हें प्राप्त होने वेतन की रेंज 10 हजार से 30 हजार तक थी।

इस हेतु महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को साक्षात्कार, व्यक्तित्व विकास एवं सम्प्रेषण क्षमता संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया था। संयोजक डॉ. पद्मावती के अनुसार जिन संस्थानों में विद्यार्थियों का चयन हुआ है, उनमें द्वारा केजीपीएफ एसबीआई कार्ड, शिवनाथ आटोमोबाईल प्रायवेट लिमिटेड, ऑगटेक नेक्सटवेल्थ, सांई राम किया मोटर्स, चोला मण्डलम, टेक्नोटास्क, उत्कर्ष स्मॉल फायनेंस बैंक, अपोला फारमेंसि शामिल है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में देश में 7 वां रैंक हासिल किया

**भिलाईनगर**, 19 जुलाई (देशबन्धु) नगर निगम भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में पूरे देश में 7 वां रैंक हासिल करने पर निगम स्वच्छता से जुड़े सुपरवाइजर, जोनल और अर्बन एनवायरमेंट प्राइवेट लिमिटेड नागपुर की टीम ने महापौर नीरज पाल का स्वागत करने के उपरांत निगम परिसर में लक्ष्मीपति राजू महापौर परिषद के सदस्य, अध्यक्ष स्वच्छता एवं स्वास्थ्य समिति का पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया गया। लक्ष्मी पति राजू ने सभी के साथ आयुक्त का अभिनंदन और स्वागत करते कहा कि सबके सहयोग से नगर निगम भिलाई स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंकिंग प्राप्त हुई है। आने वाले वर्षों में भी और अच्छी रैंकिंग प्राप्त हो सके और भी बेहतर कार्य करना होगा स लक्ष्मी पति राजू ने कहा कि आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का अभिनंदन करते कहा कि इस कार्य में आयुक्त भिलाई, महापौर, महापौर परिषद के सभी सदस्यों और सभी पार्षद विशेष भूमिका रहीं हैं । निगम भिलाई आयुक्त सुबह 7बजे से शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप संपादित करने के निर्देश देने और निरंतर समीक्षा करने के कारण स्वच्छता रैंकिंग बहुत ही अच्छी प्राप्त हुई है। नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में पिछले वर्ष के सर्वेक्षण मुकाबले में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद के सदस्यए सभी पार्षद एवं अधिकारी, कर्मचारियों के लगातार प्रयास और मेहनत से स्वच्छता के क्षेत्र में भिलाई शहर का नाम पुरे देश में चर्चित है। सफ्लता की श्रेणी में भिलाई शहर अपने कदम आगे बढ़ा रहा है।निगम भिलाई के महापौर



नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के विशेष मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में पिछले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण के मुकाबले में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस वर्ष सभी 4566 निकायों की संयुक्त रैकिंग में 22 वां रैंक हासिल की है। जबकि पिछले साल 267 रैंक हासिल किया गया था। 3 से 10 लाख जनसंख्या की कैटेगरी में पूरे देश में 7वां रैक एवं साथ ही पिछले वर्ष 1 स्टार रैकिंग से 3 स्टार रैंकिंग एवं ओ.डी.एफ. प्लस प्लस से वाटर प्लस हासिल किया गया है। भिलाई नगर का 12500 प्राप्तांक में से 11055 अंक 88.44 प्रतिशत प्राप्त हुआ हैं, जबकि पिछले वर्ष 9500 अंक में से 6311 अंकए 66.43 प्रतिशत प्राप्त हुआ था। 3 से 10 लाख जनसंख्या की कैटेगरी में पूरे देश में 7वां रैक है, जबकि पिछले वर्ष 78वां रैंक में था। महापौर नीरज पाल ने कहा नगर निगम भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 3 से 10 लाख जनसंख्या की कैटेगरी में पूरे देश में 7वां रैक एवं साथ ही पिछले वर्ष 1 स्टार रैकिंग से 3 स्टार रैंकिंग एवं ओ.डी.एफ. प्लस प्लस से वाटर प्लस हासिल किया गया है। भिलाई को स्वच्छता की पायदान में अग्रणी बनाये रखने वाले नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दूतों को बधाई दी है। निगम आयुक्त ने बताया कि शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में नागरिकों का अथक प्रयास रहा है साथ ही उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री, संभागायुक्त, कलेक्टर, महोदयए विभागयी सचिव, संचालक, सांसद, विधायक, महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, उप नेता प्रतिपक्ष, महापौर परिषद स्वास्थ्य प्रभारी एवं सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी, ब्रान्ड एम्बेसडर, सफाई कर्मी, स्वच्छता दीदी , एस.एल.आर.एम. की दीदीयों एवं सफाई मित्रों के द्वारा स्वच्छता की दिशा में निरंतर कार्य करके सहयोग प्रदान किया गया है। उन्होनें सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सहयोग बना रहे, ताकि निगम भिलाई और अच्छी रैंकिंग हासिल कर सके।

# विधायक के प्रयास से 20.65 करोड़ स्वीकृत

**भिलाईनगर,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। विधायक रिकेश सेन की पहल पर वैशाली नगर विधानसभा को बहुत जल्द एक फोरलेन सड़क मिलने जा रही है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और लोक निर्माण मंत्री अरूण साव ने भिलाई के स्मृति नगर से आईआईटी जेवरा सिरसा तक 2.3 किमी फोरलेन के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए विधायक ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में वैशाली नगर के विकास हेतु लगभग 400 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। विधायक रिकेश सेन ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा है कि वैशाली नगर के विकास में कभी बजट की कमी नहीं होने देंगे। नतीजतन राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में स्मृति नगर पेट्रोल पंप से आईआईटी जेवरा सिरसा मार्ग तक फोरलेन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रस्तावित मार्ग की लंबाई 2.3 किमी होगी। राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा इस फोरलेन निर्माण के लिये 20 करोड़ 64 लाख 29 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गयी है। इस फोरलेन निर्माण से जहां वैशाली नगर के रहवासी सीधे आईआईटी जेवरा सिरसा से जुड़ सकेंगे। वहीं स्मृति नगर से जुनवानी पेट्रोल पंप के बगल से कैनाल रोड खमरिया होते हुए खमरिया भाठा से आईआईटी तक फोरलेन बनने से इन क्षेत्रों के विकास में दोगुनी तेजी आएगी। गौरतलब हो कि वैशाली नगर विधानसभा को जवाहर मार्केट के सुव्यवस्थापन, नेहरु नगर से भिलाई नगर स्टेशन और भिलाई नगर से सुपेला अंडरब्रिज तक रेल लाईन के पैरेलल रोड और सेंट्रल लायब्रेरी सह 500 सीटिंग के लिए हाल ही में 51 करोड़ रूपये की सौगात विधायक रिकेश सेन के प्रयास से मिली है। इसके आलावा डीपीएस दुर्ग से सड़क निर्माण, देव धाम जवाहर नगर, लाल मैदान को वृहद और सुंदर बनाने, प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में स्वीमिंग पूल, हार्स राइडिंग ग्राउंड, स्केटिंग ट्रेक सहित अनेक बड़े विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है और कई कार्य शुरू



# चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का पुतला दहन



**भिलाईनगर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में आज 19 जुलाई को युवा कांग्रेस ने प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस का कहना है कि लगातार भाजपा सरकार के दबाव में ईडी लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने का कार्य करने का आरोप लगाया। यह छत्तीसगढ़ को बदलापुर बनाने की ओर अग्रसर है कभी देवेंद्र यादव के जन्मदिन पर ईडी भेजते है कभी भूपेश बघेल के जन्मदिन पर ईडी भेजते है आज चेतन्य बघेल के जन्मदिन पर भूपेश बघेल के यहाँ ईडी आती है। भाजपा सिर्फ बदलापुर की राजनीति कर रही है परन्तु ये विपक्ष की आवाज़ नहीं जनता की आवाज़ है। युवा कांग्रेस के दिलो में आग है जितना भाजपा सरकार दबाने का कार्य करेगी उतने दुगनी रफ़्तार से युवा कांग्रेस जनता की आवाज़ को तेज करने का काम करेगी। युवा कांग्रेस ने ये चेतावनी दी है की जल्द से जल्द ये ईडी की दुरुपयोग करना बंद करे नहीं तो जल्द युवा कांग्रेस मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के निवास का घेराव किया जायेगा। पुतला धाम के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विभोर दुरगकर, भिलाई नगर अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, वैशाली नगर अध्यक्ष पलाश लिमेष, प्रदेश सचिव शिखा रॉय, जिला उपाध्यक्ष सोएब, जिला महासचिव सतनाम भास्कर, अमन सेठिया, अमन सोनी, भारत राव , अफजल, आर्यन, सद्दाम, दीपक पाटले, कबीर खान, हैदर, शुभम वर्मा, नितिन, आकाश, नवीन अग्रवाल , जयशमा, लक्षित, गजेंद्र, सागर, पिंट, शाहिद सैकड़ो की संख्या में युवक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# राधा रानी ग्रुप द्वारा प्री सेलिब्रेशन का आयोजन



भिलाईनगर, 19 जुलाई (देशबन्धु)। राधा रानी ग्रुप के इस सत्र के पहले प्रोग्राम में तीज का प्री सेलिब्रेशन नेहरु नगर स्थिति श्री राधा कृष्ण मंदिर में किया गया। जिले तीज टीम ने आभा रायका के नेतृत्व में बड़े ही मनमोहक ढंग से आयोजित किया। इस प्रोग्राम को विशेष आकर्षण पंचुअल्टी गेम जो कि एक अंताक्षरी के रूप में था। इसके बाद बालीवुड मनोरंजक गेम थे। और एक विशेष तीज क्वीन कान्टेट रखा गया था जो कि को ग्रुप की महिलाओं को लिये था। कार्यक्रम के अंत में तीज उत्सव टीम की तरफसे एक रेम्प वाक औ स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम का संचालन गीता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल ने किया। इस पूरे कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से संचालन के लिए राधा रानी ग्रुप की संरक्षिकाओं सुनीता अग्रवाल, राजकुमारी वर्मा, उषा दिनोडिया, रुपा केजरीवाल, विंडिया अग्रवाल विशेष सहयोग सराहनीय रहा। राधा रानी ग्रुप की संरक्षीका सुनीता अग्रवाल ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर महिला ग्रुप द्वारा आपसी सौहार्द्र स्थापित किया जाता है। इस अवसर पर ग्रुप की अनेक महिला सदस्या उपस्थित थी।

# शाला प्रवेश उत्सव पर एक पेड़ मां के नाम



**भिलाईनगर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा 250 एलपीडी सोलर संचालित वाटर सिस्टम के लोकार्पण का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीएमवाई चरौदा में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत शाल और श्रीफल भेंटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद ने बच्चों को मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए उन्हें स्कूल ड्रेस और पुस्तकें भेंट कीं। उन्होंने कहा जब बच्चा शाला में प्रवेश करता है, तो हम उनका स्वागत मिठाई से करते हैं ताकि शिक्षा का पहला दिन हमेशा मीठी यादों के साथ शुरू हो। सांसद श्री बघेल ने नरोत्तम साहू के 38 वर्षों की शिक्षा सेवा को नमन करते हुए उनका सार्वजनिक सम्मान भी किया। उन्होंने अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि जब हम पढ़ते थे, तब मिट्टी की स्कूल होती थी। उस पुराने स्कूल में दस गाँवों के बच्चे शिक्षा लेने आते थे। आज यह सब देखकर मन भावुक हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डोमनलाल कोर्सेवाडा, विधायक अहिवारा ने की। विशेष अतिथियों में निर्मल कोसरे, महापौर नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा, शशिकांत बघेल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिक निगम चरौदा, खिलावन साहू, संजय बघेल, गौरीशंकर मंडल अध्यक्षय सोहन लाल साहू एवं रोमनाथ वर्मा दोनों भूतपूर्व सैनिक तथा पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती सीता साहू एवं प्रेमलाल साहू उपस्थित रहे। ओएनजीसी के सीएसआर मद से संचालित 250 एलपीडी सोलर वाटर सिस्टम का लोकार्पण भी किया गया। इसके माध्यम से विद्यालय को स्वच्छ जल की सतत सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में विधायक निधि से 19 लाख की स्वीकृति की घोषणा भी की गई। अन्य प्रमुख सहभागिता मंजु शुक्ला, संतोष कुमार नेताम, महेश राम साहू, फरीद बाक्स, मोनिका राय, गीता वर्मा, शिल्पा देवांगन, विधार्थी पालन, शिक्षक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# गबन करने वाला आरोपी 12 घन्टे के अन्दर गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी धुव्र कुमार गुप्ता निवासी कोहका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 जुलाई 2023 से 24 जून 2024 के मध्य कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका में प्रभारी सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे के पद पर था। जो अपनी पदस्थाना के दौरान बचत बैंक में अपने निजी उपयोग के लिये दिपावली उपहार, आडिटरएडीमो, सिलक अन्तरण एवं अन्य कारणों से भुगतान पत्रक में प्राधिकृत अधिकार, प्रबंधक एवं प्राप्तकर्ता का स्वंय हस्ताक्षर करके किस्त-किस्त में कुल 5,88,202 रूपए की राशि को प्राप्त कर गबन किया गया है। तत्संबंध में थाना सुपेला चौकी स्मृतिनगर में 18 जुलाई 2025 को धारा 409 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पूर्व सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे की पता तलाश हेतु थाना प्रभारी विजय यादव एवं चौकी प्रभारी गुरूविन्दर सिंग संधु हेतु दिशा निर्देश पर तत्काल टीम गठित कर आरोपी पूर्व प्रबंधक भागने के फिराक मे होने की जानकारी मिलने पर दुर्ग रेल्वे स्टेशन में दबिश देकर पुछताछ किये जाने पर स्वंय के उपयोग के लिये कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका में प्रबंधक होने के दौरान अलग अलग कारणों से स्वंय भुगतान नगद पत्रक में प्राधिकृत अधिकारी प्रबंधक एवं प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर करके 5,88,202 रुपए का गबन करना स्वीकर किया।

# रजनी, पोलम्मा, विजयलक्ष्मी हुए सम्मानित

**भिलाईनगर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। भारत की सभी प्रांतीय संस्कृतियों का अद्भुत संगम है। भिलाई जहाँ समरसता की बयार बहती है। सभी परस्पर प्रेम और सद्भाव के साथ रह कर एक दूसरे की संस्कृतियों का सम्मान करते हैं। यह विचार दुर्ग लोक सभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से शंकराचार्य विद्यालय हुडको के सभागार में अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुद्देशीय संस्था के सौजन्य से आयोजित कीर्तिशेष राम मोहनन स्मृति सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किए । उन्होंने 1959 में केरल से भिलाई आकर स्वर्गीय राम मोहन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए किये गये कार्यों का उल्लेख कर स्मरण किया स उन्होंने कार्यक्रम में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित होने वाली महिलाओं को बधाई भी दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् डॉ डी एन शर्मा ने कीर्तिशेष राम मोहनन के द्वारा अपने जीवन काल में 60 बार रक्तदान करने, अपने नेत्र दान करने तथा मृत्यु उपरांत देह दान करने जैसे मानव सेवा की अनुकरणीय पहलों का उल्लेख किया। स्व राम मोहनन चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के पश्चात कु नियति शुक्ला के द्वारा राज्यगीत के गायन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई । आरंभ में संस्था के अध्यक्ष शानू मोहनन ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने अपने पति स्व राम मोहनन के जीवन परिचय से सबको अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मृत्योपरांत स्व राम मोहनन का पार्थिव शरीर शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज को दान में दे दिया गया था



कार्यक्रम में प्रख्यात लोकगायिका तेजस्विनी रजनी रजक, नारी सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली बी पोलम्मा, कैरियर परामर्शदाता डॉ मिट्ठू तथा श्रीमती विजयलक्ष्मी को कीर्तिशेष राम मोहनन स्मृति सम्मान से नवाजा गया । रंगकर्मी अनीता उपाध्याय, संपादक प्रदीप भट्टाचार्य, सागरिका पाढ़ी व ममता गोस्वामी ने सम्मान के पहले सम्मान पत्रों का वाचन किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रजनी बघेल व गीतांजलि शिक्षण समिति के डायरेक्टर दीपक शर्मा का अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला, केरल समाजम के अध्यक्ष वी के मोहम्मद, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, कला परंपरा के संपादक डी पी देशमुख, साहित्यकार त्रयंबक राव साटकर, रंगकर्मी विभाष उपाध्याय, प्रीति बेहरा, रत्ना नामदेव, उर्मिला उपाध्याय, मीनू विष्ट सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन शीतल शर्मा ने किया ।

# रेलवे पुलिस ने सामान सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 19 जुलाई। जीआरपी पुलिस ने वृहस्पतिवार को शिवनाथ एक्सप्रेस के एसी कोच से महिला का पर्स चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भिलाई पावर हाऊस का रहने वाला है जिससे सोने का कंगन, एप्पल मोबाईल और नगदी समेत 2 लाख 67 हजार का मशरूका जब्त कर लिया गया है। आरोपी सोनू बैरागी 19 वर्ष निवासी बैरागी मोहल्ला पावर हाउस के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जीआरपी थाना प्रभारी आर के बोर्झा ने बताया कि जहाबिया हुसैन 28 वर्ष निवासी गीतामणी काम्पलेक्स इतवारी नागपुर 16 जुलाई को इतवारी से बिलासपुर जाने शिवनाथ एक्सप्रेस के कोच एचए-1 पर सफर कर रही थीं। 17 जुलाई को रेल्वे स्टेशन भिलाई पावर हाउस में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थिया का एक ब्राउन लेडिस पर्स जिसके अंदर एप्पल आई फोन, दो सोने का कंगन, एटीएम, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दवाई तथा नगदी 7 हजार था। जहाबिया की रिपोर्ट पर शासकीय रेल पुलिस थाना भिलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर रायपुर के द्वारा थाना प्रभारी जीआरपी भिलाई के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। विवेचना दौरान रेलवे स्टेशन पावर हाउस और मेन रोड में लगे सीसीटीव्ही फुटेज चेक कर मुखबीरों को लगाया गया। सूचना के आधार पर आरोपी सोनू बैरागी को पकड़ पूछताछ की गयी। आरोपी द्वारा पर्स चोरी करना स्वीकार किया गया।

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में सभी 7 ब्लॉकों में भिलाई कांग्रेस का हल्लाबोल

## भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है,भाजपा ने दिया अपनी ओछी राजनीति का परिचय -मुकेश चंद्राकर

**भिलाई नगर** 19 जुलाई देशबंधु केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ( श्वष्ठ) द्वारा राजनैतिक दबाव से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिवार पर में द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरुद्ध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में सभी 7 ब्लॉकों में श्वष्ठ राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल सहित कांग्रेस नेताओं के निवास पर श्वष्ठ की कार्यवाही भाजपा की हताशा को दिखाता है। भाजपा, कांग्रेस और भूपेश बघेल से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसी बौखलाहट




में भाजपा ने श्वष्ठ को भेजा है। भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। भाजपा बौखला गई है क्योंकि वह राजनीतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही हैं। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा।

बदरुद्दीन कुरेशी ने कहा कि अपनी राजनैतिक विफलता से तथा देश के मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने भाजपा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस के नेताओं के घर श्वष्ठ को भेजा है, ये जांच नहीं है राजनीतिक प्रतिशोध हैं। जो साफ दिख रहा है।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी,महापौर नीरज पाल,धर्मेंद्र यादव,जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस विभोर दुरगकर,अर्जुन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप,रामा विश्वकर्मा,प्रमोद प्रभाकर,गौरव श्रीवास्तव,मुकुंद भाऊ,मो रफीक,आनद डोंगरे,सलमान खान,अली हुसेन सिद्दीकी,जोहन सिन्हा,प्रभाकर जांबन्धु,नईम खान,अब्दुल तहूर पवार,मेरिक सिंह,लादू राम सिन्हा,उषा शर्मा,नेहा साहू,अमीर अहमद,युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान,रविंद्र सिंह,समय लाल साहू,दिनेश गुप्ता,कीर्ति सिंह,अनसुइया मरकाम,पिंकी वर्मा,बलदाऊ पिपरिया,दुर्गा प्रसाद साहू,राजेश गुप्ता,निरंजन बिसाई,राजकुमार बंजारे,बुद्ध शरण बोरकर,अनिल सिंह,बद्री बघेल सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की सूची में जामुल 80वें स्थान पर



**भिलाईनगर,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 25 के नजीते घोषित नगर पालिका परिषद जामुल को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 अंतर्गत मिला देश में 80वां रैंक केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पुरे देश के शहरो के स्वच्छता के लिए प्रतिवर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है। कचरा मुक्त शहरो की जारी सूची में मिला थ्री स्टार रैंकिग एवं ओडीएफ़ का दर्जा प्राप्त हुआ है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया की उसके पूर्व 2023-24 में जामुल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 20000 से 50000 जनसंख्या वाले शहरो की सूची में 184 रैंकिग मे था। जो कि कॉफी ऊची छलांग लगाते हुए 80वां पायदान पर पहुंचा है। जो कि नगर पालिका जामुल के लिये हर्ष की बात है। साथ ही जामुल को ओडीएफ़ का दर्जा मिला है। सी.एम.ओ.श्रीमती सीमा बक्शी ने अपने स्वच्छता कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप लोग और कडी मेहनत करे जैसे डोर टू डोर कलेक्शन, मणीकंचन केन्द्रो में सेग्रीगेशन जैसे कार्यो पर विशेष ध्यान देवे। जिससे हमारे जामुल पालिका की विशेष पहचान बनें। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी सफाई कर्मियों का उत्साह बढाते हुए कहा कि आप लोगो की मेहनत का नतीजा है। जो कि हमारे जामुल पालिका को थ्री स्टार रैंकिंग एवं ओडीएफ़ का दर्जा मिला है। साथ ही हमारे नगर के आम जनता को भी धन्यवाद जिनके जागरूकता से हमारे जामुल की साफ सफाई में उचित स्थान मिला है। नपाध्यक्ष श्री ठाकुर एवं सीएमओ सीमा बक्शी ने संयुक्त रूप से जामुल के नागरिकों, व्यापारियों, के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त किया की आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जामुल पालिका और उच्च स्थान पर पहुचे जिससे की जामुल की पहचान एक स्वच्छ एवं आदर्श नगर की पहचान बनेगा।

### तहसील साहू संघ बालोद की बैठक आज

*बालोद, 19 जुलाई देशबन्धु। बालोद तहसील साहू संघ की आवश्यक बैठक आज रविवार 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे स्थानीय साहू सदन मरार पारा बालोद में तहसील साहू संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्यों व परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है।*

# कांग्रेसियों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

**गुरुर**, 19 जूलाई देशबन्धु। ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में शनिवार को बिजली न्याय आंदोलन के तहत कांग्रेसियों द्वारा विद्युत कार्यालय का घेराव किया गया, मौके पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी की उपस्थिति में गुरुर तहसीलदार हनुमंत श्याम को ज्ञापन भी सौपा गया। यह आन्दोलन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा किया गया। विद्युत कार्यालय का घेराव के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पुलिस के मध्य झुमा झटकी की भी स्थिति बनी। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल में चौथी बार आम जनता के जेब में डाका डालते हुए बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि किया गया है, जिसमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 20 पैसे एवं कृषि पंप में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है, इसके अलावा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती भी की जा रही है।



### खाद बीज की कमी, बिजली कटौती से सभी वर्ग परेशान

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ मे किसान सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान है, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। भाजपा की सरकार में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाया जा रहा हैं। कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ दुर्गुराम सिंहा, तोमन साहू ने कहा कि 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की है। 2003 में छ.ग. में घरेलु उपभोक्ताओं के लिए 3.30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमन सिंह के समय भी 6.40 रूपये तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6.20 रूपये किया गया, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस पार्टी की भूपेश बघेल सरकार के पूरे पाँच साल का नेट वृद्धि यदि देखे तो मात्र 2 पैसे का था जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था।

### कांग्रेस कार्यालय से पैदल ही निकले घेराव करने

कांग्रेसियों ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल हॉफ योजना के अंतर्गत छ.ग. के 65 लाख से अधिक घरेलु उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रूपये के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। दोपहर में 1 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर कार्यालय से पैदल ही नेशनल हाईवे से गुजरकर विद्युत कार्यालय पहुंचे, जहां नारेबाजी करते हुए कार्यालय का घेराव किया।

### स्मार्ट मीटर के नाम पर अवैध वसूली

कांग्रेस कमेटी के जीवराखन साहू, दीनाराम चेलक ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला, पानी, जमीन व महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है. अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कम्पनी का प्री-पेड मीटर भी लगाया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री के नाम सौपा गया ज्ञापन

विद्युत कार्यालय का घेराव के बाद कनिष्ठ अभियंता दुष्यंत कुमार पोया एवं आशुतोष पंचागम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सोपा गया है, इस दौरान कांग्रेस कमेटी गुरुर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, चंद्रहास सिंहा, तोषण साहू, सुमित राजा राजपूत महिमा साहू, प्रभात ध्रुवे, दीनाराम चेलक, जीव राखन साहू सहित अन्य का कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वही कांग्रेसियों द्वारा बिजली कार्यालय का घेराव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु गुरुर थाना प्रभारी सुनील तिर्की, कंवर चौकी प्रभारी लता तिवारी, एएसआई भुजबल साहू सहित विभिन्न स्थानों से पुलिस के बल तैनात किए गए थे।

# छत्तीसगढ़ी खुशबू को देश परदेश में फैलाने वाले स्व.सुरेंद्र दुबे को विनम्र श्रद्धांजलि

**थानखम्हरिया**, 19 जूलाई देशबन्धु। चंडी धाम ग्राम करमू में राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बेमेतरा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला इकाई के द्वारा आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की विषय में विशेष चर्चा हुई। बैठक में मौजूद सदस्यों की उपस्थिति में समिति के पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें कुछ नए पद जोड़े गए। जिसमें समिति के सह संयोजक के रूप में प्रदेश के प्रख्यात कवि सुनील शर्मा च्नीलज् जी एवं सह सचिव के रूप में हेमशंकर पाटिल को नियुक्त किया गया । जिला इकाई संगठन के कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए उपस्थित सदस्यों के मध्य विशेष मंत्रणा हुई। प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल शर्मा ने कहा किज्ज राष्ट्रीय कवि संगम युवा कवियों के लिए वो प्लेटफार्म है जो उनको ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक मंच प्रदान करने का सुअवसर प्रदान करता है ।ज्जिला अध्यक्ष विवेक पोल ने कहा च्च कि काव्यगोष्ठी में ही एक कलमकार की प्रतिभा को तराशा जा सकता है , इसलिए जितना हो सके काव्यगोष्ठी आयोजित करने का हम लक्ष्य रखेज् ।कार्यक्रम के अंत में प्रदेश के प्रख्यात हास्य कवि पद्मश्री स्व. डॉक्टर सुरेंद्र दुबे जी शब्द सुमनो से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला सरक्षक महेन्द विरदी ने कहा छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ी खुशबू को देश और परदेश में फैलाने वाले स्वर्गीय सुरेंद्र दुबे को आखिरी प्रणाम। विनम्र श्रद्धांजलि। संगठन के उपाध्यक्ष शिक्षक कवि बलराम ठाकुर की धर्मपत्नी शिक्षिका स्वर्गवासी शशिबाला ठाकुर की दिवंगत आत्मा की शांति उपस्थित सदस्यों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष ,कमल शर्मा कमल, जिला इकाई बेमेतरा के अध्यक्ष विवेक पोल, जिला इकाई संरक्षक महेंद्र सिंह विरदी, जिला इकाई संयोजक ईश्वर साहू आरुग, अरविंद गोस्वामी ,प्रकाश वर्मा ,जिला इकाई सचिव पंकज शर्मा, सुनील शर्मा नील , हेम शंकर पाटील और हरीश पटेल हर , केदार कुमार निर्मलकर उपस्थित रहे।



# ईडी की कार्य प्रणाली को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने फूंका पुतला

**कुम्हारी**, 19 जूलाई देशबन्धु। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के तत्वाधान में शनिवार को स्टेशन चौक कुम्हारी में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में ईडी का पुतला फूंका गया। वहीं विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में ईडी के कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हुए भारी रोष जताया। इस मौके पर प्रदर्शन में उपस्थित खैरागढ़ की विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से जंगलों की कटाई की जा रही है, संस्थानों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है यह चिंता का विषय है उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस के नेताओं को परेशान कर रही है यह निंदनीय है। विगत वर्ष हमारे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर छापा मारा गया लेकिन कुछ भी हाथ नही आया और अभी शुक्रवार को उनके सुपुत्र चैतन्य के जन्मदिन पर ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी यह साबित करती है कि प्रदेश की भाजपा सरकार बदले की राजनीति एवं ओछी मानसिकता से ग्रसित है। एक ओर जहां प्रदेश में अपराध अपने चरम पर है जिसके लिए कांगेसी लगातार आवाज उठा रहे है सरकार द्वारा विपक्षियों की आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है लेकिन ये हमारी आवाज को दबा नही सकेंगे आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश स्तर पर सड़क में उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेंगी। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने भी ईडी एवं राज्य सरकार के कार्यकलापों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरीके से संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर कांग्रेस के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है इस बात से पूरा विपक्ष आक्रोशित है एवं कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। विगत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि चैतन्य बघेल पार्टी के कार्यकर्ता भी नही है बावजूद इसके सिर्फ भूपेश बघेल के सुपुत्र होने के नाते उन्हें फंसाया गया है जो सरकार की निम्न मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करते है। आने वाले समय में पार्टी नेतृत्व के आदेशानुसार कार्यकर्ता सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रमोद सिंह राजपूत पूर्व पालिका अध्यक्ष स्वप्निल उपाध्याय, राजेश्वर सोनकर, नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार चक्रधारी, विनोद साहू, गिरीश देवांगन, पार्षद डिकेन्द्र साहू, लेखराम साहू, विकास सोनकर, राकेश कुर्रे, मनहरण यादव थनेश पटेल एवं प्रमोद चन्द्राकर, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष के. रविकुमार किशोर सोनकर, रीना साहू, कमला मौर्या सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

0




# गौठान से गायब हुए गाय वापस नगर डौण्डी में पहुंचे

- सुविधा विहिन गौठान से गायों को निकाल किसान संघ ने गायों को छोड़ था जंगल में
- गौ माता के संबंध,भ्रमित खबर फैलाने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही की मांग: किसान संघ



**डौण्डी**,19 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौण्डी के गौठान से गायब हुई गाय वापस डौण्डी नगर में पहुंच गई ।इस संबध में डौण्डी किसान संघ के अध्यक्ष गेंद लाल मानकर व उपाध्यक्ष सुखदेव राम यादव ने नगर पुलिस अधीक्षक को लिखित सूचना दे कर आवेदन माध्यम से बताया की गोठान में लगभग 130 से 135 रखे घुमंतु गायों को किचड़ युक्त दाना पानी की व्यवस्था नही होने व खेतों में धान की फसल होने के कारण व अन्य परेशानियों को देखते हुए 11 जुलाई को गायों की अच्छे जीवनयापन के लिए किसान संघ जंगल में छोड़ने का फैसला ले कर सभी गायों को जंगल में छोड़ दिया गया था ।जंगल में छोड़े गाय मे से कुछ गाय जंगल से वापस आ गई थी और कुछ गाये धीरे धीरे नगर में वापस आ गई लेकिन कुछ दिनों से डौण्डी नगर का एक व्यक्ति द्वारा सोशल मिडिया में गायों के तस्करी का मामला छाप रहा था,जो की बेबुनियाद है। जिससे जन आक्रोश बढ़ रहा था। किसान संघ के पदाधिकारियों ने आवेदन के माध्यम से बताया की जो व्यक्ति इस प्रकार की भ्रमित करने वाला सोशल मिडिया के माध्याम से यह खबर छाप रहा था,हम सभी किसान सभी डौण्डी नगर में आए हुए गायों को उसी व्यक्ति को सौंपना चाहते हैं ।क्योंकि नगर के गोठान की हालात इतनी खराब है की गाय भूख प्यास व किचड़ युक्त गौठान में मर जाएगी,और न डौण्डी में चारागाह है। सभी किसान संघ के सदस्यों ने पत्र के माध्यम से आगे कहा की गोरेलाल सोनी जो अपने आप को पत्रकार व समाज सेवी बताता है,जो डौण्डी थाना में गायों के तस्करी होने के मामले में शिकायत दर्ज कराया है। हमें ऐसी भी जानकारी मिली है की नगर पंचायत के दो कर्मचारी कैलाश पिस्दा और जीतू यादव जो गौठान में पदस्थ हैं को जैसे जैसे में बोलूंगा वैसे तुम लोग बोलना कह कर उन्हें बुलबाया गया है। यह जानकारी ये दोनों कर्मचारी हमें दी है ।किसान संघ व भाजपा के प्रतिनिधियों ने कहा की गौमाता के संबंध में इस प्रकार लोगों को भ्रमित करने वाले समाज सेवी व्यक्ति गोरे लाल सोनी के उपर भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए ।किसान संघ ने थाना प्रभारी से निवेदन किया की 19 जुलाई को डौण्डी पुलिस ग्राउंड में जंगल से वापस आये 130 से 140 मवेशीयों को किसानों व्दारा रखी गयी है,उनकी चारे-पानी की सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। किसान संघ के अध्यक्ष गेंद लाल मानकर ने देशबन्धु से कहा की नपं के सीएमओ ने हमें भरोसा दिया था की गौठान में गायों के लिए चारे-पानी का व्यवस्था गौठान को किचड़ मुक्त कर सुविधा युक्त बनाए जाएगा जिस पर कोई कार्य नहीं किया गया जिसे देखते हुए गायों की जान की सुरक्षा को लेकर हम सभी किसान संघ ने गायों को जंगल में छोड़ने का निर्णय लिया जिससे गायों को जंगल में चार पानी भी भर पूर मिलेगा व किचड़ युक्त गौठान के साथ नगर के मुख्य सड़क में बैठने से गायों के साथ होने वाली दूर्घटना से भी छुटकारा मिलेगा।


# आज जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री शर्मा होंगे शामिल, कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**बालोद**, 19 जूलाई देशबन्धु। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बालोद जिले में रविवार 20 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण सह वन महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में आयोजित इस वृहद एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह से व्यवस्थित एवं गरिमा के अनुरूप संपन्न होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि बिल्कुल भी नही होनी चाहिए। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले के सभी जनपद एवं अनुविभाग मुख्यालयों से जुड़े अधिकारियों से वर्चुअली संपर्क स्थापित कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सांसद भोजराज नाग करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू एवं अन्य अतिथि शामिल होंगे। श्रीमती मिश्रा ने अधिकारियों को विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, श्री अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर सहित डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सुश्री डिम्पी बैस एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायत के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से बारी.बारी से चर्चा कर पौधों की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने सभी अधिकारियों से जिला प्लांटेशन ग्रुप में पौधरोपण के संबंध में जारी किए गए वीडियो का भली.भाँति अवलोकन करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने पौधरोपण हेतु निर्धारित स्थल में समुचित मात्रा पौधों के अलावा खाद, फावड़ा इत्यादि सभी चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के उपरांत रोपे गए शतप्रतिशत पौधों का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा के उपाय भी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। कलेक्टर ने पौधरोपण के पूर्व एवं पौधरोपण के पश्चात् अनिवार्य रूप से जियोटैगिंग कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने आयोजन से जुड़े तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधितों को ई.कार्ड के वितरण सुनिश्चित करने के अलावा सभी तैयारियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन तीन स्तर पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा सभी विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उन्होंने विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय पत्रकारों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आयोजन के दौरान प्रत्येक विकासखण्ड के एक.एक चयनित व्यक्तियों से वर्चुअली संवाद भी किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड से 01-01 व्यक्ति का चयन करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि वृहद वृक्षारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ.साथ जिले के सभी पाँचों विकासखण्डां एवं 09 नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रम का वेबएक्स के माध्यम से वर्चुअल संपर्क स्थापित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ई.जिला प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों को जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# अपना एक वर्ष मुझे दें शेष जीवन आप ले लें - संत रामबालकदास


**थानखम्हरिया**, 19 जूलाई देशबन्धु। कौशल्याधाम में सनातन धर्म के देवी - देवताओं की एक सौ आठ मूर्तियॉ स्थापित होंगी। भक्तों को एक ही मंदिर में एक सौ आठ देवी - देवताओं के एक साथ दर्शन लाभ मिलेगा। भारत में राम के अनेक मंदिर हैं लेकिन राम को जन्म देने वाली मॉ कौशल्या का एकमात्र मंदिर कौशल्याधाम में निर्माणाधीन है। यदि भगवान राम का दर्शन करना है तो अयोध्या जाओ और राम की मॉ का दर्शन करना है तो कौशल्याधाम आना होगा।



बाबाजी ने कहा आपका एक साल मुझे दीजिये मेरी शेष जिंदगी आप ले लीजिये। नगर के जमात मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मंच से संत श्रीरामबालकदास जी ने कहा कि अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि मंदिर, कनक भवन, दशरथ महल, जानकी महल, हनुमान गढ़ी, लक्ष्मण किला तो है लेकिन माता कौशल्या का मंदिर नहीं है। कौशल्याधाम सनातनियों का पॉचवॉ धाम होगा। भविष्य में सरकार की तीर्थ योजना के तहत पूरे देश से श्रद्धालु कौशल्याधाम आयेंगे। बाबाजी ने कहा मंदिर का शिखर दिसंबर 25 तक पूर्ण होने की संभावना है। वहीं राम को गोद में लिये मॉ कौशल्या की मूर्ति भी संभवत- दिसंबर में तैयार होकर आ जायेगी। मूर्ति के छ ग आने पर यात्रा निकालकर इसे पूरे प्रदेश में भ्रमण कराया जायेगा। तीन युगों बाद छ ग की बेटी के आने पर उसका भव्य स्वागत किया जायेगा। बाबाजी ने बहन - बेटियों को व्यास गद्दी पर आसीन होने का समर्थन करते हुये कहा कि वेद - शास्त्र में बहुत सी बातों का उल्लेख नहीं है समय की गति के साथ बहुत सी नवीनता आती है। छ ग के बेटे बेटियों को व्यास पीठ पर देखकर खुशी होती है। प्रदेश की माटी में जन्मी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। प्रदेश के विकास में इसका संभुप्रता की रक्षा में मारवाड़ी, गुजराती, बिहारी सभी प्रदेश के लोग लगे हुये हैं। हम भाग्यशाली हैं कि छ ग की माटी में हमने जन्म लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प एक पेड़ मॉ के नाम में एक पंक्ति जोड़ते हुये बाबाजी ने कहा एक संकल्प मेरी कौशल्या मॉ के नाम करें। महंत बसंतबिहारीदास, ओमप्रकाश जोशी, शिवेन्द्र बिंदल, चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, पुरूषोत्तम अग्रवाल, विष्णुदास वैष्णव, रामजी सिन्हा, डॉ आर पी शर्मा, शिवकुमार साहू, तुलाराम साहू, ध्रुव साहू, दौवा कुंभकार, राजेन्द्र बिंदल, तोषू सिंह वर्मा, दधिबल साहू आदि ने पुष्पहार से बाबाजी का स्वागत किया।

# सार्जनिक शौचालय में गंदगी का अंबार, केयरटेकर लापता

गंडई पंडरिया। गंडई नगर के वार्ड नंबर 10 के कवर्धा रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय की गंदगी से भरी पड़ी हुई है। स्वच्छता का ढोल दीवारों पर लगे पोस्टर तो खूब पीट रहे हैं परंतु शौचालय की अंदर का आलम इस ढोल के पोल खोल रहे हैं। शौचालय में स्वच्छ भारत अभियान की बैनर और पोस्ट तो है परंतु स्वच्छता नहीं है। स्वच्छता श्रृंगार के नाम पर निकाय द्वारा लाखों खर्च किए जा रहे हैं परंतु स्वच्छता श्रृंगार के एक भी वास्तु उपलब्ध नहीं है और ना ही शौचालय का देख रेख करने के लिए केयरटेकर उपस्थित रहता है जिसके चलते सेप्टिक पार्ट एवं स्नानागार में माल एवं गंदगी बिखरी पड़ी है। इस सार्वजनिक शौचालय में केयर टेकर की उपस्थिति नहीं रहती है, जो इसकी बदहाली का प्रमुख कारण है। निकाय ने सार्वजनिक शौचालयों को ठेका पर दिया है। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को शौचालयों की सफाई, केयर टेकर की उपस्थिति एवं अन्य जरूरी सामानों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होती है परंतु यह शौचालय भगवान भरोसे हैं। शौचालय के अंदर गुटखा, बीड़ी-सिगरेट और गंदगी ठेकेदार और केयर टेकर लापरवाही का बयान करता है। शौचालय में निस्तार के लिए पहुंचे कुछ लोगों में से निवासपुर के मुक्कु बघेल जो इसी शौचालय के पास काम करते हैं, ने बताया कि शौचालय में गंदगी और अव्यवस्था है। उन्हें काम के दौरान शौच जाना था, परंतु गंदगी देखकर उन्हें अन्य जगह जाना पड़ा। इसी प्रकार गंडई के प्रकाश यादव ने बताया कि शौचालय पूरी तरह बर्बाद



शौचालय का निरीक्षण किया जाएगा। गंदगी और अव्यवस्था पाए जाने पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही ठेकेदार और केयरटेकर के ऊपर वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

**- अविनाश देवांगन (मुख्य नगर पालिका अधिकारी गंडई)**

# निजी विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक नहीं

**परपोड़ी**, 19 जूलाई देशबन्धु। नगर में निजी विद्यालयों की भरमार है। प्रशासन के द्वारा निजी विद्यालयों को निम्नानुसार संचालन के लिए अनुमति दी गई है । परपोड़ी नगर में कुल 6 विद्यालय को शासन ने नियमानुसार अनुमति दी है ।अभी नगर ने 5 विद्यालय संचालित हैं ।नगर के वीरांगना अवंती बाई निजी विद्यालय में 5 से शिक्षक प्रशिक्षित नहीं है जबकि वे वर्षों से पदस्थ है। इसी बात को संस्था ने जानकारी लेने पर खुद स्वीकार किया है।

### पढ़ाई हो रही है प्रभावित

शिक्षकों के प्रशिक्षित नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जबकि पालकों से पढ़ाई के लिए फीस वसूल की जा रही है। निजी विद्यालय में कार्यालय, पुस्तकालय, पढ़ाई के लिए कमरे, खेल मैदान एवं खेल सामग्री, पठन सामग्री अनिवार्य है। लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है ।नगर के निजी विद्यालयों में संसाधन नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है जिससे बच्चों के स्तर में सुधार नहीं हो पा रहा है। निजी विद्यालय हर साल शिक्षा विभाग को विद्यालय के सभी चीजों की जानकारी देती है लेकिन इसके बावजूद प्रशासन निजी विद्यालय को संचालित करने में सफल नहीं हो पा रहा है। शासन के द्वारा तय नियमों का पालन नहीं किया जा रहा हैं जिससे छात्रों की पढ़ाई कमजोर हैं ।

### शासन के नियम का पालन नहीं

शासन ने शिक्षा के अधिकार के नियम को लागू किया है। निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस तो वसूली की जा रही है जबकि शासन के नियम से हर साल 8 से 8.5 प्रतिशत की ही वृद्धि की जा सकती है। इसकी जानकारी शासन को शीघ्र लगनी चाहिए ।नगर के निजी विद्यालयों में योग्य शिक्षकों की योग्यता, नियुक्ति, प्रशिक्षण और उनकी वेतन को लेकर मनमानी की जा रही है । जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है ।

### बच्चों को देनी है अनिवार्य शिक्षा

परपोड़ी में 5 निजी विद्यालय हैं ।शासन के नियम से निजी स्कूलों में 6 से 14 वर्ष के बच्चों के 25 सीट आरक्षित किया गया है ।यह संविधान के 68वें संशोधन से लागू हुआ है। शासन के द्वारा निजी स्कूलों के बच्चों के प्रवेश उपस्थिति और प्रारंभिक शिक्षा की जानकारी प्रतिवर्ष लेती है। इनके शिकायतों की निराकरण के लिए भी नियम बनाया गया है ।शासन के नियम में प्राथमिक शिक्षा के लिए छात्र - शिक्षक सही अनुपात, विद्यालय में कक्षाओं की संख्या और शिक्षकों की योग्यता जरूरी है ।

### शिक्षक के पास न डिग्री, न डिप्लोमा

निजी विद्यालयों में कई शिक्षकों के पास डी. एड. एवं बीएड की डिग्री नहीं है। शासन ने शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए डिप्लोमा कोर्स भी निर्धारित किया है लेकिन इसके बावजूद शिक्षक के पास डिप्लोमा भी नहीं है जिससे छात्रों की पढ़ाई में सुधार नहीं हो रहा है ।इस जानकारी का खुलासा शासन को भेजे गए जानकारी से हुआ है ।शासन को निजी विद्यालयों में बीएड एवं डीएड प्रशिक्षित शिक्षक नहीं है ।निजी विद्यालय को चलाने वाली समिति का नाम, पंजीयन की तारीख, संस्था के अध्यक्ष का नाम पता एवं दूरभाष, विद्यालय के भवन कक्षा की संख्या, खेल मैदान, कार्यालय की जानकारी, विद्यालय में पठन सामग्री, खेल सामग्री आदि की जानकारी भेजी जाती है। इसी प्रकार विद्यालय में वहां सीसीटीवी कैमरा की जानकारी शासन को भेजनी होती है ।उपरोक्त तथ्यों को स्वयं निजी संस्थानों ने स्वीकार किया है।

निजी विद्यालयों में दीप पब्लिक स्कूल से नागेंद्र निर्मलकर ने बताया कि कुल कक्षाओ की संख्या 05, कुल शिक्षक 04 , कुल प्रशिक्षित शिक्षक 03, अप्रशिक्षित शिक्षक 01 है। रॉयल पब्लिक स्कूल से कृष्ण कुमार सोनी ने बताया कि कुल कक्षाओ की संख्या 07, कुल शिक्षक 11 , कुल प्रशिक्षित शिक्षक 09, अप्रशिक्षित शिक्षक 04 है। विवेकानंद पब्लिक स्कूल से सरिता चंदेल ने बताया कि कुल कक्षाओ की संख्या 11, कुल शिक्षक 19 , कुल प्रशिक्षित शिक्षक 17, अप्रशिक्षित शिक्षक 02, छात्रों की संख्या 298 है। रानी अवंतीबाई स्कूल से ओमप्रकाश जंघेल ने बताया कि 5 शिक्षक प्रशिक्षित नहीं है।

## निधन

### श्रीमती सोनमती मौर्या



भिलाईनगर। पार्षद एवं जोन अध्यक्ष रामानन्द मौर्या के माताजी श्रीमती सोनमती मौर्या का आकस्मिक निधन कल18 जुलाई को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा कल 20 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान गुरुनानक नगर गुरुद्वारा के पास से रामनगर मुक्तिधाम के

# जिला कांग्रेस बेमेतरा ने भाजपा और ईडी का पुतला फूंका



**बेमेतरा,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय ई डी के द्वारा जिस तरीके से दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही करते हुए उनके निवास से गिरफ्तार किया गया है उसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में बेमेतरा शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड चौक में भाजपा और प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला फूंका गया इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार दुर्भावना पूर्वक विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए तथा अपने अकाउंट के इशारे पर विपक्षियों पर ईडी सीबीआई तथा अन्य एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है चैतन्य बघेल जिनका कुसूर सिर्फ इतना है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र हैं उन्हें जबरन बिना किसी साक्ष्य के प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा गिरफ्तार किया गया है जबकि उसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जंगलों को अदानी समूह द्वारा काटने को लेकर विधानसभा में सवाल जवाब करने वाले हैं जानबूझकर उन्हें प्रभावित करने तथा रोकने के नियत से उनके पुत्र की गिरफ्तारी की गई है यह केवल एकमात्र गिरफ्तारी नहीं है।

■ भाजपा सरकार दुर्भावना पूर्वक विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही : छाबड़ा

ऐसे सैकड़ो उदाहरण है जहां भाजपा के द्वारा दुर्भावना वर्ष विपक्षियों की आवाज को दबाने के लिए लगातार एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसका प्रतिरोध करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भाजपा और प्रवर्तन निदेशालय का पुतला फूंका गया है हम इसके माध्यम से संदेश देना चाहते हैं कि सत्य की इस लड़ाई में भूपेश बघेल अकेले नहीं है पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी उनके साथ खड़ी है सदन से लेकर सड़क तक की लड़ाई लड़ेंगे चाहे उसके लिए जो करना पड़ जाए इस दौरान ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा टी आर जनार्दन शकुंतला मंगत साहू रवि परगनिहा जोगिंदर छाबड़ा कविता साहू रीता पांडेय अविनाश तिवारी मनोज शर्मा मिथलेश वर्मा नवीन ताम्रकार राजू साहू शत्रुघ्न साहू रवि रजक हरीश साहू शशि प्रभा गायकवाड मिनटा नामदेव राजू साहू दयासिंह वर्मा अजय राज सेन सनत धर दीवान सुनील नामदेव प्रांजल तिवारी प्रकाश ठाकुर राम ठाकुर रोमन वर्मा चंद्र प्रकाश शीतलानी सिद्दीक् खान बिनु मानिकपुरी जनता साहू प्रशांत तिवारी बहल वर्मा पप्पू साहब नारायण छाबड़ा विकाश चौबे भीखम साहू वाहिद रवानी सिद्धांत दीवान दिलहरन साहू लक्ष्मण साहू शेख लल्लू कुरैशी हेमिन यादव निन्नी देवांगन सीताराम यदु राजकुमार बंजारे भाव सिंह राज प्रतीक दुबे धर्म वर्मा ऋतिक तिवारी रूप सिंह कमल साहू जयप्रकाश राज राघवेंद्र मनु कौनेन अली नरेश सिंह गुरेंद्र वर्मा वर्मा गोलू वर्मा राजेंद्र साहू शंकर चौहान घनश्याम देवांगन सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# 1 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वॉकिंग ट्रैक निर्माण का किया भूमिपूजन



**कवर्धा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा वीर सावरकर भवन कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में करपात्री स्कूल से लेकर, जिला पंचायत होते हुए बीएसएनएल कार्यालय से होते हुए पीजी कॉलेज तक, पीजी कॉलेज से होते हुए करपात्री स्कूल तक 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले वॉकिंग ट्रैक निर्माण का भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के 131 लाभान्वित हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक का वितरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले नगर पालिका कवर्धा के 23 कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होनें जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता दीदीयों के साथ केक काटकर खुशी जाहिर की तथा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों का आभार माना।

■ उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 131 लाभान्वित को आवास स्वीकृति पत्रक प्रदान किया

■ उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले नगर पालिका कवर्धा के 23 कर्मचारियों को किया

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीबों को उनका पक्का मकान दिलाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने ''मोर आवास मोर अधिकार'' अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ स्तर पर इस जनहितकारी आंदोलन की शुरुआत की गई है, जिससे राज्य के हर पात्र व्यक्ति को आवास की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को किस्तों में स्वीकृत राशि प्रदान की जा रही है और इसकी पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित की जा रही है। सभी हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समय पर किस्तों की राशि जारी की जाएगी तथा सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिले। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली तारों को चिन्हांकित कर हटवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

# नि: शुल्क कैंसर उपचार एवं परामर्श शिविर आयोजित




**बेमेतरा,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहडेलकर के निदेर्शानुसार एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू के मार्गदर्शन में नि:शुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान मे जिला चिकित्सालय एम सी एच बिल्डिंग में समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। कैंप में कुल 36 मरीजों का स्क्रिनिंग किया गया जिसमें 26 पुरुष ,10 महिला थे ,कैंसर कैंप में विभिन्न प्रकार के कैंसर संभावित मरीजों की संख्या 36 जिनमें अंडर ट्रीटमेंट 3 भी थे,जिसमें पेप स्मीयर 11 और मैमोग्राफी 06 का सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा गया। कैंसर कैंप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहडेलकर स्वयं उपस्थित होकर जिला के ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र से आये हुए मरीज जो कि संभावित कैंसर लक्षण के हैं उनसे मिलकर हाल-चाल जाना एवं उनके मनोबल बढ़ाया की कैंसर से घबराने की जरूरत नहीं है उन्होंने जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की। इसी तारतम्य में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल डॉ. लोकेश साहू भी कैंप में स्वयं उपस्थित होकर मरीजों का हाल-चाल जाना। बाल्को मेडिकल सेंटर से आये हुए प्रसिद्ध कैंसर सर्जन विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर पाण्डेय ,आर एम ओ डॉ हेमलता,कैंसर नेवीजेटर इंद्र कुमार साहू एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी तथा उक्त कैंसर कैंप जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु एवं सहयोगी स्टॉफ के द्वारा किया गया। कैंसर कैंप में आए समस्त मरीजो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा तहत 7 हितग्राहियों का हुआ पुरुष नसबंदी ऑपरेशन



**बेमेतरा,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय बेमेतरा में पुरुष नसबंदी आपरेशन का आयोजन किया गया जिसमें 07 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक सर्जन डॉ. जायसवाल डॉ एस पी कोसरिया व डॉ. बलविंदर एवं उनके चिकित्सकीय स्टॉफ के द्वारा किया गया। उक्त पुरुष नसबंदी आपरेशन का आयोजन सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहडेलकर के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# नाबालिग बालिका का शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**खैरागढ़,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम करमतरा में नाबालिग बालिका का शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार 19 जुलाई 2025 कों प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम करमतरा निवासी पुनित दास साहू जिसको गांव में सभी साहेब कहकर बुलाते हैं और पाठ करने का काम करता है उसके द्वारा उसकी अबोध नाबालिक बहन के साथ कई सालो से शारीरिक शोषण करते आ रहा है। प्रथिर्या के रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 64, 64(2)(द्व),65(2) भा.न्या.सं. 4, 6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान केसीजी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पुनित दास साहू उर्फ साहेब पिता केजूराम साहू उम्र 54 वर्ष के खिलाफ एफआईआर करने के महज़ चार घंटे में ही गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# छुईखदान के एक निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत मामले में कलेक्टर ने कमिश्नर को लिखा पत्र

**खैरागढ़,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छुईखदान के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया। बिना प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ के इलाज से हुई इस मौत पर जब प्रशासन चुप रहा तब युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने 16 अप्रैल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कार्यवाही न होने पर 4 जून को दूसरा ज्ञापन फिर 25 जून को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर जनदबाव बनाया गया। इसके बाद ही एक बड़ा खुलासा हुआ। सरकारी जूनियर रेसिडेंट डॉक्टर निजी अस्पताल में अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहा था। युवा कांग्रेस की लगातार मांगों के बाद कलेक्टर ने कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन को पत्र भेजकर जांच और रिपोर्ट की मांग की ।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जोराताल में शिव महापुराण कथा संपन्न

कवर्धा, 19 जुलाई (देशबन्धु) ।दिव्य कथा आयोजन 13 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक आयोजित हो रही है, जिसमें कथा वाचक वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास जी (वृंदावन धाम) द्वारा भगवान शिव की लीलाओं का रसपान कराया जा रहा है।

आज की कथा में भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा का वर्णन किया गया। कथा अनुसार, एक समय भगवान ब्रह्मा और विष्णु में श्रेष्ठता को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। तब भगवान शिव ने एक अनंत प्रकाश स्तंभ के रूप में प्रकट होकर उन्हें इसका अंत खोजने को कहा। जब दोनों देवता असफल रहे, तब शिव को परम सत्ता के रूप में स्वीकार किया गया। इस प्रकाशस्तंभ के स्थानों पर ही 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों की स्थापना मानी जाती है।

इसके साथ ही, आज हनुमान जी के जन्म की कथा भी भक्तों को सुनाई गई, जिससे वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा के माध्यम से श्रोताओं को अध्यात्म, भक्ति, सेवा और संकल्प का गहन संदेश प्राप्त हो रहा है।

# सिंघौरी स्कूल में बीईओ द्वारा किया गया निरीक्षण



**बेमेतरा,** 19 जुलाई (हाईवे चैनल)। शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी में कामिनी महिलांग बेमेतरा विकासखंड के नवपदस्थ बीईओ एंव राजेन्द्र साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा निरीक्षण किया गया ।अधिकारी द्वारा दोनों संस्था के शिक्षकों की बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली गयी ।संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने पाठ्यपुस्तक,गणवेश वितरण,दर्ज संख्या एंव शिक्षकों की दैनंदिनी संबंधित जानकारी दी गई।

चर्चा के दौरान बीईओ मैडम द्वारा अपनी प्रारंभिक शिक्षा सिंघौरी स्कूल से ही ग्रहण करना बताया गया। तत्पश्चात बीईओ द्वारा बच्चो के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन चखकर गुणवत्ता की परख की गई। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चें उत्साहित नजर आये ।मध्यान्ह भोजन संतोषप्रद पाया गया ।मिनू में चावल, दालफ्राई,आचार एंव पापड़ देना पाया गया ।इसी बीच शाला के नारद साहू एसएमसी अध्यक्ष, बादल वर्मा उपाध्यक्ष,पोषण वर्मा शिक्षाविद, युगल देवांगन,कमल मानिकपुरी, गजाधर ने भी बैठकर मध्यान्ह भोजन का स्वाद चखा ।इस दौरान स्कूल में धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक,सरस्वती साहू,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,किरण खरे,पूनम साहू एंव साजन वर्मा भी उपस्थित रहे।

■ नवपदस्थ बीईओ एंव बीआरसी द्वारा ली गयी स्कूली गतिविधियों की जानकारी

# उप मुख्यमंत्री ने दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के बीच जन्मदिन मनाया



**कवर्धा,** 19 जुलाई 2025। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने जन्मदिवस को खास और प्रेरणादायी बनाते हुए आज शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी कवर्धा के विशेष बच्चों के बीच मनाया। उन्होंने बच्चों के साथ केक काटा, उन्हें मिठाइयाँ खिलाईं और आत्मीय संवाद के साथ अपना समय साझा किया।

■ ये बच्चे हमारी प्रेरणा हैं : विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान बच्चों को स्कूली बैग, शैक्षणिक सामग्री, फल एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट कीं। उन्होंने कहा कि ये बच्चे हमारी प्रेरणा हैं, और समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर खुशियाँ बाँटना ही एक जनप्रतिनिधि का असली धर्म है। इस दौरान श्री शर्मा ने बच्चों के साथ मिलकर उनकी कला प्रतिभाओं को भी सराहा, कुछ बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत व नृत्य को भावुक मन से देखा और प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी ली और सामूहिक फोटो खिंचवाकर इस पल को हमेशा के लिए संजो लिया।

विद्यालय स्टाफ और उपस्थित अभिभावकों ने उप मुख्यमंत्री के इस मानवीय पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार का आयोजन बच्चों के मनोबल को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होता है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार दृष्टि, श्रवण एवं अन्य रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए हरसंभव सहयोग और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसे विद्यालयों के संसाधनों और अधोसंरचना को और बेहतर बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे।

# विधायक भावना बोहरा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक करेंगी 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा



**कवर्धा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। भगवान भोलेनाथ पर अपार आस्था और विश्वास के साथ प्रतिवर्ष हमारे प्रदेश व देश में लाखों कांवड़ यात्री कई किलोमीटर की कठिन यात्रा करके भगवान शिवजी का जलाभिषेक करने के लिए विभिन्न मंदिरों की यात्रा करते हैं और शिवभक्ति की इस परंपरा को आगे ले जाते हैं। हमारे छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से भी प्रतिवर्ष सावन माह में हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री अमरकंटक में जलेश्वर महादेव को जल अर्पित करने कांवड़ यात्रा करते हैं। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने भी इस वर्ष एक ऐसा संकल्प किया है जिसे शिवजी के प्रति उनकी अटूट आस्था और विश्वास के साथ ही जनसेवा एवं हर व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे उस निर्मल भावना को दर्शाती है। उनके द्वारा स्वयं कंधो पर आस्था और विश्वास एवं मन में छत्तीसगढ़ व प्रदेशवासियों की सुख -समृद्धि एवं खुशहाली की कामना लिए वे 151 किलोमीटर की कठिन कांवड़ यात्रा करने जा रही हैं। भावना बोहरा का यह संकल्प एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन हेतु उनकी तत्परता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ियों तक हमारी सनातनत परंपरा एवं धार्मिक महत्वत के गौरवशाली इतिहास के प्रति प्रेरित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध होगा।

छत्तीसगढ़ की जनता और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा 21 जुलाई को सावन माह के दूसरे सोमवार को सुबह 7 बजे माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक लगभग 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा शुरू की जाएगी। भावना बोहरा माँ नर्मदा मंदिर से कांवड़ में जल लेकर पद यात्रा करते हुए डोंगरिया महादेव का जलाभिषेक करने के पश्चात् भोरमदेव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार होगा की एक महिला जनप्रतिनिधि इतनी कठिन यात्रा करके प्रदेश व प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करेंगी। इस दौरान भावना बोहरा माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से लहनी, खुड़िया, पंडरिया, मोहतरा से डोंगरिया महादेव पहुंचेगी जहाँ शिवजी का जलाभिषेक करेंगी तत्पश्चात डोंगरिया महादेव से बोड़ला होते हुए भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना व शिवजी का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा का समापन करेंगी। यात्रा के पूर्व शनिवार को भावना बोहरा ने कवर्धा में माँ महामाया मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं शनिदेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की समृद्धि एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली हेतु कामना की। तत्पश्चात ग्राम रणवीरपुर में श्री हनुमान मंदिर एवं माँ महामाया मंदिर में आयोजित झंडा पूजा में शामिल हुईं और मंदिर में दर्शन-पूजन कर सर्वमंगल की की कामना की और अपनी सुखद व सफल यात्रा के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में श्रावण मास और शिव उपासना की पौराणिक मान्यता है, हमारे छत्तीसगढ़ में भी अमरकंटक के नर्मदेश्वर महादेव के निकट मां नर्मदा का पावन जल लेकर बाबा भोरमदेव को अर्पित करने की प्राचीन आस्था है और प्रतिवर्ष कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर कठिन कांवड़ यात्रा करके भोरमदेव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक करते हैं। उसी आस्था के प्रति भगवान भोलेनाथ एवं माँ नर्मदा के आशीर्वाद तथा कांवड़ यात्रियों से प्रेरणा लेकर इस वर्ष सावन माह के द्वितीय सोमवार को माँ नर्मदा मंदिर प्रांगण से डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर तक छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मैं 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करने जा रही हूं। मैं प्रदेशवासियों और कबीरधाम जिला के सभी शिवभक्तों से आग्रह करती हूँ कि इस प्रयास में आपका सहयोग और गरिमामयी उपस्थिति मेरे संकल्प और मनोबल को नई उर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि 21 जुलाई को प्रात: 7 बजे अमरकंटक में भगवान नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा अर्चना कर माँ नर्मदा मंदिर से कांवड़ में जल लेकर डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान होगा अत: इस यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना करने हेतु आपकी उपस्थिति एवं मंगलकामनाओं की अपेक्षा है। आपकी उपस्थिति हर कदम पर बोल बम के उद्घोष के साथ मेरी हिम्मत को बढ़ाएगा। आप सभी अपने बहुमूल्य समय से कुछ क्षण निकालकर इस च्कांवड़ यात्रा में अमरकंटक से माँ नर्मदा का निर्मल जल लेकर भोरमदेव मंदिर में महादेव जी का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना हेतु इस यात्रा में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान शिव के प्रति मेरी आस्था और विश्वास एवं हमारे कांवड़ यात्रियों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ की खुशहाली हेतु मैं यह पद यात्रा करने जा रही हूं और आप में से जो भी कांवड़ यात्री या भक्तगण इस पुण्य यात्रा में मेरे साथ सहभागी बनना चाहते हैं उनका मैं सहर्ष स्वागत करती हूं। यह केवल एक पद यात्रा नहीं बल्कि देवों के देव महादेव के प्रति हमारी आस्था, भक्ति और उनकी कृपा से हम सभी के जीवन में व्याप्त सुख-समृद्धि का प्रतीक है। हमारी भारतीय संस्कृति च्सर्वे भवन्तु सुखिन:ज् की है और इसी संस्कृति और भगवान शिवजी के प्रति आस्था ने मुझे इस कांवड़ यात्रा हेतु प्रेरित किया है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और स्वास्थ्य से जुड़ी एक रीति भी है। भावना बोहरा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिस संकल्प और छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ से अधिक जनता के जीवन में सुख-शांति और हमारे प्रदेश की समृद्धि के लिए यह यात्रा करने जा रही हूँ वह जनता के सहयोग एवं माँ नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से जरुर पूरा होगा। डोंगरिया महादेव और भोरमदेव महादेव जी का जलाभिषेक कर इस यात्रा की समाप्ति होगी। इस दौरान मेरे हर कदम पर बोल बम के नारों से एक नया उत्साह एवं उर्जा का संचार करने के लिए जो भी शिवभक्त और कांवड़ यात्री हमारी इस यात्रा में शामिल होना चाहते हैं मैं सहर्ष उनका स्वागत करती हूँ।

# भाजपा का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गई है ईडी: कांग्रेस




- शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जयस्तंभ चौक पर हुआ पुतला दहन
- कांग्रेसजन भाजपा व ईडी पोस्टर के साथ की नारेबाजी

**राजनांदगांव,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफ की जा रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार 19 जुलाई को जयस्तंभ चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध जताया।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 19 जुलाई को जयस्तंभ चौक पर पोस्टर के साथ नारेबाजी कर ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा है भाजपा के लोगों द्वारा अवैध रेत, खनिज का दोहन किया जा रहा है, तो वहीं अवैध शराब मामला तेजी से पनप रहा है। जिस तरह से भाजपा का भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है, छग विधानसभा के सदन में कांग्रेस विधायकों द्वारा मामला उठाया जा रहा है जिससे भाजपा सरकार तिलमिला गई है और ईडी को भाजपा अपने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही करवा रही है। अंडानी बंधुओं को खुश करने छग प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को उजाड़ जा रहा है लगातार हरे-भरे पेड़ों की कटाई हो रही है इन ज्वंलत मुद्दों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उठाया गया तो भाजपा सरकार उनकी आवाज दबाते हुए ईडी की कार्यवाही कर उनके परिवार व सुपुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर दिया इससे कांग्रेस डरने वाले नहीं है और न्याय की इस लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि धुमिल करने की नियत से भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध की भावना के चलते उनके सुपुत्र चैतन्य बघेल पर ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया। छग विधानसभा में जनता के हितों व मुद्दों की बात रखने पर भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावना निकालते हुए यह कार्य किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, विभा साहू, पदम कोठारी, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, आफताब आलम, मेहुल मारू, पंकज बांधव, दिनेश शर्मा, विवेक वासनिक, इकरामुद्दीन सोलंकी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, हरिनारायण धकेता, मामराज अग्रवाल, गोपीचंद गायकवाड, रितेश जैन, अशोक फडनवीस, खिलेश बंजारे, गोपी रजक, विक्की पटेल, सूरज शर्मा, विशाल गढ़े, संदीप सोनी, शेषनाथ, सुरेन्द्र देवांगन, संजय साहू, रज्जू जॉन, सागर ताम्रकार, प्रतिमा बंजारे, अरशद खान, शमसुद्दीन सैफी, आफताब अहमद, मो. इब्राहिम, नवीन जायसवाल, चेतन सिन्हा, कुलदीप, तौसिफ गोरी, राजू सिन्हा, चंद्रिका वर्मा, कुंभदास जोशी, ललित कुमरे, दुरदर्शन साहू, अहिल्या साहू, मंजू साहू, सावित्री साहू, नासिर खां, अंजली घावड़े, रामगुलाल घावड़े, लेखचंद वर्मा, रविकुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# तलवार लेकर डराने वाले युवक के विरुद्ध हुई कार्रवाई



**राजनांदगांव,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। तुमड़ीबोड़ के ग्रामीण पुलिस चौकी तुमड़ीबोड रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के अरुण विश्वकर्मा और अकाश यादव दिनांक 19.07.2025 को ग्राम तुमड़ीबोड़ के रामनगर राम मंदिर के पास तलवार लेकर लहराकर आने जाने वाले लोगो को डराकर धमका रहा है, प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजिबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामले में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूलदेव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में राम मंदिर तुमड़ीबोड़ के पास धारदार चाकु लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे अरुण विश्वकर्मा पिता कमलेश विश्वकर्मा उम्र 31 वर्ष एंव अकाश यादव पिता प्रकाश यादव उम्र 24 वर्ष साकिनान तुमड़ीबोड पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ जिला राजनादगांव को तत्काल घेराबंदी कर पकडा आरोपी के कब्जे से एक लोहे का पटटा चाकू एंव तलवार जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। आरोपी आदतन बदमाश है जिनके विरूद्ध पूर्व मे चौकी तुमड़ीबोड़ के अलावा जिले के अन्य थानो मे हत्या, बलवा, आर्म्स एक्ट, मारपीट का अनेक मामले दर्ज है। क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाश, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

आरोपी का नाम अरुण विश्वकर्मा पिता कमलेश विश्वकर्मा उम्र 31 वर्ष साकिन तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ जिला राजनादगांव और आकाश यादव पिता प्रकाश यादव उम्र 24 वर्ष साकिन तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ जिला राजनादगांव बताया गया है।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल, सउनि चुन्नीलाल साहू, सउनि नंदकुमार फ़रदिया, प्रधान आरक्षक लोकनाथ वर्मा, प्रआर जगत ठाकुर, वर्मा, आरक्षक कमल नेताम, आरक्षक चंदू यादव, थलेश देशमुख, प्रमोद करियारे एवं चौकी तुमडीबोड स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है।

# शहीद हेमु कालानी चौक लालबाग में बाबा महाकाल पालकी यात्रा का होगा स्वागत



**राजनांदगांव,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को नगर में महाकाल सेना द्वारा भगवान महाकाल श्री चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली जा रही है। बाबा महाकाल की उक्त दैवीय पालकी यात्रा का भव्य स्वागत लालबाग स्थित शहीद हेमू कालाणी चौंक पर किया जाएगा।

शिव सेवा मंडल लालबागेश्वर धाम द्वारा आयोजित बाबा महाकाल के भय स्वागत - सत्कार कार्यक्रम में मुख्य रुप से महापौर मधुसूदन यादव, राजस्व विभाग के चेयरमैन (पार्षद) राजा माखीजा, महाकाल सेना के राजेश डागा , सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूलमल जी मोटलानी, समाज के वरिष्ठ ब्रहमानंद बजाज ,आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी शिव सेवा मंडल के विनोद लुल्ला, राजेश तेजवानी, संजय,अनील तेजवानी, प्रकाश आहुजा आदि सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं व शिव सेवा मंडल के धर्मानुरागी लोगों की उपस्थिति रहेंगी। शिव सेवा मंडल के श्री गंगवानी ने बताया कि लालबाग स्थित उक्त शिव धाम मंदिर में श्रावण सोमवार के पुनीत अवसर बर्फ से निर्मित बाबा अमरनाथ का भव्य शिव लिंग दर्शनीय बना हुआ है। इस दौरान पूरी भक्ति - भाव के बीच दोपहर 1 बजे शहीद हेमु कालानी चौक समीप स्थित शिव उद्यान में एक पेड़ मां के नाम पर बेल-पत्र पौध का रोपण किया जाएगा।

शिव सेवा मंडल लाल बागेश्वर धाम के भाई अर्जुन दास गंगवानी ने बताया कि सावन मास के द्वितीय सोमवार को बसंतपुर स्थित क्लब चौक से महाकाल भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी जो महामाया चौक, से गांधी नगर ,महेश नगर , कमला कालेज समीप स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए फुर्सत के पल तक जाने के पश्चात यहां से मुड़ कर रानी सागर के पूछा होते हुए प्रभात नगर स्थित भगवान जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर पहुंचेगी यहां पूजा अर्चना के पश्चात बाबा जी की पालकी यात्रा का सीधे लालबाग समीप शहीद हेमू कालाणी चौंक आगमन होगा जहां माननीय अतिथियों सहित शिव सेवा मंडल व सिंधी समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान मंडल द्वारा सिंधू भवन में महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।शिव सेवा मंडल द्वारा समस्त महाकाल भक्तो को उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# अग्रवाल समाज ने भगवान शिव का महारूद्राभिषेक नृत्य नाटिका के साथ संगीतमय किया आयोजन



**राजनांदगांव,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पवित्र सावन मास में भगवान शिव की भक्ति एवं अराधना की बयार चल रही है। इसी कड़ी में अग्रवाल समाज द्वारा विगत दिवस भोलेनाथ के रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सचिव आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि पहली बार आमगांव से आये 'भोले के दिवाने' भक्त मंडल द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में भजन एवं नृत्य नाटिका के साथ पार्थिव शिवलिंग एवं शिव पार्वती की मूर्ति का निर्माण कर विधिविधान के साथ भगवान भोलेनाथ का 'रूद्राभिषेक' कराया गया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती सुनिता अग्रवाल ने जानकारी दी कि 'रूद्राभिषेक' में अग्रवाल समाज के 150 महिला एवं पुरूषों ने भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन किया। भक्तिमय इस आयोजन में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे। शिव पार्वती की नृत्य नाटिका तथा राधा कृष्ण की रासलीला की प्रस्तुति से लोगों ने भावविभोर होकर भक्तिरस का आनंद उठाया। फुलों की होली तथा भस्म आरती से समूचा वातावरण शिवमय हो गया। उपस्थित भंक्तों ने इस अनुठें कार्यक्रम की खूब सराहना की।

भोले के दिवानें' मंडली के मनीष शर्मा, ज्ञानू अग्रवाल ने बताया कि उनके मंडल का उददेश्य सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु हिन्दु सनातनियों में धर्म के प्रति जागरूकता लाना, सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण करना, माता पिता तथा वयोवृद्ध जनों को सम्मान दिलाना, अतिनिर्धनों लाचार एवं रोगी व्यक्तियों को अर्थ सहयोग एवं ईलाज उपलब्ध कराना है।

अंत में भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शिव रूद्राभिषेक के इस अभिनव आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील पसारी, सुशील अग्रवाल, राजेश खोखरिया, श्रीकिशन अग्रवाल, नरेन्द्र गोयल, भावेष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल। अग्रवाल महिला मंडल की रेखा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, वीणा अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, चैतन्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

# परिपोषक पालन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



**छुईखदान,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रावल के निर्देशन में में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 0 से 6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास हेतु ''परिपोषक पालन'' के चक्र 2 और 3 के विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण सभी सेक्टर मुख्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य माता-पिता एवं देखभालकर्ताओं के साथ कार्यकर्ताओं की संवाद कौशल को सशक्त बनाना, बच्चों की भावनात्मक और सामाजिक जरूरतों को समझना और उन्हें सही वातावरण में विकसित करने हेतु कार्यकर्ताओं को सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा बच्चों के व्यवहार को समझने की कला सकारात्मक अनुशासन और प्रोत्साहन के तरीके 0-3 वर्ष के बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, माता-पिता के साथ सहायक साझेदारी का निर्माण, घर-आंगनबाड़ी समन्वय अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। सुनील बंजारे ने बताया कि च्परिपोषक पालन बच्चों की नींव को मजबूत करता है और इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पी आर खुटेल के अनुसार यह प्रशिक्षण (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) के राष्ट्रीय उद्देश्यों को मजबूत करेगा।

# स्नेहा हल्दर ने शतरंज़ प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा



**डोंगरगढ़,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय शतरंज़ दिवस पर एन.आर.सी.ए. शतरंज़ ने 16 वर्षीय शतरंज़ खिलाड़ी कॉमन वेल्थ डबल गोल्ड मेडलिस्ट इंडियन सब जूनियर चैंपियन कलकत्ता निवासी कु .स्नेहा हल्दर पिता भोगिरथ हल्दर को उनकी शतरंज़ खेल की उपलब्धि पर बधाई दी वा भविष्य में वूमेन ग्रैंड मास्टर नॉर्म्स का टाइटल प्राप्त करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी है. स्नेहा हल्दर शतरंज़ खेल की कई बड़ी स्पर्धाओं की विजेता खिलाड़ी रह चुकी है और देश का नाम रोशन कर चुकी है,इन्होंने बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, भूटान, चीन, जॉर्जिया, स्पेन ,अज़रबैजान, यूएई, अमेरिका, रूस ,क़ज़ाकिसत्तान, समेत कई देशों में भारतीय शतरंज का नेतृत्व किया है. स्नेहा वर्तमान में दुबई, अबुधाबी, में आयोजित इंटरनेशनल शतरंज स्पर्धा में भारतीय शतरंज़ का प्रतिनिधित्व कर रही है .स्नेहा हल्दर एन. आर. सी.ए ,संस्था से पिछले 6 वर्षों से जुड़ी हुई है.एन. आर. सी.ए. शतरंज ने बेहतर खेल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी व उज्वल भविष्य की कामना की है ।

# म्यूल एकाउंट खाता धारकों पर कार्रवाई जारी




**डोंगरगढ़,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट का जांच कर कार्यवाही की जाती है। ऐसे ही म्यूल खाता के धारकों के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार बंधन बैंक शाखा डोंगरगढ़ में खुले विभिन्न म्यूल बैंक खातों में दिनांक- 25.01.2024 से 31.12.2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 10,06,544/-रू0 जमा होना पाया गया जिस पर दिनांक- 15.07.2025 को थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 360/2025 धारा- 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर दिनांक- 19.07.2025 को 08 म्यूल अकांउट खाता धारक मन्नू यादव पिता भारत यादव उम्र- 40 साल निवासी रामनगर जेल रोड , सिराजूदीन खान पिता शाहबुद्दीन खान उम्र- 50 वर्ष निवासी रजा नगर मजार के पीछे डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, आर्यन नामदेव पिता राकेश नामदेव उम्र- 21 साल निवासी सांई नगर कंडरापारा वार्ड क्रमांक- 21 डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, सोहेल खान पिता सुलेमान खान उम्र- 24 साल निवासी पुराना बस स्टैण्ड काली मंदिर के पीछे डोंगरगढ़, चिरावन सेन पिता भीखम सेन उम्र- 35 साल निवासी महावीर पारा नीचे मंदिर के पास डोंगरगढ़, रवि ढीमर पिता किशोर ढीमर उम्र- 26 वर्ष निवासी भगत सिंह चौक ढीमर पारा डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0

07. सचिन मेश्राम पिता राजेन्द्र मेश्राम उम्र- 45 साल निवासी बुधवारी पारा वार्ड न0- 14, प्रियांशु जंघेल पिता भरतलाल जंघेल उम्र- 22 साल निवासी ठेठवार पारा डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0 को गिर0 कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# गोशाला परिसर में आईटीबीपी के जवानों ने रोपे पौधें, लिया सुरक्षा का संकल्प




**डोंगरगढ़,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। 40वीं वाहिनी आईटीबीपी डोंगरगढ़ द्वारा श्रीकृष्ण गोशाला के परिसर में शनिवार को कमांडेंट तेजभान सिंह के नेतृत्व में सहायक सेनानी दीदार शेख, सहायक सेनानी अजय सिंह, नायब तहसीलदार सतपाल यादव, श्रीकृष्ण गोशाला कमेटी के अध्यक्ष सिद्ध गोपाल नरेड़ी, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल, कैलाश गोयल व अन्य सदस्यों तथा महिला मंडल की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमांडेंट तेजभान सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता एवं सतत योगदान की भावना को मूर्त रूप देते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 40वीं वाहिनी डोंगरगढ ने वर्ष 2025 के दौरान कुल 8400 पौधों के रोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य न केवल संगठन की पर्यावरणीय चिंताओं का प्रतिबिंब है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने की दिशा में एक पहल भी है। इस अवसर पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम ने पर्यावरणीय जागरूकता को सशक्त रूप से जनमानस से जोड़ा । कार्यक्रम के समापन पर कमांडेंट तेजभान सिंह ने अभियान में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों, श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सदस्यों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रयास को समाज एवं राष्ट्र के प्रति दायित्व-बोध की एक प्रेरणादायक मिसाल बताया।

# गायत्री विद्या मंदिर में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई

**राजनांदगांव,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) में पर्यावरण दिवस मनाया गया। बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान बच्चे हाथों में स्लोगन लिखे तख्ती थामे थे और संदेश दे रहे थे ' पर्यावरण बचाना है, पेड़ लगाना हैं' बच्चे नारे लगाते हुए कंचनबाग कालोनी में भ्रमण किये। शाला में पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम, गीत, कविता, नाटक, भाषण आदि का आयोजन किया गया। कक्षा आठवीं की बालिकाओं ने गीत के माध्यम से संदेश दिया कि 'पर्यावरण से है जीवन इसे अपना दोस्त बनाना हैं' । बच्चों ने कविता के माध्यम से जन्मदिन पर पेड़ लगाने का संदेश दिया। नाटक प्रस्तुत कर बताया कि अगर हम पैसों के लालच में पेड़ों की कटाई करते हैं तो हमारे जीवन संकट में पड़ सकता है। कक्षा पांचवीं की छात्रा ओजस्वनी यादव ने अपने भाषण में बताया कि पर्यावरण का संरक्षण नहीं किया तो हवा, जल, मिट्टी सब प्रदूषित हो जाएंगे। नर्सरी के नौनिहाल बच्चे मटर, आलू, बैंगन, करेला, मिर्ची की वेशभूषा में हरी ताजी सब्जी खाने का संदेश दे रहे थे। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष सर श्री बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्ढा जी एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस जागरूकता रैली की विशेष सराहना की। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती तामेश्वर साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।

# मड़ौदा स्कूल में छात्र संघ का हुआ गठन

**खैरागढ़,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ौदा में 12 जुलाई 2025 को छात्र संघ का गठन चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से कराया गया। शाला की प्रधान पाठिका डॉ. विनीता राजपूत पीठसीन एवं मनोज वैष्णव अधिकारी क्रमांक 1 भरत वर्मा आधिकारिक क्रमांक 2, योगेश कुमार वर्मा अधिकारी क्रमांक 3 एवं रंजीत धुर्वे आधिकारी क्रमांक 4 के रूप में कार्य किये एवं बच्चों ने चुनाव के महत्व को समझा। बच्चों को सभी प्रक्रियाओं से गुजारते हुए अंत में मतगणना की प्रक्रिया को भी समझाकर निर्वाचितो की घोषणा कर अगले दिन छात्र संघ प्रभारी योगेश कुमार वर्मा ने शपथ ग्रहण कराई। स्कूल की प्रधानपाठिका डॉ. विनीत राजपूत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुलिस थाना के सामने बावली को कब्जाधारियों ने कर लिया कब्जा



**छुईखदान,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बावली या कुआं एक पारंपरिक जल संचयन संरचना है जो नगर के कई हिस्सों में देखी जाती थी। सब्जी बाजार में दो महत्वपूर्ण कुआं उपस्थिति था पूरा बाजार के लोग इसका पानी का उपयोग करते थे बड़े जमात मंदिर पुराना पुलिस थाना के सामने बावली जिसे आज कब्जाधारियों ने कब्जा कर लिया है सरकारी रिकॉर्ड में आज भी ऑनलाइन देखा जा सकता है प्राथमिक शाला नंबर 1 में बावली हम बचपन में देखे थे ये संरचनाएं अक्सर ऐतिहासिक महत्व रखती हैं और जल संचयन के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी होती हैं।

बावली की सामान्य विशेषताएं- 'जल संचयन': बावलियां जल संचयन के लिए बनाई जाती हैं, जहां बारिश का पानी इकट्ठा किया जाता था और लोग जीवन यापन के लिए उपयोग करते थे लोग अब इन्हें भूल चुके हैं नल और बोर इसके स्थान ले चुका है।

सामाजिक महत्व- ये अक्सर सार्वजनिक स्थान होते जहां लोग पानी के लिए आते थे और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते थे।

वास्तुकला- बावलियों की वास्तुकला में अक्सर स्थानीय शैलियों और डिजाइनों का उपयोग किया जाता था

ऐतिहासिक महत्व- कई बावलियां ऐतिहासिक स्थल होती हैं और स्थानीय इतिहास का हिस्सा होती हैं आज नगर के इन सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बावलिया या तो मृत्यु अवस्था में है या कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अब यह नगर का इतिहास बन कर रह गया है इसकी संरक्षण समय रहते शासन द्वारा किया जाता तो आज जल स्तर का स्त्रोत बना रहाता लोग मीठा पानी पीते रहते थे।

उल्टा पुल्टा

संता- बचपन में जब बुखार आता था तो डॉक्टर की एक ही बात अच्छी लगती थी।
बंता- वो क्या?
संता- 2 दिन नहाना मत और 3 दिन स्कूल जाना मत।



# सुशासन की पोल खोलता, यह नजारा सावन माह में बेलाही पुल पर अंधेरा





**टूटी रेलिंग और आवारा पशुओं से लोगों में दहशत**

**नवापारा राजिम,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। सावन माह में भगवान श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं और कांवरियों का तांता लगा रहता है। प्रदेश भर से भक्त भोले बाबा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन गोबरा नवापारा को मंदिर से जोड़ने वाला बेलाही पुल इस पवित्र महीने में घनघोर अंधेरे में डूबा हुआ है। पुल पर रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते रात के समय श्रद्धालुओं को भय और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, पुल की रेलिंग कई जगहों पर टूटी हुई है और आवारा पशुओं की मौजूदगी के कारण रात के अंधेरे में दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। यह स्थिति प्रशासन की लापरवाही को साफ उजागर करती

**न तो जिम्मेदार विभाग और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं मे बढ़ रही है नाराजगी:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि टूटी रेलिंग, अंधेरा और आवारा पशुओं की मौजूदगी के कारण रात में पुल पार करना बेहद जोखिम भरा है। यह स्थिति न केवल असुविधा पैदा कर रही है, बल्कि दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब प्रदेश में भाजपा की सुशासन वाली सरकार होने का दावा किया जाता है, तब भी इस तरह की बुनियादी समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हो रहा ?

श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बेलाही पुल पर तत्काल लाइट की व्यवस्था की जाए, टूटी रेलिंग की मरम्मत हो और आवारा पशुओं को हटाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं, ताकि सावन माह में भोले बाबा के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। अगर जल्द ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो लोगों का शासन-प्रशासन से विश्वास उठना स्वाभाविक है।

यह सावन माह, जो भक्ति और आस्था का प्रतीक है, श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित होना चाहिए। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस ओर तुरंत ध्यान देकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए, ताकि सुशासन का दावा हकीकत में बदल सके।

# इग्नाइट स्कूल अब नए भवन व बेहतर संसाधनों के साथ हो रहा संचालित



- वैकल्पिक व्यवस्था से शिक्षकों की कमी हुई दूर
- देशबन्धु की खबर का हुआ असर

**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड कसडोल में इग्नाईट स्कूल अब नये भवन, फर्नीचर व संसाधनों के साथ बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है जिससे शिक्षकों की कमी दूर होने से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। ज्ञात हो कि इग्नाईट स्कूल में शिक्षकों की कमी एवं पढाई व्यवस्था को लेकर देशबन्धु ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित की थी जिसका असर तत्काल हुआ हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द ध्रुव ने बताया कि इग्नाइट स्कूल कक्षा पहली से 8वी तक सेजेस स्कूल परिसर में संचालित है। प्राथमिक स्कूल में बिद्यार्थियों की दर्ज संख्या 83 है। प्राथमिक स्कूल में एक एवं मिडिल स्कूल में 2 शिक्षक पदस्थ है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सेजेस स्कूल के शिक्षकों को रिक्त कालखंड में पढ़ाने कहा गया है। इस तरह अब 6 शिक्षक यहां शिक्षण कार्य करेंगे।

उन्होंने बताया कि डीएमएफसे लगभग 66 लाख रुपये की लागत से नए स्कूल भवन का निर्माण हुआ है इसके साथ ही नये फर्नीचर आदि की व्यवस्था की गई है। अब स्कूल के विद्यार्थी और उनके पालक खुश हैं।

# युकां ने फूंका केंद्र सरकार व ईडी का पुतला



**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में लगातार कांग्रेस नेताओं को डराने तथा जनता की आवाज बनने वाले नेताओं को भाजपा के इशारे पर ईडी द्वारा अनैतिक कार्रवाई की जा रही है। ईडी सहित केंद्रीय एजेंसियों का इस्तमाल भाजपा गलत ढंग से कर रही है। जिसके विरोध में युवा कांग्रेस पटेवा के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य मार्ग में विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर उनके पुत्र चैतन्य बघेल के साथ अन्याय पूर्ण ईडी की दमनकारी कार्रवाई के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी के नेतृत्व में युकां जनों ने केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युकां जनों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने ईडी की कार्रवाई कर रही है। केंद्र सरकार के ईशारे पर लगातार पूर्व सीएम व उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है। यही नहीं प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करने वाले कांग्रेस नेताओं पूर्व मंत्री व विधायक कवासी लखमा, विधायक देवेंद्र यादव को भी झूठे आरोप में फंसाया गया। इस अवसर पर मोहम्मद अज़हर, मोहम्मद अरसद, जीतू ध्रुव, पुरेंद्र ध्रुव, मोहम्मद रेहान, मनोज भाई, विकास साहू, देव साहू, हेमंत यादव, रोमन कोसले, हंशराज जांगड़े, कुलदीप रौतिया, रोशन साहू, झनक पटेल, ओंकार साहू आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार व ईडी का पुतला




**पूर्व सीएम के सुपुत्र चैतन्य की जन्मदिवस के ही दिन ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में**

**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय कांग्रेस भवन नेहरू चौक में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों द्वारा एकजुट होकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के तहत कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और ईडी के विरोध में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के पीछे केंद्र सरकार की विपक्ष को दबाने की साजिश है। ईडी का इस्तेमाल केवल राजनीतिक विरोधियों को बदनाम और प्रताड़ित करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की तानाशाही और अलोकतांत्रिक रवैये का पुरजोर विरोध करती है। चैतन्य बघेल की जल्द रिहाई की मांग करती है। यदि इस प्रकार की कार्रवाइयाँ जारी रहीं, तो प्रदेश भर में और भी बड़े आंदोलन किए जाएगा। पुतला दहन के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा जिस प्रकार से बिना किसी पूर्व सूचना अथवा उचित कानूनी प्रक्रिया के जबरदस्ती उठाया गया, वह न केवल संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है, बल्कि एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन भी है। ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग राजनैतिक द्वेष के चलते यदि जनप्रतिनिधियों और उनके परिजनों को डराने के लिए किया जाएगा, तो यह न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाएगा, बल्कि जनता के विश्वास को भी कमजोर करेगा। पुतला दहन में डॉक्टर रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष लघु वनोपज, गुरमीत चावला महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र चंद्राकर, पार्षद सूरज नायक, युवक कांग्रेस अक्षय साकरकर, पूर्व पार्षद राजू साहू, तुलसी साहू, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, नितेंद्र बैनर्जी, पूर्व सरपंच ब्रिजेन बंजारे, कविता तिवारी सेवादल, दशोदा ध्रुव पूर्व पार्षद, सोनम रामटेके सचिव शहर कांग्रेस, कमल प्रजापति, सचिन गायकवाड, मेहुल सूचक, मनोहर ठाकुर, मोती साहू, गोपी पाटकर, अनुराग चंद्राकर, भरत बुंदेला, संतोष धीवर, दुष्यंत होता, सुभाष शर्मा, रवि ध्रुव, सागर डोंगरे, गज्जू ध्रुव, भानु सोनी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ईडी का किया पुतला दहन



**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसी ई. डी. द्वारा केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में ईडी का पुतला दहन किया गया।

स्थानीय अबेडकर चौक में जिलाध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस जनो ने ईडी एवं भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार ई.डी का पुतला दहन किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, विद्याभूषण शुक्ला, सुशील शर्मा, परमेश्वर यदु, हितेंद्र ठाकुर, राकेश वर्मा, सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, लखेश साहू, आर्यन शुक्ला, योगेश बंजारे, राजा तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, अश्वनी वर्मा, समीर अग्रवाल, पदमेश्वरी साहू, रूपेश ठाकुर, धर्मेंद वर्मा, सलमान शेख, मनीष चंद्रकार, रोहित साहू, दयाराम वर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, गणेश शंकर साहू, शैलेन्द्र बंजारे, दीपक साहू, रविन्द्र डिगेश्वरी नामदेव, कमल पटेल, देवेंद्र बंजारे, प्रवीण सेन, अर्जुन सेन, प्रेमलता बंजारे, सुखदेव साहू, सूर्यकांत वर्मा, अजय भारती, जय सिंह ठाकुर, राहुल पांडेय, जय ठाकुर, जय बाघमार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पूर्व सीएम के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ की गई ईडी की कार्यवाही भाजपा का राजनैतिक षड़यंत्र : हितेन्द्र ठाकुर



**अडानी के लूट के खिलाफ उठी आवाज को दबाने भूपेश बघेल के यहां ईडी गयी**

**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफकी गई ईडी की कार्यवाही को कांग्रेस ने भाजपा का राजनैतिक षड़यंत्र बताया है। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़ की संपदा को लूटने वालो तथा छत्तीसगढ़ की संपदा को बचाने वालों की लड़ाई है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार राज्य के जल, जंगल, जमीन सहित खनिज संपदा कोयला की खदानें तथा आयरनओर की खदानें अडानी को सौंप रही है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर मुखर विरोध कर रही है।

श्री ठाकुर ने कहा कि तमनार में अडानी समूह के इशारे पर जंगल की कटाई की जा रही है जिसका कांग्रेस ने विरोध किया। भूपेश बघेल एवं विधायक साथी उस कटाई का विरोध करने गये थे। भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के विधायक तमनार वन कटाई के मामले को विधानसभा में उठाने वाले थे इसीलिये अडानी के इशारे पर ईडी ने भूपेश बघेल के यहां छापेमारी किया उनके पुत्र को षड़यंत्रपूर्वक गिरफ्तार किया। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि ईडी की टीम पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर पहुंचना तथा उनके पुत्र की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफदिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार होगा। भाजपा और अडानी के संगठित लूट को कांग्रेस बेनकाब करेगी।

# संयुक्त संचालक ने सेजेस राजिम का आकस्मिक किया निरीक्षण



**इस दौरान विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, भौतिक संसाधनों एवं गतिविधियों का किया अवलोकन**

**राजिम,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन में नवपदस्थ संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव द्वारा रामविशाल पांडे इंग्लिश मीडियम स्कूल सेजेस राजिम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, भौतिक संसाधनों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यालय की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान क्लब के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल के तहत स्वयं द्वारा निर्मित सीड बॉल (बीज गोले) संयुक्त संचालक महोदय को भेंट किए। क्लब प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने उन्हें बताया कि ये सीड बॉल पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं, जिन्हें वे आसपास के क्षेत्रों में वितरित करने की योजना बना रहे हैं। संयुक्त संचालक द्वारा प्रभारी शिक्षिका और छात्रों की इस सोच और प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों का यह नवाचार न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरक है, बल्कि यह उनकी सृजनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचायक है। इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक सरोकार को मजबूत करती हैं।

इस अवसर पर उपस्थित बीईओ रामेन्द्र जोशी, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, व्याख्याता विवेक शर्मा राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सदस्य लोकेश पाण्डेय, खुशी साहू, सोमनाथ पटेल, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गांजा तस्करी करते दो आरोपी पकड़ाए, भारी मात्रा में गांजा जब्त



**धमतरी,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में एसपी धमतरी के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के अंतर्गत धमतरी पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है, कुरूद पुलिस ने भी गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही को अंजाम दिया है।

कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोंगरा रोड पर दो व्यक्ति थैलों में मादक पदार्थ गांजा लेकर अवैध रूप से ले जा रहे हैं। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर मौके पर पहुंची। मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों उमेश कुमार यादव पिता शिव कुमार यादव उम्र 27 वर्ष पता भाठापारा बस स्टैंड वार्ड क्र. 02 ग्राम छाती थाना कुरूद जिला धमतरी और तुला राम कंवर पिता- स्व. राधेश्याम कंवर उम्र 52 वर्ष पता कंवरपारा, वार्ड क्र. 16 ग्राम छाती थाना कुरूद जिला धमतरी को पकड़ा और गवाहों के समक्ष पूछताछ व तलाशी के दौरान दोनों के पास से कुल 7.35 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी उमेश कुमार यादव के कब्जे से गांजा - 4.14 किग्रा कीमत लगभग 49,000 रूपये और तुलाराम कंवर के कब्जे से गांजा 3.21 किग्रा कीमत लगभग 36,000 रूपये, एक मोबाइल फोन के अलावा 7,500 रूपये नगदी बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 186/25, धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# शासकीय भवनों का होगा जीर्णोद्धार विधायक ने किया कार्य का भूमिपूजन



**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के विकासखण्ड महासमुंद अंतर्गत कोडार परियोजना के अंतर्गत जल संसाधन विभाग के कार्यालय भवन एवं आवासीय परिसरों के बहुप्रतीक्षित जीर्णोद्धार कार्य का शनिवार को विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। यह कार्य राज्य सरकार की प्रशासनिक स्वीकृति के तहत 290 लाख रुपये की राशि से स्वीकृत हुआ है, जिसमें से 240 लाख रुपये की निविदा उपरांत अनुबंधित राशि से कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे, जिन्होंने कहा कि विकास की गति को बनाए रखने और शासकीय कार्यों के कुशल संचालन हेतु आधारभूत संरचनाओं का सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं विकासपरक सोच को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्य केवल भवनों का जीर्णोद्धार नहीं, बल्कि शासन की सेवा संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीचंद राठी, उपाध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद ने की। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद विजय साव, प्रकाश शर्मा, संदीप घोष, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कर्मचारीगण एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन कार्यपालन अभियंता अजय खरे ने बताया कि कोडार परियोजना के अंतर्गत जल संसाधन विभाग के कार्यालय एवं आवासीय भवन वर्ष 1975 में निर्मित हुए थे, जो वर्तमान में अत्यंत जीर्ण.शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं। ऐसे में इनका जीर्णोद्धार अत्यंत आवश्यक था, ताकि विभागीय कार्यों में गति और सुविधा सुनिश्चित हो सके। इस स्वीकृति में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लिपिक संघ का नियमितिकरण, पदोन्नति विभिन्न विसंगतियां एवं मांगों को लेकर बैठक



**राजिम,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लिपिक संघ का कार्यकारिणी बैठक शनिवार को माध्यमिक विद्यालय देवी संपद राजिम में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गी शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बसंत मिश्रा गरियाबंद जिला अध्यक्ष के उपस्थिति में शनिवार को तहसील राजिम एवं विकासखंड फिंगेश्वर तहसील इकाई एवं विकासखंड इकाई की बैठक संयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष बसंत मिश्रा की उपस्थिति में नियमितिकरण, पदोन्नति व विभिन्न विसंगतियां एवं मांगों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में जिला क्षेत्र तहसील क्षेत्र एवं ब्लाक क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी गण अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण कुलदीप जिला उपाध्यक्ष ऋषि साहू ब्लाक अध्यक्ष दीपक श्रीवास पूर्व तहसील उपाध्यक्ष मनोज शर्मा तहसील सचिव शशांक पांडे मिडिया प्रभारी विवेक दुबे उपाध्यक्ष एवं लिपिक सदस्य गण योगेश पटेल टिकेश्वर नेताम रवि साहू जयंत साहू जगदीश ध्रुव मेघा निषाद उषा साहू अनुराधा खरे विद्या साहू मनीषा यदु सभी लिपिक उपस्थित थे।

# पक्षियों की विविध प्रजातियों का शोधार्थी ने किया अध्ययन

**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बर्ड काउंट इंडिया द्वारा छग राज्य में बर्ड काउंट महोत्सव का आयोजन 13 से 16 जुलाई तक किया गया। जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार सीजन में पक्षियों की विविध प्रजातियां तथा उनकी विविधता का अध्ययन करना, आंकड़े एकत्रित करना तथा दस्तावेजीकरण करना था।

भूगोल तथा सूक्ष्मजीव विज्ञान परिषद द्वारा विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल तथा श्वेतलाना नांगल के मार्गदर्शन मे शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के शोधार्थी जगदीश प्रसाद खटकर सहायक प्राध्यापक व शेर स्कूल की रिचा पटेल तथा रायपुर से आए अन्य शोधार्थी बर्ड वॉच विशेषज्ञ खीरसागर पटेल ,महिमा तिग्गा तथा स्थानीय पक्षी प्रेमी संजय साहू, लचकेरा से शिवम साहू के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर, परसकोल रोड एसपी बंगला सागौन ऑक्सीजोन तथा ग्राम लचकेरा में वर्ल्ड वॉच किया गया।

पक्षी अवलोकन तालिका मे पक्षी की प्रजाति ,संख्या तथा स्थान का उल्लेख पत्रक में खट्टी स्कूल से व्याख्याता चित्रा खटकर तथा आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल से विकास यादव, महाविद्यालयीन छात्रा उर्वशी जोशी, प्रगति कोसरिया ने वर्ल्ड वॉच गणना में किए गए प्रजातियां तथा चिड़ियों की संख्याओं का उल्लेख किया अन्य विद्यार्थीगण दिव्या, चांदनी ,अदिति ,प्रगति केमिन ,अंकिता, मीणा, हिमा, सविता ,मेघा, मोंगरा, गीतांजलि, डिगेश्वरी, हेमा, धनेश्वरी, प्रेषित, स्तुति ,गौरी ,धैर्य, पुष्कर, यूरावत तथा लचकेरा के स्थानीय विद्यार्थियों ने वर्ल्ड वॉच का लाभ उठाया।

हरेली सीजन में पक्षी द्वारा कुछ विशेष प्रजाति के वृक्षों बरगद, पीपल, बबुल ,नीम आम, जामुन, शीशम में बसेरा,स्थानीय सामग्री से विविध प्रकार की घोंसला निर्माण तथा अंडा देने ,उनके व्यवहार, चूजों की पोषण प्रक्रिया व भोजन व्यवस्था को समझने का अवसर मिला तथा विविध कैमरा ,बायनोक्युलर, दूरबीन ,मोबाइल एप ईबर्ड व मर्लिन की सहायता से चिड़ियों की आवाज उनकी, फोटो, विशेषताएं, संभावित क्षेत्र के बारे में आसानी से समझने के लिए इनके संचालन प्रक्रिया को बताया गया। जिसे चिड़ियों की पहचान और सही गणना कर ऐप में दर्ज करना सिखाया गया जिसमें 20 प्रजातियों के लगभग 1100 पक्षियों की गणना की गई।

# पारिवारिक विवाद, बेटे से जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर 80 वर्षीय बुजुर्ग भूख हड़ताल में




**गरियाबंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)।। पारिवारिक जमीन विवाद को लेकर जिले के मैनपुर निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग अहमद बैग शुक्रवार से भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। उनका आरोप है की एक महीने पहले जिस जमीन पर एसडीएम मैनपुर ने उन्हें कब्जा दिलाया था, उस जमीन पर कुछ दिन पूर्व उनके बड़े बेटे और बहू ने कब्जा कर लिया है और उन्हें घर से बेदखल कर दिया है। मामले की मैनपुर पुलिस थाना में लिखित शिकायत की और आठ दिनों तक पुलिस थाना के चक्कर काटने के बाद भी जब न्याय नहीं मिला तो क्षुब्ध होकर जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंच भूख हड़ताल में बैठ गए है। साथ में उनका छोटा बेटा रिजवान, बहू ओर बेटी शाहिना बानो भी हड़ताल में शामिल है।

80 वर्षीय बुजुर्ग अहमद बेग की मांग है कि उनकी निजी जमीन वापिस दिलाई जाए और घर में कब्जा करने वाले बेटे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। इधर, प्रशासन ने पूरे दिन पीड़ित परिवार को मनाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने। मैनपुर तहसीलदार मेहता ने बताया कि एक महीने पहले मैनपुर स्थित खसरा नंबर 31/5 की भूमि में प्रशासन ने द हाइट्स स्कूल को खाली कराकर उन्हे कब्जा दिलाया था। लेकिन जब कही बाहर गए तो बड़े बेटे ने कब्जा कर लिया है। पीड़ीत पक्ष ने पुलिस में शिकार की है। राजस्व विभाग को फिर से कब्जा जानकारी नही दी थी। देर रात पीड़ित परिवार का मेडिकल जांच की गई है।

इधर मामले में दूसरे पक्ष बड़े बेटे साजिद बाग से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि पहले पिताजी ने तीनों भाई बहन में आपसी सहमति से बटवारा किया था। जिसके आधार पर दोनों भाई को दस दस डिसमिल और बहन को पांच डिसमिल जमीन मिली थी परंतु बाद में पिताजी बंटवारे से मुकर गए हैं। मैं अभी बंटवारे में मिली जमीन में कागज हूं सिर्फ भूमि पर मेरा कब्जा नहीं है। उनका कहना है कि मैने लोन लेकर घर बनाया है, यही जमीन बंटवारे में मिली है, मैं कब्जा क्यों छोड़ूंगा।

### मामला मे एक नजर में

09/06/2025 को एसडीएम मैनपुर मैनपुर में मैनपुर स्थित खसरा नंबर 31/2 से अनावेदिका शाजदा परवीन पति साजिद बेग (बड़ा बेटा) संचालक च्द्ज्‌ हाईट्स इंग्लिश मिडियम स्कूल मैनपुर को बेदखल कर आवेदक अहमद बैग को कब्जा दिलाने का आदेश दिया। 10/06/2025 तहसीलदार ने बेदखली की कार्यवाही करते हुए अहमद बैग को कब्जा दिलाया।08/07/2025 को अहमद बैग बाहर गए थे तब साजिद ने कब्जा कर लिया है। 09/07/2025 को पुलिस थाना मैनपुर में शिकायत की गई। जिसके बाद दो बार 15 और 17 जुलाई को पुलिस अधीक्षक गरियाबंद से भी मिले। 10/06/2025 को बंटवारा सहमित भी हुई थी। जिसे अब अहमद बैग दबाव में कराया गया कह रहे।

# साइबर सुरक्षा को लेकर गुमा में स्कूली बच्चों को दी गई जानकारी



**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र के तहत पलारी परियोजना अंतर्गत दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बालिकाओं के बेहतर भविष्य एवं सुरक्षा के लिए साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

साइबर सुरक्षा कार्यक्रम में साइबर ब्रांच इंस्पेक्टर प्रणाली वैद्य, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, चाइल्ड लाइन परियोजना समन्वयक नेहा तिवारी ने डिजिटल जानकारी और प्रणालियों को साइबर हमलों और अनधिकृत पहुंच से बचाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन, साइबर सुरक्षा के कुछ सामान्य प्रकार के बारे मे जानाकारी दी गई। छात्राओं तथा प्रशिक्षक के मध्य साइबर सुरक्षा को लेकर संवाद एवं प्रश्नोत्तोरी सत्र का भी आयोजन किया, छात्राओं के प्रश्नों का भी निराकरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एस.के खटकर, आर.के साहू एवं अन्य शिक्षकगण सहित स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस द्वारा विद्युत कार्यालय का घेराव किया गया




**मगरलोड,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के द्वारा शुक्रवार को विद्युत कार्यालय मगरलोड का घेराव किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में बिजली दर में चौथी बार बेतहाशा वृद्धि की गई है जिसके चलते व्यापारियों, किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को बहुत ही ज्यादा बिजली बिल में अधिभार की मार पड़ रही है ।पूरे आम जनता में सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है इसके चलते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के द्वारा 18 जुलाई दिन शुक्रवार को रैली के माध्यम से सरकार के खिलाफ नारा लगाते हुए विद्युत मंडल मगरलोड का घेराव किया गया एवं कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग मगरलोड को ज्ञापन सौंपा गया ,और यह चेतावनी दिया गया बढ़े हुए बिजली दरों में कमी नहीं करने पर पुन: उग्र आंदोलन किया जाएगा। आम जनता के समस्या को ध्यान में रखते हुए बढ़ी हुई बिजली दरों को तत्काल वापस लिया जाए कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें प्रमुख रूप से डीहूं राम साहू, डॉकुवर साहू, हेमंत देवांगन ,विनीत बाफ़ना, नारद साहू रवि निर्वाण,राजेंद्र साहू, गौतम साहू ,बाल गोविंद साहू, विशाल साहू रेख नारायण साहू लेख राम साहू जगमोहन साहू देव कुमार यादव शंकर साहू नेहरू साहू देवेंद्र पाल फूलजी सिंहा हरि विनायक सिंहा पुरुषोत्तम सिन्हा हरीराम साहू गोवर्धन साहू संतोष चक्रधारी चुन्नीलाल साहू लक्ष्मण साहू भोलाराम साहू राम प्रसाद यादव संतोष साहू चंद्रहास साहू रोशन साहू पूरन साहू निरंजन वर्मा रोशन साहू सुरेश साहू हेम कुमार साहू हम कुमार यादव राजेंद्र साहू भूपेंद्र साहू जगमोहन साहू आदि उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण में जिपं सदस्यों को योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की दी गई जानकारी

**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में 16 से 18 जुलाई तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में उपसंचालक पंचायत श्रीमती दीप्ति साहू और संकाय सदस्य दिनेश वर्मा के संयोजन में संपन्न हुआ।

प्रथम दिवस में प्रशिक्षण की शुरुआत पंचायत प्रणाली की भूमिका, बजट निर्माण, ऑडिट प्रक्रिया, पंचायत में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की प्रक्रिया एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी से की गई। प्रतिभागियों को पंचायत के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी और विधिक पहलुओं से अवगत कराया गया। द्वितीय दिवस की शुरुआत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जानकारी के साथ की गई। उपस्थित सदस्यों को इन योजनाओं की पात्रता, कार्यान्वयन एवं निगरानी प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिससे वे अपने क्षेत्रों में इन योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सकें। तृतीय दिवस को विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण के रूप में आयोजित किया गयाए जिसमें स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, आंगनबाड़ी सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी। इन योजनाओं के क्रियान्वयनए लाभार्थी चयन एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, रामदुलारी सिन्हा, देवकी पटेल, देवकी पुरुषोत्तम दीवान, जगमोती भोई, नैन पटेल, लोकनाथ बारी, मोक्ष कुमार प्रधान, जागेश्वर जुगनू चंद्राकर एवं कारण सिंह दीवान की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर जिला पंचायत लेखाधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी टीकवेंद्र जटवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे सहित स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सहभागी सदस्यों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं व्यावहारिक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता जताई, जिससे जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता लाई जा सके।

# बिजली बिल की वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने कसडोल में किया विरोध प्रदर्शन



**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल की दर में वृद्धि किए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम कार्यपालन अभियंता कसडोल को ज्ञापन सौंप कर विद्युत दर वृद्धि को वापस लेने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दयाराम वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व एवं कार्यक्रम प्रभारी गणेश शंकर साहू की विशेष उपस्थिति में कांग्रेसियों ने बिजली ऑफिस में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। दयाराम वर्मा एवं गणेश शंकर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा सरकार द्वारा आम जनता के साथ अन्याय करते हुए घरेलू, गैर घरेलू, सहित कृषि पंप बिजली दरो में प्रति यूनिट पचास पैसे तक वृद्धि की गई है जिससे आमजन परेशान है। भाजपा द्वारा पूर्व में रमन सिंह सरकार कार्यकाल में बिल में बढ़ोतरी कर आम आदमी के बजट को बिगाड़ दिया है जबकि कांग्रेस शासन काल में बिजली बिल हाफ योजना लागू कर पांच साल आम जनो राहत देती रही। भाजपा गरीब, किसान, जवान विरोधी सरकार है जिससे सभी त्रस्त है जिसके विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन आयोजित किया था। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से योगेश बंजारे, गायत्री केवर्त, नीलू चंदन साहू, लखेश साहू, भागवत थवाईत, राजेश कन्नौजे, विशाल सिंह ध्रुव, नीरेंद्र क्षत्रिय, रमेश वैष्णव, खिकराम वर्मा, शिव यादव, खिलावन डहरिया, जगवत साहू, राज साहू, साहिल यादव, नागेश श्रीवास, जीतू धीवर, द्वारिका निर्मलकर, अशोक पटेल, जी आर साहू आदि शामिल रहे।

### राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

भी लगातार वृद्धि करती रही तत्पश्चात विष्णु देव साय सरकार ने पुनः बिजली

# रेडी टू ईट निर्माण एवं आपूर्ति करने हेतु समूहों को दिया गया प्रशिक्षण




**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सक्षम पोषण 2.0 के तहत् जिले में पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट शक्ति आहार एवं पौष्टिक नमकीन दलिया का निर्माण वितरण हेतु फर्म ऑफ सोसायटी के तहत् पंजीकृत चयनित महिला स्व सहायता समूहों का शुक्रवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष बलौदाबाजार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में समस्त 7 परियोजनाओं से चयनित महिला स्व सहायता समूहों के अध्यक्ष, सचिव एवं समूह की एक-एक सदस्य ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में स्व सहायता समूहों को रेडी टू ईट शक्ति आहार निर्माण हेतु स्थल चयन, मशीनरी (सामग्री की भुनाई, मिक्सिंग, पैकिंग इत्यादि), केन्द्र से लेकर परियोजना अधिकारियों तक मांग पत्र, विभिन्न प्रकार के संधारित पंजी इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी मास्टर ट्रेनर्स आदित्य शर्मा सहित परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# विपक्ष की आवाज दबाने भाजपा करा रही ईडी की कार्रवाई: विनोद



**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा की गई छापामारी को विपक्षी आवाज को दबाने भाजपा सरकार द्वारा की गई तानाशाही पूर्ण कार्रवाई बताया है। श्री चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और अपनी नाकामियों को छुपाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाकर तानाशाह सरकार जनता के हक को मारना चाहती है, लेकिन कांग्रेसी ऐसा नहीं होने देंगे। जब.जब भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, विफलताओं और दमनकारी नीतियों का पर्दाफाश हुआ है तब.तब भाजपा ने प्रदेश के विपक्षी नेताओं पर ईडी, आईडी के माध्यम से दबाव बनाने का प्रयास किया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा सत्र के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ के तमनार में हुए जंगल की अवैध कटाई व अडाणी का मुद्दा उठाने वाले थे। जिससे भयभीत भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों के सामने पोल खुलने के डर से श्री बघेल के निवास पर यह कार्रवाई की। पिछले 18 महीने के सरकार में भाजपा ने केवल प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को बेचने का काम किया है। हसदेव अरण्य सहित रायगढ़ के तमनार के हरे.भरे जंगलों को उजाड़ कर अडाणी के हवाले कर दिया है। हसदेव क्षेत्र की कटाई का विरोध करने वाले आदिवासियों पर बर्बर कार्रवाई, लाठीचार्ज, उन्हें जेल में डालने से भी भाजपा ने परहेज नहीं किया। तमनार क्षेत्र में भी ग्रामीणों का भारी विरोध के बावजूद जंगल की कटाई जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस जनों ने तमनार क्षेत्र के जंगलों की कटाई का मंजर वहां जाकर देखा था, तब से भाजपा की बेचैनी बढ़ गई थी। अडाणी से भाजपा का संबंध उजागर होने के डर से तानाशाही पूर्ण ईडी की छापामार कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व भी प्रदेश वासियों के हक व अधिकार के लिए आवाज उठाने वाले पूर्व मंत्री कवासी लखमा, विधायक देवेंद्र यादव तथा अनेक कांग्रेस नेताओं को ईडी, आईटी के माध्यम से परेशान किया गया। सरकार के मनमानी व अत्याचार के खिलाफ जनता की आवाज बनना विपक्ष का कर्तव्य है। भाजपा सवालों से भागती है, सवाल पूछने पर ईडी, आईटी की कार्रवाई कर झूठे मामलों में फँसाने की कार्रवाई करने इनकी पुरानी आदत है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की विफलताओं और सत्ता के दुरुपयोग पर सवाल पूछने पर कांग्रेस नेताओं को इस तरह लगातार निशाना बनाया जा रहा है। जिसे जनता देख व समझ रहे हैं। आने वाले समय में भाजपा की इस तानाशाही पूर्ण कार्रवाई का जवाब प्रदेश के 3 करोड़ लोग देंगे।

# बीमा कंपनी को देना होगा दुर्घटना बीमा की क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बीमा कम्पनी द्वारा एक्सीडेंटल कवर की बीमा क्षति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा क्षति की राशि 1,25,000 तथा अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक बोधराम टंडन ने एक्सिस बैंक बलौदाबाजार के माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा हेतु एक्सीडेंटल इंश्योरेंस प्रीमियम राशि देकर प्राप्त किया जिसमें बीमा पॉलिसी के अंतर्गत आवेदक उसकी पत्नी एवं उसके तीनो पुत्र को रिस्क कवर प्राप्त था। मोटर दुर्घटना से आवेदक एवं उसके पुत्र को क्षति हुई जिसके क्लेम राशि प्राप्त किये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित बैंक के माध्यम से बीमा कम्पनी को जमा किया गया परंतु बीमा कंपनी के द्वारा आवेदक के पुत्र के वयस्क होने पर बीमा पॉलिसी का रिस्क समाप्त हो जाता है एवं विकलांगता प्रमाणपत्र की विश्वसनीयता संदेहास्पद होने का कथन करते हुये दावा निरस्त कर दिया गया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया।

आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत चावला एवं शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजो एवं बीमा पालिसी के नियमों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि वयस्क हो जाने एवं आश्रित्त न होने से क्षति प्राप्त करने का पात्र न होने बाबत किसी भी प्रकार की नियम एवं शर्त बीमा कंपनी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। पॉलिसी घटना के समय प्रभावी थी तथा अवयस्क जानते हुये उक्त अवधि के लिये बीमा सुविधा प्रदान की थी। ऐसी दशा में वयस्क हो जाने पर उक्त बीमा को अभिखंडित स्वयं अवयस्क कर सकता था। बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड इंदौर को बीमा क्षति की राशि 1,25,000 एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 10,000 एवं वाद व्यय के रूप में 5,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

# श्री सीमेंट की रायपुर इकाई की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला को मिला एनएबीएल मान्यता

बलौदाबाजार, 19 जुलाई (देशबन्धु)। श्री सीमेंट लिमिटेड की रायपुर इकाई स्थित गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला को नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि कंपनी की गुणवत्ता, सटीकता और तकनीकी उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

आईएसओ,आईईसी 17025 मानकों के आधार पर प्राप्त यह मान्यता प्रयोगशाला की तकनीकी दक्षता को प्रमाणित करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि परीक्षण परिणाम सटीक, विश्वसनीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य हैं। यह मान्यता अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता सहयोग (आईएलएसी) द्वारा संचालित म्युचुअल रिकग्निशन अरेंजमेंट (एमआरए) के अंतर्गत विश्व स्तर पर स्वीकार्य हो जाती है। इस उपलब्धि पर श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, नीरज अखौरी ने कहा एनएबीएल मान्यता हमारे संचालन में उत्कृष्टता और वैश्विक मानकों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान है। यह हमारी गुणवत्ता, सटीकता और सतत सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मान्यता हमारे हितधारकों के विश्वास को मजबूत बनाती है और हमारे तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को रेखांकित करती है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य कर हम एक भरोसेमंद, नवाचार-प्रेरित और प्रदर्शन-केंद्रित भविष्य-उन्मुख संगठन का निर्माण कर रहे हैं।

रायपुर प्रयोगशाला संयंत्र की उत्पादन गुणवत्ता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस मान्यता के साथ, यह प्रयोगशाला भारत के उन चुनिंदा प्रयोगशालाओं में शामिल हो गई है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय परीक्षण मानकों के अनुरूप कार्य करने के लिए मान्यता प्राप्त है। एनएबीएल एशिया पैसिफिक्र एक्रिडिटेशन कोऑपरेशन (एपीएसी) और अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला मान्यता सहयोग (आईएलएसी) का सदस्य है, इसलिए रायपुर प्रयोगशाला

### पंचायत भृत्य कल्याण संघ की जिला स्तरीय बैठक आज

**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ महासमुंद पंजीयन क्रमांक 2960 की जिला स्तरीय बैठक 20 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे बिरकोनी के चण्डी मंदिर में आहूत की गई है। जिसमें जिले के महासमुंद,बागबाहरा,पिथौडा,सरायपाली के चारों ब्लाक के अध्यक्ष व ब्लाक पदाधिकारी की उपस्थिति रहेगी। जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के सदस्यों से विचार विमर्श किया जाएगा ।जिसमें ब्लाकों के अध्यक्ष की संघर्ष पूर्ण राशि जिला सचिव के पास जमा करना अनिवार्य है।

# महराजी परिवृत में जल-जंगल यात्रा का आयोजन




**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत महराजी परिवृत में शुक्रवार को जल-जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील सहित परिक्षेत्र के अधिकारी हायर सेकेंडरी स्कूल गिरौदपुरी के विद्यार्थी और ग्राम महराजी के ग्रामीण शामिल हुए।

### विद्यार्थियों को वन सुरक्षा से जुड़ाव व कैरियर संबंधी दी गई जानकारी

विद्यार्थियों और ग्रामीणों को वनमण्डलाधिकारी द्वारा वन भ्रमण कराया गया जिसमें वनों से आने वाले नालों से कैसे भूजल को संरक्षित किया जाए, विभिन्न प्रकार के वन्य वृक्ष प्रजातियों, वन्यप्राणियों के बारे में जानकारी दिया गया और तितलियों के विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य में वन सुरक्षा से जुड़ने एवं पढ़ाई के दिशा में सही विषय चुनने हेतु करियर गाइडेंस किया गया। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल गिरौदपुरी के शिक्षकगण, वन प्रबंधन समिति महराजी के अध्यक्ष, समिति सदस्य, ग्रामवासी, वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल मीनाक्षी साहू, रूपेश्वरी दीवान एवं वन परिक्षेत्र अर्जुनी के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### युवक नदी में गिरा खोजबीन जारी

*सिमगा । मिली जानकारी के अनुसार कंकालिन पारा निवासी विष्णु निषाद जो संध्या समय में शिवनाथ नदी के पुराने पुल में घूमने गया था कि लगभग 7 बजे अचानक व नदी में गिर गया । जिसकी जानकारी पुलिस को लगते ही वे गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन किया गया । परंतु समाचार लिखे जाने तक विष्णु निषाद नहीं मिल पाया है ।*



# बोल बम सेवा समिति की रजत जयंती वर्ष में ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा सम्पन्न

- **250 काँवरियों ने किया बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ में जलार्पण**




**कुरूद**, 19 जुलाई(देशबन्धु)। सावन माह के पहले सोमवार से प्रारंभ हुई बोल बम सेवा समिति, कुरूद की ऐतिहासिक रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) की कांवड़ यात्रा इस वर्ष विशेष पुण्य अवसर बन गई। समिति के 250 काँवरिया सदस्यों ने सुल्तानगंज की गंगा नदी से गंगाजल लेकर 105 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) व बाबा बासुकीनाथ धाम (दुमका) में विधिवत जलार्पण कर शिवभक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यात्रा की शुरुआत 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार से हुई, जब काँवरियों ने सुल्तानगंज से जल लेकर विभिन्न टोलियों में अनवरत यात्रा करते हुए रास्ते भर च्बोल बमज्ज के जयघोष से वातावरण को शिवमय बनाए रखा। आज 17 जुलाई को सभी काँवरिया साथी पंडा महाराज जयकृष्ण झा जी के निवास पर संकल्प लेकर बाबा बैद्यनाथ जी के मंदिर में जल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके पश्चात गुरुवार को बाबा बासुकीनाथ धाम में भी जलार्पण कर सभी ने अपने परिवार, नगर और प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बोल बम सेवा समिति के संयोजकों ने बताया कि — 25 वर्षों से लगातार हमारी समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष हमारे लिए विशेष गौरव का विषय है। सभी काँवरिया साथियों ने एक सप्ताह तक निस्वार्थ सेवा, समर्पण और श्रद्धा के साथ हिन्दू सनातन परंपरा को जीवंत किया। संस्था के सभी सदस्यों ने यात्रा के दौरान अपने साथी काँवरियों को सुविधाजनक व्यवस्था देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समिति ने आगे बताया कि 3 और 4 अगस्त को रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या, सम्मान समारोह एवं भव्य भंडारा का आयोजन कुरूद में किया जाएगा। इस भक्ति आयोजन में सभी सदस्यगणों एवं नगरवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।समिति के पदाधिकारियों ने समस्त काँवरिया साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोल बम सेवा समिति के 25 वर्षों के इस सेवायात्रा में जो समर्पण, त्याग और श्रम दिखा, वह अनुकरणीय है। हम सभी के लिए यह यात्रा न केवल आस्था का विषय है, बल्कि समाज को एकता, अनुशासन और सेवा का संदेश भी देती है।

## अतिक्रमण मामले को लेकर खुसरूपाली के ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**बागबाहरा**, 19 जुलाई(देशबंधु)। बागबाहरा तहसील के अंतर्गत वनांचल ग्राम पंचायत बोकरामुड़ाकला के आश्रित ग्राम पटपरपारा खुसरूपाली गांव में एक रसूखदार ने दबंगई दिखाते हुए सार्वजनिक निस्तारी जगह के घाँस जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। इस मामले को लेकर पूरे गांव वालों ने कल शुक्रवार 18 जुलाई को बागबाहरा पहुंचकर अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग की गई है। वहीं रसूखदार व्यक्ति द्वारा गांव में दबंगई दिखाते हुए लोगों के खिलाफ फर्जी शिकायत कर परेशान करने के मामले में न्याय दिलाए जाने की मांग भी महिलाओं एवं पुरुषों ने की है।

वनांचल ग्राम पटपरपारा खुसरुपाली के ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि गांव के रसूखदार व्यक्ति रामकिशन पटेल द्वारा राजस्व भूमि में लगभग 4 एकड़ घाँस जमीन पर दबंगई दिखाते हुए अवैध कब्जा कर लिया है। जिसका खसरा नंबर 141/1 रकबा 1.02 हेक्टर भूमि है। जिससे ग्रामवासी काफी परेशान हैं। उक्त अतिक्रमणकारी व्यक्ति गांव के घांस जमीन पर बेजा कब्जा कर हड़पने की नियत से गांव वालों के खिलाफ थाने में फर्जी एफआईआर कराए हैं। जो पूरी तरह से गलत एवं फर्जी है। गांव वालों द्वारा मना करने पर ग्रामीणों के खिलाफ कई तरह के पुलिस द्वारा धमकी एवं थाने वालों के पास झूठी एवं फर्जी शिकायत की जाती है। जो सरासर असत्य एवं निराधार है। यहाँ के ग्रामीणों द्वारा पूर्व में उक्त रसूखदार व्यक्ति के खिलाफ कई बार पुलिस थाना बागबाहरा में शिकायत भी किया जा चुका है। लेकिन उनके खिलाफ पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। अंत में उनके दबंगई से परेशान होकर ग्रामीणों ने फिर से अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी बागबाहरा को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में न्याय दिलाए जाने की मांग की गई है। तथा उनके द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए।

44444444444444444

## स्वच्छ सर्वेक्षण में पलारी नगर पंचायत को 1 स्टार रेटिंग

- **स्वच्छता कर्मियों का नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने किया सम्मान**




**पलारी**, 19 जुलाई(देशबंधु)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024925 के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत पलारी को 1स्टार रेटिंग के साथ प्रदेश में 27 वां स्थान मिला है ।इस उपलब्धि के लिए नगर पंचायत के सीएमओ मनोज बंजारा सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा सफाई कर्मचारी स्वीपर व सभी कर्मचारियों का जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया तथा स्वच्छता कर्मियों को रेनकोट, सुरक्षा कीट, साड़ी, जूता,भेंट कर सम्मान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने सभी अधिकारी कर्मचारी सफाई दरोगा महेंद्र वर्मा सहित सफाई कर्मियों स्वच्छता कमांडो के सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं दिया। तथा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा,सफलता अभी छोटी है लेकिन हमारे स्वच्छता टीम का मनोबल बढ़ा है ।आने वाले समय में और अच्छा प्रयास कर 3 स्टार 4 स्टार लाने का प्रयास करेंगे । यह सम्मान नगरवासियों की जागरूकता, सफाई कर्मियों स्वच्छता कमांडो की निरंतर मेहनत और प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है. हम सभी को इसी तरह मिलकर स्वच्छता को अपनी आदत और संस्कृति बनाना होगा।सीएमओ मनोज बंजारा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समर्पित स्वच्छता कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित कर उनकी अथक मेहनत और सेवा भाव के लिए हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। यह सिर्फ सम्मान नहीं, नगरवासियों की जागरूकता और नगर पंचायत के परिश्रम का परिणाम है।नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि अध्यक्ष गोपी साहू के मार्गदर्शन में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत माह में एक दिन नगर के जनप्रतिनिधियों ,व्यवसाई, वरिष्ठजन, अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर के प्रमुख स्थलों का चिन्हांकित कर सामूहिक सफाई अभियान चला रहे है जो सराहनीय है।उक्त अवसर पर सभापति लेखु वर्मा सभापति नेमसिंह बांधे सभापति प्रतिभा धीरहे पार्षद नारायण धीवर, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत निषाद सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयंती मनाई

**कोहका/ नेवरा**, 19 जुलाई(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ के स्वप्न द्रष्टा डॉक्टर खूबचंद बघेल की जयंती कुर्मी बोर्डिंग छात्रावास नेवरा एवं डॉक्टर खूबचंद बघेल चौक तिल्दा में सामाजिक एवं नागरिकगण लोग उत्साह के साथ जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से तिल्दा नगर प्रमुख दुर्गेश वर्मा ,नगर संरक्षक जैनेंद्र बघेल, तिल्दा राज युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल वर्मा,ग्राम प्रमुख शिव वर्मा, महिला नगर प्रमुख जानकी वर्मा, सदस्य संगीता वर्मा , घनश्याम वर्मा, भागवत वर्मा,सुरेश उच्चाहरा, आत्मानंद विद्यापीठ के प्राचार्य अम्बिका वर्मा सहित कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।



# सकरी ग्राम पंचायत का पुल हुआ जर्जर, आवागमन पूरी तरह बाधित

**खरोरा**, 19 जुलाई(देशबंधु)। ग्राम पंचायत सकरी में स्थित बिछलवा नाला पर बना रपटा पुल अब पूरी तरह जर्जर और च्रेड ज़ोनज्ज में आ चुका है। क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नाले का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिससे पुल के दोनों ओर की मिट्टी बह चुकी है और आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इस रपटे के क्षतिग्रस्त हो जाने से नवापारा से सकरी तक पहुँचने वाले राहगीरों, विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों को लगभग 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। यही मार्ग ग्राम पंचायत सकरी, सतभावा, भैंसा, करेली होते हुए जनपद पंचायत तिल्दा और आगे राजधानी रायपुर तक जाता है, जो कि एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। स्थानीय नागरिकों की मानें तो इस पुल के निर्माण की मांग पिछले दो वर्षों से की जा रही है, लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामवासियों का कहना है कि शासन की इस अनदेखी के कारण सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, तहसील सुहेला और जिला मुख्यालय बलौदा बाजार आने-जाने वाले आम लोग बेहद परेशान हैं। क्षेत्रीय नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों एवं व्यापारियों ने शासन-प्रशासन से तत्काल इस पुल और सड़क मार्ग के निर्माण की मांग की है, जिससे आम जनजीवन को राहत मिल सके और विशेषकर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।



### ग्राम पंचायत सकरी, संतभावा, भैंसा, करेली एवं नवापारा के

ग्राम पंचायत सकरी सरपंच कविता दिनेश वर्मा. उप सरपंच केदार वर्मा. भूतपूर्व सरपंच धर्मेंद्र बघेल .पुसउ निषाद केदार वर्मा ,मुकेश वर्मा , नारायण कुमार युवा नेता इंद्रजीत वर्मा , दीपक वर्मा ,प्रगतिशील किसान संजू वर्मा ,जीवनलाल वर्मा सुंदरलाल वर्मा ,सूरज निषाद , राकेश रजक एवं सभी ग्रामीणों की ओर से शासन को यह अपील की जा रही है कि जल्द से जल्द इस मार्ग का पुनर्निर्माण कराया जाए।

## शिविर में 700 से अधिक लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**बिलाईगढ़**, 19 जुलाई(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार, जिले के स्वास्थ्य विभाग प्रभारी एवं एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिले के आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सामान्य से अधिक लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाया। बिलाईगढ़ के 6 बड़े गांवों में और बरमकेला के 3 बड़े गांव जबकि शहरी सारंगढ़ में शिविर आयोजित था। 70 प्लस के लोगो को आने जाने में परेशानी होती है। इस कारण समस्त स्वास्थ्य विभाग के फील्ड स्टॉफ घर घर तक जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने में अपनी भूमिका निभाई है। 700 से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला ने सभी लोगों से अपील किया है कि, जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। वे जल्द ही अपने निकट के स्वास्थ्य कार्यकर्ता से मिले या चॉइस सेंटर में भी जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते है। सोमवार को भी इन्हीं जगहों पर कार्ड बनाए जाएंगे।

## वायुसेना अग्निवीर भर्ती : 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बिलाईगढ़**, 19 जुलाई(देशबंधु)। भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ भर्ती के लिए 31 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक आवेदक की आयु सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष है और वायु सेना के शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ बारहवीं में 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार शारीरिक मापदंड भी पूरी करते हैं वे युवा वेबसाइट अग्निपथ वायु सीडीएसी डॉट इन agnipathvayu.cdac.in में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।


# अवैध शराब बिक्री का कारोबार जोरों पर



***सिमगा**, 19 जुलाई(देशबंधु)। मिली जानकारी के अनुसार आज आबकारी विभाग के कर्मचारियों को 19/07/2025 को मुखबिर से मिली सूचना के पर ग्राम चौरेंगा निवासी चूरन वर्मा पिता बिसौहा वर्मा के कोठार (बाडी) में कमरा की तलाशी ली गई द्य तलाशी के दौरान आरोपी कोठार (बाड़ी) के कमरा में 106 पेटियो (प्रत्येक में 48) कुल 5088 पावो में 508800 रुपए किमत की कुल 915.84 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड देसी मसाला मदिरा जप्त की गई द्य आरोपी चूरन वर्मा पिता बिसौहा वर्मा द्वारा अवैध रूप से कोठार (बाडी) के कमरा में भारी मात्रा में शराब इकठ्ठा करने के लिए आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),59 (क) और 36 का उल्लंघन होना पाया गया आरोपी पर प्रकरण दर्ज़ कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया है । उल्लेखनीय है कि सिमगा देशी विदेशी शराब दुकान के माध्यम से अवैध शराब बिक्री का कारोबार जोरों पर संचालित हो रहा है । गांव गांव में बड़ी मात्रा में शराब पहुंचाने वाले कौन हैं आबकारी विभाग अभी तक उन तस्करों तक नहीं पहुंच पाई है । जो खुलेआम शराब दुकान से चार पहिया वाहनों में शराब भरकर कोचियों को आसानी से पहुंचा रहे है । पुलिस और आबकारी विभाग के द्वारा शराब पीने वाले और पिलाने वाले छोटे छोटे लोगों पर कार्यवाही सीना ठोककर करती है मगर पेटी पेटी शराब तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पा रही है ।*

## कांग्रेसजन कल बागबाहरा बिजली ऑफिस का करेंगे घेराव

- **विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में होंगे घेराव**
- **रेलवे स्टेशन चौक से कांग्रेसजन बाइक रैली निकालकर बिजली ऑफिस का घेराव करने पहुंचेंगे**



**बागबाहरा**, 19 जुलाई(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में च्बिजली न्याय आंदोलनज्ज के अंतर्गत 21 जुलाई (सोमवार) को बागबाहरा बिजली कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बढ़ती बिजली दरों और आम नागरिकों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में यह जनहितैषी आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में होंगे। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी राजू यादव, सचिन गायकवाड़ एवं गौरव चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद तथा कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल ने समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन चौक से बाइक रैली निकालकर बागबाहरा बिजली कार्यालय की ओर रवाना होंगे। जहां विरोध प्रदर्शन एवं घेराव का आयोजन किया गया है। कांग्रेस का कहना है कि वर्तमान डबल इंजन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण जनता बिजली के अत्यधिक बिलों से त्रस्त है। वहीं, पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में बिजली बिल हाफ योजना के तहत आम नागरिकों को वास्तविक राहत मिली थी। यह आंदोलन आमजन के अधिकारों, आर्थिक न्याय और जनहित की लड़ाई है। जिसमें कांग्रेसजनों का विशाल जनसमूह शामिल होने की संभावना है।

## बायपास रोड पर 3 करोड़ की लागत से बनेगा इंडोर स्टेडियम

**कुरूद**, 19 जुलाई(देशबंधु)। जब नेतृत्व मजबूत हो और सोच दूरदृष्टि से भरी हो, तब विकास भी दिशा बदलता है और उम्मीदें आकार लेती हैं।

नगर पंचायत कुरूद को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। नगर के पूर्व के स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम परिसर को स्वास्थ्य विभाग को विधिवत 100 बिस्तरों के सिविल हॉस्पिटल विस्तार हेतु हस्तांतरित किए जाने के बाद, अब नगरवासियों और युवाओं के हित में नया इंडोर स्टेडियम बायपास रोड पर बनाया जाएगा। जिसकी स्वीकृति उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर दी है। यह परियोजना अधोसंरचना मद से वित्तपोषित होगी और नगर के युवाओं, खिलाड़ियों और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देगी। पहले स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम परिसर को 100 बिस्तरों वाले सिविल हॉस्पिटल को विस्तार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित किया गया था। अब बायपास रोड पर जेडी कॉलोनी के सामने बनने वाला यह नया स्टेडियम कुरूद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यह स्टेडियम न केवल खेल गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह स्टेडियम कुरूद के युवाओं को उनकी प्रतिभा दिखाने का नया मंच देगा और खेल के क्षेत्र में प्रगति को गति प्रदान करेगा। नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने भी नेतृत्वकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुरूद जैसे उभरते नगर को यह बहुमूल्य सौगात दी। बायपास रोड पर बनने वाला यह आधुनिक इंडोर स्टेडियम न केवल खेल के क्षेत्र में नवाचार लाएगा, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों और युवाओं की प्रतिभा को भी पंख देगा। खेल, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा लाभार्थी: खिलाड़ी, युवा और कुरूद नगर की जनता यह इंडोर स्टेडियम कुरूद के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा और युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण ।







### प्रादेशिकी का शेष...

#### संयुक्त संचालक सेजेस...


विजेता देवानी, विनय साहू,सलमा कौसर, महेंद्र कश्यप आदि ने इसे अनुकरणीय पहल बताया। संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों ने संयुक्त संचालक को विद्यालय की अन्य नवाचारी गतिविधियों और शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी भी दी। जेडी श्रीवास्तव ने विद्यालय परिवार को इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

#### शासकीय भवनों का होगा...

एफटाइपएजीएआई टाइप भवन बनाए जाएंगे तथा डिवीजन कार्यालय बनेगा। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विधायक की सतत पहल के परिणामस्वरूप यह कार्य अब यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा, जिससे शासन.प्रशासन की दक्षता बढ़ेगी तथा आम जनता को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।

## दूरस्थ अंचल में स्थित गनियारीपाली में नेवता भोज

**सरायपाली** 19 जुलाई (देशबन्धु) शासकीय प्राथमिक शाला गनियारीपाली में प्रधान पाठक अश्विनी बुड़ेक ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर शासन की योजना पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सभी विद्यार्थियों को नेवता भोज दिया, जिसमें चावल, दाल, मशरूम, पनीर मिक्स वेज, पापड़, सलाद, मिठाई व केक बच्चों को पोषण युक्त आहार परोसा गया , इस अवसर पर पूर्व नोडल प्राचार्य एस.एल. भोई सर, वर्तमान नोडल प्राचार्य नरेश पारेश्वर, संकुल समन्वयक राजेश पटेल,वरिष्ठ व्याख्याता कमलेश सतपथी, शिक्षक वीरेंद्र प्रधान,मोहन नायक, कन्हैया पारेश्वर, व संस्था के शिक्षिका पूजा भोई उपस्थित थीं ,सभी ने बुंडेक सर को उपहार देकर स्वस्थ दीर्घायु खुशहाल जीवन की शुभमकानाओं के साथ बधाई दिए ।



# चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन तिरंगा चौक में ईडी पुतला फूंका, मुर्दाबाद के नारे लगाए

**गरियाबंद**, 19 जुलाई(देशबंधु)। आबकारी शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद से कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शनिवार को कांग्रेस ने जिला मुख्यालय गरियाबंद में ईडी का पुतला फूंका। ईडी और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच मामूली झुमझटकी भी हुई। ज्ञात हो कि शुक्रवार को ईडी ने चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद से बघेल समर्थक लगातार प्रदर्शन में उतर गए है। कांग्रेस इस राजनीतिक प्रतिशोध बता रही है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा कि जब भी विधानसभा सत्र आता है, कांग्रेस को डराने धमकाने के लिए भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। पहले भूपेश बघेल के सलाहकार और ओएसडी को निशाना बनाया गया, अब उनके बेटे को गिरफ्तार कर लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि भाजपा सरकार अडानी की गुलाम बन चुकी है। रायगढ़ तमनार में पेड़ों की कटाई जैसे गंभीर मामले को दबाने के लिए यह गिरफ्तारी की गई। इस दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। लेकिन कांग्रेस झुकेगी नहीं है। अगर केंद्रीय एजेंसी का दुरुप्रयोग पर रोक नहीं लगाई गई तो जल्द ही कांग्रेस मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के निवास का घेराव करेगी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल किशोर पांडेय, प्रेम सोनवानी, सन्नी मेमन, छगन यादव, बीरू यादव, नादिर कुरैशी, अमित मिरी चंद्रभूषण चौहान, रमेश मेश्राम, गुंजेश कपिल, राजेश साहू, अवध यादव, निखिल चंद्राकर, वेदांत शर्मा, हरिनारायण गुप्ता, चन्द्रहास सिन्हा, गजेंद्र साहू, प्रहलाद यादव, देवेंद्र यादव, रमन कुकरेजा, मुकेश यादव, अमान खान, अमन यदु सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।



### निधन

#### श्रीमती सोनमती मौर्या

भिलाईनगर। पार्षद एवं जोन अध्यक्ष रामानन्द मौर्या के माताजी श्रीमती सोनमती मौर्या का आकस्मिक निधन कल18 जुलाई को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा कल 20 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान गुरुनानक नगर गुरुद्वारा के पास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान होग।



# थाने में भाजपा द्वारा की गई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत, सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप



**बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के आदिवासी छात्रावास में 32000 रुपये का जग खरीदने का आरोप लगाना दीपक बैज पर भारी पड़ सकता है। भाजपा ने मामले की शिकायत पुलिस से की**

**भाटापारा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा भाटापारा विधानसभा के शहर मंडल, ग्रामीण मंडल, नियनिया मंडल ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज के खिलाफ जग खरीदी को लेकर झूठ बोलकर प्रदेश में भ्रम फैलाने के लिए विधि समत कानूनी कार्रवाई करने की मांग है। मंडल अध्यक्षो एवं कार्यकर्त्ताओ की ओर से इसे लेकर शहर, ग्रामीण पुलिस थाना एवं नियनिया पुलिस चौकी में आवेदन सौंपा गया।

**फैलाई भ्रामक जानकारी:** क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्षो ने बताया कि पुलिस को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय कांग्रेस, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने 15 और 16 जुलाई को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वाटर जग की खरीदी के नाम पर भ्रामक जानकारी फैलाई।

**मुख्यमंत्री के चेहरे को धूमिल करने का प्रयास:** साथ ही कांग्रेस द्वारा अपने सोशल मीडिया पोस्ट कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वाटर जग के नाम पर न ही कोई खरीदी हुई और न ही कोई भुगतान हुआ है।

इधर प्रदेश कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री साय के लिए जनजातीय सीएम का कमीशन शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से गलत है। पत्र में इस मामले में उक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं इसे संचालित करने वाले व्यक्ति पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

**क्या हैं मामला:** दरअसल, मंगलवार को कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था कि बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में आदिवासी छात्रावास में जग खरीदी में भ्रष्टाचार किया गया है। एक जग 32000 रुपये में खरीदा गया है। कुल 160 जगों के लिए 51 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि इस संबंध में जिले के आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने कहा था कि इस तरह की कोई खरीदी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह भ्रामक जानकारी है।

इस अवसर पर थानो में योगेश अनंत मंडल अध्यक्ष शहर, पवन वर्मा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, मथुरा यदु निपनिया मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, भाजपा मंत्री महाबल बघेल, अध्यक्ष अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष मोहन बांधे, अविनाश शर्मा, गोपाल देवांगन, उमाशंकर वर्मा, ठाकुर राम साहू, आशीष टोडर, पीलू वर्मा, राजेश पटेल, बृजेश निषाद सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे...

# आज जबर हरेली रैली–भेलाई का आयोजन



- अंबेडकर चौक पावर हाऊस भिलाई से दशहरा मैदान रिसाली तक 10 किमी लंम्बी रैली
- पारंपरिक रुप से सजी 15 बैलगाड़ी व 12 अन्य आकर्षक चल झाकियो का प्रदर्शन
- छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का लगातार 8वां आयोजन

**भाटापारा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढियो का प्रथम त्योहार हरेली जिसे किसान बोनी का कार्य पूर्ण होने पर अपने नांगर व अन्य खेती–किसानी के औजारो की पूजा कर बडे उत्साह पूरे प्रदेश मे घर–घर मनाता है। हरेली के इस पारंपरिक त्योहार को छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना सार्वजनिक रूप से बडे स्तर पर भिलाई मे विगत 8 वर्षों से लगातार मनाते आ रहा है।

छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना का यह आयोजन अपने त्योहारो को सार्वजनिक रुप से मिलजुल कर उत्साह व उमंग के साथ मनाकर छत्तीसगढिया समाज को एकजुट कर अपने गौरव, संस्कृति व परंम्परा से लोगो को देश–दुनिया प्रसार करने किया जाता है।

प्रत्येक वर्ष हरेली त्योहार के पहले आने वाले रविवार को जबर हरेली रैली भेलाई का यह आयोजन किया जाता है। इस वर्ष हरेली 24 जुलाई को मनाया जायेगा जिसके पहले रविवार 20 जुलाई को आयोजन रखा गया है।

इस रैली मे छत्तीसगढ के बस्तरिहा, मांदरी, सुआ, पंथी, करमा, गेडी, राऊत नाचा, अखाड़ा, डंडा नृत्य जैसे पारंपरिक हर कला, विधा, नृत्यौ का चल प्रदर्शन 10 किमी के लम्बे मार्ग मे किया जाता है। छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डा. अजय यादव व महामंत्री यशवंत वर्मा व दुर्ग–भिलाई के संगठन पदाधिकारियो ने सभी छत्तीसगढ़िया समाज को इस आयोजन मे शामिल होने की अपील कर तैयारीयो मे जुटा है।

जिला–बलौदाबाजार छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना संगठन के सनत यदु, सुरेंद्र यदु, देवप्रसाद वर्मा, नरेश वर्मा, श्रीमती कुमारी बाई, श्रीमती रेवती निर्मलकर, श्रीमती आरती कुर्रे, श्रीमती राजकुमारी ध्रुव, श्रीमती यामिनी साहू, गोपाल ध्रुव, सतीष यादव, लेखराम वर्मा, विनोद वर्मा, कामता वर्मा (पप्पू) संजय यादव, चेतन यदु, राजू, राकेश, महेश यादव, रोहित साहू, रुद्र वर्मा, काबिल दास मानिकपुरी, मयंक वर्मा, यूपेन्द्र वर्मा डा. देवेश वर्मा अपने गांव व ब्लाक से इस रैली मे बडी संख्या लोगो के साथ शामिल होने तैयारी मे जुटे है।

# पिथौरा में गुरु पूर्णिमा का कल कार्यक्रम



**पिथौरा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। जय राघव जय माधव भक्त मंडल परिक्षेत्र पिथौरा के द्वारा आज रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन किया गया है। आयोजन में उत्तरप्रदेश से पधारी साध्वी राधिका किशोरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। जिनके द्वारा प्राचीन गुरू शिष्य परंपरा पर दिव्य उद्बोधन दिया जाएगा। पिथौरा के गुरु तेग बहादुर धर्मशाला में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने छत्तीसगढ़ के अलग–अलग हिस्सों से साध्वी राधिका किशोरी के शिष्य, प्रशंसक और शुभचिंतक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजन के परिप्रेक्ष्य में साध्वी राधिका किशोरी के आगमन पिथौरा में हुआ। कर्मचारी कालोनी स्थित पुनीत सिन्हा के निवास में उनका पुष्पवर्षा और मंत्रोच्चार के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। साध्वीजी के द्वारा पूजन- अर्चन, शिष्यों से भेंट मुलाकात के बाद गुरु शिष्य परंपरा के समृद्ध इतिहास पर दिव्य प्रवचन होगा।

# समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर की सहायता से अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर की सहायता से अपराधिक त्यों में संलिप्त आरोपियों की घरपकड़ में लगातार कामयाबी मिल रही है। आरोपियों को अलग–अलग मामलों में रिसदा रोड, ग्राम ढाबाडीह एवं बलौदाबाजार में अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए रंगे हाथों गिरतार किया गया। आरोपियों से 12,400 कीमत मूल्य का 124 पाव देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 150 जप्त किया गया। किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में प्रदान कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ''समाधान सेल'' प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ''समाधान सेल'' हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 18 एवं 19 जुलाई 2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा रिसदा रोड, ग्राम ढाबाडीह एवं बलौदाबाजार में घेराबंदी कर अवैध रुप से शराब बिक्री करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 12,400 कीमत मूल्य का 124 पाव देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 150 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों में संदीप धृतलहरे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम परसाडीह थाना पलारी, रामकुमार बांधे उम्र 43 वर्ष निवासी केसरवानी मंगल भवन के पीछे बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, नारद ध्रुव उर्फनंदू उम्र 22 साल निवासी ग्राम ढाबाडीह थाना सिटी कोतवाली शामिल हैं।

# कुंदन भवन में तीज कार्यक्रम



**भाटापारा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। श्री आदिगौड़ ब्राह्मण सभा महिला शाखा द्वारा कुंदन भवन में सावन के महीने में तीज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर वर्ष की तरह सावन में तीज का त्यौहार बहुत ही रंगारंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष श्री कृष्ण एवं राधा थीम एवं कई नए परंपरागत रूप मैं श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महिला के सभी सदस्यों ने आनंदपूर्ण तरीके से मनाया। अध्यक्ष बबीता शरद भृगु ने बताया कि समाज में महिलाओ को जागरूक करने एवं सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त होना आज के युग में बहुत आवश्यक है। तीज के इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने समाज की सभी महिलाओं को सामाजिक रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मै पुष्पों की वर्षा एवं स्वादिष्ट भोजन का सभी ने आनंद लिया। सावन तीज कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बबीता शरद भृगु उपाध्यक्ष लता शर्मा एवं सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा।

# फुलवारी स्कूल के रामलाल ध्रुव अध्यक्ष एवं कुंवरसिंह साहू उपाध्यक्ष बने



**बागबाहरा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला फुलवारीकला में शाला प्रबंधन एवं शाला विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें रामलाल ध्रुव को अध्यक्ष और कुंवरसिंह साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं इस समिति में वकील यादव, डेविड कुमार साहू, हेमंत यादव, मिथलेश यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, संतलाल सुरमणि, तीजिया ध्रुव, अनीता ध्रुव, राधिका निषाद, गणेशिया यादव, अनिल ध्रुव, गजानंद तांडी आदि सदस्य शामिल हैं। विद्यालय के शिक्षक मिथलेश साहू सचिव और द्रोपदी ठाकुर कोषाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर संकुल केंद्र खोपली के संकुल समन्वयक प्रदीप कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक पुलस कुमार एवं ग्राम के ठाकुरराम यादव, कन्हैया यादव, केशरी ध्रुव, शिवकुमार ध्रुव आदि ग्रामवासी उपस्थित थे। शाला विकास समिति के गठन से विद्यालय के विकास और प्रबंधन में ग्रामवासियों और शिक्षकों की भागीदारी बढ़ेगी। जिससे विद्यालय की गुणवत्ता और सुविधाओं में सुधार होगा। समिति के चयन के पश्चात संकुल समन्वयक ने समिति के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शाला विकास समिति के प्रत्येक कार्यक्रम और पहल में सहभागिता देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# झलप व तुमगांव के बिजली दफ्तरों के समक्ष कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**बिजली दर में बढ़ोत्तरी के विरोध में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में बिजली दर में बढ़ोत्तरी के विरोध में 18 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासमुंद ग्रामीण तथा झलप पटेवा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा अमर अरूण चंद्राकर तथा ब्लॉक अध्यक्ष ढेलु निषाद के संयोजन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉण् रश्मि चंद्राकर की उपस्थिति में विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सब स्टेशन छिलपावन चौक झलप तथा तुमगाँव विद्युत सब स्टेशन में ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोत्तरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज, बिजली कटौती से परेशान हैं। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। धरना के संयोजक अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जहां.जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, वहां जनता को लूटने तरह.तरह के हथकंडे अपनाए गए हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि कर जनता को लूटा। रमन सिंह के समय ही 6 रूपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रूपए की सब्सिडी देकर राहत प्रदान की गई। किसानों को 5 एचपी तक निः शुल्क बिजली दिया। बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट मुफ्त बिजली, बिजली बिल हाफ योजना का लाभ प्रदान कर कांग्रेस ने राहत प्रदान की थी। लेकिन कांग्रेस के सभी योजनाओं को भाजपा ने बंद कर दिया तथा दिन प्रतिदिन विद्युत दर बढ़ाकर जनता को लूटने का काम किया। ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद ने भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए बिजली दर में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने की बात कही। छिलपावन चौक झलप तथा तुमगाँव सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष डॉण् रश्मि चंद्राकर सहित संयोजक अमर अरूण चंद्राकर, ढेलू निषाद, मोहित ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, खिलावन साहू, जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव, प्रवीण चंद्राकर, खिलावन बघेल, सामेश दवे, दारा साहू, लमकेश्वर साहू, आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर, अतुल गुप्ता, रमन ध्रुव, खोम सिन्हा, द्रोण चंद्राकर, रोशन पटेल, रेवतीरमन पटेल, मयाराम टंडन, कपिल साहू, नजरूद्दीन भाटी, धर्मेंद्र धीवर, केके साहू, गजेंद्र साहू, थानू साहू, शिव यादव, राजेश निर्मलकर, नितेंद्र बनर्जी, डिगेश्वरए सत्यम, मनोज ढीढी, चैनसिंह परमार, धनाजी टंडन, बाबूलाल रात्रे, राहुल यादव, रामकिशोर, जमुना बाई, रविंद्र चंद्राकर, शैलेंद्र सेन, शहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, विक्की पटेल, सिद्धांत साहू, आलोक यादव, रूपलाल धीवर, मिथलेश रैला, डिगेश्वर, सोनू रात्रे, डॉ संतोष साहू, खिलावन ध्रुव, हेमंत डडसेना, नेपाल दीवान, कुलेश दीवान, बलाराम ध्रुव, भीम सोनी, विवेक पटेल, दुष्यंत ध्रुव, वीर मोहम्मद, डागाराम साहू आदि उपस्थित थे।

# ग्राम लोहरीनडोंगरी में 60 नग सागौन साल चिरान जप्त



**पिथौरा,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम लोहरीनडोंगरी सांकरा में 46 नग सागौन चिरान =0.219 घनमीटर एवं साल चिरान 14 ना=0.124 घ0मी0काष्ठ चिरान जप्त किया गया है। राष्ट्रीयकृत सागौन साल चिरान अपने घर बाड़ी में अवैध रूप से संग्रहित कर रखा गया था। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर उपवनमंडलाधिकारी सरायपाली एवं प्रभारी पिथौरा द्वारा सर्चवारंट संबंधित के नाम से जारी किया गया। तलाशी वारंट के दौरान जप्त वनोपज के संबंध में दशरथ पटेल ने अपने निजी कृषिभूमि की लकड़ी को अपने घर मे हाथ आरा से चिरान कर निजी उपयोग हेतु रखना बताया है। उक्त जप्त बनोपज पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20685/10दिनांक 16.7.2025 जारी कर छ0ग0काष्ठ चिरान (विनियमन) 1984 नियम 04 के तहत कार्यवाही कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है। जप्त बनोपज का बाजार मुल्य 50 हजार से अधिक का है। उक्त कार्यवाही उपवनमंडलाधिकारी भास्करन सर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे वन परिक्षेत्रअधिकारी सालिक राम डडसेना के नेतृत्व मे सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सांकरा राजकुमार साहू, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बम्हनी विरेन्द्र पाठक, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा ललित पटेल, मोतीलाल साहू वनपाल, परिसर रक्षी सांकरा दीपक जेन्ड्रे, दिनेश शर्मा वनपाल, सुदामा पालेश्वर परिसर रक्षी सल्डीह, कोकीलकांत दिनकर एवं सुरक्षा श्रमिको के साथ ही उपस्थित पंचो की उपस्थिति मे कार्यवाही किया गया है।

# नरहरा जलप्रपात: एडवेंचर टूरिज्म की हुई शुरुआत, रोप-वे, ट्रैकिंग किट और झूलों का बच्चें खूब आनंद ले रहे



**नरहरा जलप्रपात को बढ़ावा स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की पहल**

**धमतरी,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। धमतरी जिले में पर्यटन की दृष्टि से बहुत कुछ है। जैसे गंगरेल डैम, माड़मसिल्ली डैम–एशिया के सबसे पुराने मिट्टी के बांधों में से एक, दुधावा डैम, महानदी उद्गम स्थल–भौगोलिक और ऐतिहासिक महत्व का स्थल सप्तऋषि पर्वत–पौराणिक महत्व एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण आदि अब नरहरा जलप्रपात पर्यटन स्थल को बढ़ावा दिया जा रहा है। यहाँ गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इससे न केवल स्थानीय बेरोजगारों को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा बल्कि पर्यटकों को भी व्यवस्थित एवं जानकारीपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा।

नरहरा जलप्रपात का समग्र विकास जिले के पर्यटन मानचित्र को मजबूती देगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। धमतरी। नरहरा में मचान हॉट बनाया गया, जिससे जलप्रपात एरिया देख सकेंगे। जिला प्रशासन ने पर्यटन को बढ़ावा देने 5 लाख खर्च किए। एडवेंचर टूरिज्म की शुरुआत हुई। रोप–वे, ट्रैकिंग किट और झूलों का बच्चें खूब आनंद ले रहे।

# किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में प्रदेश सरकार नाकाम : विनोद



**महासमुंद,** 19 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में भाजपा की साय सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है। सरकार द्वारा सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद भंडारण होने की झूठे आंकड़े प्रस्तुत की जा रही है। जबकि हकीकत यह है कि कहीं भी किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है, केवल खुले बाजार में ही अधिक दाम पर डीएपी किसानों को मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि जिले के लिए खरीफ सीजन में 22200 मे.टन डीएपी की डिमांड था। लेकिन, पूर्व स्कंध को मिलाकर केवल 7470 मे.टन डीएपी ही जिले को मिला। पूर्व स्कंध 3280 तथा नवीन भंडारण 4190 मेण्टन ही हो सका। इस तरह जिले को कुल 14730 मेट्रिक टन डीएपी प्राप्त ही नहीं हुआ है। आंकड़े के अनुसार जो डीएपी मिली वह सोसायटियों में वितरण के लिए पहुँचा या नहीं इस पर भी संशय है। क्योंकि बाजार में आसानी से डीएपी की उपलब्धता कुछ और बयां कर रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं। अभी खेतों में किसान रोपा लगा रहे हैं। रोपा लगाने के तत्काल बाद डीएपी की आवश्यकता पड़ेगी। लेकिन, सोसाइटियों में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है। पहले कहा गया डीएपी के बदले एनपीके दिया जायेगा, लेकिन एनपीके की आपूर्ति भी सरकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफफसल के पूर्व ही सरकार को डीएपी व सभी खाद की व्यवस्था कर लेनी थी। लेकिन, यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है।